चैत्र शुक्ल पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 20 अप्रैल 2024
वर्ष-34, अंक-83, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य- 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

ब्रह्मांड में तीन ग्रहों के अनूठे सौर मंडल की खोज 16

जूनियर एनटीआर ने ट्रेनर मन्नव का जन्मदिन मनाया 15

लोकसभा चुनाव में वोटिंग के दौरान मणिपुर, बंगाल में कई जगह हिंसा

महापर्व के पहले चरण में 62% मतदान

60.25%
उत्तर प्रदेश

61.91%
पीलीभीत

- मणिपुर के मोईरांगकम्पू साजेब विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र पर हुई गोलीबारी
- जलपाईगुड़ी लोकसभा क्षेत्र में भी उपद्रव के बाद हुई हिंसा
- छत्तीसगढ़ में ग्रेनेड लांचर के गोले में विस्फोट, सीआरपीएफ के जवान की मौत
- प. बंगाल में टीएमसी व भाजपा के कार्यालयों में तोड़फोड़
- राजस्थान के नागौर में मधुमक्खियों के हमले में 12 घायल, रोकना पड़ा मतदान

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान खत्म हो गया है। कुल 102 निर्वाचन क्षेत्रों के लिये शुक्रवार को करीब 62.23 प्रतिशत मतदान हुआ। निर्वाचन आयोग से रात 11 बजे तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, पहले चरण में त्रिपुरा में वोट अनुपात सर्वाधिक 79.90 प्रतिशत, जबकि बिहार में सबसे कम 47.49 प्रतिशत वोट ही पड़े।

मतदान शुरू होते ही सबसे पहले मणिपुर की बाहरी लोकसभा सीट पर हिंसा और अनियमितता की सूचना पर कुछ समय के लिए प्रक्रिया रोकनी पड़ी। मोईरांगकम्पू साजेब विधानसभा के मतदान केंद्र पर कुछ उपद्रवियों ने गोलीबारी की। इसमें 65 वर्षीय बुजुर्ग घायल हो गये उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उपद्रवियों ने मतदान संबंधी कागजात जला दिये और आग लगा दी। वहीं पश्चिम बंगाल में मतदान के दौरान कूचबिहार लोकसभा क्षेत्र में हिंसा की कई घटनाएं देखी गईं, जलपाईगुड़ी लोकसभा क्षेत्र से भी हिंसा के कुछ मामले सामने आए हैं। यूपी व अन्य राज्यों में भी छिटपुट घटनाएं घटीं। जारी आंकड़ों के अनुसार, त्रिपुरा की एक सीट पर 79.90 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल में तीन सीटों पर 77.57 प्रतिशत, मणिपुर में दो सीटों पर 68.62 प्रतिशत, मेघालय में दो सीटों पर 70.20 प्रतिशत और असम में पांच सीटों पर 71.38 प्रतिशत वोट पड़े थे। पुडुचेरी में एक सीट पर 73.25 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ की एक सीट पर 63.41 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया था। जम्मू-कश्मीर में एक सीट पर 65.08 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में पांच सीट पर 63.33 प्रतिशत, अरुणाचल प्रदेश में दो सीट पर 65.46 प्रतिशत, सिक्किम में एक सीट पर 68.06 प्रतिशत, नागालैंड में एक सीट पर 56.77 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मिजोरम में एक सीट पर 54.18 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में आठ सीटों पर 58.14 प्रतिशत, उत्तराखंड में पांच सीटों पर 53.64 प्रतिशत, अंडमान-निकोबार में एक सीट पर 56.87 प्रतिशत, महाराष्ट्र में पांच सीटों पर 55.29 प्रतिशत, लक्षद्वीप में एक सीट पर 59.02 प्रतिशत, राजस्थान में 12 सीटों पर 50.95 प्रतिशत, तमिलनाडु की 39 सीटों पर 62.19 प्रतिशत वोट डाले गये थे।

मुरादाबाद के आरएसडी एकेडमी पोलिंग बूथ पर मतदान के बाद उत्साहित दिखे युवा। ● अमृत विचार

उत्तर प्रदेश में शांतिपूर्ण मतदान

लखनऊ। प्रदेश में पहले चरण की आठ सीटों पर शुक्रवार को छिटपुट घटनाओं के बीच शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन्न हो गया। सभी सीटों पर औसत 60.25 प्रतिशत मतदान हुआ। सहारनपुर में 65.95 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि रामपुर में 54.77 प्रतिशत मतदान हुआ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि पहले चरण की बाकी सीटों में कैराना में 61.17 प्रतिशत, मुजफ्फरनगर में 59.29 प्रतिशत, बिजनौर में 58.21 प्रतिशत, नगीना (अजा) में 59.54 प्रतिशत, मुरादाबाद में 60.60 प्रतिशत व पीलीभीत में 61.91 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान के दौरान कई जगहों पर ईवीएम व वीवीपैट के खराब होने की शिकायतें मिलीं, जिन्हें तत्काल बदल दिया गया।

पुरैना में किया बहिष्कार

पीलीभीत। यहां के दो गांवों में मतदान का बहिष्कार प्रशासनिक अधिकारियों के लिए मुसीबत बन गया। विभिन्न समस्याओं को लेकर पीलीभीत विधानसभा के बकसपुर और बीसलपुर विधानसभा के पुरैना गांव के लोगों ने मतदान का बहिष्कार किया। अफसरों ने बकसपुर के ग्रामीणों को तो मना लिया, लेकिन पुरैना के मतदाता नहीं माने।

इंडियन ओवरसीज बैंक की पूर्व प्रबंधक पर 15 करोड़ का जुर्माना, सात साल की कैद

नई दिल्ली। सीबीआई ने इंडियन ओवरसीज बैंक से 2.14 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के लिए बैंक की पूर्व प्रबंधक पर 15.06 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया, जिसे अब तक के सबसे बड़े जुर्मानों में से एक बताया जा रहा है। साथ ही अदालत ने प्रबंधक को सात साल कैद की भी सजा सुनाई। अधिकारियों के अनुसार प्रीति विजय सहिजवानी ने अहमदाबाद में इंडियन ओवरसीज बैंक की वस्त्रपुर शाखा की वरिष्ठ प्रबंधक के रूप में जमाकर्ता या पावर ऑफ अटॉर्नी धारक के किसी भी मंजूरी पत्र के बिना दो खातों की विदेशी मुद्रा प्रवासी (एफसीएनआर) जमा राशि को दो फर्जी खातों में जमा करवा दिया था।

- धोखाधड़ी का मामला : प्रीति विजय सहिजवानी को हिरासत में लिया गया

सीबीआई ने कहा, आरोपी ने 27 जुलाई 2001 की तारीख तक ब्याज समेत (करीब) दो करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान पहुंचाया। सीबीआई ने बैंक की शिकायत पर, 29 अक्टूबर, 2001 को मामले की जांच अपने हाथ में ली और 15 अक्टूबर, 2003 को आरोप पत्र दायर किया था। सहिजवानी देश छोड़कर भाग गईं और 2012 तक फरार थीं। सीबीआई ने उसके खिलाफ इंटरपोल का रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवाया, जिससे एजेंसी को कनाडा में उसका पता लगाने में मदद मिली। प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, कनाडा के आव्रजन अधिकारियों ने उसे हिरासत में लेकर 11 जनवरी 2012 को भारत प्रत्यर्पित कर दिया। गांधीनगर की विशेष अदालत ने पूर्व वरिष्ठ प्रबंधक को आपराधिक विश्वासघात, मूल्यवान प्रतिभूति की जालसाजी, जाली दस्तावेजों को वास्तविक दस्तावेज के रूप में उपयोग करने और बैंक को गलत तरीके से नुकसान पहुंचाने का दोषी ठहराया।

एक नजर

वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी होंगे नए नौसेना प्रमुख

नई दिल्ली। वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी देश के नए नौसेना प्रमुख होंगे। वर्तमान नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार के सेवानिवृत्त होने पर 30 अप्रैल को वह नया पदभार संभालेंगे। सैनिक स्कूल रीवा के पूर्व छात्र वाइस एडमिरल त्रिपाठी वर्तमान में नौसेना के उप प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं और एडमिरल कुमार के पद छोड़ने पर वह नौसेना में सबसे वरिष्ठ अधिकारी होंगे।

स्कॉटलैंड में दो भारतीय छात्रों की मौत

लंदन। ब्रिटेन के एक विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले दो भारतीय छात्रों की स्कॉटलैंड में एक झरने में डूबने से मौत हो गई। दोनों छात्र आंध्र प्रदेश के निवासी थे, जिनकी उम्र 20 से 30 साल के बीच थी। पुलिस ने दोनों की पहचान नहीं बताई है। यह घटना बुधवार रात पर्थशायर में ब्लेयर ऑफ एथोल के पास लिन ऑफ टुमेल में हुई जब छात्रों के एक समूह के दो लोग पानी में फिसल गए।

इजराइल की जवाबी कार्रवाई, मिसाइलें दागीं

यरुशलम/तेहरान, एजेंसी

- पिछले शनिवार ईरान ने 300 से अधिक ड्रोन से किया था हमला
- ईरानी ड्रोन हमले का इजराइल ने दिया जवाब, नुकसान अपुष्ट

इजराइल पर ईरान के ड्रोन हमले का जवाब देने को लेकर सप्ताह भर से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे विचार विमर्श के बीच इजराइल अपनी पूरी रणनीति पर उतरा आया। इराजइल की हमेशा से ही नीति रही है ''पहले किसी को छेड़ेंगे नहीं, बाद में किसी छोड़ेंगे नहीं''। इजराइल ने सात दिन बाद शुक्रवार को उस हमले का जवाब अपनी मिसाइलें दाग कर दिया। जो इस्फहान प्रांत में गिरीं। इनसे ईरान को हुए नुकसान के बारे में अब तक कोई पुष्ट खबर नहीं है। इस बीच, सीरिया ने भी दावा किया है कि इजराइली हमले में देश के दक्षिणी भाग में रक्षा ठिकानों को नुकसान पहुंचा है।

ईरानी समाचार एजेंसी फार्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, ईरानी प्रांत इस्फाहन में तीन विस्फोटों की आवाज सुनी गई। ये विस्फोट ड्रोन अथवा मिसाइलों से किए गए हमले के फलस्वरूप हुए, जिसके बाद ईरान की वायु रक्षा प्रणालियों को सक्रिय कर दिया गया है। ईरानी समाचार एजेंसी आईएसएनए ने रिपोर्ट में एक ईरानी सैन्य अधिकारी का हवाला देते हुए कहा कि सेना का रडार स्टेशन संभावित निशाना हो सकता है। साथ ही, यह भी कहा गया है कि क्षेत्र में कई कार्यालय भवनों की खिड़कियां उड़ गईं लेकिन हमले के परिणामस्वरूप कोई बड़ी क्षति नहीं हुई है। हमले के बाद इस्फहान में शांति है और यातायात सामान्य बना हुआ है। एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने इस हमले को तूल देने और बदले की कार्रवाई के लिए कोई उत्तेजना नहीं दिखाई है। एक सैन्य अधिकारी के हवाले से यह कहा गया कि ईरान को इस हमले के पीछे विदेशी हाथ होने की पुष्टि नहीं हुई है।

ईरान बोला, नहीं हुआ कोई विदेशी हमला

तेहरान। ईरान के एक अधिकारी ने शुक्रवार को इजरायल की ओर से किए गए हमलों का खंडन किया है। अधिकारी ने कहा कि ईरान के खिलाफ कोई मिसाइल हमला नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि इस्फहान में वायु रक्षा प्रणालियों को सक्रिय किया गया है और उसने किसी संदिग्ध वस्तु को निशाना बनाया है जिससे विस्फोट की गूंज सुनायी दी है। ऐसा बताया जा रहा है कि इजरायल ने ईरान के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। वहीं ईरान ने कहा है कि उसकी धरती पर कोई भी विदेशी हमला नहीं हुआ है।

यूपी बोर्ड का रिजल्ट आज, दोपहर 2 बजे होगा जारी

लखनऊ/ प्रयागराज। अमृत विचार। नकलविहीन परीक्षाएं संपन्न कराने के बाद उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद् ने यूपी बोर्ड की हाई स्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं के रिजल्ट जारी करने की तैयारी पूरी कर ली है। माध्यमिक शिक्षा परिषद् के सचिव दिब्यकांत शुक्ल ने प्रेस रिलीज के माध्यम से बताया की वर्ष 2024 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा का परीक्षाफल 20 अप्रैल शनिवार को अपराह्न 2 बजे माध्यमिक शिक्षा परिषद्, मुख्यालय प्रयागराज से घोषित किया जाएगा।

केएल राहुल- 82 रन, 53 गेंद (नाबाद) एमएस धोनी- 28 रन, 9 गेंद (नाबाद)

लखनऊ : भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम, इकाना में दर्शकों ने अपने चहेते सीएसके के महेंद्र सिंह धोनी की जहां ताबड़तोड़ बल्लेबाजी देखी, वहीं एलएसजी के केएल राहुल की शानदार बल्लेबाजी को भी देखा। शुक्रवार को आईपीएल के खेले गये महत्वपूर्ण मैच में एलएसजी ने सीएसके को 8 विकेट से हरा दिया। अमृत विचार

बसपा ने घोषित किये 11 उम्मीदवार

लखनऊ। बसपा ने वाराणसी में प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अपना प्रत्याशी बदलते हुए शुक्रवार को 11 उम्मीदवारों की छठवीं सूची कर दी है। वाराणसी में अतहर जमाल लारी की जगह सैय्यज नेयाज अलीको प्रत्याशी बनाया गया है। फिरोजाबाद सीट पर भी सत्येंद्र जैन सोली को बदल कर चौधरी बशीर को उतारा है। संतकबीर नगर से मोहम्मद आलम, महराजगंज में मो.मौसमे आलम, भदोही से अतहर अंसारी को प्रत्याशी बनाया है। हरदोई में भीमराव अंबेडकर, मिश्रिख में बी आर अहिरवार और मछलीशहर में कृपा शंकर सरोज को उतारा है। फतेहपुर में डॉ. मनीष सिंह सचान, सीतापुर में महेन्द्र सिंह यादव और फूलपुर में जगन्नाथ पाल को प्रत्याशी बनाया है।

पतंजलि योगपीठ को शिविरों में लिए गए शुल्क पर देना ही होगा टैक्स : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- इलाहाबाद पीठ के 5 अक्टूबर, 2023 को आए फैसले में हस्तक्षेप से इनकार किया

बाबा रामदेव के पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट को शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा। कोर्ट ने अपीलीय न्यायाधिकरण के उस फैसले को बरकरार रखा जिसमें ट्रस्ट को योग शिविरों के आयोजन के लिए प्रवेश शुल्क लेने पर सेवा कर का भुगतान करने को कहा गया था। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (सीईएसटीएटी) की इलाहाबाद पीठ के 5 अक्टूबर, 2023 को आए फैसले में हस्तक्षेप से इनकार कर दिया।

सीईएसटीएटी ने अपने आदेश में कहा था कि पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट की तरफ से आयोजित आवासीय एवं गैर-आवासीय योग शिविरों में शामिल होने के लिए शुल्क लिया जाता है लिहाजा यह स्वास्थ्य और फिटनेस सेवा की श्रेणी में आता है और इस पर सेवा कर लगेगा। रामदेव और उनके सहयोगी आचार्य बालकृष्ण के अधीन काम करने वाला यह ट्रस्ट विभिन्न शिविरों में योग प्रशिक्षण प्रदान करने में लगा हुआ था। न्यायाधिकरण ने अपने आदेश में कहा था कि हालांकि यह राशि दान के रूप में ली गई थी, लेकिन यह उक्त सेवाएं प्रदान करने के लिए शुल्क ही था। इसलिए यह शुल्क की परिभाषा के तहत आता है। सीमा शुल्क और केंद्रीय उत्पाद शुल्क, मेरठ रेंज के आयुक्त ने अक्टूबर, 2006 से मार्च, 2011 के लिए जुर्माना और ब्याज सहित लगभग 4.5 करोड़ रुपये के सेवा कर की मांग की थी।

फर्जी आईडी से सिम लेकर विदेश भेजने वाला गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कंबोडिया, दुबई, और चीन तक भेज चुका है सिम

अमृत विचार : फर्जी आईडी पर सिम खरीद उसे एक्टीवेट कराकर विदेशों में सप्लाई कराने वाले गिरोह के एक सदस्य को एसटीएफ मेरठ इकाई ने गिरफ्तार किया है। एक्टीवेट होने के बाद 400 रुपये में खरीदा हुआ सिम 2500 से 2800 रुपये में बिक जाता था। गिरफ्त में आया अभियुक्त अब तक 4 हजार सिम एक्टीवेट कराकर विदेशों तक पहुंचा चुका है। सिम प्राप्त करने वाले सदस्य एक चैनल के माध्यम से अभियुक्त के संपर्क में रहते थे।

एसटीएफ ने आरोपी रितिक राज को मेरठ बस स्टैंड से गिरफ्तार किया है। रितिक राज बिहार के मुजफ्फरपुर जिले का रहने वाला है। उसके पास से मौके पर 179 सिम और तीन मोबाइल भी बरामद हुए हैं। रितिक राज ने बताया कि उसने prem_singh_seller नाम से चैनल बना रखा है। जिन सदस्यों को विदेशों में भेजने के लिए सिम प्राप्त करना होता था, वह इसी चैनल से संपर्क करता था। चीन, कंबोडिया और दुबई तीन देशों में सिम भेजने के लिए वह लंबे समय से कार्यरत है।

सौतेली मां ने बच्ची के हाथ-पैर बांधकर जिंदा दफनाया, सीसीटीवी से खुला राज

संवाददाता, काशीपुर

- निर्माणाधीन मकान से शव बरामद महिला गिरफ्तार

अमृत विचार : आईटीआई थाना क्षेत्र में एक सौतेली मां ने मासूम बच्ची को हाथ पैर बांधकर निर्माणाधीन मकान में जिंदा दफना दिया। पुलिस ने सौतेली मां को गिरफ्तार कर लिया है।

खड़कपुर देवीपुरा निवासी इलेक्ट्रीशियन मोनू की 8 वर्ष पूर्व यहीं की रीना नाम की युवती से शादी हुई थी। रीना से मोनू की दो बेटियां 8 वर्षीय सोनी व 6 वर्षीय तनु हैं। दूसरी बेटी के जन्म के दौरान ही रीना की मौत हो गई थी। इसके बाद मोनू ने ग्राम फजलपुर, थाना डिलारी (मुरादाबाद) निवासी लक्ष्मी देवी से दूसरा विवाह कर लिया था। उसके एक पुत्र और एक पुत्री है। लक्ष्मी सोनी व तनु के साथ भेदभाव करने लगी। 16 अप्रैल को मोनू अपने ममेरे भाई की लगन में बिजनौर के ग्राम गल्ला खेड़ी गया था। अगले दिन सोनी को कन्या पूजन के लिए तैयार कर उसकी दादी संतोष देवी भी चली गई। उसी दिन शाम के समय लक्ष्मी ने बच्ची की हत्या कर अपने पति को फोन कर उसके लापता होने की बात कही।

बेटी के गायब होने की सूचना पर मोनू घर पहुंचा और उसने तत्काल बेटी की गुमशुदगी की सूचना डायल 112 नंबर पर आईटीआई पुलिस को दी। पुलिस को लक्ष्मी की बातें कुछ अजीब लगीं। तब पुलिस ने आसपड़ोस के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए। फुटेज में आखिरी बार बच्ची को लक्ष्मी के साथ निर्माणाधीन मकान की तरफ जाते देखा गया। पुलिस ने सख्ती की तो लक्ष्मी से घटना उगल दी। पुलिस ने शव को गड्ढे से निकालकर पोस्टमार्टम कराया। एसपी ने बताया कि शव पर भी चोट के निशान मिले हैं।

नई खोज | बीबीएयू के विशेषज्ञों ने किया शोध, गन्ना किसानों को तीन गुना तक होगा मुनाफा

गन्ना किसानों के लिए संजीवनी बनेगा शर्करा संचय जीन

जीशान कदीर, लखनऊ

डॉ. यूसुफ अख्तर प्रो. संगीता सक्सेना

- बीबीएयू की ओर से नई खोज को बाजार में लाने हो रही तैयारी

अमृत विचार : गन्ना किसानों के लिए बीबीएयू का शोध संजीवनी लेकर आया है। नई खोज के सहारे किसान उपजे गन्ने से तीन गुना तक मुनाफा कमा सकेंगे। इसके लिए वैज्ञानिकों की टीम ने जिबरेलिन एसिड 3 (जीए3) की मदद का सहारा लिया और शर्करा को संचय करने का तरीका ढूंढ निकला। वैज्ञानिकों का दावा है कि नया शोध किसानों के लिए कारगर रहेगा।

बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के कम्प्यूटेशनल जीव वैज्ञानिक डॉ. यूसुफ अख्तर बताते हैं कि अब तक गन्ने में शर्करा (ग्लूकोज-फैक्टोज) बढ़ाने के लिए सक्रिप्टोमिक स्तर पर जिबरेलिन एसिड 3 (जीए3) को शामिल किया जाता रहा है। इससे शर्करा तो बढ़ जाती थी, लेकिन उसका संचय नहीं हो पाता। ऐसे में भण्डारण (सिंक) क्षेत्र को बढ़ाने के उद्देश्य से पांच वर्षों तक गन्ने के सूक्ष्म जीनों पर अध्ययन किया गया। नई कोशिका के सहारे भण्डारण की क्षमता विकसित हुई। बताते हैं कि नव विकसित जीन गन्ने में शर्करा को संचित करने का विकास कर किसानों को तीन गुन्ना तक मुनाफा हासिल कराएंगे।

इस तरह से किया गया शोध

शोध में ट्रांसक्रिप्टोम स्केल बिग डेटा का उपयोग किया गया। इसके सहारे जीए 3 से प्रभावित विशिष्ट जीन की पहचान की गई। इसे बढ़े हुए शुक्रोज संचय में सहयोगी बनाया गया। फिर गन्ने के नमूनों पर ट्रांसक्रिप्टोमिक विश्लेषण तकनीकी विकसित की और जीन अभिव्यक्ति की जांच की गई।

शोध के दौरान नए जीनों की हुई पहचान

देश के पहले नवीन शोध के निष्कर्षों से उच्च शर्करा सामग्री से जुड़े कई जीनों का पता चला है। ये जीन पौधे के भीतर चीनी परिवहन और भंडारण में भूमिका निभाने के लिए जाने जाने वाले जीनों के समरूप (संरचना में समान) थे। इसमें चीनी-फॉस्फेट / फॉस्फेट ट्रांसलोकेटर, यूटीपी-ग्लूकोज-1-फॉस्फेट यूरिडिलिलट्रांसफेरेज और वी-एटीपीसेस पाया गया। वैज्ञानिकों का दावा है कि ये हाइड्रोलेज एंजाइम को एनकोड कर कार्य करा सकता है।

भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान भी बना सहभागी

प्लांट बायोटेक्नोलॉजिस्ट प्रो. संगीता सक्सेना ने बताया कि पांच वर्षीय खोज में शोधार्थी छात्रा कृति रूपेन्द्र के अलावा भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान की टीम भी शामिल रही। पहचाने गए जीन गन्ना ट्रांसक्रिपटॉमिक्स और कार्यात्मक जीनोमिक्स के मौजूदा ज्ञान आधार में एक महत्वपूर्ण वृद्धि करेंगे।

होमगार्ड्स को मिलेगा अग्रिम भुगतान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लोकसभा चुनाव में निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात किए गए करीब 50 हजार होमगार्ड्स
- भत्तों की धनराशि के 40 प्रतिशत अग्रिम भुगतान को मंजूरी

अमृत विचार : शासन की ओर से लोकसभा चुनाव ड्यूटी करने वाले होमगार्ड्स स्वयंसेवकों (वॉलंटियर्स) के ड्यूटी भत्ते के अग्रिम भुगतान की स्वीकृति दे दी गई है। इसके तहत निर्वाचन ड्यूटी में तैनात किए जाने वाले होमगार्ड्स को ड्यूटी भत्ते के मद में प्राविधानित धनराशि का 40 प्रतिशत अग्रिम के रूप में भुगतान किया जाएगा। पूरे राज्य में इस व्यवस्था को लागू किए जाने से निर्वाचन ड्यूटी में जाने वाले होमगार्ड्स को काफी राहत मिलेगी।

इसके माध्यम से वह ड्यूटी पर जाने से पूर्व अपने परिजनों की जरूरतों को पूरा कर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकेंगे। इस बार गृह जनपद के साथ-साथ इन्हें दूसरे जिलों में भी चुनाव ड्यूटी पर भेजे जाने की तैयारी है।

होमगार्ड विभाग के मंत्री पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि इस बार चुनाव में करीब 50 हजार होमगार्ड्स की विभिन्न चरणों में चुनाव ड्यूटी लगाई जाएगी। ऐसे में होमगार्ड्स विभाग द्वारा इन्हें अग्रिम भुगतान दिए जाने का प्रस्ताव भेजा गया था।

इस क्रम में शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के इनकम एक्सपेंडीचर के तहत प्राविधानित धनराशि 2634 करोड़ 39 लाख रुपये की स्वीकृति पहले ही दी जा चुकी है।

पश्चिम की हवा ने भाजपा का कर दिया सफाया

अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने शुक्रवार को गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र के सिकन्दराबाद में सपा इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. महेन्द्र सिंह नागर के समर्थन में चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया।

अखिलेश यादव ने कहा कि पहले चरण में ही पश्चिम की हवा ने भाजपा का सफाया कर दिया है। भाजपा का पहला शो ही फ्लॉप हो गया है। भाजपा का झूठ और लूट जनता के सामने उजागर हो गया है। पिछले दस साल में इतना झूठ किसी ने नहीं बोला है। गाजियाबाद से गाजीपुर तक जनता भाजपा का सफाया करेगी।

आश्रम पद्धति विद्यालयों में शुरू हुई नियुक्तियां

अयोध्या और जौनपुर में तीन नए आश्रम पद्धति विद्यालयों का होगा संचालन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- छात्र-छात्राओं के लिए पहुंच गई हैं पुस्तकें
- तीन विद्यालयों के लिए 40 लोगों का स्टाफ रखा जाएगा

अमृत विचार : बेहतर शिक्षा देने के उद्देश्य से शुरू हुए तीन आश्रम पद्धति विद्यालय में प्राचार्य से लेकर अन्य कर्मियों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हो गई है। माह के अंत तक नियुक्ति प्रक्रिया पूरी हो सकती है।

बता दें कि अयोध्या और जौनपुर में आश्रम पद्धति विद्यालय के भवन का निर्माण लगभग चार-पांच वर्ष पूर्व हो गया था, मगर इसके बाद भी पढ़ाई शुरू नहीं हो सकी थी। आश्रम पद्धति विद्यालयों का संचालन करने के लिए फरवरी माह से ही कवायद शुरू कर दी गई थी। आश्रम पद्धति विद्यालय में बच्चों ने दाखिला ले लिया है। पढ़ाई के लिए पुस्तकें भी पहुंच गई हैं। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि दोनों जिलों के लिए कुल 40 लोगों को स्टाफ रखा जाना है। इसमें प्राचार्य, शिक्षक, कंप्यूटर प्रशिक्षक और चतुर्थ श्रेणी कर्मी रखे जाएंगे। इनकी नियुक्ति जल्द कर दी जाएगी। प्रयास किया जाएगा माह के अंत तक कक्षाएं विधिवत संचालित होने लगें।

नए विद्यालयों के निर्माण का रास्ता साफ

अमृत विचार, लखनऊ : पांच नए आश्रम पद्धति विद्यालय का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू हो सकता है। इसके लिए 20 करोड़ का बजट विभाग को मिला है। बता दें कि कन्नौज, शाहजहांपुर, गौतमबुद्धनगर, शामली और बागपत में नए आश्रम पद्धति विद्यालयों का निर्माण होना है। केंद्रीय बजट के दौरान ही एटीएस के लिए राशि बढ़ा दी गई थी। पांच जिलों में एटीएस निमार्ण पर कुल 40 करोड़ रुपये खर्च होने हैं। 20 करोड़ रुपये शासन से स्वीकृत हो चुके हैं और विभाग को मिल गए हैं।

एक नजर

तीसरे चरण में 85 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

अमृत विचार : तीसरे चरण में 10 लोकसभा सीटों के लिए हो रहे चुनाव में शुक्रवार को 85 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। लोकसभा क्षेत्र सम्भल में 12, हाथरस (अजा) में सात, आगरा (अजा) में छह, फतेहपुर सीकरी में सात, फिरोजाबाद में 11, मैनपुरी में सात, एटा में पांच, बदायूं में नौ, आंवला में 11 व बरेली में 10 प्रत्याशियों ने नामांकन किया।

राजनाथ पांच लाख वोट से जीतेंगे : रालोद

अमृत विचार : वर्तमान रक्षा मंत्री व भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह पांच लाख वोट के अंतर से जीतेंगे, इसके लिए वार्डों तथा विधानसभा स्तर पर रालोद कमेटियां जनसंपर्क अभियान कर रहीं हैं, जनसंपर्क और बढ़ाया जायेगा। यह बात शुक्रवार को रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने समन्वय बैठक में पदाधिकारियों को संकल्प दिलाते हुए कही। बैठक के बाद उन्होंने जनसंपर्क भी किया। उन्होंने बताया कि रालोद कार्यकर्ता सभी वार्डों में जाकर राजनाथ सिंह के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। इस अवसर पर वसीम हैदर, बीएल प्रेमी, मौलाना एमए आरिफ, रामेश्वरम इंस्टीटयूट के चेयरमैन सुरेन्द्र शुक्ला समेत पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

चुनाव चिन्ह की मांग वाली अपना दल (के) की याचिका खारिज

लिफाफा को चुनाव चिन्ह देने की मांग की गई थी

विधि संवाददाता, लखनऊ

- कहा, संविधान के अनुच्छेद 329 (बी) के तहत रिट याचिका पोषणीय नहीं

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अपना दल (कमेरावादी) की ओर से अध्यक्ष कृष्णा पटेल द्वारा दाखिल उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें 'लिफाफा' चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाने का आदेश चुनाव आयोग को देने की मांग की गई थी। न्यायालय ने याचिका को पोषणीयता के आधार पर खारिज करते हुए कहा कि आचार संहिता लागू हो जाने के बाद चुनाव प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है, लिहाजा सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों व संविधान के अनुच्छेद 329 (बी) के तहत रिट याचिका पोषणीय नहीं है।

यह आदेश न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा व न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने पारित किया है। याचिका में कहा गया था कि याची की पार्टी चुनाव आयोग में पंजीकृत है, हालांकि यह एक गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल है। 22 दिसम्बर 2023 को याची की पार्टी की ओर से चुनाव चिन्ह आवंटित करने संबंधी प्रार्थना पत्र आयोग को दिया गया था, जिस पर ज्वाइंट चीफ इलेक्टोराल ऑफिसर ने रिपोर्ट दी कि पार्टी की ओर से कांट्रिब्यूशन रिपोर्ट और एनुअल अकाउंट स्टेटमेंट नहीं दिया गया है। कहा गया कि इस आधार पर पार्टी के प्रार्थना पत्र पर विचार नहीं किया गया। कहा गया कि चुनाव चिन्ह का आवंटन न होने के कारण पार्टी आम चुनावों में अपने प्रत्याशी नहीं उतार पा रही है।

याचिका का चुनाव आयोग की ओर से विरोध करते हुए कहा गया कि पार्टी की ओर से भेजा गया प्रार्थना पत्र अपूर्ण होने के कारण खारिज किया गया है। यह भी दलील दी गई कि अनुच्छेद 329(बी) के तहत चुनाव प्रक्रिया शुरू हो जाने के बाद रिट क्षेत्राधिकार के तहत हाईकोर्ट के पास हस्तक्षेप करने की गुंजाइश बहुत सीमित होती है। दोनों पक्षों की बहस सुनने व अशोक कुमार व मोहिन्दर सिंह मामले में शीर्ष अदालत द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों को देखते हुए न्यायालय ने याचिका को पोषणीय नहीं माना।

शहरी क्षेत्रों का जियो स्पेशल डाटाबेस कार्य पूरा

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में शहरी क्षेत्रों के सभी 783 नगर निकायों का मानचित्र व 14,455 वार्डों का तैयार किया जा रहा जियो-स्पेशल डाटाबेस कार्य पूर्ण हो गया है। जिसे जनगणना कार्य निदेशालय ने स्थानीय निकाय निदेशालय के साथ मिलकर तैयार किया है। जनगणना निदेशक शीतल वर्मा ने शुक्रवार को निकाय निदेशक नितिन बंसल को स्पेशल डाटाबेस सौंप दिया है।

जनगणना निदेशालय की निदेशक ने बताया कि शहरों में स्थापित निकायों एवं वार्डों के नक्शों का डिजिटलाइजेशन किया गया है। इसमें प्रशासनिक स्तर की हर छोटी से छोटी से इकाई तक को शामिल किया गया है। जियो-स्पेशल डाटाबेस शहरी योजनाओं के विकास, भू-प्रशासन, बैंकिंग और वित्तीय आर्थिक गतिविधियों, जल, आपदा प्रबंधन, आपूर्ति सेवाओं आदि हर क्षेत्र में उपयोग किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि जियो डाटाबेस से वार्ड सीमा, नगरीय क्षेत्रों में जनगणना के दौरान नागरिकों का दोहराव और लोगों के छूटने की समस्या खत्म हो जायेगी।

भाजपा को समर्थन देने वाले संगठनों के पदाधिकारियों के साथ पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में उपस्थित जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह।

विभिन्न संगठनों ने दिया भाजपा को समर्थन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पार्टी प्रदेश मुख्यालय में की समर्थन देने की घोषणा
- मंत्री स्वतंत्र देव सिंह व जेपीएस राठौर रहे मौजूद

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की मौजूदगी में भाजपा प्रदेश मुख्यालय में शुक्रवार को विभिन्न राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों ने पार्टी नीति में विश्वास जताते हुए समर्थन की घोषणा की। इस मौके पर राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर, प्रदेश महामंत्री राम प्रताप सिंह चौहान, प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, सह प्रभारी हिमांशु दुबे सहित अन्य प्रमुख नेता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री संजय राय ने किया।

भाजपा को समर्थन देने वाले संगठनों में दलित शोषित पिछड़ा वर्ग अधिकार दल के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बलवीर प्रजापति, अपनी पार्टी सेकुलर के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप सिंह चौहान, पूर्वांचल मुक्ति फाउन्डेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम सुन्दर स्वामी उर्फ श्यामानन्द जी महाराज, राष्ट्रीय निषाद संघ के प्रदेश अध्यक्ष कैलाशनाथ निषाद, हिस्सेदारी मोर्चा के संयोजक कृष्ण गोपाल सिंह कश्यप, राष्ट्रीय लोनिया चौहान एकता परिषद के राष्ट्रीय संयोजक छविराम सिंह लोनिया, राष्ट्रीय जनवादी पार्टी (सोशलिस्ट) के राष्ट्रीय संयोजक हरवंश सिंह और अखंड जलवंशी सेवा संस्थान के अध्यक्ष अजय कश्यप शामिल रहे।

वृद्धाश्रम के बुजुर्ग भी कर सकेंगे मतदान

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव में बुजुर्ग मतदाता भी बढ़-चढ़कर शामिल होंगे। खासकर वृद्धा आश्रम में रहने वाले बुजुर्ग भी मतदान करेंगे। समाज कल्याण विभाग ने बुजुर्गों को मतदान कराने की तैयारी की है।

जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनीता सिंह ने बताया कि विभाग की तरफ से सरोजनी नगर में वृद्धा आश्रम संचालित है। यहां 125 बुजुर्ग रहते हैं। महापर्व में इन्हें शामिल करने के लिए पहले सभी के आधार कार्ड बनवाए। इसके बाद सभी के मतदाता सूची में नाम दर्ज कराए हैं और अब सभी मतदान के लिए उत्साहित हैं। इन्हें विभाग की तरफ से बूथों पर ले जाने और लाने की व्यवस्था होगी। किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। दिव्यांग कल्याण विभाग से चार व्हीलचेयर भी मांगी है।

अमरोहा में राहुल-अखिलेश की संयुक्त जनसभा आज

अमृत विचार, लखनऊ : इंडी गठबंधन में दूसरे चरण के चुनाव के लिए प्रचार अभियान तेज कर दिया है। अमरोहा में 20 अप्रैल को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी व सपा प्रमुख अखिलेश यादव की संयुक्त जनसभा होगी। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ सीपी राय ने बताया कि अमरोहा में कांग्रेस प्रत्याशी दानिश अली के समर्थन में जनसभा होगी। अमरोहा के गांधी मूर्ति स्थित मिनी स्टेडियम में आयोजित जनसभा को दोनों नेता संबोधित करेंगे।

अटैच मिले शिक्षक तो होगी कार्रवाई

अमृत विचार, लखनऊ : सरकारी स्कूलों के शिक्षक यदि अन्य कार्य के लिए संबद्ध पाये जायेंगे तो अब इसके लिए खंड शिक्षा अधिकारियों और बेसिक शिक्षा अधिकारियों को दोषी माना जायेगा। इस संबंध में सभी बीएसए और बीईओ को सख्त चेतावनी शिक्षा महानिदेशक की ओर से दी गई है। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि शिक्षकों को मुक्त करने का आदेश जारी हो चुका है। यदि कोई भी शिक्षक बीआरसी या फिर बीएसए कार्यालय पर संबद्ध मिलता है तो इसकी जवाब देही बीईओ और बीएसए की होगी। बता दें कि सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी न होने पाये इसको देखते हुए निर्णय लिया गया है कि जो भी शिक्षक अटैच हैं, उनको विद्यालय वापस भेजा जायेगा। अभी तक दीक्षा सेल हो या फिर अन्य विभागीय कार्यों में लगे शिक्षक हों, सभी को उनके मूल तैनाती वाले विद्यालय में भेजा जा चुका है।

घपले के आरोपी ने किराये पर ले रखा है आईएएस का मकान

रकम पाने के लिए मकान का पता लगा पहुंच रहे परेशान निवेशक, गेट के अंदर प्रवेश बंद

विनय सिंह, लखनऊ

- डेढ़ लाख रुपये है मासिक किराया, रसूखदार पद पर तैनात है अधिकारी
- ग्रुप का चेयरमैन प्रभावशाली इसलिए पंचम तल के आदेश पर दर्ज हुई थी एफआईआर

अमृत विचार : सैकड़ों निवेशकों की गाढ़ी कमाई जमा करवाकर उनका करोड़ों रुपये डकारने वाले टाइमसिटी ग्रुप के चेयरमैन ने एक आईएएस अफसर का मकान भी किराये पर ले रखा है। किराया भी कम नहीं, बल्कि डेढ़ लाख रुपये महीने है। वह भी शहीद पथ स्थित पॉश रिहायशी इलाके में। ग्रुप के चेयरमैन के खिलाफ जबसे धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज हुआ है, उससे दो वर्ष पहले ही उसने आईएएस अफसर का मकान किराए पर ले रखा है। खास बात यह है कि ग्रुप के चेयरमैन निवेशकों का धन वापस नहीं कर पा रहे हैं, लेकिन उक्त आईएएस के मकान का किराया लगातार खाते में पहुंच रहा है।

कई निवेशक चेयरमैन को तलाशने किराए वाले मकान में भी पहुंचे, लेकिन कॉलोनी के मुख्य गेट से ही निवेशकों को एंट्री नहीं मिली। आईएएस अफसर महत्वपूर्ण पद पर तैनात है। निवेशकों का कहना है कि ग्रुप के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के लंबे समय बाद भी अगर मकान ग्रुप को दिया हुआ है, तो उस अफसर पर भी संदेह उत्पन्न होता है।

> प्रकरण की विवेचना अभी चल रही है। हालांकि एक शिकायतकर्ता दो दिन पहले विवेचक बदलवाने के उद्देश्य से प्रार्थनापत्र दिया था। जल्द ही कोई निर्णय लेकर विवेचना पूर्ण करा रहा हूं।
> – जितेंद्र कुमार दुबे, एडीसीपी, उत्तरी

टाइमसिटी ग्रुप पर ये हैं आरोप

टाइमसिटी ग्रुप पर 2018 से 2023 के बीच एफडी, आरडी, एमआईएस और डेली डिपॉजिट तथा अन्य स्कीमों के माध्यम से सैकड़ों निवेशकों का करोड़ों रुपये जमा कराकर फरार होने का आरोप है। निवेशकों का कहना है कि ग्रुप के चेयरमैन अंबेडकरनगर निवासी पंकज कुमार पाठक के खिलाफ तहरीरें दी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। निवेशकों ने किसी तरह पंचम तल पर संपर्क स्थापित किया। फिर जाकर पंचम तल के आदेश पर गुडंबा पुलिस ने ग्रुप के आठ निदेशकों, एक एचआर, दो महाप्रबंधक और एक प्रबंधक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज किया था, जिसकी विवेचना अब भी जारी है। निवेशकों का कहना है कि टाइमसिटी ग्रुप ने सहारा की तर्ज पर एफडी, आरडी, एमआईएस और डेली डिपॉजिट जैसी स्कीमों को लागू करने के लिए जिलों और तहसीलों तक में बैंक शाखाएं खोल रखी थीं। इनमें अयोध्या, अंबेडकरनगर, बाराबंकी, गोरखपुर, सिद्धार्थनगर आदि जिले शामिल थे। सभी बैंकों में प्रबंधक और अन्य बैंक कार्मिक कार्यरत थे।

राज्य स्तरीय स्वीकृति समिति की बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र।

एसएलएससी की 35वीं बैठक में मुख्य सचिव ने की कार्यों की समीक्षा

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत राज्य स्तरीय स्वीकृति समिति (एसएलएससी) की 35वीं बैठक हुई। बैठक में मुख्य सचिव द्वारा बीते साल 2023-24 की विभागवार प्रगति की समीक्षा की गयी। इस दौरान उन्होंने प्रगति 88 प्रतिशत व्यय पर सन्तोष व्यक्त किया गया, साथ ही औसत प्रगति से कम व्यय करने वाले विभागों को सचेत करते हुए साल 2024-25 की प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिये गये।

14 आरोपी गिरफ्तार, कई अभी भी फरार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सिपाही भर्ती परीक्षा-2023 के प्रश्नपत्र लीक होने का मामला

अमृत विचार : सिपाही भर्ती परीक्षा-2023 का प्रश्नपत्र लीक कराने में शामिल रहे 14 अभियुक्त अब पुलिस की गिरफ्त में हैं। इन 14 आरोपियों को गिरफ्तार करने में महीनों का समय लग गया। इतने ही आरोपी अभी फरार चल रहे हैं। एसटीएफ द्वारा पूछताछ में प्रश्नपत्र लीक कराने में जिन-जिन के नाम पता चले हैं, उनमें से दो आरोपियों को पुलिस ने दो दिन पहले गिरफ्तार किया था। जबकि बाकी की धरपकड़ जारी है। सूत्रों के मुताबिक पूछताछ में पता चला है कि अभी 10 से 12 और आरोपी हैं, जो पर्चा लीक कराने में शामिल थे।

एसटीएफ ने 5 मार्च को दीप उर्फ दीपक, विट्टू पुत्र दयाराम, प्रवीण पुत्र ओमपाल, रोहित उर्फ ललित, नवीन और साहिल को गिरफ्तार किया था। इन्हीं आरोपियों की निशानदेही पर एसटीएफ ने 12 मार्च को महेंद्र पुत्र रामफल निवासी जींद हरियाणा को गिरफ्तार किया। इसके बाद 14 मार्च को अभिषेक कुमार शुक्ला, शिवम गिरि, रोहित कुमार पांडेय को गिरफ्तार किया। एसटीएफ ने इन तीनों की गिरफ्तारी के बाद प्रश्नपत्र लीक कांड का खुलासा भी कर दिया। तीन अप्रैल को मास्टरमाइंड रामनयन मिश्रा को गिरफ्तार किया गया। 10 अप्रैल को दूसरे मास्टर माइंड रवि अत्री पुत्र गोरख सिंह को गिरफ्तार किया गया। इस तरह अब तक इस मामले में 14 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। पुलिस ने लगभग सबको रिमांड पर लेकर पूछताछ की और बाद में जेल भेज दिया।

इन आरोपियों ने पूछताछ में कई ऐसे नाम बताए हैं, जो अभी फरार हैं। ऐसे आरोपियों की संख्या 10 से 12 बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि पुलिस की कड़ाई को देखते हुए सभी आरोपियों ने प्रदेश छोड़ दिया है।

96 ईवीएम और वीवीपैट से दिया जाएगा प्रशिक्षण

कलेक्ट्रेट में रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के बारे में बताते जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में किया गया रेंडमाइजेशन

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के लिए मतदान कर्मियों को 29 अप्रैल को केकेसी में 96 ईवीएम और वीवीपैट के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा। ईवीएम और वीवीपैट राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में वेयरहाउस से केकेसी भेजी जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने ईवीएम और वीवीपैट मशीनों का पहला रेंडमाइजेशन राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में विधानसभावार कराया। रेंडमाइजेशन मलिहाबाद, बक्शी का तालाब, सरोजनीनगर, लखनऊ पश्चिम, लखनऊ पूर्व, लखनऊ उत्तर, लखनऊ मध्य, लखनऊ कैंट, मोहनलालगंज और विधानसभा लखनऊ पूर्व (उपचुनाव) के लिए कराया गया। इस दौरान सीडीओ अजय जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीमए प्रशासन शुभी सिंह, एडीएम भू.अ. प्रथम धर्मेन्द्र सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व राकेश सिंह, एडीएम नगर पूर्वी अमित कुमार, एडीएम ट्रांस गोमती राकेश सिंह, अपर नगर मजिस्ट्रेट चतुर्थ सचिन वर्मा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अभय किशोर आदि मौजूद रहे।

कांग्रेस की नीतियों का घर-घर जाकर करेंगे प्रचार

अमृत विचार, लखनऊ : जिला कांग्रेस श्रम प्रकोष्ठ की बैठक में चेयरमैन नरेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि कांग्रेस सही मुद्दों पर चुनाव लड़ रही है। कार्यकर्ता पार्टी के किए गए कार्यों को जनता तक पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विचारधारा की लड़ाई लड़ रही है। इसमें मुश्किलें तो आती हैं लेकिन जीत हमेशा सत्य की होती है। जनता आज कांग्रेस की विचारधारा के साथ है। जनता को पता है कि उसके सुख-दुख में कांग्रेस ही उनके साथ रही है। वर्तमान सरकार ने जनता को घोषणाओं के अलावा कुछ नहीं दिया है। जनता महंगाई के मार से परेशान हैं। प्रतिदिन रोजमर्रा की वस्तुएं महंगी होती जा रही हैं। युवा बेरोजगार हैं, उन्हें आश्वासन ही मिलता है नौकरी नहीं। इस बार चुनाव में जनता वर्तमान सरकार को अपने वोट से चोट करेगी और कांग्रेस को विजयी बनाएगी। कांग्रेस कार्यकर्ता उत्साहित हैं और घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों का प्रचार कर रहे हैं।

लखनऊ को पहचान दिलाने के लिए राजनाथ को जिताएं

सेंट्रल बार एसोसिएशन की ओर से आयोजित बैठक में मौजूद भाजपा नेता नीरज सिंह।

अमृत विचार, लखनऊ : रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने हर वर्ग और हर संगठन की समस्या का हल किया है। विकास कार्यों के कारण लखनऊ अपनी अलग पहचान बना चुका है। लखनऊ विश्व के खूबसूरत शहरों में जाना जाए, इसके लिए राजनाथ सिंह को अधिक से अधिक मत देकर विजयी बनाएं। साथ ही देश में तीसरी बार मोदी सरकार के लिए संकल्प लें। भाजपा नेता नीरज सिंह ने उक्त बात सेंट्रल बार एसोसिएशन की ओर से आयोजित बैठक में कही।

इस दौरान भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, सेंट्रल बार एसोसिएशन अध्यक्ष अरविंद कुमार कुशवाहा, महामंत्री अमरेश कुमार पाल, आयोजक अतुल सिंह, लखनऊ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश पांडेय आदि मौजूद रहे।

भाजपा ने बूथ मजबूत करने की बनाई रणनीति

370 वोट जोड़ने के लक्ष्य के साथ बूथ विजय अभियान की तैयारी में जुटने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने बूथ पर 20 कार्यों को करने की योजना बनाई है। बूथ पर समिति और पन्ना प्रमुखों के साथ टिफिन बैठक कर कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जाएगा।

महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बैठक में कहा कि घर-घर संपर्क करके हर मतदाता को पार्टी पत्रक प्रत्याशी राजनाथ सिंह और सरकार की ओर से कराए गए कार्यों के हैंड बिल का वितरण करना है। मोर्चा की बैठक करनी है और युवा मोर्चा को बाइक रैली भी करनी है। प्रत्येक बूथ पर 370 वोट जोड़ने के लक्ष्य के साथ बूथ विजय अभियान की तैयारी में सभी को जुटना है। बैठक में लोकसभा संयोजक एमएलसी मुकेश शर्मा, मेयर सुषमा खर्कवाल, मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, लोकसभा सहसंयोजक पुष्कर शुक्ला, राकेश श्रीवास्तव, अंजनी श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

सहयोगी दलों के साथ बैठक में मौजूद पूर्व भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी।

वहीं दूसरी ओर सहयोगी दलों के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति बनाई गई। एमएलसी मुकेश शर्मा ने कहा कि लोकसभा के चुनाव में मिलकर ऐतिहासिक जीत हासिल करने के लिए काम करना है। अपना दल के राष्ट्रीय सचिव संजय राठौर ने कहा कि राजनाथ सिंह को ऐतिहासिक विजय दिलाने के लिए अपना दल के कार्यकर्ता भाजपा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर जुटेंगे। राष्ट्रीय लोकदल राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने कहा कि कार्यकर्ता राजनाथ सिंह को ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए पूरी ताकत से काम करेंगे। बैठक में राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश महामंत्री अंबुज पटेल, मनोज सिंह चौहान, मौलाना एम आरिफ, अपना दल के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शैलेंद्र पटेल, महानगर अध्यक्ष अरुण वर्मा आदि मौजूद रहे।

SHIVENDRA'S ORTHO CLINIC
शिवेन्द्र ऑर्थो क्लीनिक
A UNIT OF HAMATE POLYCLINIC
जोड़ प्रत्यारोपड़ सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रेक्चर उपचार, ट्रामा सर्जरी, स्पाइन सर्जरी और कंधे का जाम हो जाना, फिजिओथेरपी, अस्थि टयूमर उपचार, समस्त हड्डी और जोड़ रोग उपचार
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | पूर्व (AIIMS) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | अत्याधुनिक विधि द्वारा दर्द रहित इलाज
क्या आप जोड़ों के दर्द से हैं परेशान?
आज ही सम्पर्क करें हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
WE CARE YOUR BONES & JOINTS
8,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
20 वर्षों से अधिक अनुभव
डॉ. शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
MBBS, M.S, Mch (Ortho)
Joint Replacement & ADV. trauma Surgeon
Fellow in Primary & Revision Joint Replacement (USA)

ए-733, कन्वेंशन सेंटर के पास, इंदिरा नगर लखनऊ,
फोनः 0522-3545321, 9839330666
Timings:-
Morning : 11am-2pm,
Evening : 5pm-8:30pm
24x7 Emergency

शहर में आज

- पीजीआई में न्यूरोसर्जरी विभाग के स्थापना दिवस पर कार्यशाला – 10 :00 बजे।
- एकेटीयू में ईआरपी पर दो दिवसीय कार्यशाला – 10 :30 बजे।
- राज्य ललित कला अकादमी में महिलाओं की कला प्रदर्शनी आर्ट बाई हार्ट का आयोजन – 11 :00 बजे।
- आशियाना स्थित मंदिर में जैन महावीर जयंती पर महिला मंडल द्वारा सांस्कृतिक संध्या का आयोजन – 5 :00 बजे।
- अलीगंज कला स्रोत आर्ट गैलरी में वरिष्ठ कलाकार यूसुफ की कलाकृतियों की प्रदर्शनी – 5 :30 बजे।

एक नजर

घर के बाहर खड़ी गाड़ियों में लगी आग

अमृत विचार, लखनऊ : कैंट थाना अंतर्गत सदर इलाके में गुरुवार देर रात रात घर के बाहर खड़ी गाड़ियों में आग लग गई। इससे अफरा–तफरी मच गई। दमकल की गाड़ियों ने 15 मिनट में आग पर काबू पा लिया। एफएसओ हजरतगंज रामकुमार रावत ने बताया कि घर के बाहर अरफाज, मो. अहसान, वैदुल्ला की बाइक व स्कूटी खड़ी थी। रात करीब तीन बजे गाड़ियां जलने लगी। जानकारी होने पर लोगों ने सूचना दी। दमकल की दो गाड़ियों को भेजा गया। हालांकि इसके पहले ही लोगों ने काफी हद तक आग पर काबू पा लिया था। दमकलकर्मियों ने 15 मिनट में आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

पीजीआई में एक घंटा ठप रहा सर्वर

अमृत विचार, लखनऊ : पीजीआई में शुक्रवार सुबह 11 :40 से करीब 12 40 बजे तक सर्वर नही रहा। इससे ओपीडी में जांच के पर्चे, कैश और रिपोर्ट नही मिली। डॉक्टर कंप्यूटर पर फार्म इरेज नही के पाए। काउंटर पर मरीज और तीमारदारों की भीड़ लगी रही। संस्थान के दूसरे विभागों में सर्वर की समस्या से जांच व अन्य काम प्रभावित हुए।

यात्री ले जाऊं, माल उठाऊं, जाम लगाऊं... मेरी मर्जी

ई-रिक्शा की बाढ़ में धुल गए जाम से निपटने के सारे फरमान

नीरज मिश्र, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी वासियों का ई-रिक्शा चालकों की अराजकता से बुरा हाल है। शहर का शायद ही कोई ऐसा इलाका होगा, जहां लोग इन 'बेआवाज' वाहनों से परेशान न हों। सभी तरफ जाम और यातायात अराजकता। इनकी अराजकता या मनमानी को इसी से समझा जा सकता है कि यात्री ले जाऊं.. माल उठाऊं.. जाम लगाऊं... मेरी मर्जी...। प्रमुख अस्पतालों के इर्द-गिर्द हालात इतने खराब कि एंबुलेंस तक का जाम से निकल पाना मुश्किल। इसे लेकर गुरुवार को एक बार फिर मंडलायुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक में चर्चा हुई, लेकिन नतीजा अभी तक शून्य ही है।

यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने को लेकर रोज जारी होते नए फरमान। कभी 31 मार्गों पर तो कभी 21 मार्गों पर ई-रिक्शा न चलने देने का निर्देश। इसके बाद एक और नया नियम सामने आया कि अब तय 11 मार्गों पर ई-रिक्शा नहीं चलेंगे। इसके लिए बाकायदा बोर्ड लगाए गए, पर इन बेआवाज वाहन की न तो चाल बदली और न ही अंदाज।

चरक चौराहे के समीप मेडिकल कॉलेज जाने वाले मार्ग पर ई–रिक्शा के बीच फंसा रोगी वाहन। अमृत विचार

ये है स्थिति

- मार्च-2024 में लखनऊ संभाग में पंजीकृत ई-रिक्शा (यात्री) की संख्या - 53,197
- ई-रिक्शा (विद कार्ट) - 1,835
- प्रदेश में पंजीकृत ई-रिक्शा - 5, 97,526
- ई-रिक्शा (विद कार्ट) - 26, 588

जाम में फंसती हैं एंबुलेंस

प्रमुख अस्पतालों के बाहर एंबुलेंस ई–रिक्शा की यातायात अराजकता से लगे जाम के दौरान इनके बीच रेंगने को मजबूर रहती हैं। चाहे एंबुलेंस चालक अपना सायरन बजाता रहे, लेकिन यह बिना सवारी लिए मौके से हटते नहीं। कई में तो नाबालिग आराम से पालथी मारकर, मोबाइल कान में सटाकर सवारी के लिए चक्कर लगाते नजर आते हैं।

जिन 11 मार्गों पर ई-रिक्शा को लेकर बोर्ड लगे, वहां भी बाकायदा यातायात पुलिसकर्मियों के सामने से यह दनदनाते रहे। तय मार्गों पर इनकी अराजकता पर ब्रेक नहीं लग सका।

> अभी तक 26 हजार ई–रिक्शा चालकों का पंजीकरण हुआ है। इनका रूट चार्ट बनाया जाएगा। जोकि एक लम्बी प्रकिया है। यह प्रकिया पूर्ण होने के बाद ई–रिक्शा चालकों की मनमानी बंद हो जाएगी।
> –उपेंद्र अग्रवाल, संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था

कहां गया क्यूआर कोड युक्त ई-रिक्शा संचालन

ई-रिक्शा एक ही क्षेत्र में चल पाए इसके लिए यातायात पुलिस के जिम्मेदारों ने पूरे शहर को 16 जोन में बांटा। चालक अपना वाहन एक ही जोन में चला सके, इसके लिए विभाग की तरफ से निशुल्क फार्म उपलब्ध कराया गया। इसमें चालक को तीन जोन में से एक चुनने का विकल्प दिए जाने की बात कही गई।

क्यूआर कोड युक्त स्टीकर्स ई-रिक्शा पर चस्पा किए जाने का समय तय किया गया। इसमें ई-रिक्शा के रूट, चालक का पूरा सिजरा दर्ज रहने का दावा किया गया, लेकिन तय डेट लाइन (मार्च) बीत गई, लेकिन इन पर अब तक अमल नहीं हो सका है।

फीडर सर्विस के लिए आए थे, चलने लगे मुख्य मार्गों पर

दरअसल इसे फीडर सर्विस के रूप में लाया गया था, लेकिन फीडर सर्विस छोड़ अब तो ये मुख्य मार्गों पर खुलेआम चलते नजर आ रहे हैं। हाल यह है कि अब तो पांडेयगंज, रकाबगंज, सुभाष मार्ग, यहियागंज, लाटूश रोड, अमीनाबाद, ठाकुरगंज, दुबग्गा समेत कई इलाके ऐसे हैं, जहां चावल, दाल, सब्जी, दवा, होजरी आइटम समेत तमाम चीजें नियम विरुद्ध तरीके से ढो रहे हैं। अब सामान तक लोडिंग करते हैं। यहां तक कि दुर्घटना का एक प्रमुख कारण सरिया, पाइप जैसी चीजों को ओवरलोड कर प्रमुख मार्गों से निकलते हैं, लेकिन कार्रवाई नहीं।

इन चौराहों से फर्राटा भरकर दिखाओ तो जानें

राजधानी के कई इलाकों रकाबगंज, नक्खास, चौपटिया, चौक चौराहा, चारबाग, कैसरबाग, अमीनाबाद, कचेहरी, केजीएमयू, लॉरी कार्डियोलॉजी, बलरामपुर, सिविल अस्पताल, शहर के बस स्टेशनों के बाहर का इलाका, चिनहट, अलीगंज, इंदिरानगर, भूतनाथ, महानगर, आशियाना समेत कोई भी इलाका इनकी अराजकता से अछूता नहीं है। अगर इनके बीच से दोपहिया वाहन किसी तरह निकल आया तो उसके चेहरे पर किसी युद्ध जीतने जैसे सुकून दिखाई देता है।

बढ़ता ई-रिक्शा का परिवार मार्च में हो गए 50 हजार के पार

ई–रिक्शा का कुनबा जिस गति से बढ़ रहा है उससे आने वाले दिनों में न केवल प्रदेश के कई जिलों में बल्कि राजधानी में भी आवागमन के हालात अत्यंत गंभीर हो जाएंगे। अब सोचने का समय है कि अन्य वाहनों की तरह ई–रिक्शा को लेकर भी परमिट, फिटनेस, नाबालिग के वाहन संचालन पर न केवल रोक बल्कि कार्रवाई सुनिश्चित करने समेत विभिन्न परिवहन एक्ट में इन्हें शामिल करना होगा। सालभर की छूट के बाद अन्य वाहनों की तरह ही परमिट और टैक्स की दरें निर्धारित करना होगा।

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा 22 से

अमृत विचार, लखनऊ : सड़क हादसों में बढ़ती मृतकों की संख्या को देखते हुए यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से आगामी 22 अप्रैल से सड़क सुरक्षा पखवाड़ा शुरू होने जा रहा है। 4 मई तक यह चलेगा। इस दौरान विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस आशय के आदेश मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की ओर से प्रदेश के सभी मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों, पुलिस आयुक्तों और परिवहन एवं यातायात अधिकारियों को जारी कर दिए गए हैं। यह जानकारी अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा पुष्पसेन सत्यार्थी ने दी। उन्होंने बताया कि चूंकि लोस चुनाव का समय है ऐसे में सभी स्टेक होल्डर विभागों और एजेंसियों द्वारा समन्वय स्थापित कर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। साथ ही मृतकों की सबसे ज्यादा संख्या वाले टॉप–20 जिलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इन जिलों में हादसों के दौरान मृतकों की संख्या में कमी लाई जाए। जिला सड़क सुरक्षा समिति के माध्यम से जीरो फैटिलिटी वाले लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 'मॉडल सेफ' बनाई जाए। 4–ई योजना को आगे बढ़ाते हुए परिणाम लाएं। इसके अलावा चालक का स्वास्थ्य परीक्षण, सड़क सुरक्षा शपथ, नियमों की जानकारी समेत कई बिंदुओं पर पूरे प्रदेश में जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएं। एडीशनल ट्रांसपोर्ट कमिश्नर सत्यार्थी ने बताया कि पखवाड़ाभर का कार्यक्रम तय कर दिया गया है।

ओडीएफ प्लस होंगे गांव, सुधार के निर्देश

अमृत विचार,लखनऊ : स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 के अंतर्गत ओडीएफ प्लस गांव घोषित किए जाएंगे। निदेशक ने मॉडल गांवों का चयन कर कमियां दूर करने के निर्देश दिए हैं।

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 में ओडीएफ प्लस की प्रक्रिया चल रही है। इसमें गांवों का चयन कर योजना से लाभान्वित कर मॉडल बनाए जा रहे हैं। सभी गांव मॉडल बनाकर 2024-24 में ओडीएफ प्लस घोषित किए जाएंगे। मिशन निदेशक राज कुमार ने सभी जिला पंचायत राज अधिकारी को जो भी कमियां हैं वह दूर करने के निर्देश दिए हैं। यदि गांवों का चयन नहीं किया है तो भी जल्द कर कार्य कराने हैं।

बढ़ता गर्मी का प्रकोप : तेज धूप में रिक्शे से घर जाने के दौरान अटल चौराहे पर पानी की बोतल से प्यास बुझाते स्कूली बच्चे। अमृत विचार

पारा 42 डिग्री के पार दिनभर चलीं गर्म हवाएं

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- तापमान में अभी और वृद्धि होने का अनुमान
- मौसम विभाग के अनुसार, लोगों को अभी खास राहत मिलने की उम्मीद नहीं

अमृत विचार : गर्मी की तपिश लगातार बढ़ रही है शुक्रवार को दिन का तापमान 42 डिग्री पार कर गया। दोपहर बाद धूल और गर्म हवाएं चलीं। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि अभी तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है।

लखनऊ और आसपास के क्षेत्र में 24 घंटे के भीतर अधिकतम तापमान में 2 डिग्री की बढ़ोतरी हुई है। शुक्रवार दोपहर लखनऊ का तापमान 42 डिग्री से अधिक रिकार्ड किया गया। मौसम अनुसंधान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एके सिंह के मुताबिक दिन और रात दोनों के तापमान में बढ़ोतरी हुई है। न्यूनतम तापमान 22 डिग्री को पार कर गया। आने वाले दिनों में धूल भरी आंधियां चल सकती हैं। मौसम में खास राहत मिलने की उम्मीद कम है।

महापौर सुषमा खर्कवाल को ज्ञापन देते लखनऊ व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष सतवीर सिंह राजू।

टैक्स काउंटरों पर छाया न पानी

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम जोन कार्यालयों में जहां-जहां हाउस और वाटर टैक्स जमा कर रहा है, वहां छाया, पानी, पंखे के अलावा बैठने के लिए कुर्सियों की व्यवस्था नहीं है। टैक्स जमा करने पहुंचे धूप और प्यास से बेहाल हो रहे हैं। इस समस्या को लेकर लखनऊ व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष सतवीर सिंह राजू ने शुक्रवार को महापौर सुषमा खर्कवाल को उनके आवास पर ज्ञापन दिया। समस्या को गंभीरता से लेते हुए महापौर ने जोनल अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जहां टीनशेड नहीं वहां टेंट लगाएं। ठंडे पानी के लिए वाटर कूलर या घड़े रखवाए जाएं।

गेहूं खरीद के बाद तुरंत कराएं भुगतान : मंडलायुक्त

संवाददाता, लखनऊ/मलिहाबाद

- डॉ. रोशन जैकब ने गेहूं क्रय केंद्र और मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

अमृत विचार : किसानों का गेहूं पारदर्शी तरीके से खरीदें और खरीके के बाद तुरंत भुगतान कराएं। ये निर्देश मंडलायुक्त ने शुक्रवार को गेहूं क्रय केंद्र के निरीक्षण के बाद अधिकारियों को दिया। उन्होंने मतदान केंद्रों का भी जायजा लिया।

मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब शुक्रवार दोपहर में गेहूं क्रय केंद्र और सहकारी साधन समिति रुदान खेड़ा पहुंचीं। उन्होंने कहा कि किसानों का गेहूं पारदर्शी ढंग से खरीदें। खरीद के बाद भुगतान तुरंत किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक खरीद केंद्र पर इलेक्ट्रॉनिक कांटा, नमी मापक यंत्र व विनोईंग फैन के साथ ई-पॉप मशीन उपलब्ध होनी चाहिये।

इसके बाद मंडलायुक्त ने उच्च प्राथमिक विद्यालय माल व प्राथमिक विद्यालय अटारी में बनाए गए मतदान केंद्रों पर सुविधाओं का जायज़ा लिया। केन्द्रों पर सामान्य सूचनाओं, टोल फ्री नम्बर 1950 का अंकन के अलावा बिजली, प्रकाश व्यवस्था, पंखे, पेयजल और शौचालय और रैंप की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश उपजिलाधिकारी मलिहाबाद को दिये। उन्होंने कहा कि मतदेय स्थल पर विशेष कैंप लगाकर न केवल मतदाताओं को जागरूक करें बल्कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता बनने से वंचित न रहे।मंडलायुक्त ने ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष संयोगिता सिंह चौहान के साथ बैठक कर विकास कार्यों पर चर्चा की। प्राथमिक विद्यालय अटारी के जर्जर भवन को नया बनवाने के लिये कहा।

संयोगिता सिंह ने बताया कि क्षेत्र की एकमात्र उद्यान इकाई कई वर्षों से बन्द है। इससे बागवान सरकारी योजनाओं से वंचित हैं। मंडलायुक्त ने इकाई शीघ्र शुरू होने का आश्वासन दिया। एसडीएम सौरभ सिंह और बीडीओ सर्जना श्रीवास्तव के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

मलिहाबाद में गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण करतीं मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब। अमृत विचार

अकबर नगर : डाक या मेल से कर सकते हैं आवास के लिए आवेदन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एलडीए ने अकबर नगर के विस्थापितों को दी सुविधा
- 29 तक विशेष शिविर में कर सकते हैं आवेदन

अमृत विचार : अकबर नगर के विस्थापित आवास के आवेदन रजिस्टर्ड डाक या ई-मेल से भी कर सकते हैं। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने विशेष शिविर के साथ यह सुविधा विस्थापितों के लिए शुरू की है।

शुक्रवार को अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा ने अकबर नगर प्रथम व द्वितीय का प्राधिकरण की पुलिस टीम के साथ भ्रमण किया। इस दौरान स्थानीय लोगों को योजना बताई। टीम के साथ गलियों में घूम-घूमकर माइक से अनाउंसमेंट किया और शिविर में आकर आवास के पंजीकरण कराने की अपील की। बताया कि अकबर नगर के अध्यासियों को आवास के पंजीकरण कराने में असुविधा न हो, इसके लिए शिविर के अलावा अन्य विकल्प दिए हैं। प्राधिकरण के नवीन भवन के भूतल पर बने कार्यालय में पंजीकरण करा सकते हैं। प्राधिकरण के पते पर रजिस्टर्ड डाक भेजकर या ई-मेल आईडी lda.pmay<bha>@</bha>gmail.com पर आवेदन कर सकते हैं।

विशेष शिविर में 17 ने कराया पंजीयन : अकबर नगर प्रथम व द्वितीय के लिए लगे विशेष शिविर में कुकरैल नदी व बंधे के 17 विस्थापितों ने आवास के लिए पंजीकरण कराया। उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास आवंटित करने के लिए प्राधिकरण द्वारा पूर्व में क्षेत्र में विशेष शिविर लगाया गया था, इसमें 1700 से अधिक लोगों ने आवास के लिए पंजीकरण कराया था। उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में प्राधिकरण द्वारा पुनः 18 से 29 अप्रैल तक पुलिस चौकी के पास विशेष शिविर स्थापित किया गया है।

अकबर नगर में लगे शिविर में आवास के लिए पंजीयन कराते विस्थापित। अमृत विचार

आवास पंजीयन की अनाउंसमेंट से जानकारी देती पुलिस टीम।

बलरामपुर की पैथालॉजी में घुसा सांप, हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बलरामपुर अस्पताल की पैथालॉजी में शुक्रवार की सुबह सांप निकल आया। इससे काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। दहशत में आए कर्मचारी काम छोड़ कर बाहर निकल गए। किसी तरह से एक कर्मचारी ने सांप को पकड़कर उसे बाहर निकाला।

बलरामपुर की बड़ी पैथालॉजी में रखी लकड़ी की अलमारी के नीचे से करीब चार फुट लंबा सांप निकल आया। उस दौरान ड्यूटी पर मौजूद एलटी प्रियंका, सनी और कंप्यूटर ऑपरेटर राकेश दहशत में आ गए। पैथालॉजी में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। किसी तरह हिम्मत करके एक कर्मचारी ने सांप को पकड़ा और उसे बोरी में भरकर अस्पताल से दूर फिकवा दिया।

पैथालॉजी में निकला सांप। अमृत विचार

एक नजर

ग्रह बनाम प्लास्टिक पर वर्चुअल चर्चा

अमृत विचार, लखनऊ : पृथ्वी इनोवेशन संस्था की ओर से विश्व पृथ्वी दिवस के तहत विविध कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। आयोजित कार्यक्रम में 15 स्कूल ने ग्रह बनाम प्लास्टिक पर आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में हिस्सा लिया। संस्थापक व महासचिव अनुराधा गुप्ता ने बताया कि संस्था ने क्लाइमेट चेंज फेलोशिप को शुरू किया है। विद्यालयों को पांच थीम प्लास्टिक पॉल्यूशन, फूड वेस्टेज, ओवर पैकेजिंग, ऊर्जा संरक्षण और जैव विविधता दिए गए। जिस पर बेहतर कार्य करने वाले विद्यालयों को पुरस्कृत किया जाएगा।

दिव्यांगों से जुड़ीं बीमारियों पर चर्चा

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केन्द्र द्वारा राष्ट्रीय पुनर्वास संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पर्किन्सन डिसीज-रोकथाम व उपचार विषय पर विचार प्रस्तुत किये गए। हिन्द आर्युविज्ञान संस्थान के आचार्य डॉ. सुब्रत गुप्ता ने पर्किन्सन डिसीज व प्रारम्भिक क्लीनिकल लक्षणों से जुड़ी समस्या और रोकथाम संबंधी जानकारियां साझा की गईं।

पहले छात्रवृत्ति अब परीक्षा फॉर्म भरने में बाधा

समस्या : आधार कार्ड से फोन नंबर लिंक न होने से छात्रों को नहीं मिल रहा एबीसी आईडी नंबर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में परीक्षाएं नजदीक हैं। ऐसे में परीक्षा फॉर्म आवेदन की समस्या बढ़ चली हैं।

लखनऊ विवि और उससे संबद्ध महाविद्यालयों से जुड़ी छात्रवृत्ति की समस्या का समाधान अभी हो नहीं सका कि एक और समस्या सामने आ गई। दरअसल, परीक्षाओं के पहले विवि प्रशासन आवेदन फॉर्म भरवाता रहा है लेकिन इस बार काफी संख्या में छात्र-छात्राएं फॉर्म भरने से वंचित रह गए। छात्र संघ से जुड़े प्रिंस प्रकाश सहित अन्य छात्रों का कहना है कि एबीसी प्रक्रिया को शामिल कर आवेदन की व्यवस्थाएं विवि प्रशासन की ओर से और जटिल कर दी गई हैं।

उधर, रजिस्ट्रार डॉ. वीके सिंह और परीक्षा नियंत्रक कहते हैं कि एबीसी आईडी फॉर्म भरना अनिवार्य है। ऐसे में आईडी नंबर प्राप्त करने के लिए छात्र का आधार से फोन नंबर लिंक होना चाहिए लेकिन काफी संख्या में छात्रों के आधार कार्ड से नंबर लिंक नहीं हैं। जिससे आवेदन होने में समस्याएं आ रही हैं। फिलहाल, आवेदन तिथि विस्तार सहित अन्य बिन्दुओं पर विचार किया जा रहा है।

परीक्षा फार्म आवेदन की मांग को लेकर कुलपति आलोक कुमार राय को मांग पत्र देते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

आंकड़ा पहुंचा 700 के पार

लखनऊ विवि व उससे संबद्ध महाविद्यालयों में आवेदन फॉर्म न भरने वाले छात्रों की संख्या 700 पार हो चुकी है। हालाकि, ये दावे छात्र संगठन द्वारा किए जा रहे हैं। विवि प्रशासन की ओर से कोई विधिवत पुष्टि नहीं हुई है। विवि समस्या के निस्तारण को लेकर विभागीय पत्राचार कर रहा है। उधर, परीक्षा नियंत्रक ने इससे जुड़े बिन्दुओं को लेकर शुक्रवार को एक बैठक भी की। जिसमे संकायाध्यक्ष सहित अन्य शामिल हुए।

परीक्षाओं में नहीं होगी निगेटिव मार्किंग

अमृत विचार : लखनऊ विवि इस बार परीक्षाओं में थोड़ा बदलाव करने जा रहा है। सत्र 2024-2025 के दाखिले को लेकर होने वाली स्नातक प्रवेश परीक्षाएं एमसीक्यू (मल्टीपल च्वाइस क्वैश्चन) के आधार पर होगी। बीए, बीएससी, बीबीए, एलएलबी सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों से जुड़ी परीक्षा में निगेटिव मार्किंग नहीं की जाएगी। 100 नंबरों पर आधारित प्रश्नपत्रों की परीक्षाओं के लिए आवेदन की तिथि 31 मई निर्धारित की गई है। वहीं प्रवेश परीक्षाएं 15 से 25 जून तक होना प्रस्तावित है। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर बताते हैं कि परीक्षा में हिंदी, अंग्रेजी, भूगोल, अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान सहित अन्य विषयों से प्रश्न पत्र पूछे जाएंगे। वेब साइड पर पेपर पैटर्न का ब्योरा दिया गया है।

समस्या का हो समाधान, वरना भविष्य पर संकट

अमृत विचार : एनएसयूआई की विवि इकाई ने परीक्षा फॉर्म आवेदन को लेकर लखनऊ विवि परिसर में धरना देते हुए प्रदर्शन किया। ऐसे में काफी संख्या में छात्र भी एकजुट हुए। छात्र संजय, सुयश, यश, हर्षित कहते हैं कि परीक्षा आवेदन फॉर्म न भर पाने वाले छात्रों की संख्या कई सैकड़ा है। यदि फॉर्म न भरा गया तो छात्रों के भविष्य पर असर पड़ेगा। आशीष, निर्देश, आदित्य और तेजस्वी का मानना है कि विवि द्वारा एबीसी प्रक्रिया को लाकर व्यवस्थाओं को और जटिल कर दिया गया है। अभिषेक, जयदेवी, कोमल, विजय, अनुराधा, मधुसूदन सहित अन्य छात्र बताते हैं कि उनके भी सामने समस्या आ गई है। ऐसे में वे लोग परीक्षा नियंत्रक और रजिस्ट्रार से मिले हैं। उम्मीद है कि समस्या का हल निकलेगा।

लविवि और पुनर्वास में 37 छात्रों का प्लेसमेंट

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ और भाषा विश्वविद्यालयों में छात्रों के लिए रोजगार को लेकर कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। छात्रों और कंपनी के अधिकारियों द्वारा एक दूसरे साथ जानकारियां भी साझा की गईं। लखनऊ विश्वविद्यालय में सेंट्रल प्लेसमेंट सेल द्वारा 27 छात्रों का चयन किया गया। सेंट्रल प्लेसमेंट सेल की निदेशक प्रो. मधुरिमा लाल का कहना है कि 27 छात्रों को चयन सूची में शामिल किया गया है। प्लेसमेंट सेल हर ड्राइव के पहले अभ्यर्थियों की काउन्सलिंग करते हुए तैयार करने का कार्य भी करती रही है। इसी तरह डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में नौ छात्रों को चयनित किया गया। निदेशक विराग दीक्षित बताते हैं कि चयनित नौ छात्रों में एबीए की शिवानी अग्रवाल, समर प्रताप सिंह, साक्षी मिश्रा, रिंकू कुमारी, आकांशा सिंह, बीटेक के आकाश मिश्रा, आदित्य शुक्ला, खुशहाल चौहान और रिशु पाण्डेय शामिल हैं।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **13.05.2024** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जायेंगे यदि कोई मैन्युअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा। निविदाकर्ता निविदा फॉर्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड व क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जाएगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, डिपॉजिट रसीद एफ.डी.आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

निविदा सूचना सं.	03102024 दिनाक 18.04.2024	
निविदा संख्या	1. 07-Sr-DEN-VI-LKO-2024-25 2. 08-Sr-DEN-VI-LKO-2024-25	
कार्य का नाम	1. सहायक मण्डल इंजीनियर-प्रयाग के अंतर्गत महाकुम्भ-2025 के दौरान अतिक्रमण को रोकने के लिए पीआरजी-पीवाईजीएस स्टेशनों के बीच सुरक्षा बाड़/सीमा दीवार के प्रावधन का कार्य। 2. सहायक मण्डल इंजीनियर-प्रयाग के अंतर्गत प्रयाग स्टेशन और विभिन्न कॉलोनियों (रेस्ट हाउस कॉलोनी, बीस क्वार्टर कॉलोनी, माल गोदाम कॉलोनी, स्टेशन कॉलोनी, आदि) एवं वे साइड स्टेशन कॉलोनियों (THW, SYC, PLP, URPR, BYHA, ARP, RMC, LGO, SWE etc.) में पुरानी/क्षतिग्रस्त पाइपलाइनों और फिटिंग के बदले में जल आपूर्ति प्रणाली का प्रतिस्थान का कार्य।	
अनुमानित लागत	1. ₹2,32,04,670.98	2. ₹3,89,71,299.19
धरोहर राशि	1. ₹2,66,000/-	2. ₹3,44,900/-
कार्य समापन की अवधि	1 एवं 2 के लिए: स्वीकृत पत्र की तिथि से 06 माह	
निविदा डालने का प्रारंभ	29.04.2024	वेबसाइट www.ireps.gov.in
निविदा बंद होने की तिथि एवं समय	13.05.2024 को 15:00 बजे	

नोट: निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। 1168/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

निपुण लक्ष्य पूरा करने में शिक्षक प्रशिक्षण कैलेंडर होगा सहायक

नए शैक्षिक सत्र से अब शिक्षकों को मिलेंगे साल में 10 ही प्रशिक्षण, बच्चों को पढ़ाने में देना होगा अधिक समय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों में तैनात शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण मिलेगा। साथ ही अब अधिक समय शिक्षक विद्यालयों में पढ़ा सकेंगे। इसके लिए शिक्षक प्रशिक्षण कैलेंडर जारी कर दिया गया है। शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा की ओर से हुई इस पहल के बाद अब शिक्षक प्रत्येक वर्ष में सिर्फ 10 ही प्रशिक्षण में सम्मलित हो सकेंगे। इसके लिए सभी बीएसए और डायट प्राचार्यों को आदेश हो गए हैं।

विभाग के मुताबिक, शैक्षिक गतिविधियों के सफल संचालन के लिए शिक्षकों के बहुआयामी सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण की आवश्यकता है इस वर्ष 2024-25 में आयोजित किये जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों का वार्षिक कैलेंडर तैयार किया गया है, इस कैलेंडर के लागू होने के बाद अब शिक्षकों को दिये जाने वाले प्रशिक्षण महानिदेशक की नई गाइडलाइन के अनुसार देना होगा।

▸▸ निधारित समय से पहले ही पूरा होगा लक्ष्य

एडीबेसिक करेंगे तीन ब्लॉकों का निरीक्षण : मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) की ओर से मंडल के प्रत्येक जनपद के कम से कम तीन विकास खंडों का निरीक्षण करना होगा। प्राचार्य, डायट एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की ओर से जिले के सभी विकासखंडों में संचालित शिक्षक प्रशिक्षण का निरीक्षण करना होगा। राज्य परियोजना कार्यालय की ओर से दिशा-निर्देश के क्रम में यदि प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षक अनुपस्थित मिलते है तो बीईओ की जिम्मेदारी होगी।

ये होंगे फायदे

- ▸▸ अब एक ही शिक्षक बार-बार प्रशिक्षण के लिए नहीं आयेगा।
- ▸▸ प्रशिक्षण पाने वाले शिक्षकों की संख्या बढ़ेगी।
- ▸▸ 10 प्रशिक्षण निर्धारित होने से शिक्षकों पर बोझ कम होगा।
- ▸▸ शिक्षक समय तक विद्यालय में रुक सकेगा।
- ▸▸ शिक्षण कार्य के दौरान अन्य गतिविधि नहीं होगी।

▸▸ एक बैच में 50 शिक्षक होंगे शामिल

प्रशिक्षण में एआरपी व सभी डायट मेंटर्स व नामित संदर्भदाता की ओर से प्रतिभाग किया जायेगा। प्रशिक्षण के प्रभावी संचालन के लिए प्राचार्य, डायट की ओर से भौतिक संसाधनों की कमी को दूर करना होगा। एक बैच में शिक्षकों की संख्या 50 रहेगी।

▸▸ बार-बार एक ही शिक्षक नहीं बुला सकते

नए कैलेंडर के मुताबिक, एक वर्ष में एक शिक्षक को अधिकतम 10 दिन का प्रशिक्षण दिया जायेगा, साथ ही यह सुनिश्चित किया जायेगा कि बार-बार एक ही शिक्षक को प्रशिक्षण में नहीं बुलाया जाए। इसके साथ ही जो शिक्षक संबंधित विषय में जानकारी रखते होंगे उन्हें ही उस विषय के प्रशिक्षण में प्रतिभाग किए जाने की अनुमति दी जायेगी।

▸▸ प्रधानाध्यापक की जिम्मेदारी

विकास खंड व जिला स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण के अनुसार, शैक्षिक तकनीको एवं गतिविधियों को कक्षा शिक्षण में लागू कराये जाने का उत्तरदायित्व प्रधानाध्यापक का होगा। प्रशिक्षण की ट्रैकिंग प्रेरणा पोर्टल के माध्यम से की जायेगी, यदि प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक की ओर से छात्रों की गुणवत्ता का स्तर संतोषजनक नहीं है तो उक्त शिक्षक की जिम्मेदारी निर्धारित की जायेगी।

शिक्षण कार्य के बाद ही की जा सकेंगी ऑनलाइन गतिविधियां : ऑनलाइन शैक्षिक प्रशिक्षण एवं प्रशासनिक गतिविधियां विद्यालय के शिक्षण के बाद ही की जा सकेंगी। अकादमिक पाठ्यक्रम के अतिरिक्त शिक्षणेत्तर गतिविधियां यथा रैली, अलग-अलग प्रतियोगिताएं, खेल-कूद, विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगी परीक्षाएं सप्ताह के अंतिम दिन शनिवार को ही होंगी। इसके साथ ही प्रशिक्षण का वीडियो बनाकर भी देना होगा।

ईआरपी लागू करने पर मंथन

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में शनिवार से दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन होने जा रहा है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल शामिल होंगी। कार्यक्रम के दौरान राज्य विश्वविद्यालय के सभी कुलपति भी कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे।

दो दिवसीय कार्यशाला में एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग (ईआरपी) को विश्वविद्यालय में किस तरह लागू किया जाए, जिससे छात्रों को अधिक से अधिक लाभ हो सके। इसी को लेकर विषयों से जुड़े हर बिन्दुओं पर मंथन किया जाएगा। कुलपति प्रोफेसर जेपी पांडे ने बताया कि इन्नोवेशन हब की ओर से कार्यक्रम के दौरान 15 स्टार्टअप को प्रदर्शनी का भी अवसर दिया गया है। अलग-अलग क्षेत्र के स्टार्टअप कुलपतियों से संवाद भी करेंगे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

मैं **अशोक कुमार पुत्र रमाशंकर राम, निवासी- 148 कमला नेहरू नगर, कमता चिनहट, लखनऊ,** मैंने भविष्य के सभी उद्देश्यों हेतु अपनी अवयस्क पुत्री का नाम AISHANEE KUMAR से बदल कर AISHANEE SINGH कर दिया है।

सूचना

सूचित हो कि सर्विस बुक में मेरा नाम नाले शरद महादेव पुत्र महादेव गंगाराम नाले है। लेकिन आधार कार्ड में मेरा नाम शरद महादेव नाले पुत्र महादेव गंगाराम नाले दर्ज है। ऐसे में मुझे शरद महादेव नाले के नाम से जाना और पहचाना जाए। **-शरद महादेव नाले पुत्र महादेव गंगाराम नाले, निवासी- श्री रेसिंडेंसी, अपना बाजार सेजारी, लक्ष्मी नगर फलटन, सतारा महाराष्ट्र।**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम सलमानी दिलशाद अहमद अनवर हुसेन से बदलकर सलमानी दिलशाद अहमद रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। सलमानी दिलशाद अहमद पुत्र अनवर हुसेन ग्राम सेमरियाव, पोस्ट उदयराजगंज, थाना चिल्हिया, जिला सिद्धार्थनगर

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम इन्द्रेश से बदल कर इन्द्रेश रामबक्स मल्लाह रख लिया है। भविष्य में सभी रिकॉर्ड में मुझे इस नाम से जाना व पहचाना जाए। इन्द्रेश रामबक्स मल्लाह पुत्र रामबक्स, ग्राम व पोस्ट ब्रह्मसारी, थाना बेलघाट, तहसील खजनी, जिला गोरखपुर, पिन 273213

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम चन्द्रशेखर से बदलकर चन्द्रशेखर सिंह रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। चन्द्रशेखर सिंह पुत्र परशुराम सिंह निवासी बांसगांव, जिला गोरखपुर

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम फकरुद्दीन से बदलकर फकरुद्दीन अंसारी रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। फकरुद्दीन अंसारी पुत्र जमालुद्दीन ग्राम जंगल जगदीशपुर, पोस्ट सरपतही खुर्द, थाना पडरौना, जिला कुशीनगर

सूचना

सूचित हो कि पहले मेरा पुराना नाम AAFREEN था। अब बदल कर AAFREEN ANSARI D/O SHAHZAD ALI हो गया है। भविष्य में मुझे IAFREEN ANSARI D/O SHAHZAD ALI नाम से जाना व पहचाना जायेगा। ADD- 219/52, PATA NALA, NEAR JEEVAN ZARDA FACTORY, CHOWK, LUCKNOW 226003

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम अहमद रजा कदीर हुसैन था, अब मैंने अपना नाम बदलकर अहमद रजा कर लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाऐ। प्रार्थी - अहमद रजा पुत्र कदीर हुसैन निवासी-मकान न0 463/79 बड़ाबाग, जहरा कालोनी, मुफ्तीगंज, हुसैनाबाद लखनऊ पिन 226003

सार-संक्षेप

कृषि क्षेत्र में सुधार और बदलाव की आवश्यकता

अमृत विचार, लखनऊ : बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चर एक्सटेंशन मैनेजमेंट (मैनेज) एवं डिपार्टमेंट ऑफ हॉर्टिकल्चर, बीबीएयू के संयुक्त तत्वाधान में कृषि स्टार्टअप हितधारक कनेक्ट - सहयोग एवं साझेदारी को बढ़ावा देना विषय पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर आईसीएआर - सेंट्रल इंस्टीट्यूट फॉर सबट्रॉपिकल हॉर्टिकल्चर के डायरेक्टर मौजूद रहे। आईसीएआर - सेंट्रल इंस्टीट्यूट फॉर सबट्रॉपिकल हॉर्टिकल्चर के डायरेक्टर डॉ. दामोदरन तुकाराम ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि के क्षेत्र में सुधार एवं बदलाव के लिए नये प्रयासों की आवश्यकता है। छात्र केंद्रित गतिविधियों द्वारा एवं कृषि और किसान कल्याण के क्षेत्र में कार्य करके जमीनी स्तर पर किसानों के स्तर को सुधारा जा सकता है। उप्र काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चर रिसर्च के डायरेक्टर जनरल डॉ. संजय सिंह ने कहा कि आज के समय में कृषि में भी सतत विकास की आवश्यकता है। इसीलिए नये - नये सुझावों पर कार्य करते रहना चाहिए। डीन ऑफ एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एस विक्टर बाबू ने उत्पाद एवं उपयोगकर्ता से जुड़े दीर्घकालिक प्रभाव पर बल दिया। इस अवसर पर प्रो. दीपा एच द्विवेदी और आईआईआईटी लखनऊ की डॉ. मधुलिका उपस्थित रहीं।

साइबर अटैक रोकने का खाका तैयार करेंगे एकेटीयू के छात्र

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय को इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा 65 लाख रुपये अनुदान की स्वीकृति मिली है। प्रोजेक्ट में एसोसिएट डीन इनोवेशन एंड सोशल एंटरप्रेन्योरशिप डॉ. अनुज कुमार शर्मा मुख्य अन्वेषक हैं और एसोसिएट डीन छात्र कल्याण एकेटीयू प्रोजेक्ट के डॉ. उपेन्द्र कुमार सह-अन्वेषक के रूप में सम्मलित किए गए हैं। इफार्मेशन सिक्योरिटी एंड अवेयरनेस प्रोजेक्ट फेस को मंजूरी दे दी गई है। इसमें अत्यधिक कुशल और प्रमाणित साइबर सुरक्षा पेशेवर-सीआईएसओ उत्पन्न करना, साइबर सुरक्षा में उत्पादों और समाधान विकास के लिए छात्रों को तैयार करना, सूचना में अनुसंधान और शिक्षा को मजबूत करना, साइबर जागरूक डिजिटल नागरिक (जन जागरूकता) तैयार करना शामिल है। दस विषयगत क्षेत्रों में समूहीकृत लीड और सह-लीड के रूप में मंजूरी दे दी गई है।

निपुण लक्ष्य एप के लिए तैयार हुए प्रश्न

अमृत विचार, लखनऊ : शैक्षिक सत्र 2024-25 के क्रम में कक्षा एक से तीन तक के बच्चों के लिए नये प्रश्नों को तैयार कर लिया गया है। ये प्रश्न अब निपुण भारत ऐप पर अपलोड किए जायेंगे। शुक्रवार को निशातगंज स्थित डायट पर पहुंचे सभी एआरपी ने प्रश्नों को तैयार करने में अहम भूमिका निभाई। भाषा, गणित एवं विज्ञान के के एआरपी इस कार्य में शामिल हुए। प्रत्येक एआरपी को प्रति दक्षता के अनुसार 100 प्रश्नों को तैयार किया गया। अब इन प्रश्नों को ऐप पर अपलोड किया जायेगा। बता दें कि इस संबंध में शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा की ओर से पूर्व में आदेश जारी किए गये थे। जिसके बाद इस प्रक्रिया को पूरा किया गया।

गुरु तेग बहादुर के प्रकाश पर्व पर होगा नगर कीर्तन

अमृत विचार, लखनऊ : सिखों के नौवें गुरु तेग बहादुर के प्रकाश पर्व को समर्पित विशाल नगर कीर्तन 21 अप्रैल को सुबह आर्य नगर गुरुद्वारा से निकलेगा। इस दौरान गतका दल अपने जौहर दिखाएगा। वहीं कई स्कूल के बच्चों के बैंड भी शामिल होंगे। गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर के सचिव मनमोहन सिंह हैप्पी ने बताया कि नगर कीर्तन में लखनऊ की सभी सिख संस्थाएं व गुरुद्वारा साहिब शामिल होंगे। नगर कीर्तन में पांच प्यारों की अगुवाई में फूलों से सजी पालकी साहिब में गुरुग्रंथ साहब को शोभायमान किया जायेगा। नगर कीर्तन में विशेष रूप से गुरुद्वारा बाबा बुडा साहिब जी द्वारा मिस्सी रोटी व प्याज का प्रसाद वितरित किया जाएगा। बाबा दीप सिंह जी फाउंडेशन के द्वारा नगर कीर्तन पर फूलों की वर्षा की जाएगी।

21 को मनेगा महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव

अमृत विचार, लखनऊ : चौक में चूड़ी वाली गली स्थित नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में शुक्रवार को स्वामी सुमितनाथ का जन्म ज्ञान मोक्ष कल्याण, निर्वाण लाडू समर्पित करके धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे। मंदिर में महिला मंडल द्वारा दीपों को समर्पित कर विश्व शांति के लिए महावीरा अष्टक स्तोत्र का पाठ किया गया। जैन धर्म प्रवर्धनी सभा लखनऊ के कार्यवाहक महामंत्री दिलीप चंद जैन ने बताया कि 21 अप्रैल को महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया जायेगा। इसमें सुबह प्रभात फेरी, पनडुड्डशीला पर अभिषेक पूजा-अर्चना करके मनाया जाएगा।

180 छात्राओं ने किया राज्य संग्रहालय का शैक्षिक भ्रमण

अमृत विचार, लखनऊ : विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर विज्ञान फाउंडेशन ने लखनऊ शहर की 180 किशोरियों को राज्य संग्रहालय का शैक्षिक भ्रमण कराया। 18 व 19 अप्रैल को विज्ञान फाउंडेशन और अजीम प्रेमजी फेलिंथ्रोपिक इनिशिएटिव के संयुक्त तत्वाधान में गिविंग विंग्स टू ड्रीमर्स कार्यक्रम के तहत राज्य संग्रहालय एवं लोक कला संग्रहालय के शैक्षिक भ्रमण का कार्यक्रम तैयार किया गया।

इस भ्रमण में कार्यक्रम से जुड़ी तेजस्विनी समूह की 180 किशोरियां शामिल हुईं। इस शैक्षिक भ्रमण का उद्देश्य किशोरियों को एतिहासिक धरोहर से जुड़ी विभिन्न कला, संस्कृति और ऐतिहासिक विषयों के बारे में बताया जाए। भ्रमण के दौरान डॉ. अनीता चौरसिया, धर्मेंद्र शिवानी, मीना और सरिता कजी मौजूदगी उल्लेखनीय रही।

कार्यक्रम में शामिल विशेषज्ञ और छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

आईटीसी ब्रांडों के साथ छात्रों का संवाद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ अकादमिक और उद्योग क्षेत्र में विकल्पों पर चर्चा

अमृत विचार : अकादमिक और उद्योग क्षेत्र में बेहतर विकल्प के लिए छात्रों के साथ प्रमुख कंपनियों के जिम्मेदारों ने एक बैठक की। लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित हुए कार्यक्रम में 100 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग करते हुए तमाम से सवाल भी किए।

सत्र की शुरुआत आईटीसी और उसके ब्रांडों से जुड़ी जानकारी के साथ हुई। इसके बाद प्रश्नोत्तरी हुई, जिसमें आईटीसी ब्रांडों, वेरिएंट और टैगलाइन पर छात्रों का परीक्षण किया गया। वाधवानी और वांचू ने आईटीसी की भौतिक उपस्थिति और महत्व पर जोर दिया। छात्रों के लिए आवश्यक कौशल पर भी प्रकाश डाला गया, जिसमें वांचू ने कॉर्पोरेट वातावरण में अनुकूलनशीलता, प्रभावी संचार और समस्या-समाधान कौशल के महत्व पर जोर दिया। सत्र के दौरान छात्रों द्वारा इंटर्नशिप प्रोफाइल और कंपनी से जुडे.प्रश्न पूछे गए। इस अवसर पर डॉ. अनु कोहली, डॉ. वेद श्रीवास्तव, डॉ. अंकिता श्रीवास्तव, बड़ी संख्या में छात्र और आईटीसी टीम मौजूद रही।

भातखंडे सिखाएगा संगीत, वादन व नृत्य

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : संगीत व कला के प्रति अभिरुचि विकसित किए जाने के मकसद से भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में ग्रीष्मकालीन अभिरुचि कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। आगामी 15 मई से 22 जून तक शास्त्रीय गायन, सुगम संगीत, लोकगीत, तबला, पखावज, ढोलक, सितार, वायलिन, गिटार (वेस्टर्न), बांसुरी, हारमोनियम, कीबोर्ड, कथक, भरतनाट्यम, मणिपुरी, ओडिसी और लोकनृत्यों के साथ पेंटिंग व क्ले माडलिंग की कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा।

विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह और कुलसचिव डॉ. सृष्टि धवन ने इस संबंध में पत्रकारों को बताया कि यह कार्यशाला 15 मई से 22 जून तक रोजाना सुबह 9 बजे से 10 बजे तक और 10 बजे से 11 बजे तक चलेगी। आवेदन पत्र पहली मई से 15 मई तक ऑनलाइन या ऑफलाइन पूर्वाह्न 11 बजे से शाम 4 बजे तक जमा किए जा सकेंगे। इसके लिए न्यूनतम आयु सीमा पांच वर्ष रखी गई है। अधिकतम उम्र की कोई सीमा नहीं है।

मणिपुरी नृत्य भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में पहले सिखाया जाता था। उसकी फैकल्टी अभी भी है लेकिन न कोई सिखाने वाला है न सीखने वाला है। ओडिसी नृत्य यहां नहीं सिखाया जाता लेकिन कार्यशाला में इसे सिखाने की व्यवस्था की गई है।

उन्होंने बताया कि कार्यशाला के लिए आवेदन शुल्क 100 रुपये जमा करने होंगे जबकि प्रशिक्षण शुल्क के रूप में 2500 रुपये जमा कराने होंगे।

कैसरबाग क्षेत्र स्थित भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में कार्यशाला को लेकर प्रेसवार्ता में जानकारी देतीं कुलपति प्रो. मांडवी सिंह, श्रेष्ठी धवन। अमृत विचार

▸▸ 15 मई से 22 जून तक कार्यशाला का किया जाएगा आयोजन

एआई के सहारे देश को आगे बढ़ाएं

अमृत विचार, लखनऊ : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग संकाय द्वारा इंटरनेशनल कॉफ्रेंस का आयोजन किया गया। बायोवर्स टेक्नोलॉजीस प्राइवेट लिमिटेड और भाषा विवि के संयुक्त तत्वावधान में क्वॉलिटी कन्फ्लूएंस ऑफ बायोटेक, बीफार्मा, इंजीनियरिंग एंड एआई सॉल्यूशंस को भी शामिल किया गया। इंटरनेशनल कॉफ्रेंस को संबोधित करते हुए एकेटीयू के कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने कहा है कि आज का दौर एआई का है। देश को एआई के साथ मिलकर हम और आगे ले जा सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एनबी सिंह ने एआई की महत्ता को समझाते हुए अपनाने की सलाह दी। इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस के समन्वयक प्रो. सैयद हैदर अली रहे। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र का संचालन डॉ. दोआ नकवी ने किया। कार्यक्रम में विवि के तमाम शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।

नियम और शर्तें
★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया निःशुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।

मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।

साईंधाम ट्रस्ट में निःशुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848

एक नजर

नरसिम्हा मंदिर में मना उत्सव

अमृत विचार, लखनऊ : नए उत्तरा अहोबिलम नव नरसिम्हा मंदिर में उत्सव मनाया गया। उत्सव भव्य महासंप्रोक्षणम की शुरुआत का प्रतीक है। पारंपरिक प्रतिष्ठा संकल्पम, अंकुर होमम और अंकुरपरणम समारोह, त्योहार की शुभ शुरुआत के प्रतीक मंदिर परिसर के केंद्र में सम्पन्न हुआ। नैमिषारण्यम अजघगिया सिंगार चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंध ट्रस्टी एस सरनाथन स्वामी और कई अन्य वैदिक विद्वानों द्वारा उनका पारंपरिक पूर्णकुंभम के साथ स्वागत किया गया।

महावीर स्वामी की जयंती मनाएगी प्रवर्द्धनी सभा

अमृत विचार, लखनऊ। महावीर स्वामी की जयंती भक्तिभाव के साथ 21 अप्रैल को मनायी जाएगी। जैन धर्म प्रवर्द्धनी सभा के अध्यक्ष विनय जैन ने बताया कि जयंती के दिन सुबह 5 .30 बजे यहियागंज, गोमती नगर, डालीगंज, चौक, सआदतगंज, इन्दिरानगर सहित अन्य क्षेत्रों में प्रभात फेरी निकली जाएगी। चारबाग जैन मन्दिर से सुबह शोभा यात्रा निकलेगी। डालीगंज स्थित महावीर पार्क में शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। शनिवार को आशियाना जैन मंदिर में जैन महिला मंडल द्वारा सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जायेगा।

दुकान में आग लगने से कई गाड़ियां जली

अमृत विचार, लखनऊ : ठाकुरगंज थाना अंतर्गत फरीदीपुर में कबाड़ी की दुकान में आग लग गई। जिसकी जद में आने से कई गाड़ियां जलकर राख हो गई। प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय के मुताबिक, फरीदीपुर के सरकारी स्कूल के पास रहीश की कबाड़ी की दुकान है। जो बंद पड़ी थी जिसमे अचानक आग लग गई। वहां मौजूद लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। फिलहाल इस अग्निकांड के मामले में किसी भी प्रकार की कोई जानि हानि नहीं है। वहीं सूत्रों की माने तो रहीश के द्वारा कबाड़ी की दुकान के अंड में गैर तरीके से बनी बाउंड्री वॉल के अंदर अवैध तरीके से दोपहिया वाहनों को काटने का भी काम किया जाता है।

विद्युत सुरक्षा प्रमाणपत्र के बिना चल रहे बरातघर, अस्पताल और कोचिंग सेंटर

दुर्घटनाओं के बाद दमकल विभाग के सर्वे में सामने आई खामी, अगले सप्ताह से फिर होगा सर्वे

हजरतगंज क्षेत्र में नियमों को दरकिनार कर खोले गए कोचिंग सेंटर। अमृत विचार

नाजा मार्केट की सकरी गलियों में चल रहे कोचिंग सेंटर। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ एनओसी बिना संस्था संचालन की अनुमति देने वाले विभागों को नोटिस देंगे सीएफओ

अमृत विचार : राजधानी में आए दिन अग्निकांड की घटनाएं सामने आती हैं। इसमें कई जगह आग तारों में स्पार्किंग या शार्ट सर्किट के कारण लगी। अग्निशमन विभाग के सर्वे में सामने आया है कि बहुत व्यवसायिक व सार्वजनिक भवनों व संस्थाओं के पास विद्युत सुरक्षा प्रमाणपत्र ही नहीं है। ज्यादातर संस्थाओं को अग्निशमन विभाग की एनओसी के बिना ही स्वास्थ्य, शिक्षा समेत अन्य विभागों ने अनुमति प्रदान कर दी है। अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह के बाद सर्वे कराकर संस्थाओं के साथ बिना एनओसी संस्था व भवन संचालन की अनुमति देने वाले विभागों को भी नोटिस जारी किए जाएंगे।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) मंगेश कुमार ने बताया कि शहर में आए दिन कहीं न कहीं आग लगने की घटना हो रही है। आग लगने की 80 प्रतिशत घटनाएं बिजली के तारों में स्पार्किंग और शार्ट सर्किट से होती हैं। ये भी सामने आया है कि बहुत सी व्यवसायिक संस्थाओं के पास विद्युत सुरक्षा प्रमाण पत्र नहीं हैं। आग लगने पर बचाव के जरूरी संसाधन और सुविधाएं भी नहीं हैं। सीएफओ ने कहा कि किसी भी व्यवसायिक और बहुमंजिला भवन में अग्निशमन विभाग की एनओसी के बाद ही अस्पताल, स्कूल, कोचिंग सेंटर, मॉल, कार्यालय आदि संचालित करने की अनुमति मिलनी चाहिए। किंतु अग्निशमन विभाग की एनओसी के बिना ही अन्य विभाग अनुमति जारी कर देते हैं।

व्यवसायिक और सार्वजनिक उपयोग वाले भवनों, परिसरों का अग्निशमन सप्ताह के बाद एफएसओ की अगुवाई में टीमें लगाकर सर्वे और सत्यापन कराया जाएगा। अग्निशमन के मानक पूरे न करने व विभाग की एनओसी न लेने वाली संस्थाओं पर कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा अग्निशमन विभाग की एनओसी के बिना संस्था के संचालन की अनुमति देने वाले विभागों को भी नोटिस जारी किए जाएंगे।

पंजीकृत 727 अस्पताल, 168 के पास अग्नि सुरक्षा प्रमाणपत्र: सीएफओ मंगेश कुमार ने बताया कि सीएमओ कार्यालय में जिले में 727 अस्पतालों का पंजीकरण है। इसमें केवल 373 अस्पतालों ने ही अग्नि सुरक्षा प्रमाणपत्र लेने के लिए आवेदन किया था। मानक पूरे न होने पर 205 अस्पतालों के आवेदन निरस्त कर दिए गए थे। केवल 168 अस्पतालों को अग्नि सुरक्षा प्रमाणपत्र दिया गया है। 559 अस्पताल बिना अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्र लिए चलाए जा रहे हैं। लगभग 82 के खिलाफ सीआरपीसी 133 के तहत कार्यवाही की जा चुकी है, जिसमें कई केसों का निस्तारण भी हो चुका है।

संकरी गलियों में चल रहे कोचिंग सेंटर: हजरतगंज, निशातगंज, हुसैनगंज क्षेत्र में ज्यादातर कोचिंग सेंटर, बरात घर और होटल संकरी गलियों में बने हैं। आग लगने पर इन भवनों तक दमकल की गाड़ी पहुंचना मुश्किल हो जाएगा।

इस साल कब, कहां लगी आग

दिनांक	थाना	घटना	कारण
06 मार्च	काकोरी	सिलेंडर ब्लास्ट	शार्ट सर्किट
08 मार्च	कैंट	अभियंता के घर आग	शार्ट सर्किट
30 मार्च	आशियाना	सैलून में आग	शार्ट सर्किट
09 अप्रैल	हजरतगंज	खनिज विभाग में आग	शार्ट सर्किट
08 अप्रैल	गोमतीनगर विस्तार	अपार्टमेंट में आग	शार्ट सर्किट
18 अप्रैल	ठाकुरगंज	अपार्टमेंट के थर्ड फ्लोर	शार्ट सर्किट

इन विभागों से जारी होता है प्रमाण पत्र

मुख्यशमन अधिकारी ने बताया कि शैक्षिक संस्थान, छोटे-बड़े कोचिंग सेंटर का पंजीकरण डीआईओ कार्यालय से होता है। जबकि एलडीए (लखनऊ विकास प्राधिकरण) की तरफ से होटल और बारात घर खोलने की अनुमति दी जाती है। अग्निशन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि शहर के कई क्षेत्रों में ऐसे शैक्षिक संस्थान और बारात घर हैं। जिनका बिना फायर एनओसी के पंजीकरण कर दिया गया है। संस्था को संचालित करने की अनुमति मिलने के बाद भी संचालकों ने फायर एनओसी के लिए आवेदन नहीं किया है। सीएफओ ने कहाकि पिछले दिनों डीआईओ कार्यालय और एलडीए को पत्र भेजा जा चुका है। लेकिन जवाब नहीं आया।

कार सवार की चेन, मजदूर का मोबाइल लूटा

अमृत विचार, लखनऊ : गोमतीनगर थाना क्षेत्र में कार सवार की चेन और मजदूर का मोबाइल फोन लूट लिया गया। पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस लूट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों शुरू कर दी है। गोमतीनगर थाना क्षेत्र के विद्याखंड निवासी सौरभ शंकर श्रीवास्तव गुरुवार को कार से पेपरमिल कॉलोनी गए थे। देर शाम निजी एल्डिको ग्रीन के पीछे वाली रोड से घर लौट रहे थे। रास्ते में इनोवा और हौंडा कार सड़क पर खड़ी कर दोनों चालक बात कर रहे थे। सौरभ ने कार रोकी और दोनों चालकों से वाहन किनारे करने के लिए कहा। इससे नाराज इनोवा चालक ने सौरभ की कार में टक्कर मार दी। इसके बाद कार बगल में लगाकर सौरभ के गले से चेन लूटकर भाग गए। शोर मचाने पर आसपास मौजूद लोगों ने हांडा कार के चालक को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम अवधेश यादव और चेन लूटने वाले इनोवा कार के चालक का नाम राम, निवासी सिधौली जिला सीतापुर बताया।गोमतीनगर स्टेशन के पास एक बाइक पर सवार दो बदमाशों ने मजदूर अतुल कुमार का मोबाइल फोन लूट लिया। लखीमपुर निवासी अतुल कुमार हुसड़िया चौराहा के पास झोपड़ी में रहता है। गुरुवार शाम को वह मजदूरी करके लौट रहा था, तभी बदमाशों ने लूटपाट की। पीड़ितों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

केजीएमयू के शिक्षक गुणवत्ता युक्त इलाज व शोध को दें बढ़ावा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ केजीएमयू की इमरजेंसी सेवाओं का प्रस्तुतिकरण देखने पहुंचे प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन

अमृत विचार: इमरजेंसी में मरीज को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए चिकित्सकीय व्यवस्था अत्याधुनिक तकनीक से युक्त होनी चाहिये। इसके लिए केजीएमयू के शिक्षक व चिकित्सकों को विभिन्न विभागों की इमरजेंसी के लिए अलग-अलग योजनाएं बनाने के साथ शोध कार्य पर ध्यान देना चाहिये। ये बात प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने केजीएमयू के चिकित्सकों से कही।

प्रमुख सचिव ने शुक्रवार को केजीएमयू के ट्रामा सेंटर, क्वीन मैरी और लॉरी कॉर्डियोलॉजी की इमरजेंसी सेवाओं का प्रस्तुतिकरण देखने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों से कहा कि केजीएमयू विश्वविद्यालय है। यहां मरीजों को इलाज देने के साथ शोध के क्रम को बनाए रखना चाहिये। मरीजों को गुणवत्ता युक्त इलाज उपलब्ध कराने के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन भेजें। मरीजों के हित में प्रस्तावों पर अमल किया जा सके।

क्वीन मैरी में एक बिस्तर पर दो-दो महिला मरीजों होने पर चिंता जताई। विभागाध्यक्ष प्रो.एसपी जैसवार द्वारा रेफरल प्रोटोकाल सिस्टम लागू करने पर सहमति जताते हुए, जिलों के मेडिकल कॉलेज व महिला अस्पतालों के लिए प्रोटोकॉल लागू करने का आश्वासन दिया। उन्होंने लॉरी कॉर्डियोलॉजी की इमरजेंसी में अधिक से अधिक मरीज को तत्काल इलाज उपलब्ध कराने पर जोर दिया। केजीएमयू सीएमएस डॉ.बीके ओझा, ट्रामा सेंटर सीएमएस डॉ.संदीप तिवारी, इमरजेंसी मेडिसिन विभागाध्यक्ष प्रो.हैदर अब्बास और क्रिटिकल केयर मेडिसिन के डॉ.अविनाश अग्रवाल समेत अन्य विभागों के शिक्षक मौजूद रहे।

संशोधित हुई पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

खबर का असर

▸▸ मौत से एक माह पहले पोस्टमॉर्टम करने का मामला

▸▸ गलती के चलते फंस गया था बीमा क्लेम

अमृत विचार : पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मरने के एक माह पहले की तारीख डालने के मामले में सीएमओ ऑफिस की तरफ से रिपोर्ट को संशोधित करा दिया गया है। जिम्मेदारों की गलती के चलते मृतक का बीमा क्लेम फंस गया था। सीएमओ और केजीएमयू प्रशासन एक दूसरे को जिम्मेदार बता कर अपना पल्ला झाड़ लिया था। परिजनों की शिकायत पर अमृत विचार ने मामले को खबर के मध्यम से प्रमुखता से उठाया था। खबर प्रकाशित होने के बाद सीएमओ कार्यालय की ओर रिपोर्ट संशोधित कराई गई।

सुल्तानपुर में एक व्यक्ति 17 फरवरी को हादसे में घायल हो गया था। उसे अयोध्या के जिला अस्पताल से रेफर करा कर केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में लाया गया था। यहां डॉक्टरो ने मृत घोषित कर दिया।

इस दौरान एक कर्मचारी ने परिजनों से मनमुताबिक पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट बनवाने के नाम पर रुपयों की वसूली की थी। शेष रुपयों के लिए परिजनों को कॉल करके परेशान कर रहा था। जिसकी ऑडियो भी वायरल हुई थी। जांच के बाद केजीएमयू प्रशासन ने आरोपी को मर्च्युरी से हटा दिया था।

इसके बाद जब पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट परिजनों को मिली उसमें एक महीने पहले की तारीख लिखी होने से बीमा क्लेम फंस गया। जिसे संसोधन कराने के लिए परिजन केजीएमयू और सीएमओ कार्यालय के चक्कर लगा रहे थे।

कोई भी इसकी जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं था। डिप्टी सीएमओ डॉ. रवि पांडेय ने बताया कि रिपोर्ट को संशोधित करा दिया गया है। इसकी जानकारी भी परिजनों को दे दी गई है। परिजन सीएमओ के नाम से प्रार्थना पत्र देकर रिपोर्ट प्राप्त कर सकते हैं।

खानपान में बदलाव कर लिवर को रख सकते हैं स्वस्थ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

विश्व लिवर दिवस

▸▸ केजीएमयू के विशेषज्ञों ने किया जागरूक

अमृत विचार : लिवर शरीर का एक खास अंग होता है, जो शरीर से हानिकारक पदार्थों को बाहर निकालकर स्वस्थ रखने में मदद करता है। आजकल की खराब जीवनशैली की वजह से लोगों में लिवर रोगों का खतरा ज्यादा बढ़ रहा है। रूटीन की कुछ आदतों और डाइट में बदलाव करके लिवर को स्वस्थ रखा जा सकता है। यह बात शुक्रवार को केजीएमयू के गैस्ट्रोइंट्रोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुमित रुंगटा ने कही।

डॉ. रुंगटा विश्व लिवर दिवस पर जानकारी साझा की। उन्होंने बताया विश्व लिवर दिवस हर साल 19 अप्रैल को मनाया जाता है।इसका उद्देश्य लिवर या यकृत से संबंधित बीमारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। लिवर को स्वस्थ बनाए रखने के लिए डाइट में प्रोटीन और फाइबर रिच डाइट के साथ हरी सब्जियां, फल, अदरक, लहसुन, दालें, अखरोट, मखाने, जैसी चीजें शामिल करें। डाइट में फ्राइड और ऑयली चीजों को शामिल करने से बचें।

बच्चों में भी बढ़ रही फैटी लिवर की समस्या

डॉ. अर्चना श्रीवास्तव ने बताया अनियमित जीवनशैली के कारण बच्चों में भी फैटी लिवर की समस्या बढ़ रही है। 80 फीसदी बच्चों में मोटापा फैटी लिवर के कारण है। वर्ल्ड ओबेसिटी फेडरेशन नई रिपोर्ट के मुताबिक अनियमित जीवनशैली के कारण वर्ष 3035 तक 100 फीसदी बच्चे मोटापे के शिकार हो सकते हैं। बच्चों के खाने में पिज्जा, बर्गर और कोल्डड्रिंक जैसी चीजों में रोक लगाकर काफी हद तक फैटी लिवर पर काबू पाया जा सकता है।

हर साल 20 लाख लोगों की जा रही जान: डॉ. सुमित के मुताबिक दुनिया में हर साल लगभग 20 लाख लोग लिवर की बीमारियों के कारण जान गंवाते हैं, यानी 25 मौतों में एक मौत लिवर की बीमारी के कारण होती है। वर्ष 2030 तक यह संख्या 35 प्रतिशत तक बढ़ने की आशंका जताई गई है। लीवर से संबंधित मौतों में लगभग दो-तिहाई संख्या पुरुषों की होती है।

विश्व लिवर दिवस का इतिहास

यूरोपियन एसोसिएशन फॉर द स्टडी ऑफ द लिवर (ईएएसएल) ने वर्ष 1966 में ईएएसएल के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में पहला विश्व लिवर दिवस मनाया। तब से, हर साल लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से 19 अप्रैल को विश्व लिवर दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष इसकी थीम सतर्क रहें, नियमित रूप से लिवर की जांच करवाएं और फैटी लिवर रोगों से बचें है।

ये करें उपाय

पर्याप्त नींद लेना, तनाव कम करने के लिए अभ्यास करना, स्वस्थ आहार लेना, नियमित रूप से व्यायाम करना, शराब और तंबाकू से बचना।

एंडोमेट्रियोसिस से 190 मिलियन महिलाएं पीड़ित

अमृत विचार, लखनऊ: एंडोमेट्रियोसिस एक ऐसी स्थिति है जो प्रत्येक 10 में से एक महिला को प्रभावित करती है और दुनिया भर में लगभग 190 मिलियन महिलाएं इससे पीड़ित हैं। इस बीमारी गंभीर दर्द, गर्भवती होने में असमर्थता, पेशाब और मल त्यागते समय दर्द होना है जो उन्हें शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से प्रभावित करती है।

विवेकानन्द पॉलीक्लीनिक एवं आयुर्विज्ञान संस्थान शहर का पहला केंद्र हैं जो पिछले दो वर्षों से लेप्रोस्कोपी के माध्यम से इस तरह की कठिन सर्जरी कर रहे हैं और 100 से अधिक मरीजों का सफलतापूर्वक इलाज कर चुके हैं। यह बात शुक्रवार को अस्पताल के सचिव स्वामी मुक्तिनाथानन्द ने एक प्रेस वार्ता में कही।

मरीज की देखभाल पर निर्भर है उपचार की सफलता

कार्यालय संवादाता, लखनऊ

दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत करते विशेषज्ञ। अमृत विचार

▸▸ पीजीआई में न्यूरोसर्जरी विभाग के स्थापना दिवस को लेकर विशेषज्ञों ने साझा की जानकारी

अमृत विचार : इलाज के दौरान नर्सों की अहम भूमिका होती है। मरीज की बेहतर देखभाल पर ही उपचार की सफलता निर्भर होती है। यह कहना है एसजीपीजीआई में न्यूरोसर्जरी विभाग के डॉ. कमलेश का। वह शुक्रवार को विभाग के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में नर्सों के प्रशिक्षण को लेकर जानकारी साझा कर रहे थे। कार्यक्रम में देश भर से डॉक्टरों ने हिस्सा लिया। इसमें उन्हें सर्जरी करने का प्रशिक्षण भी दिया गया। डॉ. कमलेश ने बताया कि शनिवार को विभाग का स्थापना दिवस मनाया जाएगा।

इसमें मौके पर देश भर से आए विशेषज्ञों के व्याख्यान होंगे। कार्यक्रम में बैंगलौर के डॉ पारितोष पांडेय, एम्स दिल्ली के प्रो शास्वत मिश्रा इंडोवैस्कुलर तकनीक की बारीकियों के बारे में बताया। कार्यक्रम में नर्सिंग का भी एक प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। इमसें न्यूरो के मरीजों में स्पेशलाइज्ड नर्सिंग पर सेशन आयोजित किये गए।

तकनीक से आसान हुई सर्जरी : इस मौके पर लोहिया संस्थान के डॉ दीपक कुमार सिंह ने कहा स्ट्रोक के बाद दिमाग में खून के थक्के को हटाने की सर्जरी से लेकर खून के गुच्छे को बिना चीरा लगाए तार के माध्यम से निकाला जा सकता है। पहले इस सर्जरी में जहां चार से पांच लाख रुपये का खर्च आता जिससे गिनी चुने ही सर्जरी होती थी।

जबकि अब दो से ढाई लाख रुपये में यह सर्जरी हो संभव हो गई है। इसमें प्रयोग होने वाले कॉइल व अन्य कई अन्य कंपनियां बनाने लगी है जिससे इसकी कीमत कम हो गई है। वहीं एचआरएफ से यह बाजार से तीस फीसदी तक और कम में मरीजों को दिया जा रहा है। इससे अब इंडोवैस्कुलर प्रक्रिया से सर्जरी अब और आसान हो गई है।

शिविर में 52 लोगों ने किया रक्तदान

अमृत विचार, लखनऊ : केजीएमयू की ओर से डालीगंज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 52 लोगों ने रक्तदान किया गया ।

श्री गणेश प्राकट्य कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम दास अग्रवाल गुड्डा ने बताया कि स्वर्गीय अतुल चंद्र अग्रवाल की पुण्यतिथि पर हर साल रक्तदान शिविर लगाया जाता है। इस मौके पर संरक्षक भारत भूषण गुप्ता, आरुष अग्रवाल, दीपेंद्र कुमार पटेल, प्रशांत सिंह, अश्विनी कुमार, अमित मिश्रा, हर्ष सिंह, लव कुश विश्वकर्मा, मनीष अग्रवाल, रिंकू सिंह, अमित गर्ग, मोहम्मद अब्दुल्ला, एस एस गगन, रवि प्रकाश गुप्ता, विपिन अग्रवाल, पीयूष अग्रवाल, शैलेंद्र, आशीष कुमार मौजूद रहे।

गांधी वार्ड में नशे में धुत कर्मचारी ने तीमारदारों से की अभद्रता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ केजीएमयू प्रशासन ने कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई के दिए निर्देश

अमृत विचार : किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के गांधी वार्ड में कैश काउंटर पर तैनात कर्मचारी नशे में धुत था। तीमारदारों ने विरोध किया तो आरोपी ने उनसे अभद्रता करते हुए गली गलौज की। इससे नाराज तीमारदारों ने हंगामा कर दिया। मामले को संज्ञान में लेकर केजीएमयू प्रशासन ने कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

केजीएमयू के गांधी वार्ड में कार्यदायी संस्था के माध्यम से मोनू नाम का कर्मचारी कैश काउंटर पर तैनात था। काउंटर पर सुबह 10 बजे कर्मचारी मरीजों और तीमारदारों की जांच के लिए शुल्क नहीं जमा कर रहा था। तीमारदारों ने आरोप लगाया कि नशे में धुत कर्मचारी ने अभद्रता की। इस बात से नाराज लोगों ने पीआरओ कार्यालय के मुख्य पटल पर पहुंचकर शिकायत की। इस पर पीआरओ कार्यालय का स्टाफ तीमारदारों के साथ गांधी वार्ड के कैश काउंटर पर पहुंचा। आरोप है कि मोनू ने पीआरओ सेल के स्टाफ से भी अभद्रता की। फिर मोनू को किसी तरह से वहां से हटाकर पीआरओ कार्यालय ले जाया गया। इस बीच आईटी सेल से दूसरे कर्मचारी को बुलाकर तीमारदारों का शुल्क जमा करवाने का काम शुरू किया गया।

सचिव को लिखा पत्र

केजीएमयू चिकित्सा अधीक्षक ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी कर्मचारी को ड्यूटी से हटाने व सख्त कार्रवाई किए जाने के लिए आईटी सेल के सचिव को पत्र लिखा है। फिलहाल अभी मामले में किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई है। केजीएमयू प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह का कहना है कि मामला 11 अप्रैल की सुबह 10 बजे का है। कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

प्रेमी युगल से अभद्रता करने वाले चार गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ: ठाकुरगंज पुलिस ने प्रेमी युगल से अभद्रता करने वाले चार लोगों को पकड़ लिया है। संभावना है कि शनिवार को पुलिस मामले का खुलासा कर आरोपियों को जेल भेज देगी। फिलहाल, पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी किए जाने की आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की है। सूत्रों की मानें तो, ठाकुरगंज पुलिस ने शुक्रवार को सुनसान जगहों पर प्रेमी-युगल को अकेला पाकर उनसे अश्लील हरकत करने वाले चार युवकों को उठाया है। कई-दिनों से पुलिस को आरोपियों की शिकायत मिल रही थी। इनकी तलाश में पुलिस जुटी थी। प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय ने बताया कि पुलिस ने कुछ लोगों द्वारा चार लोगों को पकड़ है। उनसे पूछताछ की जा रही है।

महिला की मौत मामले में नौकर समेत तीन पर हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: मड़ियांव थाना अंतर्गत तीन वर्ष पूर्व एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। इस मामले में नौकर समेत तीन लोगों पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

प्रभारी निरीक्षक शिवानंद मिश्र के मुताबिक, ठाकुरगंज के हुसैनाबाद स्थित मोहनीपुरवा निवासी अनिल मल्होत्रा वर्तमान में मुंबई में रहते है। उनकी मौसेरी सास विजय मेहरोत्रा मडियांव के केशव नगर में रहती थी। परिवार वालों ने उनकी देखरेख के लिए कमल सिंह को जिम्मेदारी सौंप रखी थी। गत 08 मार्च 2021 को विजय की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। उनकी सास उमा कपूर ने अगले दिन उन्हें उनकी मौत की सूचना दी। जब वह घर पहुंचे, तो अनिल की सास, चचिया ससुर, मित्रगण नौकर कमल सिंह के साथ अस्थि विर्सजन के लिये कानपुर गये। आशंका होने पर अनिल ने कमल से शव दाह की पर्ची मांगी, तो उसने इनकार कर दिया।

उनका आरोप है कि प्रापर्टी के लालज में कमल सिंह व उसके सहयोगी मनोज राजपूत, सोनू कुमार साजिश के तहत उसकी मौसी सास से वसीहत अपने हक में करवाने के बाद हत्या कर दी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही हैं।

एक नजर

दंपति ने छत से छात्रा पर चलाई ईंट, गंभीर

अमृत विचार, लखनऊ : आशियाना के औरंगाबाद में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा वर्षा पर पड़ोसी दंपति ने ईंट से हमला कर दिया। सिर पर ईंट लगने से छात्रा घायल हो गई। पीड़िता ने बताया कि 17 अप्रैल की शाम वह पढ़ाई कर रही थी। तभी पड़ोसी सत्यनारायण अपनी पत्नी गुड़िया से तेज आवाज में गाली-गलौज कर विवाद कर रहे थे। उसने गाली देने से मना किया तो दंपति छात्रा पर ईंट फेकने लगे। एक ईंट उसके सिर पर लग गई। इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया दंपति पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

नौकरी न मिलने से परेशान युवक ने लगाया फंदा

अमृत विचार, लखनऊ : आशियाना इलाके में नौकरी न मिलने से परेशान युवक ने फंदा लगा कर जान दे दी इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया रुचिखंड निवासी अतुल निजी कंपनी में इलेक्ट्रीशियन था। चार साल पहले नौकरी छूट गई थी। इसके बाद से बेरोजगार था, इससे परेशान था। परिवारीजन ने बताया कि इसी से वह शराब का लती हो गया था। होली में छत से कूद कर जान देने का भी प्रयास किया था। परिवार में दो छोटे भाई शुभम व शीलू हैं। पिता के साथ ही रहते हैं। बड़ा भाई सचिन अपने परिवार संग अलग रहता है। मां राजेश्वरी का काफी पहले ही निधन हो चुका था।

खेत की जाली काट रहा आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार, काकोरी : पारा क्षेत्र में ग्रामीणों ने खेत में चोरी से जाली काट रहे आरोपी को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार वर्मा ने बताया आरोपी की पहचान मुकेश कश्यप (47) ग्राम रायपुर थाना बौंडी जनपद बहराइच के रूप में हुई। उसके पास से प्लास और जाली बरामद हुई है। आरोपी सलेमपुर पतौरा निवासी संजय पाल के खेत में लगी जाली काटने की फिराक में था।

हादसों में रेलकर्मी समेत चार की मौत

राजधानी के अलग-अलग थानाक्षेत्रों में हुईं दुर्घटनाएं

▸▸ पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजे शव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में हुई सड़क दुर्घटना में रेलकर्मी समेत चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों को सूचना देते हुए शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया है।

माल थाना अंतर्गत नबीपनाह के ऊंचा खेड़ा गांव निवासी रेलकर्मी विशाल (28) गुरुवार रात करीब 9 बजे आरडीएसओ से ड्यूटी से घर लौट रहे थे। नबीपनाह चौराहे से कसमंडी जाने वाली सड़क पर सामने से आ रहे ई-रिक्शे से उनकी बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि विशाल छिटक कर दूर जा गिरे। हेलमेट न पहने होने के कारण उनके सिर में गहरी चोट आ गई। आनन-फानन उन्हें नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस हादसे के बाद चालक ई-रिक्शा लेकर घटनास्थल से भाग निकला। प्रभारी निरीक्षक राजेश त्रिपाठी के मुताबिक, ई-रिक्शा चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। वहीं, सरोजनीनगर के शांतिनगर निवासी त्रिलोकी मिश्रा (40) हुसैनगंज में कैटरिंग की दुकान पर काम करते थे। गुरुवार रात वह अपने गृह जनपद बलिया से घर लौट रहे थे। रात 1 बजे अहिमामऊ में बस उतरकर वह ऑटो में बैठे थे। बिजनौर में शहीद पथ पर न्यू गड़ौरा के पास ऑटो में पीछे से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात

वाहन ने टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में ऑटो चालक व त्रिलोकी मिश्र गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को लोकबंधु अस्पताल में पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान त्रिलोकी मिश्र की मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक अरविंद राणा के मुताबिक ऑटो चालक का इलाज चल रहा है। वहीं, त्रिलोकी सिंह के परिवार को घटना की सूचना दे दी गई है। उनके परिवार में पत्नी पार्वती तीन बच्चे हैं। वहीं चिनहट के कमता निवासी संदीप शर्मा (26) गुरुवार शाम अपने व्यक्तिगत काम से पॉलीटेक्निक गए थे। करीब साढ़े नौ बजे लखनऊ -अयोध्या रोड पर फौजी ढाबा के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जख्मी हालत में उन्हें केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। जहां देर रात उनकी मौत हो गई। इसके अलावा लखनऊ- अयोध्या मार्ग दयाल रेजीडेंसी कालोनी के सामने क्रेन ने एक बुजुर्ग (50) को रौंद दिया। बुजुर्ग साइकिल से बाराबंकी की तरफ जा रहा था। दुर्घटना के बाद क्रेन चालक घटनास्थल से वाहन छोड़कर भाग निकला। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी चतुर्वेदी ने बताया कि शव की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

फंदे से लटका मिला युवक का शव, दो पर हत्या का आरोप

संवाददाता, लखनऊ/ काकोरी

▸▸ पुलिस बोली- पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर करेंगे कार्रवाई

▸▸ काकोरी थाना क्षेत्र के बेहटा गांव का मामला, पिता ने दी तहरीर

अमृत विचार: काकोरी इलाके के गुरुवार को युवक का शव फंदे से लटका मिला। युवक के पिता ने गांव के दो लोगों पर हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगा पुलिस को तहरीर दी। इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगीञ।

थाना अंतर्गत बेहटा गांव निवासी पिता संतलाल ने बताया कि परिवार के साथ लालता खेड़ा शादी समारोह में गए थे। बेटा सत्रोहन (26) व उसकी पत्नी सविता घर पर ही थे। देर रात घर लौटे तो

मृतक सत्रोहन (फाइल फोटो)

सत्रोहन कमरे में फंदे से लटका मिला। परिजन ने आनन-फानन अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। संतलाल ने बताया कि अवैध संबंध में बेटे की हत्या की गई है। कई महीनों से सत्रोहन परेशान चल रहा था। उसी के कारण बेटे ने आत्महत्या की है। ऐसे में पिता ने दो लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की तहरीर दी है। परिवार में पत्नी सविता और एक बेटी है। उधर, इसी गांव बुजुर्ग राजा उर्फ ननहक्के (60) ने बीमारी व पारिवारिक कलह से तंग होकर बाग में फंदा लगाकर जान दे दी। काकोरी प्रभारी निरीक्षक नवाब अहमद ने बताया कि दोनों शवों का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

छह लोगों से ठगे 11.96 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच कर रही पुलिस

अमृत विचार : जालसाजों ने सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी समेत छह लोगों से धोखाधड़ी कर उनके खाते से 11.96 लाख रुपये निकाल लिए है। ठगे जाने पर पीड़ितों ने पीजीआई, बीबीडी, मड़ियांव, विकासनगर और सुशांत गोल्फ सिटी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

पीजीआई वृंदावन योजना सेक्टर-11 निवासी सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी एस. जेटली ने बताया कि कुछ दिन पूर्व साइबर ठग ने क्रेडिट कार्ड के जानकारी हासिल कर खाते से 98,775 रुपए पार कर दिए। वहीं इसी थानाक्षेत्र के सेक्टर डी निवासी अलंकार तिवारी को खाते से भी ठगों ने 97,924 रुपए निकाल लिए। बीबीडी के उत्तरधौना स्थित मूनसिटी निवासी अभय सिंह ने बताया कि कि जालसाजों ने घर बैठे कमाई करने का झांसा देकर उससे 8.50 लाख रुपये ऐंठ लिए है। आईआईएम रोड मड़ियांव निवासी शिवा सिंह के खाते से 74,131 रुपए जालसाजों ने पार कर दिए। विकासनगर के सेक्टर 11 निवासी संजय कुमार शुक्ला से बैंककर्मी बनकर जालसाजों ने 64,350 रुपए की धोखाधड़ी की है। इसके अलावा सुशांत गोल्फ सिटी के अर्जुनगंज निवासी अर्थ गुप्ता से ई-कॉमर्स साइट पर जालसाज ने 11 हजार रुपये ठग लिए है। पुलिस का कहना है कि साइबर क्राइम सेल की मदद से मामले की जांच की जा रही है।

350 किलो लहन बरामद, दो गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊः लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत आबकारी टीम द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा हैं। इसी क्रम में जिला आबकारी अधिकारी के निर्देशन में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री और तस्करी पर पूर्णतः अंकुश लगाने के लिए शुक्रवार को आबकारी निरीक्षक पाण्डेय, अरविंद पाल बघेल, विवेक सिंह, अखिल गुप्ता और अभिषेक सिंह द्वारा मय स्टॉफ थाना माल अंतर्गत ग्राम रामनगर, बाजार गांव, नारू खेड़ा में खेतों, बगीचों एवं नहर के किनारे संदिग्ध स्थानों पर दबिश और छापेमारी की गई। दबिश के दौरान मौके से लगभग 25 लीटर अवैध कच्ची शराब और 350 किलो लहन बरामद हुआ।

रियल एस्टेट कारोबारी से 11.95 करोड़ की ठगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ निवेश पर मुनाफे का झांसा देकर जालसाजों ने ठगा

▸▸ संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध के निर्देश पर प्राथमिकी दर्ज

▸▸ इंदिरानगर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की

अमृत विचार : जालसाजों ने निवेश का झांसा देकर एक रियल एस्टेट कारोबारी से 11.95 करोड़ रुपए ऐंठ लिए। रुपये मांगने पर जालसाज उसे धमकाने लगे। जिसके बाद पीड़ित ने संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध आकाश कुलहरि से शिकायत की। जिनके निर्देश पर इंदिरानगर पुलिस ने दंपति समेत तीन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

प्रभारी निरीक्षक सुनील तिवारी के मुताबिक तकरोही सेक्टर-11 निवासी रियल एस्टेट कारोबारी नमित सिंह दोस्त अजय कुमार गुप्ता, बृजेश कुमार और प्रवीण सिंह साथ में कारोबार करते थे। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि वर्ष 2022 में अजय और बृजेश से कारोबार को बढ़ने के लिए बातचीत की थी। उनका आरोप है कि इस दौरान प्रवीन सिंह ने उन्हें मुम्बई की एक कंपनी में रुपया निवेश करने के बाद अधिक मुनाफा दिलाए जाने का झांसा दिया था। पीड़ित ने बताया कि बहकावे में आकर उसने प्रवीण के खाते में कई मदों 11.95 करोड़ रुपए ट्रांसफर कर दिए। एक भी रुपए मुनाफा न मिलने पर पीड़ित उससे रकम वापस मांगने लगा। तब वह टालमटोल करने लगा। ठगे जलाने पर पीड़ित ने जालसाजों से संपर्क किया तब वह उसे धमकाने लगे। इसके बाद पीड़ित ने जेसीपी क्राइम से मदद की गुहार लगाई। जिनके निर्देश पर इंदिरानगर पुलिस ने प्रवीण सिंह, उनकी पत्नी नीता और भाई धीरेंद्र कुमार सिंह पर प्राथमिकी दर्ज की है।

जमीन दिलाने का झांसा देकर कारोबारी से करोड़ों की धोखाधड़ी

अमृत विचार, लखनऊ : बीकेटी क्षेत्र में कम दर में जमीन दिलाने का झांसा देकर एक जालसाज ने रियल एस्टेट कारोबारी से करोड़ों रुपये हड़प लिए है। गोमतीनगर विस्तार के राप्ती अपार्टमेंट निवासी रियल एस्टेट कारोबारी गौरव त्रिवेदी ने बताया कि परिचित रविंदर कुमार प्रजापति ने करीब डेढ़ साल पूर्व उन्हें कम दर में जमीन दिलाने का झांसा दिया। इसके बाद उन्हें कुछ जमीनें भी दिखाई थी। जिन पर उनसे रुपया निवेश करने का भी प्रलोभन दिया था। इसके बाद पीड़ित ने जमीन खरीदने के लिए परिचित के खाते में 55 लाख रुपए और 10 लाख रुपये नकद दिए थे। आरोप है कि कुछ दिन बाद एक और जमीन दिलाने के एवज में रविंदर ने उससे एक करोड़ रुपये ऐंठ लिए। रुपये लेने के बाद भी परिचित ने रजिस्ट्री नहीं की। इसके बाद पीड़ित ने उससे रकम वापस मांगी तब परिचित ने उसे स्वास्थ्य भवन चौराहे पर मिलने के लिए बुलाया। आरोप है कि जब वह मिलने पहुंचा तब आरोपी ने साथियों के संग मिलकर उसे धमकाया। ठगे जाने पर पीड़ित ने डीसीपी पश्चिम से मदद की गुहार लगाई। जिनके निर्देश वजीरगंज पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

नशेड़ियों ने स्कूली बस पर किया पथराव, चालक व बच्चे घायल

▸▸ ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने तीनों आरोपियों को पकड़ा

▸▸ ड्राइवर से रुपये मांग रहे थे, नहीं देने पर किया हंगामा

संवाददाता, सरोजनीनगर

अमृत विचार : बंथरा इलाके में शुक्रवार शाम तीन नशेड़ियों ने स्कूली बच्चों को लेकर निकल रही बस पर पथराव कर दिया। इससे बस का शीशा चकनाचूर होने से चालक व कुछ बच्चे जख्मी हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से आरोपियों को पकड़ लिया।

बताया जा रहा है कि सरोजनीनगर के दरोगा खेड़ा स्थित अवध कॉलेजिएट में छुट्टी के बाद

नशेड़ियों द्वारा किए गए पथराव के चलते बस का टूटा शीशा दिखाते ग्रामीण। अमृत विचार

स्कूली बस बच्चों को घर छोड़ने जा रही थी। बस चालक लक्ष्मण चला रहा था। रास्ते में रसूलपुर गांव के पास बस पहुंची थी। तभी रसूलपुर निवासी नधे में धुत अर्पित पटेल उर्फ तेरा, साथी किशोरी व राजा बस रुकवा चालक लक्ष्मण से रुपये मांगने लगे। उसने रुपये देने से इनकार किया तो तीनों ने बस पर पथराव कर दिया। इससे बस का अगला शीशा और कई खिड़कियों शीशे टूट गए। इससे अंदर सवार बच्चे जख्मी हो गए। डरे सहमे बच्चों ने चीख पुकार मचाई तो आरोपी भागने लगे। तब तक सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों को ग्रामीणों की मदद से घेर कर पकड़ लिया। इंस्पेक्टर हेमंत राघव ने बताया आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। स्कूल मैनेजर मनोज व विनोद की तहरीर पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

आरोपी को पकड़ कर छोड़ने से ग्रामीण आक्रोशित

ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले आरोपियों ने बाइक सवार विनोद यादव को रोक कर रुपये मांगे थे। नहीं देने पर उन्हें पीटा और बाइक तोड़ दी। ग्रामीणों का कहना है कि अर्पित पटेल पर बंथरा थाने में कई मामले दर्ज हो चुके हैं। वह अक्सर लोगों से मारपीट करता रहता है। उससे लोग काफी परेशान हैं। इतना सब होने के बावजूद पुलिस उसे पकड़ने के बाद छोड़ देती है। पुलिस की कार्यशैली से भी ग्रामीण आक्रोशित हैं।

जाली कागजात से एक मकान दो बार बेचा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ खरीदने वाले कर्नल व लेफ्टिनेंट समेत चार पर रिपोर्ट

▸▸ वजीरगंज कोतवाली क्षेत्र का मामला, पुलिस कर रही जांच

अमृत विचार : वजीरगंज कोतवाली में कोर्ट के आदेश पर एक ही मकान दो बार बेचने की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

बताया जा रहा है कि श्रावस्ती भिनगा निवासी देवेश कांत सिंह के ताऊ अरुणेंद्र ने विक्रमादित्य मार्ग पर एक मकान खरीदा था। दिसंबर 2006 में अरुणेंद्र ने मकान देवेश और परिवार के अन्य सदस्यों के नाम किया था। उनकी मौत के बाद देवेश ने श्रावस्ती में नामातंरण कराने दस्तावेज जमा किए। तब पता चला कि हरिद्वार निवासी प्रभात किरन कुमारी ने साथी नीलमणि के साथ मिलकर मकान के फर्जी कागज तैयार कराए। इसके बाद 10 मार्च 2015 में मकान पहली बार कर्नल रविंद्र सिंह को बेचा। इसके चार साल बाद रविंद्र ने भी लेफ्टिनेंट कर्नल एपी सिंह को 70 लाख में वही मकान बेच दिया।

देवेश का कहना है कि पारिवारिक कारणों से वह लखनऊ नहीं आ सके थे। इसलिए फर्जीवाड़ा पता नहीं चला। वसीयत के आधार पर नामांतरण की प्रक्रिया शुरू होने पर मकान की खरीद फरोख्त की जानकारी मिली थी। इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कोर्ट के आदेश पर कर्नल रविंद्र, लेफ्टिनेंट कर्नल एपी सिंह, प्रभात किरन और नीलमणि पर रिपोर्ट दर्ज की है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

सार-संक्षेप

हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कंटेनर। अमृत विचार

बेकाबू कंटेनर पिलर से टकराया

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बंथरा इलाके में गुरुवार रात बेकाबू कंटेनर एलिवेटेड रोड निर्माण के सपोर्ट के लिए खड़े एंगल युक्त पिलर में जा घुसा। हादसे में कंटेनर चालक और परिचालक बाल बाल बचे। इससे कानपुर रोड की एक पटरी पर जाम की स्थिति बनी रही। लखनऊ से कानपुर की ओर जा रहा यह कंटेनर बंथरा थाने से करीब 200 मीटर पहले लोहे के एंगल युक्त पिलर में टकराकर काफी ऊंचाई तक चढ़ गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कंटेनर किनारे कराने का काफी प्रयास किया। लेकिन हटाया नहीं जा सका। शुक्रवार दोपहर को कटर से काटकर कंटेनर के हिस्से को अलग कर किनारे किया गया। तब यातायात सामान्य हुआ। हादसे के बाद कंटेनर छोड़ चालक और परिचालक भाग निकले।

ई-रिक्शा चालक व बेटों पर हमला

अमृत विचार, लखनऊ : आशियाना के रिक्शा कॉलोनी निवासी किरन कनौजिया के मुताबिक मोहल्ले में प्रिंस उर्फ खलनायक परिवार के साथ रहता है। कुछ दिन पूर्व किरन के घर से आरोपी सीढ़ी मांग कर ले गया था। कई बार कहने के बाद भी प्रिंस ने सीढ़ी नहीं लौटाई थी। 17 अप्रैल की रता किरन के पति राजाराम ने प्रिंस को टोका था। जिससे नाराज होकर आरोपी ने भतीजे भुट्टा, उसकी पत्नी प्रीती और मुकेश के साथ मिल कर हमला कर दिया। मारपीट में राजाराम, बेटे दीपक और पड़ोसी रियाज बाबू के सिर फट गए। किरन के हाथ भी फ्रैक्चर हो गया। वारदात को अंजाम देकर आरोपी प्रिंस और उसके परिवार वाले भाग निकले। इलाज के बाद किरन ने आशियाना कोतवाली में आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया है।

मजदूर की मौत के बाद हत्या की प्राथमिकी

अमृत विचार, लखनऊ : चिनहट के सेमरा स्थित कोल्ड स्टोरेज संचालक के प्लाट में मृत मिले मजदूर रामनरेश की गला दबाकर हत्या की गई थी। उसका शव प्लाट को जेसीबी से समतल कराते समय डम्पर से गिराई गई मिट्टी में दबा मिला था। पहले इसे हादसा माना जा रहा था पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हत्या की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने इस मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि प्रथम दृष्टया सामने आया कि बलरामपुर के तुलसीपुर निवासी मजदूर रामनरेश के पास मोबाइल नहीं था। वह अक्सर किसी दूसरे के नम्बर से फोन पर घर वालों से बात करता था। वह बात खत्म करने से पहले यह जरूर कहता था कि इस नम्बर को डिलीट कर देना और इस पर कॉल नहीं करना। पुलिस अब इस बात पर भी पड़ताल कर रही है कि आखिर वह यह क्यों कहता था। जिसके साथ वह ज्यादा रहता था, उसके नम्बर से उसने कभी घर वालों को फोन नहीं किया। बीबीडी क्षेत्र स्थित खाजरा से मिट्टी लाकर लालबाग निवासी राहुल गुप्ता के प्लाट पर डाली जा रही थी। इस खनन की डीएम से अनुमति ली गई थी। 13 अप्रैल को उसका शव मिला था। चिनहट पुलिस ने बताया था कि मोहनलालगंज के जिस फुटेज में वह दिखा था, उसमें वह लड़खड़ाता चल रहा था। लग रहा था कि जैसे नशे में है। पहले यह भी चर्चा हुई थी कि कहीं अवैध खनन के दौरान उसकी मिट्टी के ढेर में दबकर मौत हो गई हो। फिर मिट्टी उठवाने के दौरान उसका शव खाजरा से चिनहट चला गया हो। पर, अब हत्या की पुष्टि होने से मामला उलझ गया है। अब नये सिरे से पुलिस पड़ताल कर रही है।

युवती को अकेला पाकर युवक ने की छेड़छाड़

अमृत विचार, मलिहाबाद : एक युवती को घर में अकेला पाकर गांव के ही एक युवक ने छेड़छाड़ कर उसके साथ मारपीट की। मौके पर पहुंची माल पुलिस ने युवक का मामूली धारा 151 में पाबंद कर युवक को छोड़ दिया गया। जिससे आहत युवती ने माल पुलिस पर ढुलमुल कार्यवाई करने का आरोप लगाकर मुख्यमंत्री को पत्र भेज न्याय की गुहार लगाई है। माल थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी युवती का आरोप है कि उसके माता-पिता व भाई विगत 17 अप्रैल को हरदोई जनपद के थाना अतरौली के ग्राम रामपुर छतिहा में एक अंत्येष्टि कार्यक्रम में शामिल होने गये थे। युवती को अकेला जान युवती के गांव का ही एक युवक सुरेन्द्र 17 अप्रैल की देर रात उसके घर में घुस उसके साथ बदनीयती करते हुए बेड पर गिरा उसके कपड़े फाड़ नाजुक अंगों के साथ छेड़छाड़ करने लगा। जिसका युवती ने काफी विरोध किया। इतने में ही युवती के माता-पिता व भाई घर आ गये। अपनी बहन के साथ ऐसा कृत्य देख माल पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस युवक को थाने ले आई। दूसरे दिन 18 अप्रैल को माल पुलिस ने युवती की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत न कर आरोपी युवक को शांतिभंग के आरोप में पाबंद कर दिया। माल पुलिस के ढुलमुल कार्यवाई से आहत युवती ने 19 अप्रैल शुक्रवार को मुख्यमंत्री को पत्र भेज अपने साथ हुई घटना की रिपोर्ट दर्ज कराये जाने की मांग की है।

सेक्स रैकेट में शामिल महिला गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ पुलिस को मिली सफलता डीसीपी ने किया खुलासा

अमृत विचार: मदेयगंज से लापता किशोरी को देह व्यापार में धकेलने वाले गिरोह में शामिल ढाबा संचालिका को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सेक्स रैकेट दंपति चला रहे थे। जिन्हें 7 अप्रैल को जेल भेजा गया था।

डीसीपी मध्य रवीना त्यागी ने बताया कि 25 फरवरी को मदेयगंज कोतवाली में किशोरी के लापता होने और धर्म परिवर्तन कराने की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। जांच में किशोरी से देह व्यापार कराने की बात सामने आई थी। मामले में गुडंबा निवासी अरुण को पत्नी मेनका तिवारी संग गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ में कानपुर शिवाला निवासी तनु सिंह का नाम भी सामने आया था। दंपति के साथ किशोरी से देह व्यापार कराने में तनु भी शामिल थी। इंस्पेक्टर मदेयगंज राजेश सिंह ने बताया वर्ष 2008 में गोमतीनगर पुलिस ने तनु सिंह को ज्योति कुमारी की हत्या में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। सजा पूरी होने पर वह कुछ दिन पहले छूटी थी। इसके बाद गुडंबा में ही ढाबा चला रही थी। इसके साथ ही मेनका और अरुण के साथ सेक्स रैकेट भी चलाती थी।

नोटिस बेअसर, वसूली जाएगी आवासों की रकम

अमृत विचार , लखनऊ : मोहनलालगंज में प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) के चार अपात्रों से योजना की धनराशि राजस्व की तरह वसूली जाएगी। तीन बार नोटिस जारी होने पर भी धनराशि जमा नहीं की गई है। इस पर वसूली के लिए खंड विकास अधिकारी ने जिलाधिकारी को पत्र लिखा है। ग्राम पंचायत राती में आवंटित प्रधानमंत्री आवास ग्रामीणों की जांच में चार अपात्र मिले थे। सभी को तीन किस्तों के 4.80 लाख रुपये भुगतान किए गए। बाद में पकड़े जाने पर वसूली के आदेश हुए। धनराशि विभागीय खाते में जमा करने के लिए बीडीओ की तरफ से तीन बार नोटिस दिया गया। अंतिम नोटिस पर भी धनराशि जमा नहीं की तो जिलाधिकारी राजस्व की तरह धनराशि वसूलने के लिए लिखा है।

प्रेमिका के साथ मिलकर की थी सास की हत्या

संवाददाता, लखनऊ/ काकोरी

▸▸ जांच में पारा पुलिस ने वारदात का किया खुलासा, दोनों आरोपियों को भेजा जेल

अमृत विचार : पारा थाना क्षेत्र में महिला स्वास्थ्य कर्मी की हत्या के मामले में पुलिस ने उसके दामाद और प्रेमिका को गिरफ्तार किया है। पुलिस को गुमराह करने दामाद ने महिला के नाती के नाम हत्या की रिपोर्ट दर्ज करा दी थी। पुलिस जांच में घटना का खुलासा हुआ।

हंस खेड़ा के रियाज पैलेस के पास रहने वाली स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत्त मीना सिंह (70) की 16 अप्रैल को हत्या कर दी गई थी। महिला के दामाद विनय सिंह ने पुलिस को गुमराह करने के लिए प्रेमिका के साथ मिलकर महिला के नाती जय सिंह और सौतेले पिता देव सिंह पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी।

पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी

इंस्पेक्टर बृजेश कुमार वर्मा ने बताया कि विनय व मकान में किराए पर रहने वाली सरिता दुबे के अवैध संबंध थे। इसकी जानकारी मीना को हो गई थी। इससे वह विनय से नाराज थीं। मीना का नाती जय के प्रति लगाव बढ़ रहा था। एक प्रॉपर्टी डीलर के माध्यम से अंशल सिटी के पास जय सिंह के नाम 50 लाख की जमीन खरीदना चाहतीं थी। इससे विनय सिंह भी मीना से नाराज था। सास-दामाद के बीच इस बात को लेकर कई बार विवाद भी हुआ। जिसके चलते विनय ने सास के घर जाना बंद कर दिया।

दामाद ने साजिश रचकर प्रेमिका सरिता दुबे के साथ मिलकर छड़ी से सिर पर वार किया फिर तकिया से मुंह दबा हत्या कर दी। घटना से एक दिन पहले घर में लगे सीसीटीवी का डीवीआर व सास का मोबाइल फोन गायब कर दिया था। इंस्पेक्टर ने बताया आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

हल्के बल प्रयोग के बाद अंतिम संस्कार को राजी हुए परिजन

संवाददाता, मलिहाबाद

▸▸ करीब 60 घंटे से रखे शव से आने लगी थी दुर्गंध

▸▸ आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अड़े थे परिजन

अमृत विचार : प्रेम प्रसंग में युवक की हत्या करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी समेत अन्य मांगों को लेकर परिजन रवि के शव का अंतिम संस्कार नहीं कर रहे थे। हत्या के बाद करीब 60 घंटे से अधिक समय होने से शव से दुर्गंध उठने लगी। इसके चलते पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया, तब जाकर विरोध कर रहे ग्रामीण इधर-उधर हुई और परिजन अंतिम संस्कार को राजी हुये। खबर लिखे जाने तक अंतिम संस्कार की तैयारियां शुरू कर दी गई थीं।

मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम नबीनगर निवासी पीआरडी जवान सुरेश कुमार के पुत्र रवि प्रजापति (25) का प्रेम प्रसंग करीब 4 वर्षों से एक युवती से चल रहा था। जिसकी हल्दी की रस्म बुधवार को हुई थी। युवती का विवाह 22 को होना है। उसी दिन देर रात करीब साढ़े 12 बजे रवि प्रजापति के फेसबुक एकाउंट से 4 चार रील युवती के साथ डाली गयी थी। जिसके बाद करीब एक बजे परिजनों ने रवि का शव पास ही स्थित संतोष प्रजापति के खाली पड़े मकान में प्लास्टिक रस्सी के सहारे लटका मिला था। मृतक के पैर जमीन को छूने के साथ टेढ़े थे । परिजनों की सूचना पर गुरुवार तड़के करीब 3 बजे पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा गुरुवार को करीब 11 बजे शव परिजनों के सुपुर्द करते हुऐ मृतक युवक के पिता की तहरीर चार लोगों पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। इनमें से एक आरोपी को गुरुवार को ही गिरफ्तार कर लिया था। जबकि शुक्रवार को भी अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी होने के बाद ही शव का अंतिम संस्कार करने की बात पर परिजनों के संग ग्रामीण अड़ गये। रात करीब 9 बजे तक समझाने के बाद भी जब ग्रामीण शांत नहीं हुये। चर्चा है कि हल्का बल प्रयोग करने पर परिजन को भड़काने वाले खिसके तब जाकर अंतिम संस्कार की प्रक्रिया आगे बढ़ी।

दिन भर परिजन को समझाते रहे अफसर

इससे पहले पुलिस प्रसाशन ने परिजनों को काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन अपनी मांगों पर अड़े रहे। परिजनों ने साफ तौर से कह दिया कि जब सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर नहीं लिया जाएगा। तब तक वह युवक के शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे।

घटना के दूसरे दिन गमगीन बैठे परिजन, इनसेट में मृतक। अमृत विचार

अमौसी एयरपोर्ट से रात के समय उड़ानों की लैंडिंग व टेकऑफ पर लगी रोक

अमृत विचार, सरोजनीनगर : चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के रनवे का विस्तार शुरू हो गया। यहां रनवे विस्तार का काम 11 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान यहां रात के समय उड़ानों की लैंडिंग एवं टेकआफ पर रोक लगा दी गई है। रनवे विस्तार के दौरान एयरपोर्ट पर रात दस बजे से सुबह छह बजे तक विमानों की लैंडिंग व टेकआफ पर रोक रहेगी। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का रनवे फिलहाल 2744 मीटर लंबा है। इसे बढ़ाकर 3500 मीटर करने का प्रस्ताव है। रनवे विस्तार का प्रस्ताव काफी पहले भेजा गया था। इस पर सहमति भी बन गई थी। पिछले साल फरवरी में कुछ काम भी हुआ था। इस बीच टर्मिनल-3 बनने से एयरपोर्ट पर सात और नए एयरोब्रिज शुरू हो गए हैं। इससे विमानों को खड़ा करने में सहूलियत हो गई है। इसे देखते हुए रनवे विस्तार कर बड़े विमानों को उतारने की तैयारी है।

स्टेडियम में बैनर के साथ धोनी व एलएसजी की टीम को सपोर्ट करते क्रिकेट प्रशंसक। अमृत विचार

इकाना स्टेडियम में महेंद्र सिंह धोनी को देखने के लिए उमड़ी प्रशंसकों की भीड़। अमृत विचार

स्टेडियम में एलएसजी की टीम को सपोर्ट करते समर्थक। अमृत विचार

चेन्नई सुपर किंग्स की हार, लेकिन धोनी धुआंधार

एलएसजी के सलामी बल्लेबाजों के बीच पहले विकेट के लिए हुई शतकीय साझेदारी, आईपीएल में दर्ज की चौथी जीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : इकाना स्टेडियम पर खेले गए चेन्नई की टीम मैच भले ही हार गई लेकिन महेंद्र सिंह धोनी की धुआंधार पारी ने दर्शकों का दिल जीत लिया। वहीं लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कप्तान केएल राहुल (82 रन, 53 गेंद, 9 चौके, 3 छक्के) और क्विंटन डिकॉक (54 रन, 43 गेंद, 5 चौके, 1 छक्का) की आंधी में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) सूखे पत्ते की तरह उड़ गया। दोनों बल्लेबाजों ने अपने घर में ना केवल तीसरी जीत दर्ज की बल्कि हार की हैट्रिक को भी दर किनार किया। रनों का पीछा करने उतरी एलएसजी ने छह गेंदे बाकी रहते हुए 8 विकेट से जीत दर्ज की।

दर्शकों को एलएसजी की जीत आसान नहीं लग रही थी। लेकिन राहुल और डिकॉक के बीच हुई 134 रनों की पार्टनरशिप ने मैच का रुख ही बदल दिया। दोनों बल्लेबाजों ने चौके और छक्के लगा कर पीले रंग की जर्सी में मौजूद चेन्नई के समर्थकों को दिल जीत लिया। इन दोनों बल्लेबाजों ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। राहुल और डिकॉक के आउट होने के बाद निकोलस पूरन (23 रन) और मार्कस स्टॉयनिस (8 रन) जीत दिला कर पवेलियन लौटे। कप्तान केएल राहुल ने इस आईपीएल में अब तक की सबसे सर्वश्रेष्ठ पारी खेली। बीते गुरुवार को अपने जन्मदिन मनाने के बाद आज मैदान पर वह अलग अंदाज में दिखाई पड़े। राहुल और डिकॉक ने चेन्नई के गेंदबाजों को खूब धोया।

उमड़ा धोनी के फैन का सैलाब, सीएसके गेंदबाज ने वीडियो किया वायरल : सीएसके के गेंदबाज दीपक चाहर ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो लगाया है। इसमें इकाना स्टेडियम के अंदर और बाहर पीला सैलाब दिखाई दे रहा है। यह सैलाब है एमएस धोनी के फैन्स का है। यह वीडियो उस समय शूट किया गया। जब खिलाड़ी बस से इकाना स्टेडियम के बाहर पहुंचे थे। इसमें दिखाई दे रहा है कि फैन्स माही की एक झलक पाने के लिए उमड़े हुए हैं। लोगों ने अपने हाथों में मोबाइल पकड़ रखा है और बस की तरफ हाथ हिला रहे हैं।

इकाना स्टेडियम में मैच के दौरान चौके-छक्के लगाते महेंद्र सिंह धोनी, क्विंटन डी कॉक व केएल राहुल। अमृत विचार

स्कोरबोर्ड

सीएसके : 20 ओवर में 6 विकेट पर 176 रन

- इस पारी में कुल 7 छक्के और 14 चौके
- महेंद्र सिंह धोनी : नाबाद 28 रन, 9 गेंद, 3 चौके, 2 छक्के
- रविंद्र जडेजा : नाबाद 57 रन, 40 गेंद, 5 चौके, 1 छक्का
- आजिंक्य रहाणे : 36 रन, 24 गेंद, 5 चौके 1 छक्का

एलएसजी : 19 ओवर में 2 विकेट पर 180 रन

- इस पारी में कुल 18 चौके और 5 छक्के पड़े
- क्विटंन डिकाक : 54 रन 43गेंद, 5 चौके, एक छक्का
- केएल राहुल : 82 रन, 53 गेंद, 9 चौके , 3 छक्के
- निकोलस पूरन : 23 रन, 12 गेंद, 3 चौके, एक छक्का

राजधानी में दर्शकों से खचाखच भरे स्टेडियम में माही का पहला शो सुपर हिट

अमृत विचार : इकाना स्टेडियम में 50 हजार दर्शकों की सिर्फ एक ख्वाहिश, धोनी को खेलते देखने की। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का जैसे ही कोई विकेट गिरता, दर्शक धोनी-धोनी पुकारना शुरू कर देते। इंतजार खत्म हुआ। 2.1 ओवर का खेल बाकी था। मोइन (30 रन) के आउट होने के बाद महेंद्र सिंह धोनी को मैदान पर पहुंचे। ड्रेसिंग रूम से निकल कर जैसे ही उन्होंने सीढ़ियां उतरनी शुरू की, स्टेडियम में मौजूद दर्शक उनके स्वागत में खड़े हो गए। धोनी के नाम का शोर एक से दूसरे छोर तक गूंज उठा। धोनी विकेट के सामने पहुंचे तो ओवर की अंतिम गेंद पर एक रन लिया और स्ट्राइक अपने पास रखी। इसके बाद गेंदबाजी करने पहुंचे गेंदबाज की पहली दो गेंदें स्टंप से काफी दूर रही, जिन्हें अम्पायर ने व्हाइट करार किया। इसके बाद जब गेंद आई तो धोनी का बल्ला गरज उठा और धोनी ने इकाना स्टेडियम में पहला चौका जड़ा। इसके बाद जब उन्होंने विकेट के पीछे छक्का मारा तो दर्शकों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। मैदान में वह कुल 15 मिनट रहे। इस दौरान धोनी ने 9 गेंदों का सामना किया। 3 चौके, 2 छक्के जड़कर उन्होंने 28 रनों की आतिशी पारी खेली और दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इसके पहले बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे (30 रन) और रवींद्र जडेजा (57 रन) ने बल्लेबाजी कर टीम के लिए महत्वपूर्ण रन जोड़े।

स्टेडियम में धोनी के लिए लिखे गए स्लोगन के साथ प्रशंसक। अमृत विचार

एलएसजी टीम के झंडे के साथ महिला दर्शक

इकाना के बाहर धोनी को एक झलक देखने के लिए उमड़ी भीड़। अमृत विचार

स्टेडियम में मौजूद एलएसजी टीम की चीयरलीडर्स। अमृत विचार

माही को खेलते देख सपना हुआ पूरा

दर्शकों ने बताया कि हम सभी को बेसब्री से प्रतीक्षा थी कि लखनऊ में धोनीं को खेलते हुए देखे। आज वह सपना पूरा हुआ। मैदान पर उनका जोश और शॉट लगाने का गजब अंदाज आजीवन याद रहेगा। आईपीएल के यह 34वां मैच हम लोगों के लिए हमेशा याद रहेगा।

प्रवेश द्वार पर खड़े रहे सभी धोनी..

मैच से पूर्व स्टेडियम पर प्रवेश लिए दर्शक लाइन लगाए खड़े थे। इन क्रिकेट प्रेमियों ने धोनी के नाम की टीशर्ट पहन रखी थी। ऐसे में यहां पर कई सारे धोनी लाइन में खड़े नजर आए। ये दर्शक यहां पर धोनी, धोनी का शोर भी मचा रहे थे। पीले रंग की टीशर्ट पहने दर्शक एक-दूसरे को धोनी-धोनी कह कर बुलाते दिखाई पड़े।

पहली बार 1998 में लखनऊ में खेले थे

महेंद्र सिंह धोनी ने पहली बार लखनऊ में 1998 में बल्लेबाजी की थी। वे यहां ओएनजीसी की ओर से शीश महल ट्रॉफी में खेलने आए थे। उसके बाद में धोनी पिछले साल आईपीएल में लखनऊ आए, लेकिन बारिश की वजह से लोग उनका खेल नहीं देख सके।

उ.प्र. पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 01/02/03/ECTC/2024- 25

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु पृथक निविदा दो भागों (पार्ट-I. टेक्निकल बिड एवम् पार्ट-II फाइनेंशियल) में आमंत्रित की जाती है। **01 कार्य का नाम** हरदोई रोड़, बसंत कुंज योजना के अन्तर्गत सेक्टर-आई0 एवं सेक्टर-जे0 को विद्युत आपूर्ति प्रदान करने के लिए 132 के0वी0 उपकेन्द्र जेहटा लखनऊ में 02 नग 33 के0वी0 ''बे'' के जानपदीय निर्माण कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत**- रू. 6.28 लाख **कार्यवधि** 2 माह **02 कार्य का नाम** 132/33 के0वी0 उपकेन्द्र जगदीशपुर अमेठी पर एक नग 2X5 MVAR अतिरिक्त कैपेसिटर बैंक की स्थापना, विद्यमान 2X5 MVAR कैपेसिटर बैंक ''बे'' की शिफ्टिंग एवं 01 नग 33 के0वी0 मेन बस के विस्तार कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत**- रू. 49.96 लाख **कार्यवधि** 4 माह **03 कार्य का नाम** 220 के0वी0 उपकेन्द्र दही चौकी उन्नाव पर 01 अदद् 33 के0वी0 मेसर्स सी0यू0 इण्टरनेशनल एजूकेशनल ट्रस्ट स्वतंत्र पोषक ''बे'' के जानपदीय निर्माण कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत**- रू. 3.66 लाख **कार्यवधि** 1 माह उक्त निविदा की Technical Bid एवम् अन्य शर्ते तथा मात्रा बीजक इत्यादि का विस्तृत विवरण www.upptcl.org पर देखा जा सकता है एवम् http://etender.up.nic.in साइट पर देखा एवम् प्राप्त किया जा सकता है। निविदा दिनांक 04.05.2024 को दोपहर 14:00 बजे तक साइट पर डाला/अपलोड किया जा सकता है तथा दिनांक 06.05.2024 को 15:00 बजे सार्वजनिक रूप से निविदायें खोली जायेगी। **कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता विद्युत जानपद पारेषण मण्डल कक्ष सं. 223 से 226, प्रथम तल, पारेषण भवन, यू.पी.एस.एल.डी.सी. परिसर, विभूति खण्ड, गोमती नगर लखनऊ-226010 'राष्ट्र हित में बिजली बचायें' पत्रांक: 1465-वि.जा.पा.मं.(ल.)/निविदा दिनांक: 18.04.2024**

कार्यालय नगर पालिका परिषद - राठ (हमीरपुर)

पत्रांक: 2130 / न0पा0 प0- राठ / म्यु0सू0 /2023-24/ दिनांक: 14/02/2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

क्र. सं.	आवेदक का नाम जो दाखिल होना है	विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है	मुहल्ला	वार्ड सं0	कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार
1	श्रीमती कृष्णा यादव पत्नी नन्द किशोर	श्री शैलेन्द्र सिंह पुत्र अर्जुन सिंह	लुधियातपुरा-1	06	पंजीकृत विकय पत्र

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, राठ - हमीरपुर

सार-संक्षेप

वर-वधू के उज्ज्वल भविष्य की कामना की

रघोत्तम शुक्ल

अमृत विचार, लखनऊ : पूर्व वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी व साहित्यकार रघोत्तम शुक्ल अपनी बेटी शारदा शुक्ला के साथ गुरुवार रात बाजूपुर का पुरवा गांव पहुंचकर रोशनी के विवाह समारोह में शामिल हुए। उन्होंने विवाह में यथाशक्ति सहयोग देने के साथ ही वर-वधू को आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। रघोत्तम शुक्ल ने बताया रोशनी के पिता राजकुमार का स्वर्गवास हो चुका है। वैवाहिक खर्चों की पूर्ति हेतु उसकी मां को जमीन तक बेचनी पड़ी। किसी राजनितिक दलों ने इस जरूरतमंद परिवार की मदद नहीं की।

एकादशी को कन्या रूप में आईं मां ने दिए चरण दर्शन

मां के चरण

अमृत विचार, लखनऊ : चौक स्थित संदोहन देवी मंदिर भव्य रूप से हुई नवरात्र पूजन के बाद एकादशी को माता ने अपने कन्या स्वरूप में भक्तों को दर्शन दिए। संदोहन देवी में भक्त ही नौ दिन तक रोजाना मां का श्रृंगार करते हैं। इसके लिए काफी दिन पहले से बुकिंग करानी पड़ती है। नवरात्र के दौरान विभिन्न स्वरूपों में मां दर्शन देती हैं लेकिन साल में बस यही अवसर होता है जब एकादशी को मां अपने चरणों का दर्शन कराती हैं। यह माना जाता है कि मां के चरण दर्शन करने से हर मनोकामना पूरी होती है। कहा जाता है कि मां के चरण दर्शन से दुखों का नाश हो जाता है और सम्पत्ति प्राप्त होती है।

पं. शुभम ने सुनाई श्रीमद्भागवत कथा

कथा सुनाते पं. शुभम मिश्रा।

अमृत विचार, लखनऊ : चौक समाचार पत्र वितरक कल्याण समिति के चौक डिपो के वितरक सत्य प्रकाश दीक्षित ने भुइयां देवी मंदिर मल्लापुर में श्रीमद्भागवत कथा और भंडारे का आयोजन किया। चौक डिपो के अध्यक्ष प्रदीप कुमार वर्मा ने बताया कि 10 अप्रैल से 18 अप्रैल तक कथा करने वाले नैमिष धाम के पंडित शुभम मिश्रा ने बहुत शानदार अंदाज में कथा सुनाई। श्रीमद्भागवत कथा में क्षेत्र के नागरिकों ने हर्षोल्लास के साथ श्रीमद्भागवत की कथा सुनी। राधा रानी की असीम कृपा एवं अतुल्य आशीर्वाद लोगों ने प्राप्त किया। इस मौके पर रमाकांत शुक्ला, वेद प्रकाश तिवारी, अंकुर दीक्षित, राजेंद्र सिंह, संजय अवस्थी, विनीत शुक्ला, नीरज शुक्ला, संदीप बाजपेई, आदेश शुक्ला, रामकिशोर मिश्रा, अखिलेश दीक्षित और राहुल यादव आदि ने सहयोग किया।

श्याम ज्योत मंडल कल कराएगा सात कन्याओं का विवाह

अमृत विचार, लखनऊ : श्याम ज्योत मंडल की ओर से 21 अप्रैल को सात कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम रविवार को महाराजा अग्रसेन विद्यालय मोतीनगर में होगा। मंडल के मीडिया प्रभारी अनुपम मित्तल ने बताया कि अपराह्न एक बजे धूमधाम से बरात निकाली जाएगी। दोपहर तीन बजे पाणिग्रहण संस्कार होगा। सांयकाल सात बजे आशीर्वचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा।

विकेट के पीछे छक्का मारना रहा अद्भुत

अमृत विचार, लखनऊ : एमएस धोनी ने शुक्रवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ छोटी लेकिन आक्रामक पारी खेली। मात्र नौ गेंदों में दो छक्कों और तीन चौकों की से उन्होंने 28 रन बनाए। अपनी पारी के दौरान उन्होंने एक ऐसा शॉट लगाया, जिसे देखकर सभी हैरान रह गए। अभी तक माही का हेलीकॉप्टर शॉट तो देखा था, लेकिन यह शॉट तो कुछ अलग ही था। हर मैच में फैन्स को माही मैजिक का इंतजार रहता है। धोनी ने दिल्ली के खिलाफ भी शानदार बैटिंग की थी। पिछले मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ धोनी ने हार्दिक पांड्या के खिलाफ एक के बाद एक तीन छक्के मारे।

4000 में बिका 1200 वाला टिकट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- इकाना स्टेडियम के बाहर क्रिकेट मैच के टिकटों की कालाबाजारी

अमृत विचार : इकाना स्टेडियम में लखनऊ जायंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स मैच में टिकट की खूब कालाबाजारी हुई। 1200 रुपये वाला टिकट 4000 हजार रुपये तक में बेचा गया। पुलिस लगी होने के बावजूद टिकटों की कालाबाजारी होती रही।

स्टेडियम के बाहर महेंद्र सिंह धोनी और उनकी टीम चेन्नई सुपर किंग्स के प्रशंसक ज्यादा थे। इसी का फायदा टिकट ब्लैक करने वालों ने उठाया। दोपहर में ही भीड़ के बीच टिकट ब्लैक करने वाले घूमने लगे। 1200 रुपये वाला टिकट पहले 2500 रुपये में बिका। मांग बढ़ने पर यही टिकट 4000 रुपये तक में बेचा गया। ब्लैक करने वालों के पास एक दो नहीं 10 तक टिकट उपलब्ध करा रहे थे। एक क्रिकेट प्रेमी ने बताया कि महेंद्र सिंह धोनी का प्रशंसक है। कई दिनों से प्रयास कर रहे थे लेकिन ऑनलाइन टिकट नहीं मिला। धोनी का मैच देखने के लिए 1200 रुपये वाला टिकट 2200 रुपये में खरीदा है।

ये बहाना बनाकर बेचते रहे टिकट

- दोस्तों को मैच देखने आना था, लेकिन आया नहीं, मैं अकेला हूं
- दूसरे ब्लॉक की टिकट बुक हो गई है, वीआईपी लांज की लेनी थी
- अचानक से जरूरी काम आ गया है, फैमिली वापस घर जा रही है
- घर में दिक्कत हो गई, परिवार मैच देखने नहीं आ सका है
- ऐसे ही टिकट बुक कर लिया है अब मैच देखने का मन नहीं है

एपी सेन कॉलेज ने गठित किया कल्चरल क्लब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- क्लब का नाम अतुल प्रसाद सेन सांस्कृतिक मंच रखा गया

अमृत विचार : नव संवत्सर के स्वागत और भारतीय सांस्कृतिक धरोहर को संवर्धित के उद्देश्य से एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज में कल्चरल क्लब गठित किया गया। भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह, कुलसचिव डॉ. सृष्टि धवन, उच्च शिक्षा अधिकारी प्रो. सुधीर कुमार, एपी सेन कॉलेज की प्राचार्य प्रो. रचना श्रीवास्तव और क्लब प्रभारी डॉ. ऋचा मुक्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर क्लब की शुरुआत की।

एपी सेन कॉलेज में स्थापित कल्चरल क्लब का नाम अतुल प्रसाद सेन सांस्कृतिक मंच रखा गया है। डॉ. अनुपमा त्रिपाठी ने अपने वक्तव्य में इस नाम के औचित्य पर बात की। कल्चरल क्लब की ओर से महाविद्यालय में एक प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें पाखी भारद्वाज ने प्रथम, अंशिका वर्मा ने द्वितीय तथा प्रीति यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की एमए संस्कृत की छात्रा कृति श्रीवास्तव द्वारा बनाए गए लोगों को सर्वसम्मति से चुना गया। लोगो के गूढ़ अर्थ पर प्रभारी डॉ. ऋचा मुक्ता ने विस्तार से चर्चा की।

भारतीय परंपरा और संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ कालेज की छात्रा संजना तिवारी ने तैयार की है। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट रुचि शुक्ला ने गणेश वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रो. मोनिका श्रीवास्तव के निर्देशन में मोटे अनाज द्वारा निर्मित स्वादिष्ट व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाकर छात्राओं ने सबकी वाहवाही लूटी।

क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी प्रो. सुधीर कुमार ने भारतीय परंपरा के वैज्ञानिक पक्षों की जानकारी देते हुए कॉलेज के प्रयासों को सराहा। कुलसचिव डॉ. सृष्टि धवन ने भारतीय परंपरा की विशेष जानकारी से छात्राओं को अवगत कराते हुए कालेज के इतिहास के लिए आज के दिन को गौरवशाली बताया।

कालेज की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रिचा मुक्ता के निर्देशन में शोधरत छात्रा गजाला को आईसीएसएसआर में फेलोशिप के लिए चयनित होने और 2021 में पांच मेडल प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया गया।

फिल्मी हस्तियों ने बढ़ाई समारोह की रौनक

अमृत विचार, लखनऊ : कानपुर रोड स्थित सिटी मोन्टेसरी स्कूल के ऑडिटोरियम में अंतर्राष्ट्रीय बाल फिल्मोत्सव चल रहा है। इसमें 91 देशों की शिक्षात्मक व प्रेरणादायी फिल्मों का प्रदर्शन चल रहा है। यहां पहुंचे छात्रों, शिक्षकों व अभिभावकों ने कहा कि सीएमएस का यह बाल फिल्मोत्सव अनूठा है इससे किशोर व युवा पीढ़ी को स्वस्थ मनोरंजन प्रदान करने के साथ जीवन मूल्यों व चारित्रिक उत्कृष्टता की शिक्षा भी मिल रही है। अभिभावकों ने कहा कि कहना था कि हर चीज किताबों या घर पर नहीं सीखी जा सकती। देश-विदेश की इन बाल फिल्मों में जीवन के विविध आयाम समाए हैं।यह छात्रों को सही व गलत का चुनाव करने की योग्यता प्रदान करेंगे। इस सात-दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव में 91 देशों की 500 से अधिक शिक्षात्मक बाल फिल्में नि:शुल्क प्रदर्शित की जा रही हैं।

DARA CHEMICALS
"हरफनकार की फिरती को ताकत देते हैं हम"
H.O.: SCF-4, 2nd floor, New Housing Board Colony, Barnala Road, Sirsa, Haryana 125055 Website: www.darachemicals.com
Email: support@darachemicals.com
Helpline: 079881-31647

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के आदेश S.O.2900 (E) दिनांक 24.10.2015 के क्रम में सूचित करना है कि हम अपने संयंत्र में निम्न 100 प्रतिशत ग्रेड पानी में घुलनशील उर्वरक बनाकर आपके जिले के किसानो को उपरोक्त आदेश का पालन करते हुए वितरित करना चाहते है। सूचनार्थ आपकी सेवा में प्रेषित। उर्वरक ग्रेड निम्न प्रकार से प्रतिशत में दिए है।

N.P.K
19:19:19

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियन्ता कर्मशाला, उत्तर रेलवे, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते हैं।

1	**निविदा सूचना संख्या :** विद्युत/डब्ल्यू./आलमबाग/178/2024-25
क	**कार्य का विवरण :** कैरेज वर्कशाप आलमबाग लखनऊ के आई. ओ. टी. उपकरणों द्वारा विद्युत एसेट्स जैसे- शेड लाईट्स, सबस्टेशनस की निगरानी एवं कण्ट्रोल के प्रावधान का कार्य।
ख	**अनुमानित लागत :** रु. 1,57,44,433.10
ग	**धरोहर राशि :** रु. 2,28,700/-
घ	**निविदा प्रपत्र मूल्य :** शून्य
ड.	**कार्य समापन अवधि :** बारह माह
अन्य सूचना	
2	**निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि एवम समय :** 11.05.2024 को अपरान्ह 13:00 बजे तक।
3	**निविदा खुलने की तिथि व समय :** 11.05.2024 को अपरान्ह 13:00 बजे के बाद।

• निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा निर्धारित तिथि के अनुसार भरा जा सकता है। • मैनुअल आफर पर विचार नहीं किया जायेगा। • निविदाकर्ता निविदा फार्म की धरोहर राशि का भुगतान केवल www.ireps.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान प्रणाली द्वारा ही किया जायेगा। • डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/डिपॉजिट रसीद/एफ.डी.आर. या अन्य किसी रूप में निविदा धरोहर धनराशि का भुगतान स्वीकार नहीं किया जायेगा। • प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे संबन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा।

सं.: विद्युत/डब्ल्यू./आलमबा/178/2024-25 दिनांक: 19.04.2024 1186/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

तार से निकली चिंगारी, पांच बीघा फसल जली

निगोहां और दुबग्गा थानाक्षेत्र में किसानों को हुआ नुकसान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : निगोहां थाना क्षेत्र के उतरांवा गांव में किसान के फॉर्म में शुक्रवार को आग लग गई। हादसे में करीब तीन बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। वहीं, दुबग्गा के इटौली गांव में दो बीघे गेंहू की फसल का आग लगने से नुकसान हुआ है।

निगोहां के कुर्मिनखेड़ा गांव में किसान रामकुमार वर्मा के फॉर्म में तारों से निकली चिंगारी गिरने से आग लग गई। हादसे की सूचना रामकुमार ने दमकल को दी। इसके बाद वह ग्रामीणों की मदद से बोरवेल की सहायता से आग बुझाने में जुट गए। इस बीच घटनास्थल पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कुछ देर में आग बुझा ली। तब तक करीब तीन बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो चुकी थी। इतना ही नहीं फार्महाउस के किनारे लगे आम और नींबू के पेड़ भी जल गए।

ग्रामीणों ने खेतों के ऊपर से गुजरी हाइटेंशन लाईन से निकली चिंगारी के कारण आग लगने की आशंका जताई है। उधर, दुबग्गा के इटौली गांव में शुक्रवार दोपहर किसान शंकर यादव के खेत में आग लग गई। यह देख शंकर व अन्य लोगों ने आनन-फानन सबमर्सिबल से आग बुझाना शुरू कर दिया। आधे घंटे में लोगों ने आग पर काबू पा लिया। मगर तब तक उनकी दो बीघा गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। लोगों के मुताबिक किसी ने बीड़ी य सिगरेट पीकर खेत के पास डाल दी, जिस कारण आग लगी है। लेखपाल अनूप कुमार शुक्ला के मुताबिक जली हुई फसल की अधिकारियों को रिपोर्ट भेज कर पीड़ित को उचित मुआवजा दिलाया जाएगा।

निगोहां के कुर्मिनखेड़ा गांव में जलती गेहूं की फसल। अमृत विचार

वन विभाग मुख्यालय के जंगल में लगी आग

नरही स्थित वन विभाग मुख्यालय के जंगल में शुक्रवार रात आग लग गई। आग की लपट देख अफरा- तफरी मच गई। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने दो गाड़ियों की मदद से एक घंटे में आग पर काबू पा लिया। आग लगने से कोई हताहत नहीं हुआ है। एफएसओ राम कुमार रावत ने बताया कि आग लगने का कारण नहीं पता चल सका है।

कबाड़ गोदाम में लगी आग

ठाकुरगंज के फरीदीपुर निवासी रईस का उसी इलाके में कबाड़ का गोदाम है। शुक्रवार को कारोबार के सिलसिले में बाहर गए थे। गोदाम बंद था। रात 8 बजे गोदाम से धुआं और आग लपटें निकलती देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी। भूहर चौकी इंचार्ज शुभम त्यागी ने बताया कि पंप से पानी डालकर पुलिसकर्मियों और स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पा लिया। पुलिस ने गोदाम मालिक रईस को फोन कर आग लगने की सूचना दी। पुलिस के मुताबिक गोदाम में रखी कई पुरानी बाइकों समेत कबाड़ का काफी समान जल गया है। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका।

कंट्रोल रूम की व्यवस्था से संतुष्ट नजर आये प्रेक्षक

अमृत विचार, हरदोई : लोकसभा चुनाव हेतु हरदोई लोकसभा क्षेत्र के व्यय प्रेक्षक टीई श्रीकांत व मिश्रिख लोकसभा के व्यय प्रेक्षक अजॉय कुमार मजूमदार ने जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह व अन्य अधिकारियों के साथ शुक्रवार को निर्वाचन कार्यालय, एमसीएमसी व कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। निर्वाचन कार्यालय के निरीक्षण में उन्होंने सिंगल विंडो कक्ष के कार्यों को देखा। एमसीएमसी कक्ष के निरीक्षण के दौरान उन्होंने इलेक्ट्रोनिक व प्रिंट मीडिया निगरानी व्यवस्था देखी। उन्होंने शिकायत निस्तारण व्यवस्था के बारे में जाना। शिकायत निस्तारण की व्यवस्था से प्रेक्षक संतुष्ट नजर आये।

तीन एथलीट्स को किया गया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : इंस्टेंट एनर्जी ड्रिंक डाबर ग्लूकोज ने शुक्रवार को बीपी हलवासिया मेमोरियल इंडियन पैरा जूडो अकादमी में विशेष सत्र का आयोजन किया।

इसमें एथलीट्स को एनर्जी एवं स्टेमिना बढ़ाने के तरीके बताए गए। डाबर इंडिया के कार्पोरेट कम्युनिकेशन मैनेजर दिनेश कुमार, जूडो एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव मुनव्वर अंजार, एनआईएस मुख्य कोच भारतीय जूडो सुषमा अवस्थी मौजूद रहे। डाबर ने एकेडमी के टॉप एथलीट्स कार्तिक मिश्रा, अभिषेक यादव व रोजी को सम्मानित भी किया।

नाले पर पत्थर न होने से लोग हो रहे चोटिल

मानपुर, सीतापुर, अमृत विचार : क्षेत्र के ग्राम बिरैचा में गांव के बाहर कैथी तालाब से लेकर श्यामलाल के मकान तक पुरानी पुलिया तोड़ कर नाले का निर्माण कर दिया गया, लेकिन दोबारा पुलिया नहीं बनाई गई और न ही नाले को सीमेंट के पत्थरों से ढका गया। ऐसे में स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि कई लोग नाले को पार करते समय गिरकर चोटिल हो गये हैं। नाले के पास ही रहने वाले दयाराम पुत्र मनोहर ने बताया की हमने आईजीआरएस के माध्यम से एक अप्रैल को बीडीओ साहब से शिकायत की थी, लेकिन अभी भी मेरी शिकायत लंबित है।

पोर्टल पर की जाती है सोलर पंप की बुकिंग

हरदोई, अमृत विचार। कृषि विभाग द्वारा छूट पर सोलर पंप लगाए जा रहे हैं, लेकिन इस योजना की आड़ में कुछ ठग लोगों को फोन कर ठगने का काम कर रहे हैं। फोन पर वह अंशदान जमा कराने की बात कर रहे हैं। इसकी शिकायत मिलने पर कृषि उप निदेशक ने कृषकों को सतर्क किया है।

उप निदेशक कृषि डॉ. नन्द किशोर ने बताया है कि जनपद के कृषकों के द्वारा कृषि विभाग के पोर्टल पर सोलर पम्प की बुकिंग करायी गयी है। कुछ फर्जी संस्थाओं/व्यक्तियों द्वारा कृषकों को फोन करके सोलर पम्प के कृषक अंश की धनराशि हेतु खाता संख्या एवं आईएफएससी कोड इत्यादि उपलब्ध करा कर जमा करने हेतु अनुरोध किया जा रहा है। यह संज्ञान में आया है कि वर्तमान समय में जनपद के कुछ कृषकों को मोबाइल नम्बर से फोन करके खाता संख्या उपलब्ध कराते हुये पैसा जमा करने हेतु कहा जा रहा है। उन्होंने कृषकों से कहा है कि इस तरह से फोन के माध्यम से दूरभाष पर बात कर कृषक अंश धनराशि जमा करने के लिये कहने वालो से सतर्क रहे तथा इनकी बातों में न आयें। सोलर पम्प की बुकिंग विभागीयपोर्टल के माध्यम से की जाती है एवं कन्फर्म टोकन की धनराशि भी पोर्टल से जनरेट चालान/ऑनलाइन के माध्यम से जमा की जाती है।

बिलों में हेराफेरी करने पर कंपनी ने कर्मचारी को दी चार्जशीट

सीतापुर, अमृत विचार। बिसवां कोतवाली क्षेत्र में कदुनी स्थित रेडिको खेतान प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में कंपनी के ही एक अधिकारी द्वारा बिलों में हेरा फेरी करने के आरोप में कंपनी द्वारा उसे चार्जसीट दी गई है। वही हेरा फेरी करने वाले अधिकारी की पत्नी अनुराधा शर्मा ने सरोजिनी नगर लखनऊ थाने में एक तहरीर देकर कहा है कि उसके पति को जबरन फंसाया जा रहा है।

शुक्रवार को कंपनी के अधिशाषी अधिकारी हरीशंकर शुक्ल ने एक प्रेस वार्ता में बताया कि बीते दो वर्षों से कंपनी में सहायक प्रबंधक एडमिन के पद पर कार्य कर रहे उदित भट्ट के बिलों में कुछ हेरा फेरी की शिकायत एकाउंट टीम द्वारा मिली थी। जिसकी जांच करने के लिए प्रधान कार्यालय दिल्ली से एक टीम भेजी गई थी। जांच के दौरान उक्त अधिकारी उपस्थित नहीं हुआ। कंपनी के निर्देश पर कंपनी के लीगल अधिकारी विशाल शर्मा को उनके घर पर नोटिस देने के लिए भेजा गया जो कंपनी की गाड़ी से वहां पहुंचे और उनके घर बेल बजाई जिससे उनके पिता घर से बाहर निकाल कर आए पिता से उन्होंने बताया उदित भट्ट कहां है। नाराज उदित भट्ट ने अपनी पत्नी से थाना सरोजिनी नगर में विशाल शर्मा के खिलाफ अभद्रता की तहरीर दिला दी। जो की पूर्ण रूप से निराधार है। अधिशासी अधिकारी ने बताया उदित भट्ट के बिलों की हेरा फेरी की जांच की जा रही है।

महिला कलाकारों ने प्रदर्शनी में दिखाई प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लाल बारादरी स्थित राज्य ललित अकादमी में शुक्रवार को आर्ट बाई हार्ट नाम से आठ महिला कलाकारों की प्रदर्शनी शुरू हुई। वरिष्ठ रंगकर्मी और फिल्म अभिनेता डॉ. अनिल रस्तोगी और वरिष्ठ चित्रकार राजीव मिश्रा ने इस प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

अकादमी की कला वीथिका में प्रदर्शित चित्रों में महिलाओं ने कैनवस पर अपनी रचनात्मकता की कहानी लिखी है। महिलाओं ने प्रकृति के विभिन्न रूप चुने हैं। महिलाओं की आजादी को दर्शाया है। कला के विभिन्न कोणों पर अपनी पकड़ साबित की है। इन चित्रों में एक्रेलिक माध्यम की सुन्दरता नजर आती है। मधुबनी लोक कला की जीवंतता देखने को मिलती है।

प्रदर्शनी में अंजली पाण्डेय, विनीता रस्तोगी, कल्पना चौधरी, ममता प्रकाश श्रीवास्तव, शिखा बनर्जी, सुमिता सिद्धार्थ, वीना सिंह और विभा तिवारी ने अपनी कला प्रतिभा को प्रस्तुत किया है। सभी महिला कलाकार गृहणियां हैं लेकिन उनके चित्र व्यवसायिक कलाकारों के जैसे ही हैं।

डॉ. अनिल रस्तोगी ने यहां कहा कि महिलाओं की यह प्रदर्शनी अच्छी है। उन्होंने जो सोचा उसे कैनवस पर उतारा। अपने घर के काम से वक्त निकालकर कला को समय देना सराहनीय है। वरिष्ठ चित्रकार राजीव मिश्रा ने कहा कि महिलाओं का काम बहुत अच्छा है। उन्होंने इस काम को जारी रखने की सलाह देते हुए घोषणा की कि बहुत जल्दी इन सभी महिलाओं के लिए अपने स्टूडियो में वाश कला की कार्यशाला का आयोजन करेंगे।

ललित कला अकादमी में सात महिला कलाकारों द्वारा लगाई गई पेटिंग प्रदर्शनी का अवलोकन करते डॉ. अनिल रस्तोगी। अमृत विचार

आर्ट बाई हार्ट

अवैध प्रसव केंद्र पर सीएचसी अधीक्षक ने मारा छापा

लहरपुर। नगर में अवैध रूप से संचालित हो रहे प्रसव केंद्रों की शिकायत पर बृहस्पतिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर आनंद मित्रा के नेतृत्व में डॉ प्रज्ञा शरण,डॉक्टर प्रणव, डॉक्टर विजय प्रताप व स्वास्थ्य टीम ने नगर के मोहल्ला इंदिरा नगर स्थित शीबा बानो द्वारा संचालित प्रसव केंद्र पर छापा मारा। जो बंद पाया गया। इससे पूर्व भी डॉ आनंद मित्रा व स्वास्थ्य विभाग ने इंदिरा नगर स्थित शीबा बानो के प्रसव केंद्र पर छापा मारा था और प्रसव केंद्र के बंद पाए जाने पर पर डॉ. आंनद मित्रा ने चार दिनों के भीतर प्रसव केंद्र के अभिलेखों को कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश की नोटिस चिपकाई थी, जो बृहस्पतिवार को जांच के दौरान फटी पाई गई। अधीक्षक डॉक्टर आनंद मित्रा ने बताया कि जांच के दौरान एक बार फिर केंद्र बंद पाया गया है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में कोई भी अवैध रूप से प्रसव केंद्र संचालित नहीं होने दिया जाएगा।

शराबी ने मंदिर में की तोड़ फोड़, प्रधान ने दी तहरीर

पिसावां, सीतापुर, अमृत विचार। शराबी व्यक्ति ने शराब के नशे में धुत होकर गांव में स्थित मंदिर में जमकर तोड़फोड़ की। आस्थाओं को आहत पहुंचाने वाली घटना का जब ग्रामीणों ने विरोध किया तो शराबी हमलावर भी हो गया। ऐसे में ग्रामीणों की भीड़ बढ़ने लगी तो शराबी मौके से भाग निकला। मामले को लेकर ग्राम प्रधान ने स्थानीय पुलिस को तहरीर ही है।

मामला पिसावां थाना क्षेत्र के दुबावा का बताया जा रहा है। शुक्रवार को गांव में स्थित पौराणिक शिव मंदिर बाबा तुरंतनाथ मंदिर पर गांव निवासी नरेशचंद्र उर्फ कक्का पुत्र छुटकऊ ने शराब के नशे में धुत होकर मंदिर परिसर में तोड़फोड़ शुरू कर दी। इस दौरान शराबी व्यक्ति ने शिवलिंग सहित अन्य मूर्तियों को भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। आस्था को आहत करने वाली घटना को देखकर जब ग्रामीणों ने मौके पर उक्त कार्य का विरोध किया तो शराबी व्यक्ति ने शिव त्रिशूल लेकर मार देने की धमकी दी। घटना को लेकर गांव के प्रधान कुशाग्र दीक्षित ने स्थानीय पुलिस को संबंधित व्यक्ति के खिलाफ तहरीर दी है। घटना से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

अराजकता

- मामला पिसावां क्षेत्र के दुबावा गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर का
- ग्रामीणों के विरोध पर शराबी हुआ हमलावर, प्रधान ने दी तहरीर

प्रशिक्षण में गैरहाजिर मतदान कार्मिकों पर होगी कार्रवाई

सीतापुर, अमृत विचार। जिला विकास अधिकारीध्सहायक प्रभारी अधिकारी (मतदान कार्मिक) सीतापुर हरिश्चन्द्र प्रजापति ने बताया है कि मतदान कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण शुक्रवार को जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल, खैराबाद में दो पालियों में 10 बजे से 1 बजे तक तथा 2 बजे से 5 बजे तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में कुल 2400 मतदान अधिकारी प्रथम के सापेक्ष 76 मतदान अधिकारी प्रथम अनुपस्थित रहे। जिनके संबंध में संबंधित कार्मिकों के कार्यालयाध्यक्षों से अपेक्षित है कि इन कार्मिकों को आज शनिवार को प्रथम पाली में प्रशिक्षण हेतु उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया जाये, यदि इनके द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया जाता है तो सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत संबंधित कार्मिक के विरूद्ध कार्यवाही कर दी जायेगी।

ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ-2024 की संख्या में वृद्धि

पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेल सेवाओं के साथ–साथ निम्नलिखित अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन रेल सेवाएं भी निम्नानुसार संचालित की जायेंगी :–

01083/01084 लोकमान्य तिलक (ट) – गोरखपुर – लोकमान्य तिलक (ट) विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे

गाड़ी सं. 01083 आगमन	गाड़ी सं. 01083 प्रस्थान	स्टेशन	गाड़ी सं. 01084 आगमन	गाड़ी सं. 01084 प्रस्थान
---	23:50	लोकमान्य तिलक (ट)	00:25	---
04:20	04:30	लखनऊ	19:45	19:55
09:30	---	गोरखपुर	---	15:30

चलने के दिन : 01083 लोकमान्य तिलक (ट) से दिनांक 20.04.2024 को तथा 01084 गोरखपुर से दिनांक 22.04.2024 को
स्थान : शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : ठाणे, कल्याण जं., नाशिक रोड, मनमाड जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., भोपाल, बीना जं., विरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा जं. एवं बस्ती स्टेशन।

03415/03416 मालदा टाउन – लालकुआँ – मालदा टाउन विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 20 फेरे

गाड़ी सं. 03415 आगमन	गाड़ी सं. 03415 प्रस्थान	स्टेशन	गाड़ी सं. 03416 आगमन	गाड़ी सं. 03416 प्रस्थान
---	17:15	मालदा टाउन	23:45	---
06:10	06:15	वाराणसी	09:40	09:45
19:05	---	लालकुआँ	---	21:05

चलने के दिन : 03415 मालदा टाउन से दिनांक 24.04.2024 से 26.06.2024 (प्रत्येक बुधवार) तथा 03416 लालकुआँ से दिनांक 25.04.2024 से 27.06.2024 (प्रत्येक गुरूवार) तक।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : बड़हरवा, साहिबगंज जं., भागलपुर, सुलतानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं., पटना जं., आरा, बक्सर, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी, लखनऊ, बरेली, बरेली सिटी, इज्ज़तनगर एवं किच्छा स्टेशन।

02396 आनंद विहार (ट)–धनबाद सुपरफास्ट एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी

स्टेशन	गाड़ी सं. 02396 आगमन	गाड़ी सं. 02396 प्रस्थान
आनंद विहार (ट)	---	19:20
धनबाद	16:45	---

चलने के दिन : 02396 आनंद विहार (ट) से दिनांक 20.04.2024 को
स्थान : 2 टियर वाता. एवं शयनयान
ठहराव : नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जं. गोमो, पारसनाथ, हजारीबाग रोड, कोडरमा, पहाड़पुर, गया जं., डेहरी ऑनसोन, सासाराम, भभुआ रोड, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं. एवं कानपुर सेंट्रल स्टेशन।

09523/09524 ओखा – दिल्ली सराय रोहिल्ला – ओखा सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 20 फेरे

गाड़ी सं. 09523 आगमन	गाड़ी सं. 09523 प्रस्थान	स्टेशन	गाड़ी सं. 09524 आगमन	गाड़ी सं. 09524 प्रस्थान
---	10:00	ओखा	13:50	---
10:20	---	दिल्ली सराय रोहिल्ला	---	13:20

चलने के दिन : 09523 ओखा से दिनांक 23.04.2024 से 25.06.2024 (प्रत्येक मंगलवार) तथा 09524 दिल्ली सराय रोहिल्ला से दिनांक 24.04.2024 से 26.06.2024 (प्रत्येक बुधवार) तक।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : द्वारका, खंभालिया, जामनगर, हापा, राजकोट जं., सुरेन्द्रनगर, विरमगाम जं., महेसाना जं., ऊंझा, सिद्धपुर, पालनपुर जं., आबूरोड, फालना, मारवाड़ जं., ब्यावर, अजमेर, किशनगढ़, जयपुर, गांधी नगर जयपुर, दौसा जं., बाँदीकुई, अलवर, रेवाड़ी, गुड़गांव एवं दिल्ली कैंट स्टेशन।

06071/06072 कोच्चुवेली – ह. निज़ामुद्दीन – कोच्चुवेली सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 13 फेरे

गाड़ी सं. 06071 आगमन	गाड़ी सं. 06071 प्रस्थान	स्टेशन	गाड़ी सं. 06072 आगमन	गाड़ी सं. 06072 प्रस्थान
---	14:15	कोच्चुवेली	07:10	---
20:40	---	ह. निज़ामुद्दीन	---	04:10

चलने के दिन : 06071 कोच्चुवेली से तत्काल प्रभाव से दिनांक 31.05.2024 (प्रत्येक शुक्रवार) तक तथा 06072 ह. निज़ामुद्दीन से दिनांक 22.04.2024 से 03.06.2024 (प्रत्येक सोमवार) तक।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : कोल्लम जं., कायमकुलम जं., चेंगन्नूर, तिरुवल्ला, कोट्टयम, एरणाकुलम टाउन, आलुवा, तृश्शूर, पालक्काड जं., कोयम्बत्तूर जं., तिरुप्पूर, ईरोड जं., सेलम जं., जोलारपेट्टै, काटपाडी जं., चित्तूर, तिरुपति, रेणिगुंटा जं., गूडूर जं., ओंगोल, विजयवाड़ा जं., वरंगल, बल्हारशाह, नागपुर, बैतूल, इटारसी जं., भोपाल, बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर, आगरा कैंट एवं मथुरा जं. स्टेशन।

01667/01668 रानी कमलापति–माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. – रानी कमलापति एक्स. विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 20 फेरे

गाड़ी सं. 01667 आगमन	गाड़ी सं. 01667 प्रस्थान	स्टेशन	गाड़ी सं. 01668 आगमन	गाड़ी सं. 01668 प्रस्थान
---	09:20	रानी कमलापति	15:35	---
20:15	20:25	लखनऊ	04:50	04:55
23:45	---	माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं.	---	01:05

चलने के दिन : 01667 रानी कमलापति से दिनांक 22.04.2024 से 24.06.2024 (प्रत्येक सोमवार) तथा 01668 माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ से दिनांक 23.04.2024 से 25.06.2024 (प्रत्येक मंगलवार) तक।
स्थान : 3 टियर वाता.
ठहराव : भोपाल, विदिशा, बीना जं., ललितपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, उरई, भीमसेन, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, रायबरेली जं. एवं अमेठी स्टेशन।

09044 बरौनी जं. – बान्द्रा टर्मिनस अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी

स्टेशन	गाड़ी सं. 09044 आगमन	गाड़ी सं. 09044 प्रस्थान
बरौनी जं.	---	10:20
बाराबंकी जं.	01:33	01:35
बान्द्रा टर्मिनस	07:05	---

चलने के दिन : 09044 बरौनी जं. से दिनांक 20.04.2024 को
स्थान : सामान्य
ठहराव : समस्तीपुर जं., मुज़फ़्फ़रपुर जं., बापूधाम मोतिहारी, नरकटियागंज जं., गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., बाराबंकी जं., ऐशबाग, कानपुर सेंट्रल, इटावा जं., टूण्डला जं., आगरा किला, बयाना जं., गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, कोटा जं., नागदा जं., रतलाम जं., गोधरा जं., वडोदरा जं., भरुच जं., सायण, सूरत, वापी, बोईसर एवं बोरीवली स्टेशन।

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों की समय–सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

09016 भागलपुर–वलसाड विशेष रेलगाड़ी

स्टेशन	गाड़ी सं. 09016 आगमन	गाड़ी सं. 09016 प्रस्थान
भागलपुर	---	05:00
लखनऊ	00:30	00:40
वलसाड	02:30	---

चलने के दिन : 09016 भागलपुर से दिनांक 20.04.2024 को
स्थान : शयनयान
ठहराव : सुलतानगंज, मुंगेर, बेगूसराय, बरौनी, समस्तीपुर, मुज़फ़्फ़रपुर, चकिया, बापूधाम मोतिहारी, सगौली, बेतिया, नरकटियागंज, गोरखपुर, बस्ती, गोंडा, बाराबंकी, लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, फ़र्रुखाबाद, मैनपुरी जं., शिकोहाबाद जं., टूण्डला, आगरा किला, भरतपुर, गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, कोटा, रतलाम, दाहोद, गोधरा, वडोदरा, भरुच, अंकलेश्वर, सायण, सूरत एवं उधना स्टेशन।

09032 गोरखपुर–वलसाड अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी

स्टेशन	गाड़ी सं. 09032 आगमन	गाड़ी सं. 09032 प्रस्थान
गोरखपुर	---	05:00
लखनऊ	10:30	10:40
वलसाड	12:30	---

चलने के दिन : 09032 गोरखपुर से दिनांक 20.04.2024 को
स्थान : सामान्य
ठहराव : बस्ती, गोंडा, बाराबंकी, लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, फ़र्रुखाबाद, मैनपुरी जं., शिकोहाबाद जं., टूण्डला, आगरा किला, भरतपुर, गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, कोटा, रतलाम, दाहोद, गोधरा, वडोदरा, भरुच, अंकलेश्वर, सायण, सूरत एवं उधना स्टेशन।

09048 मालदा टाउन–उधना अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी

स्टेशन	गाड़ी सं. 09048 आगमन	गाड़ी सं. 09048 प्रस्थान
मालदा टाउन	---	20:00
बाराबंकी	21:33	21:35
उधना	01:00	---

चलने के दिन : 09048 मालदा टाउन से दिनांक 21.04.2024 को
स्थान : सामान्य
ठहराव : साहिबगंज ज., भागलपुर, सुलतानगंज, मुंगेर, बेगूसराय, बरौनी जं., समस्तीपुर जं., मुज़फ़्फ़रपुर जं., बापूधाम मोतिहारी, नरकटियागंज जं., गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., बाराबंकी जं., ऐशबाग, कानपुर सेंट्रल, इटावा जं., टूण्डला जं., आगरा किला, बयाना जं., गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, कोटा जं., नागदा जं., रतलाम जं., गोधरा जं., वडोदरा जं., भरुच जं., सायण एवं सूरत स्टेशन।

07031/07032 सिकंदराबाद – ह. निज़ामुद्दीन – सिकंदराबाद विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 22 फेरे

गाड़ी सं. 07031 आगमन	गाड़ी सं. 07031 प्रस्थान	स्टेशन	गाड़ी सं. 07032 आगमन	गाड़ी सं. 07032 प्रस्थान
---	20:45	सिकंदराबाद	06:30	---
02:00	---	ह. निज़ामुद्दीन	---	04:00

चलने के दिन : 07031 सिकंदराबाद से दिनांक 21.04.2024 से 30.06.2024 (प्रत्येक रविवार) तथा 07032 ह. निज़ामुद्दीन से दिनांक 23.04.2024 से 02.07.2024 (प्रत्येक मंगलवार) तक।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : काजीपेट, रामगुंडम, मंचिर्याल, बेल्लमपल्ली, सिरपूरकागजनगर, बल्हारशाह, नागपुर, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर एवं आगरा छावनी स्टेशन।

07621/07622 हजूर साहिब नान्देड – ह. निज़ामुद्दीन – हजूर साहिब नान्देड विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 04 फेरे

गाड़ी सं. 07621 आगमन	गाड़ी सं. 07621 प्रस्थान	स्टेशन	गाड़ी सं. 07622 आगमन	गाड़ी सं. 07622 प्रस्थान
---	08:45	हजूर साहिब नान्देड	00:35	---
14:00	---	ह. निज़ामुद्दीन	---	21:40

चलने के दिन : 07621 हजूर साहिब नान्देड से दिनांक 20.04.2024 से 27.04.2024 (प्रत्येक शनिवार) तथा 07622 ह. निज़ामुद्दीन से दिनांक 21.04.2024 से 28.04.2024 (प्रत्येक रविवार) तक।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : पूर्णा, परभणी, सेलू, परतूर, जालना, औरंगाबाद, मनमाड़, जलगांव, भुसावल, खंडवा, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर, आगरा छावनी एवं मथुरा जं. स्टेशन।

05583/05584 रक्सौल – आनंद विहार (ट) – रक्सौल एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे

गाड़ी सं. 05583 आगमन	गाड़ी सं. 05583 प्रस्थान	स्टेशन	गाड़ी सं. 05584 आगमन	गाड़ी सं. 05584 प्रस्थान
---	13:30	रक्सौल	05:30	---
03:45	03:55	मुरादाबाद	13:00	13:10
07:15	---	आनंद विहार (ट)	---	09:00

चलने के दिन : 05583 रक्सौल से दिनांक 20.04.2024 को तथा 05584 आनंद विहार (ट) से दिनांक 21.04.2024 को
स्थान : शयनयान
ठहराव : नरकटियागंज जं., बगहा, गोरखपुर, बस्ती, गोंडा, सीतापुर, मुरादाबाद एवं गाज़ियाबाद स्टेशन।

05537/05538 दरभंगा जं. – दौराई – दरभंगा जं. एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 18 फेरे

गाड़ी सं. 05537 आगमन	गाड़ी सं. 05537 प्रस्थान	स्टेशन	गाड़ी सं. 05538 आगमन	गाड़ी सं. 05538 प्रस्थान
---	13:15	दरभंगा जं.	06:50	---
04:48	04:58	सीतापुर जं.	16:10	16:20
22:30	---	दौराई	---	23:45

चलने के दिन : 05537 दरभंगा जं. से दिनांक 04.05.2024 से 29.06.2024 (प्रत्येक शनिवार) तथा 05538 दौराई से दिनांक 05.05.2024 से 30.06.2024 (प्रत्येक रविवार) तक।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : सीतामढ़ी, बैरगनियां, रक्सौल जं., नरकटियागंज जं., कप्तानगंज जं., गोरखपुर जं., खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर जं., शाहजहाँपुर, बदायूँ, कासगंज, हाथरस सिटी, मथुरा जं., भरतपुर जं., बाँदीकुई जं., जयपुर जं., किशनगढ़ एवं अजमेर जं. स्टेशन।

08103/08104 टाटानगर जं. – वाराणसी जं. – टाटानगर जं. विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 20 फेरे

गाड़ी सं. 08103 आगमन	गाड़ी सं. 08103 प्रस्थान	स्टेशन	गाड़ी सं. 08104 आगमन	गाड़ी सं. 08104 प्रस्थान
---	21:05	टाटानगर जं.	22:30	---
08:00	---	वाराणसी जं.	---	09:30

चलने के दिन : 08103 टाटानगर जं. से दिनांक 25.04.2024 से 27.06.2024 (प्रत्येक गुरूवार) तथा 08104 वाराणसी जं. से दिनांक 26.04.2024 से 28.06.2024 (प्रत्येक शुक्रवार) तक।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : पुरूलिया जं., बोकारो स्टील सिटी, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जं. गोमो, कोडरमा, गया जं., डेहरी ऑनसोन, सासाराम एवं पं० दीन दयाल उपाध्याय जं. स्टेशन।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

एक नजर

38 आरोपियों के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई

बाराबंकी, अमृत विचार : चुनावों के मद्देनजर पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 38 व्यक्तियों को शांति भंग की आशंका को देखते हुए कार्यवाही की गई। जबकि 7 वांछित व एक वारंटी को गिरफ्तार कर लिया गया।

10 लाख की मार्फीन के साथ दो गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत शहर कोतवाली पुलिस टीम ने बदोसराय थाना क्षेत्र के ग्राम बरौलिया निवासी गिरीजा प्रसाद व पवन कुमार वर्मा को 95 ग्राम मार्फीन के साथ गिरफ्तार कर लिया। मार्फीन की अन्तराष्ट्रीय बाजार में कीमत 10 लाख की बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया।

भाजपा का 400 सीटों का सपना नहीं होगा पूरा

बाराबंकी : अमृत विचार : इंडिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया ने शुक्रवार को सपा के सदर विधायक धर्मराज यादव उर्फ सुरेश यादव के साथ विकास खण्ड देवां की कई ग्राम पंचायतों में जनसम्पर्क किया। इस दौरान सपा विधायक सुरेश यादव ने कहा कि भाजपा का 400 सीटों का सपना अब सपना ही रह जाएगा। वह पूरा नहीं होगा। इण्डिया गठबंधन भाजपा को करारी शिकस्त देकर देश में सरकार बनाएगा। वहीं तनुज पुनिया ने कहा कि आज देश के सबसे बड़ी समस्या मंहगाई, बेरोजगारी है, लेकिन इसके बारे में न तो देश के प्रधानमंत्री बात कर रहे हैं और न ही भाजपा। देश की जनता अब इस बात को समझ गयी है कि इनकी सरकार रहते हुए देश की जनता को इससे निजात नहीं मिल सकती।

अयोध्या में 136 रुपये किलो लड्डू तैयार कर बेच रहे 400 में

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : हनुमानगढ़ी पर अब आस्था का सैलाब उमड़ने लगा है। इस बीच हनुमानगढ़ी के लड्डू प्रसाद व्यापारियों ने मोटा मुनाफा कमाने के चक्कर में मिलावटी घी का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। मिलावट करने के बाद लड्डू के थोक व्यापारियों का एक किलो माल 136 रुपये में तैयार हो जाता है। इसे हनुमानगढ़ी के निकट के व्यापारियों को 250 रुपये के करीब में बेचा जाता है और उसके बाद वही लड्डू श्रद्धालुओं को 400 रुपये किलो दिया जा रहा है। इस कमाई से न सिर्फ सेहत के साथ खिलवाड़ हो रहा है बल्कि लोगों की आस्था को भी चोट पहुंचाने का काम किया जा रहा है। हनुमानगढ़ी के मुख्य महंतों के आदेश को 'अमृत विचार' ने 31 जनवरी को सबसे पहले व प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसमें देसी घी के लड्डुओं की बिक्री को ही अनिवार्य किया गया था। आदेश के दो माह बाद ही स्थानीय दुकानदारों ने बड़ी चालाकी से मोटी रकम कमाने के लिए बीच का रास्ता निकाल लिया।

उधर, इस मामले में फूड इंस्पेक्टर अजय सिंह का कहना है कि लड्डू दुकानदारों को विभाग की तरफ से कोई आदेश नहीं दिया गया है। सिर्फ ये कहा गया है कि अच्छी ब्रांड का घी इस्तेमाल करें।

इस पूरे खेल को ऐसे समझिए...

अयोध्या धाम का लड्डू विश्व प्रसिद्ध है। यहां आने वाला हर श्रद्धालु बड़ी शिद्दत से अपने परिजनों के लिए ले जाता है। हनुमानगढ़ी पर 250 लड्डू व्यापारी हैं। थोक व्यापारियों की संख्या 35 से 40 के बीच में है। 70 से 80 किलो शुद्ध देशी घी का लड्डू बनाने के लिए थोक व्यापारियों को सात हजार रुपये में 15 किलो ज्ञान घी, 88 रुपये किलो मिलने वाला बेसन 20 किलो (कीमत 1760), 35 किलो चीनी (कीमत 1400), 1200 रुपये लेबर चार्ज और एक 1800 रुपये का कॉमर्शियल सिलिंडर लगता है। कुल अनुमानित लागत 13,160 रुपये आती है। सब फाइनल होने के बाद लगभग 188 रुपये किलो लड्डू पड़ता है। वहीं मिलावटी घी से लड्डू बनाने के लिए 3400 रुपये में 15 किलो वाले देशी घी का इस्तेमाल किया जाता है।

गर्मी में ऐसे पिघल जाता है शुद्ध देशी घी से बनाया गया लड्डू। अमृत विचार

आसान नहीं है जांच

मिलावटी घी के हो रहे इस्तेमाल को रोकना आसान भी नहीं है। क्योंकि बड़े-बड़े रसूखदार लड्डू के कारखाने ऐसी जगह चलाते हैं, जहां जांच करने कोई नहीं पहुंच सकता।

अब माता कौशल्या के नाम से बनेगा मातृ भवन

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : राम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब अयोध्या में माता कौशल्या के नाम से मातृ भवन बनाए जाने की तैयारी है, जिसके लिए श्री राम माता कौशल्या धाम न्यास अयोध्या में जमीन खरीदने जा रही है। यह मंदिर भी राम मंदिर के ही तर्ज पर बनाया जाएगा, जो दुनिया का सबसे सुंदर मंदिरों में से एक होगा। इस मंदिर में भगवान राम माता कौशल्या के गोद में विराजमान होंगे। दूसरी तरफ माता कैकेयी की गोद में भरत, माता सुमित्रा की गोद में लक्ष्मण और शत्रुघ्न विराजेंगे। पहल को राम माता कौशल्या धाम न्यास अध्यक्ष पंडित रमेश उपाध्याय ने श्रृंगेरी पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी भारती तीर्थ महाराज, पुरी पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती, द्वारिका पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी सदानन्द सरस्वती और ज्योतिशपीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को मार्गदर्शन को पत्र लिखा है। पंडित रमेश उपाध्याय के मुताबिक मंदिर सरकार या व्यक्ति का नहीं बल्कि सनातन देशवासियों का होगा। देश के हर गांव में मिट्टी अयोध्या में बनने वाली माता धाम की नींव में डाली जाएगी।

कोई सरकार नहीं कर सकती युवाओं का मुकाबला : गोप

बैठक को संबोधित करते समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अरविंद सिंह गोप।

हैदरगढ़, बाराबंकी

अमृत विचार : देश के नौजवानों, छात्रों, महिलाओं श्रमिकों ने इस सरकार को उखाड़ फेंकने का तय कर लिया है। ये विचार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने ब्लाक त्रिवेदीगंज के ग्राम मंझार मे इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया के समर्थन में ग्राम प्रधान द्वारा आयोजित बैठक में बतौर मुख्य अतिथि कही। राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि छात्रों नौजवानों की ताकत का मुकाबला कोई सरकार नहीं कर सकती। पूर्व सांसद रामसागर रावत, पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया ने भी संबोधित किया।

37 दिनों में 4000 किमी पैदल चल अयोध्या पहुंचा रामभक्त

बड़ागांव, अयोध्या

अमृत विचार : कोलकाता से करीब चार हजार किलोमीटर की पैदल यात्रा कर अबीर भट्टाचार्य 37 दिनों में शुक्रवार को अयोध्या धाम पहुंचे। 13 मार्च से अनवरत पैदल यात्रा कर यहां पहुंचे अबीर भट्टाचार्य ने बरईकला में आयोजित एक भंडारे में भी शिरकत की। उन्होंने कहा कि भगवान राम के द्वारा किए गए कार्यों का अनुसरण करें। प्यासे को पानी और भूखे को भोजन कराएं। बताया कि प्रभु श्रीराम के दर्शन करने के बाद अब मैं बद्रीनाथ धाम पैदल यात्रा पर जा रहा हूं। इस मौके पर ग्रामीण अशोक मिश्रा, शिक्षक स्वतंत्र पांडेय आदि रहे।

अबीर भट्टाचार्य का स्वागत करते ग्रामीण।

नेपाल सीमा पर बढ़ी चौकसी

पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार: समवाय एस एस बी कंचनपुर व पुलिस टीम के द्वारा भारत नेपाल सीमा पर कमांडेंट 50वी वाहिनी के निर्देश में सी समवाय एस एस बी कंचनपुर के सहायक सेना नायक होशियार सिंह पटियाल, सब इंस्पेक्टर गिरीश सिंह नेगी, मुख्य आरक्षी अपूर्व राय, प्रवीन कुमार मिश्रा उत्तर प्रदेश पुलिस के प्रेम सागर व रवि साहनी के द्वारा बॉर्डर पिलर संख्या 581/7 के एरिया में सघन जांच पड़ताल किया गया। सहायक सेना नायक होशियार सिंह पटियाल ने बताया की आगामी चुनाव को नजर में रखते हुए सघन चेकिंग अभियान बॉर्डर एरिया में चलाया जा रहा है। जिससे अवैध रूप से बॉर्डर एरिया से कोई ना आ पाए।

बहराइच में सोलर पैनल में स्पार्किंग से लगी आग, जिंदा जल गया बच्चा

घटना

- **दो फूस के मकान जले, परिवार के लोग खेत में कर रहे थे गेहूं की कटाई**

नानपारा, बहराइच

अमृत विचार: जूड़ा ग्राम पंचायत में शुक्रवार दोपहर को सोलर पैनल के स्पार्किंग से फूस के मकान में आग लग गई। आग की चपेट में आकर पांच वर्ष के बच्चे की मौत हो गई। कोतवाली नानपारा अंतर्गत ग्राम पंचायत जूड़ा के मजरा जगरामपुरवा लक्ष्मन और उनके बेटे सनोज का आसपास मकान है। शुक्रवार को पिता पुत्र 500 मीटर की दूरी पर स्थित खेत में गेहूं के फसल की कटाई कर रहे थे। जबकि घर सनोज की 14 वर्षीय बेटी, पांच साल का बेटा कुलदीप मौजूद थे।

दोपहर में 12 बजे सोलर पैनल में स्पार्किंग हुई। इसके बाद चिंगारी से फूस के मकान में आग लग गई। शोर सुनकर परिवार के लोग दौड़े। सभी ने दमकल विभाग को सूचना दी। ग्राम प्रधान विनोद निषाद की सूचना पर दमकल कर्मी आ गए। सभी ने आग बुझाया। लेकिन तब तक आग की चपेट में आकर कुलदीप की जिंदा जलकर मौत हो गई।

सूचना पाकर एसडीएम अश्विनी कुमार, सीओ राहुल पांडेय, तहसीलदार अजय यादव और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। एसडीएम ने बताया कि मृतक आश्रित को आपदा राहत कोष से आर्थिक सहायता राशि दिलाई जाएगी।

बहन ने एक भाई को बचा लिया

जूड़ा गांव निवासी सनोज के घर पर 14 वर्ष की बेटी, पांच वर्ष का भाई और तीन माह का छोटा बच्चा था। आग लगने पर 14 वर्षीय बेटी ने तीन माह के बच्चे को बचाते हुए खुद आग से बाहर निकल आई। लेकिन पांच वर्षीय भाई को वह आग की लपट से बाहर नहीं निकाल सकी और उसकी जलकर मौत हो गई।

राम मंदिर को पूरा करने के लिए बढ़ाए जाएंगे मजदूर

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : निर्माणाधीन राम मंदिर को पूरा करने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य शुरू कर दिया गया है। एलएंडटी, टाटा, राजकीय निर्माण निगम ने कर्मचारी बढ़ाने की तैयारी शुरू कर दी है। मंदिर निर्माण समिति ने दिसम्बर 2024 तक काम पूरा करने का लक्ष्य रखा है। समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने दिसम्बर तक मंदिर का कार्य पूरा होने का दावा किया है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद राम नवमी उत्सव सम्पन्न हो गया है। अब मंदिर निर्माण में शेष कार्यों को किया जा रहा है। भूतल पर लगे खम्भों में मूर्ति नक्काशी के लिए 200 कारीगरों को लगाया गया है। प्रथम तल का कार्य भी लगभग पूरा हो गया है। दिसम्बर से पूर्व राम दरबार को भी गर्भगृह में स्थापित कर दिया जाएगा। अंतिम सप्ताह तक द्वितीय तल, तृतीय तल और शिखर का निर्माण भी लगभग पूरा हो जाएगा। इसके लिए लगभग 1200 वर्कर लगाए गए हैं। 800 मीटर लंबे परकोटे का भी निर्माण किया जा रहा है।

चार बांग्लादेशियों को भेजा जेल

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। क्षेत्र में क्लीनिक चलाने वाले फर्जी तरीके से रहे चार बांग्लादेशी नागरिको को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस ने इनके कब्जे से बांग्लादेश के तीन पासपोर्ट भी बरामद किए है। उन्नाव जनपद के मौरांवा कस्बे व रायबरेली के खीरों कस्बे सहित कई जगहों पर क्लीनिक चलाने वाले चार बांग्लादेशी नागरिकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। यह अपने रिश्तेदारों के साथ यहां पर क्लीनिक चलाते थे।

पुलिस को काफी समय से कस्बे में कुछ बांग्लादेशी रहने की सूचना मिल रही थी, लेकिन पकड़ ने नही आ रहे थे। करीब डेढ़ वर्ष पूर्व कस्बे में ही जमीन खरीदकर मकान बनाने वाले कमल पुत्र दुलाल खीरो के अतरहर रोड क्लीनिक चलाता था उसकी के साथ मंतोष पुत्र नानत भी रहता था। वही तनमय पुत्र सफन हलदर क्षेत्र के महरानीगंज व इन सबको यहां लाने वाला प्रकाश हलदर पुत्र मुकुंद हलदर उन्नाव जनपद के मौरांवा में अपना क्लिनिक चलाता था। सबसे पहले पुलिस ने प्रकाश को उठाया और उसने सब कुछ बता दिया तभी तीन अन्य को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने सभी से जब वैध पासपोर्ट मांगा तो वह नही दिखा सके। कमल खीरो में अपने को बनर्जी बताता था जिससे किसी को कोई शक न हो और उसे बंगाली माना जाए। पुलिस इनके कब्जे से 1 पासपोर्ट, 4 आधार कार्ड, 2 वोटर कार्ड, 1 ड्राइविंग लाइसेंस व 3 बांग्लादेशी पासपोर्ट बरामद किए।

दुर्घटना में युवक की मौत, दो लोग घायल

हैदरगढ़, बाराबंकी

अमृत विचार : शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे लखनऊ के आलमबाग के ऋषभ (20), आरतीनगर के गढ़ी कनौरा निवासी गुलशन व अजीत गाजीपुर जिले से एक ही स्कूटी पर सवार होकर से लखनऊ की ओर जा रहे थे। इस दौरान लोनीकटरा थाना क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के किमी संख्या 22 पर हाथी का पुरवा गांव के पास स्कूटी अनियंत्रित होकर बैरीकेडिंग से जा टकराई। उधर, सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसा गुरुवार देर रात थाना लोनी कटरा के दहिला मोड़ के पास हाईवे पर हुआ। थाना क्षेत्र के ही पूरे लदई निवासी मोहन यादव (25) बाइक से घर लौट रहा था। दहिला चौराहे के पास आगे चल रही ट्रैक्टर ट्राली में अनियंत्रित हो गयी।

उत्तर रेलवे ने विशेष ट्रेनों के 9111 फेरे बढ़ाए

नई दिल्ली, अमृत विचार: उत्तर रेलवे भारतीय रेल ग्रीष्मकाल-2024 में रिकॉर्ड संख्या में विशेष रेलगाड़ियों के 9111 फेरे चला रही है। पिछले वर्ष की तुलना में 2742 अधिक फेरों का संचालन किया जा रहा है। यात्रियों की मांग को पूरा करने के लिए उत्तर रेलवे द्वारा 778 फेरे संचालित किए जा रहे हैं।

उत्तर रेलवे ग्रीष्मकाल-2024 में पिछले वर्ष के 416 फेरों की तुलना में 362 अधिक फेरों का संचालन कर रही है। यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने और गर्मियों के दौरान यात्रा की मांग में अपेक्षित वृद्धि को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेल इस वर्ष गर्मियों के मौसम के दौरान रिकॉर्ड 9111 फेरों का संचालन कर रही है।

पिछले वर्ष ग्रीष्मकाल -2023 में संचालित किए गए कुल 6369 फेरों की तुलना में इस वर्ष और अधिक वृद्धि देखी जा रही है। इसके मद्देनजर यात्रियों की मांग को पूरा करने के लिए भारतीय रेल 9111 फेरे चला रही है जिसमे उत्तर रेलवे ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के 778 फेरे चला रही है। इस प्रकार उत्तर रेलवे ग्रीष्मकाल-2024 में पिछले वर्ष के 416 फेरों की तुलना में 362 अधिक फेरे चला रही है।

प्रमुख रेल मार्गों पर निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करने के लिए देश भर के प्रमुख गंतव्यों को जोड़ने के लिए अतिरिक्त ट्रेनों की कुशलतापूर्वक योजना बनाई गई है। समस्त जोनल रेलों द्वारा देश भर में गर्मियों के मौसम में तमिलनाडु, महाराष्ट्र, गुजरात, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, झारखंड, मध्य प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली जैसे राज्यों से यात्रियों की भीड़भाड़ को कम करने के लिए इन अतिरिक्त फेरों को संचालित करने की तैयारी की गई है। अतिरिक्त ट्रेनों की योजना बनाना और संचालित करना एक सतत प्रक्रिया है जिसके लिए किसी मार्ग विशेष पर चलने वाली रेलगाड़ियों की मांग का आकलन करने के लिए पीआरएस प्रणाली में प्रतीक्षा सूची वाले यात्रियों के विवरण के अलावा मीडिया रिपोर्ट, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, रेलवे इंटीग्रेटेड हेल्पलाइन नंबर 139 जैसे सभी संचार चैनलों से 24x7 इनपुट लिए जाते हैं। इस इनपुर के द्वारा आवश्यकता के आधार पर, ट्रेनों की संख्या और फेरों की संख्या बढ़ाई जाती है। पूरे सीज़न के लिए न तो ट्रेनों की संख्या और न ही अतिरिक्त ट्रेनों द्वारा संचालित फेरों की संख्या एक समान नहीं है। गर्मियों के मौसम में रेलवे स्टेशनों पर पीने के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। सभी प्रमुख और महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों पर भीड़भाड़ के नियंत्रण की व्यापक व्यवस्था की गई है।

वर्ग पहेली-45

बाएं से दाएं

1.1. फूंका जाना 2. वस्तु आदि का जलना या भस्म होना 3. व्यर्थ ख़र्च होना 4. नष्ट या बरबाद होना।

2.1. फ़रेब या छल करने वाला, चालबाज़, धोखेबाज़, कपटी, चालाक, धूर्त, ठग 2 फ़रेब संबंधी।

5. विक्रमादित्य के दरबार के एक नवरत्न अमर सिंह का बनाया हुआ प्रसिद्ध कोश।

8.1. तुलसी की एक प्रजाति, काली तुलसी 2. चीड़ का वृक्ष।

9. घुड़सार, अस्तबल।

10.1. मछली के शरीर का छिलका 2. दाल जैसे अनाज का छिलका।

ऊपर से नीचे

2.1. भूलने वाला, भुलक्कड़

3.1. नाश, क्षति, हानि 2. आघात, चोट 3. क्लेश, पीड़ा।

4.1. चुलचुली या हलकी खुजली होना 2. नटखटी करना 3. संभोग की उत्कट इच्छा होना 4. चंचलतापूर्वक इधर-उधर हाथ-पैर मारना।

6.1. बनावटी, अप्राकृतिक, कृत्रिम 2. मिथ्या, पाखंडपूर्ण।

7. नृत्य में निपुण वह व्यक्ति जो तलवार की धार पर नृत्य कर सकता है और अंगों को तोड़-मरोड़कर कई तरह के करतब दिखा सकता है।



वर्ग पहेली -44 का हल

	1 अ	ज	य		2 पा	ड़ा
3 सा	व			4 झ		
	स		5 सि	र	का	
6 चु	र	चु	रा	ना		7 छु
	वा		ज			ट
8 चाँ	द	9 ना			10 जि	प
		11 य	ज	न		न

सुडोकू -124

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		5			2			8
1				3			2	
		7	9			4		
5							1	
2			5		4			7
	8					6		
		2			1	7		
	4			8				5
6			7			2		

सुडोकू -123 का हल

4	9	1	7	8	6	2	5	3
3	5	7	9	1	2	6	4	8
6	2	8	5	3	4	1	7	9
7	4	2	8	6	3	9	1	5
5	1	3	4	9	7	8	6	2
8	6	9	1	2	5	4	3	7
1	8	5	3	4	9	7	2	6
9	3	6	2	7	1	5	8	4
2	7	4	6	5	8	3	9	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 अप्रैल शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वादशी 22.41 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 14.04 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

मेष — आज साझेदारी के व्यवसाय में आपसी समझदारी की आवश्यकता है। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर लापरवाह हो सकते हैं। अत्यधिक विचारों के कारण थोड़े कनफ्यूज हो सकते हैं। मार्केटिंग से जुड़े लोगों को बॉस से परेशानी हो सकती है।

वृष — आज लोन वगैरह के कारण कोई काम अटक सकता है। नए कार्यों की शुरुआत न करें। असंतुलित खानपान के कारण आपको पाचन की समस्या होगी। अपना काम निकलवाने के लिए आप स्वार्थी भी हो सकते हैं।

मिथुन — आज पुराना अनुभव आपके काफी काम आएगा। रिश्तेदारों से आपको शुभ समाचार मिलेंगे। जीवनसाथी के प्रेम भरे व्यवहार से आह्लादित रहेंगे। यात्राओं के लिए दिन अच्छा है। व्यापारिक अनुबंधों से आपको लाभ प्राप्त होगा।

कर्क — आज बैंकिंग से जुड़े अटके काम आसानी से बन जाएंगे। अधिकारी आपके प्रदर्शन से काफी प्रसन्न रहेगा और आपकी आय भी बढ़ा सकता है। आपको सामाजिक कार्यों से यश मिल सकता है। सरकारी कारणों से रुके हुए कार्यों में गति आएगी।

सिंह — आज छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिल सकती है। लोग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। नौकरी में उच्च पद मिल सकता है। आपको उत्तम कार्यों के लिए पुरस्कार भी दिया जा सकता है। अपनी कमियों पर नियंत्रण पाने का प्रयास करेंगे।

कन्या — आज अपने उत्तरदायित्व के प्रति निष्ठावान रहेंगे। महंगी वस्तुओं को खरीदने से आपके बजट पर असर पड़ सकता है। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित व अनुशासित रखें। अनावश्यक कारणों से आपको घर से बाहर जाना पड़ सकता है।

तुला — आज दांपत्य जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। प्रेम संबंधों का भरपूर आनंद उठाएंगे। रचनात्मक कार्यों में भाग लेंगे। संपत्ति के क्रय-विक्रय की बड़ी डील से धन लाभ होगा। जीवनसाथी आपसे उपहार की अपेक्षा रख सकते हैं।

वृश्चिक — आज नए व्यवसाय की योजना बना सकते हैं। संतान पक्ष से आपको सहयोग मिलेगा। दोस्तों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। आप कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। आपका मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में किसी महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हो सकती है।

धनु — आज कानूनी पचड़ों में फंस सकते हैं। कारोबार में शानदार वृद्धि से आपका मनोबल बढ़ेगा। परिजनों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आप काफी प्रसन्न रहेंगे। आपको किसी पर भी पूर्ण भरोसा नहीं करना चाहिए।

मकर — आज साहित्य और कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों को निराशा महसूस हो सकती है। रूढ़िवादी विचारों से स्वयं को दूर रखें। क्रोध करने से आपको बचना चाहिए। आपके मन में तनाव रहेगा। मौसमी बीमारियां घेर सकती है।

कुंभ — आज दूसरों की समस्याओं में स्वयं को न उलझाएं। घर का माहौल काफी सुखद रहेगा। जीवनसाथी के साथ आप पर्यटन के लिए जा सकते हैं। कार्यक्षेत्र में अपनी दक्षता का परिचय देंगे। जीवनसाथी के साथ अच्छा सामंजस्य रहेगा।

मीन — आज सरकारी नौकरी कर रहे लोगों के लिए दिन जबरदस्त रहेगा। जीवनसाथी आपसे काफी प्रसन्न रहने वाला है। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर धैर्य और संयम का परिचय देंगे।

आज की फिल्में

घातक
सुबह : 08.35

दानवीर
रात : 07.00

शकुंतला देवी
सुबह : 10.12

भूल भुलैया
शाम : 06.00

वंडर वुमन
सुबह : 10.10

स्पाइडर मैन
रात : 08.34

यमला पगला दीवाना
सुबह : 09.35

बत्ती गुल मीटर चालू
रात : 07.25

रंगीला
सुबह : 11.03

कभी अलविदा न कहना
दोपहर : 02.15

आज की सुपरहिट फिल्म

कलर्स सिनेप्लेक्स पर दोपहर : 02.15 बजे

जोक्स ऑफ द डे

एक प्रसिद्ध गायक अपना कार्यक्रम पेश करने के बाद हॉल से कमरे में जा रही थी।
एक महिला ने पूछा-क्या आप ही वह माहिर गायक हैं, जो ऊंचे सुर में भी आसानी से गा लेती हैं?
गायक ने प्रसन्न होकर- जी हां।
महिला-मेरा जरा सा काम कर दीजिए, मेरे ड्राइवर को जोर से पुकारिए, वह कहीं खो गया है। उसका नाम घनश्याम है।

चंपक- मम्मी प्लीज ये रस्सी अपनी जीभ से काट दो।
मम्मी- बेवकूफ रस्सी जीभ से कैसे कट सकती है?
चंपक- क्यों? कल ही तो पापा कह रहे थे कि आपकी जुबान कैंची की तरह चलती है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

असन्त्यागात् पापकृतामपापांस्तुल्यो दण्ड : स्पृशते मिश्रभावात्।
शुष्केणार्द्रंदह्यते मिश्रभावात्तस्मात् पापै : सह सन्धि नकुर्य्यात् ॥

दुर्जनों की संगति के कारण निरपराधी भी उन्हीं के समान दंड पाते हैं, जैसे सूखी लकड़ियों के साथ गीली भी जल जाती हैं। इसलिए दुर्जनों का साथ मैत्री नहीं करनी चाहिए।

संपादकीय

वर्षा का पूर्वानुमान सुखद

वैश्विक जलवायु परिवर्तन के कारण वर्षा में परिवर्तन हो रहा है। वर्ष-दर-वर्ष प्राकृतिक परिवर्तनशीलता भी हो रही है। देश के कुछ हिस्सों में 1950 के बाद से मानसूनी वर्षा में कमी आई है। देश का करीब 46 फीसदी कार्यबल कृषि क्षेत्र में काम करता है, इसलिए मानसून भारतीय कृषि और अर्थव्यवस्था के लिए काफी मायने रखता है। कई राज्यों में बढ़ते तापमान और लू के मद्देनजर, भरपूर बारिश का पूर्वानुमान सुखद है। 1 जून से 30 सितंबर तक पूरे देश में कुल वर्षा का औसत 87 सेंटीमीटर औसत के साथ 106 प्रतिशत रहने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार 1971 से 2020 तक के वर्षा के आंकड़ों के अध्ययन में नई दीर्घकालिक औसत और सामान्य शुरुआत की। भारत में अच्छे मानसून से जुड़ी ला नीना की स्थिति अगस्त-सितंबर के बीच विकसित होगी। आईएमडी के अनुमान और आकलन के अनुसार चूंकि बीते साल सामान्य से कम बारिश हुई थी, लिहाजा इस बार यह संभावना सुखद लग रही है। यदि बारिश सामान्य से अधिक हुई तो मानसून खरीफ की फसलों के लिए लाभकारी हो सकता है। सवाल उठता है कि क्या अब भी कृषि, किसान और उनके जरिए देश की अर्थव्यवस्था मानसून की बारिश के भरोसे है?

2002 और 2009 में कृषि का उत्पादन घटा था, क्योंकि बारिश कम हुई थी, लेकिन खाद्य सुरक्षा का कोई भी संकट सामने नहीं आया, लिहाजा उन दोनों अनुभवों को भूल जाना चाहिए। आईएमडी जून और जुलाई में बारिश की मात्रा को लेकर मौन है, लेकिन उम्मीद है कि उस समय "तटस्थ स्थिति" (न तो अल नीनो, न ही ला नीना) व्याप्त होगी। दो शुष्क मानसून महीने और आखिरी दो महीनों में मूसलाधार बारिश कृषि के लिए मुफीद हो सकती है, लेकिन इसके परिणामस्वरूप अत्यधिक बाढ़ आने की संभावना है। भारत प्राकृतिक आपदाओं के मामले में असुरक्षित है। आईएमडी के वर्तमान संकेत पर तत्काल ध्यान दिया जाना चाहिए। राज्यों को आपातकालीन योजनाएं बनानी चाहिएं कि बुनियादी ढांचे मजबूत हों, लोगों की निकासी की योजनाएं तैयार रहें, बांधों की संरचनात्मक स्थिरता एवं उनके संकट-संकेतन नेटवर्क की पर्याप्त जांच-परख हो और व्यापक पूर्व-चेतावनी नेटवर्क मौजूद रहे। यदि मौसम विभाग का अनुमान सही साबित हुआ, भूजल को रिचार्ज करने का भी सकारात्मक प्रयास किया जा सकता है। बारिश के पानी को जमा करने और फिर उसे भूजल के तौर पर इस्तेमाल करने की प्रवृत्ति हमारे देश में 100 फीसदी नहीं है। शोधकर्ता अभी भी जांच कर रहे हैं कि भविष्य में जलवायु परिवर्तन से मानसूनी वर्षा की मात्रा कैसे प्रभावित होगी? कृषि की नियति जलवायु-परिवर्तन पर भी आश्रित होगी, इसके आसार दुनियाभर में बनते जा रहे हैं, लिहाजा मानसून की बारिश के पानी को सहेजना सीखें।

जायंट किलर बन रही हैं सड़कें

अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

अपने देश में सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। सड़क सुरक्षा के बारे में बच्चों के बीच जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से 'स्वच्छ सफर' और 'सुरक्षित यात्रा' नाम से दो कॉमिक बुक्स जारी की गई हैं।

देश में एक तरफ सड़कों का निरंतर विस्तार हो रहा है तो दूसरी तरफ उस पर वाहनों की बढ़ती रफ्तार जन-धन की क्षति भी बढ़ाते जा रहा है। तेज रफ्तार की इस जिंदगी में पल-प्रतिपल मौत तेजी से जिंदगी से आगे निकलती जा रही है। अंधाधुंध रफ्तार के साइड इफेक्ट में सड़क दुर्घटनाओं में प्रतिदिन जाने-अनजाने लोग लगातार बिछड़ रहे हैं। सही कहते हैं कि काल का दूसरा नाम सड़क दुर्घटना हो गया है। पिछले एक दशक में देश में सड़क दुर्घटनाओं में 13 लाख से भी ज्यादा लोगों की जानें जा चुकी हैं। सड़क परिवहन की इसी खतरनाक स्थिति पर चिंता जताते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने कभी देश की सड़कों को 'राक्षसी हत्यारे' या जायंट किलर कहा था। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी अपने रिपोर्ट में सड़क दुर्घटनाओं को "सबसे बड़े कातिल" की संज्ञा दी थी। रिपोर्ट में कहा गया कि हर साल दुनियाभर में सड़क हादसों में 1.2 मिलियन लोगों की मृत्यु हो जाती है और 50 मिलियन लोग इससे प्रभावित होते है। साल 2022 में 4.6 लाख सड़क दुर्घटनाएं हुईं जिनमें 1.68 लाख लोगों की मौत हो गई। वहीं लाखों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, इनमें से कई लोग ऐसे भी हैं, जिन्होंने अपने शरीर के अंग हमेशा के लिए खो दिए। प्रत्येक घंटे सड़क दुर्घटना में लगभग 19 लोगों की मौत होती है। भारत में दुर्घटनाओं की संख्या 2021 की तुलना में लगभग 12 प्रतिशत बढ़ गई है और मरने वालों की संख्या 9.4 प्रतिशत बढ़ गई है। भारत को प्रतिवर्ष सड़क दुर्घटनाओं के कारण होने वाला नुकसान भारत के सकल घरेलू उत्पाद का लगभग तीन प्रतिशत है। भारत में हरेक मिनट में सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत होती है। लगभग 75 प्रतिशत दुर्घटनाओं का कारण वाहनों की तेज रफ्तार है। लगभग 42 प्रतिशत मामलों में पैदल चलने वाले होते हैं। लगभग 33 प्रतिशत सड़क दुर्घटनाएं एक्सप्रेस वे सहित राष्ट्रीय राजमार्गों पर हुई हैं। राज्य राजमार्गों पर लगभग 23 प्रतिशत दुर्घटनाएं हुई हैं। विश्व में सड़क दुर्घटनाओं के कारण होने वाली कुल मौतों में से 11 प्रतिशत भारत में होती हैं। विश्व में सड़क दुर्घटनाओं के कारण प्रत्येक 23 सेकंड में एक व्यक्ति की मृत्यु होती है। कुल सड़क दुर्घटनाओं में से 76 प्रतिशत दुर्घटनाएं ओवर स्पीडिंग और गलत साइड पर गाड़ी चलाने जैसे यातायात नियमों

आस्ट्रेलिया ने प्रायोगिक तौर पर 'इग्निशन लाकिंग सिस्टम' लागू किया है जिसमें जब ड्राइवर अपनी श्वास का सैंपल देता है, तभी उसकी गाड़ी स्टार्ट होती है। अगर उसने शराब पी रखी है तो उसका वाहन स्टार्ट ही नहीं होगा। सिंगापुर में हेलमेट के लिए वायरलेस सेंसर बनाया गया है।

के उल्लंघन के कारण होती हैं। सड़क दुर्घटनाओं में दोपहिया वाहनों और पैदल चलने वालों की हिस्सेदारी सबसे अधिक है। देश में दोपहिया वाहनों पर दुर्घटना के शिकार होने वाले 73 प्रतिशत लोग हेलमेट नहीं पहनते हैं, जबकि चार पहिया वाहनों में सीट-बेल्ट का प्रयोग नहीं करना है। गलत दिशा में ड्राइविंग के कारण लगभग छह प्रतिशत दुर्घटनाएं होती है। नशे में गाड़ी चलाना और गाड़ी चलाते समय फोन का उपयोग करना अन्य बड़े कारण हैं। भारत में अनिवार्य सीट बेल्ट नियम लागू करने के बावजूद, 2022 में इसे न पहनने के कारण लगभग 17 हजार लोगों की जानें चली गईं। इसका बहुत बड़ा उदाहरण उद्योग पति साइरस मिस्त्री की मौत है। हालांकि भारत में विश्व के लगभग 10 प्रतिशत वाहन ही हैं, लेकिन सड़क हादसों में एक चौथाई लोग भारत में जान गंवाते हैं। इसके पीछे अंधाधुंध रफ्तार, ट्रैफिक नियमों को तोड़ना, नशे में गाड़ी चलाना, गाड़ी चलाने के दौरान नींद आना, खस्ताहाल सड़कों या उन पर अतिक्रमण, गाड़ियों की खराब हालत और तत्काल चिकित्सा सहायता की अनुपलब्धता होना है। बिना हेलमेट लगाए स्कूटर सवार, एक बाइक पर एक साथ बैठे चार लोग, बिना सीट बेल्ट लगाए कार ड्राइवर, बिना लाइट का ट्रक और यात्रियों से ठसाठस भरी बस के खुले दरवाजे पर लटके तथा छत पर बैठे बीसियों लोग इत्यादि दुर्घटना और मौत के कारण हैं। बहुत सी सड़क-दुर्घटनाएं बस, ट्रक या कार ड्राइवर द्वारा शराब पीकर गाड़ी चलाने तथा लापरवाही से या गंतव्य पर पहुंचने की जल्दी में तेज गति से गाड़ी चलाने के कारण भी होती हैं।

हालांकि सड़क परिवहन के संबंध में सरकारी नियम कानून पहले से बने हैं, परंतु उसे कठोरता से लागू करने की आवश्यकता है। हाल ही में भारतीय न्याय संहिता के उस प्रावधान का वाहन चालकों द्वारा विरोध किया गया जिसमें सड़क दुर्घटना में हिट एंड रन मामलों के लिए अधिकतम 10 साल तक की सजा एवं भारी जुर्माना का प्रावधान किया गया है। कानूनों के अलावा सड़क दुर्घटनाओं से बचने का सबसे प्रभावी उपाय है कि तकनीक में निवेश किया जाए। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस यानी एआई तकनीक इसमें काफी उपयोगी साबित हो सकती है। वाहनों को एआई से लैस करके उनकी ट्रैकिंग संभव है। इससे वाहन की ड्राइविंग और रफ्तार के पैटर्न पर नजर रखी जा सकती है और ड्राइवर का संपर्क स्टीयरिंग व्हील से टूटते ही इससे पता लगाकर ड्राइवर को सतर्क किया जा सकता है। यदि हम इसे जीपीएस से जोड़ दें और 'जियो-फेंसिंग' जैसी तकनीक का इस्तेमाल करें तो शहरी एवं दुर्घटना आशंकित क्षेत्रों में वाहनों की अधिकतम गति को अपने आप ही नियंत्रित कर सकेंगे जिससे हादसे का खतरा कम हो जाएगा। इसी तकनीक का इस्तेमाल रात के वक्त या घने कोहरे के समय भी किया जा सकता है। स्टेयरिंग व्हील के पैटर्न से लेकर ड्राइवर की आंखों और चेहरे की लगातार निगरानी की जाती है ताकि उसकी थकान का पता चल सके।

आस्ट्रेलिया ने प्रायोगिक तौर पर 'इग्निशन लाकिंग सिस्टम' लागू किया है जिसमें जब ड्राइवर अपनी श्वास का सैंपल देता है, तभी उसकी गाड़ी स्टार्ट होती है। अगर उसने शराब पी रखी है तो उसका वाहन स्टार्ट ही नहीं होगा। सिंगापुर में हेलमेट के लिए वायरलेस सेंसर बनाया गया है। यह चालक को पहुंचने वाली किसी भी चोट की खबर उसकी लोकेशन के साथ उसके परिवार और दोस्तों को देता है जिससे उसका बचाव तत्काल संभव हो सकता है। एआई से किसी भी ओवरलोडेड ट्रक और ट्राली को ट्रैक किया जा सकता है और उनके आकार को देखकर उन्हें रोका जा सकता है। किसी भी दुर्घटना के बाद पहले घंटे को 'गोल्डन आवर' कहते हैं। यदि इस आरंभिक एक घंटे में पीड़ित व्यक्ति को प्राथमिक चिकित्सा मिल जाए तो दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की जान बचाने में मदद मिल सकती है। इस गोल्डन आवर के उपयोग के संबंध में ड्राइविंग लाइसेंस लेते समय लोगों का 'फर्स्ट एड' टेस्ट पास करना अनिवार्य बनाया जा सकता है। इसके लिए सामान्य रूप से स्कूलों और कालेजों में भी युवाओं को आकस्मिक प्राथमिक चिकित्सा में दक्ष बनाना होगा। यूरोपीय देशों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वाहन चलाने के संबंध में एक आचार संहिता लागू है जिसका ज्यादातर देश पालन करते हैं। इसके अनुसार यदि किसी कार की गति 35 किमी प्रति घंटा है तो दो कारों के बीच की दूरी 74 फीट होनी चाहिए। 40 मील प्रतिघंटा की रफ्तार होने पर यह अंतर 104 फीट और 45 फीट की गति पर यह अंतर 132 फीट होना चाहिए। यदि चालक की मुट्ठी बंद करने की ताकत पौने सोलह किलोग्राम से कम निकलती है तो यह माना जाना चाहिए कि यह व्यक्ति वाहन चलाने लायक नहीं है। वाहन चलाने लायक उस व्यक्ति को माना जाएगा, जो 20 मीटर आगे चल रहे वाहन का नंबर आसानी से पढ़ ले। तीन चौथाई दुर्घटनाएं चालकों की लापरवाही के चलते होती हैं।

अपने देश में सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। सड़क सुरक्षा के बारे में बच्चों के बीच जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से 'स्वच्छ सफर' और 'सुरक्षित यात्रा' नाम से दो कॉमिक बुक्स जारी की गई हैं। सड़क सुरक्षा को एक गंभीर मुद्दा मानते हुए वर्ष 2015 में भारत ने ब्रासीलिया घोषणा पर हस्ताक्षर किया था और सड़क दुर्घटनाओं तथा मृत्यु दर को आधा करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता भी जाहिर की थी। हालांकि विश्व स्वास्थ्य संगठन की सड़क सुरक्षा पर ताजा वैश्विक स्थिति रिपोर्ट के अनुसार सड़क यातायात से होने वाली मौतों की वार्षिक संख्या 5 प्रतिशत घटकर 1.19 मिलियन प्रति वर्ष हो गई है। जबकि भारत में यह संख्या लगातार बढ़ रही है। वहीं विश्व स्तर पर संख्या में थोड़ी कमी आई है। वर्ष 2030 तक सड़क यातायात से होने वाली मौतों और चोटों को आधा करने के लिए संयुक्त राष्ट्र सड़क सुरक्षा कार्रवाई दशक 2021-2030 के लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं जिसमें भारत को विशेष प्रयास की आवश्यकता है। बेलारूस, ब्रुनेई दारुस्सलाम, डेनमार्क, जापान, लिथुआनिया, नॉर्वे, रूसी संघ, त्रिनिदाद और टोबैगो, संयुक्त अरब अमीरात और वेनेजुएला जैसे देशों में सड़क यातायात से होने वाली मौतों को 50 प्रतिशत से ज्यादा कम करने में सफलता पाई है तो भारत भी इसे प्राप्त कर सकता है। इसके लिए सेफ्टी नियमों के कठोरता से अनुपालन सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।

प्रसंगवश

दयानंद सरस्वती और मूर्ति पूजा

श्रीकृष्ण के सदृश कोई होता तो इनके धुर्रे उड़ा देता और ये भागते फिरते। भला यह तो कहो कि जिसके रक्षक मार खाएं उसके शरणागत क्यों न पीटे जाएं।

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

दयानंद सरस्वती की समाज सुधार आंदोलन में जो भूमिका रही है वह हम सब जानते हैं, लेकिन 1857, 58 और 59 में तीन साल तक वे कहां रहे और क्या करते रहे, यह हम सब कम ही जानते हैं। इस प्रसंग में स्वामी दयानंद ने यही लिखा कि मैं "मैं इन तीन वर्षों में नर्मदा तट पर घूमता रहा।" कुछ इतिहासकार यह मानते हैं कि वे इस दौर में स्वाधीनता संग्राम के लिए आम जनता को संगठित करने का काम कर रहे थे। इस संदर्भ में वासुदेव वर्मा की लिखी किताब "अठारह सौ सत्तावन और दयानंद सरस्वती" महत्वपूर्ण कृति है। मूर्तिपूजा और सोमनाथ मंदिर के प्रसंग में दयानंद सरस्वती ने "सत्यार्थ प्रकाश" में लिखा है, एक प्रश्न सोमनाथ मंदिर के बारे में था, "देखो! सोमनाथ जो पृथिवि पर रहता था और बड़ा चमत्कार था। क्या यह भी मिथ्या बात है?" उत्तर, "हां मिथ्या है सुनो! नीचे-ऊपर चुंबक पाषाण लगा रखे थे। उसके आकर्षण से वह मूर्ति अधर खड़ी थी-जब ऊपर की छत टूटी तब चुंबक पाषाण पृथक होने से मूर्ति गिर पड़ी"। (सत्यार्थ प्रकाश, दिल्ली, 1954, पृ.334) इसके बाद अगला प्रश्न है, "द्वारकाजी के रणछोड़ की जिसने 'नरसी महता' के पास हुंडी भेज दी और उसका ऋण चुका दिया इत्यादि बात भी क्या झूठ है?" उत्तर, "किसी साहूकार ने रुपये दे दिए होंगे। किसी ने झूठा नाम उड़ा दिया होगा कि श्रीकृष्ण ने भेजे। जब संवत् 1914 के वर्ष में तोपों के मारे मंदिर-मूर्तियां अंग्रेजों ने उड़ा दी थीं तब मूर्ति कहां गई थी? प्रत्युत बाघेर लोगों ने जितनी वीरता की और लड़े, शत्रुओं को मारा, परंतु मूर्ति एक मक्खी की टांग भी न तोड़ सकी। श्रीकृष्ण के सदृश कोई होता तो इनके धुर्रे उड़ा देता और ये भागते फिरते। भला यह तो कहो कि जिसके रक्षक मार खाए उसके शरणागत क्यों न पीटे जाएं।"

ईश्वर को जानना या मानना

कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

इतना तो समझ में आता है, किंतु इसके आगे? कि स्व-चेतना में ही वैश्विक चेतना समाई है। आत्मा ही परमात्मा है। सबकी चेतना वही है। एक ही है। अहं ब्रह्मास्मि, तत्वमसि, सर्वं खलु इदं ब्रह्म।

मनुष्य की एक आंख विवेक और दूसरी सत्य के प्रति निष्ठा है। ये दोनों आंखें जिसके न हों वह शीघ्र ही अज्ञान के कुंए में गिर जाता है, इसमें कोई संदेह नहीं। विवेक से प्राप्त सत्य के प्रति निष्ठा। न धर्म, न ईश्वर। बस विवेक से जो भी सत्य लगे, उसके प्रति निष्ठा। सत्य को खोजना पड़ता है, फिर बुद्धि विवेक से तय करना पड़ता है कि जो मिला वह सत्य है या असत्य।

ईश्वर को खोजना नहीं, मानना पड़ता है। जाने कितने हजार साल से लोग कहते आए हैं कि वह है। मां-बाप, दादा-परदादा से यही सुनते आए हैं। इसलिए मान लिया। सवाल है कि यदि सबने किसी न किसी से सुना ही तो खोजा किसने, देखा किसने? वह कौन था जो ईश्वर जी से मिलकर आया और ईश्वर जी ने तस्दीक किया कि हां, यह बंदा मुझसे मिलकर जा रहा है, इसकी बात को मेरी बात मानो। कहने को तो कोई भी कह सकता है, ईश्वर जी से मिलकर आ रहा हूं। आगे जो भी कहूंगा, उन्हीं की बात कहूंगा। या जब मन में आए, ईश्वर जी से बात कर सकता हूं।

आदि शंकराचार्य मानव चेतना की रहस्यमयता को पकड़कर बैठ गए। हम सब कुछ जान सकते हैं, किंतु अपनी ही चेतना को, यानी अपने आपको (साधारणतः) नहीं जान सकते। न उसका वर्णन कर सकते हैं, न यह बता सकते हैं कि अगले क्षण वह क्या होगी, उसे क्या अनुभूति होगी, क्या आभास होगा। बस इतना समझ में आता है कि चेतना जो भी जानती है, पार्थक्य भाव से जानती है। जिसे जानना है वह मुझसे भिन्न है। मैं जानने वाला हूं और वह जानने योग्य है। ज्ञाता और ज्ञेय का पार्थक्य। इसलिए चेतना खुद को कैसे जानेगी? शंकर ने कहा, बस उसी को जान लो तो सब कुछ जान जाओगे, क्योंकि सब कुछ तुम्हारी चेतना में ही है। सबकी चेतना में वही है। पूरे ब्रह्मांड में वही है। सबकी चेतना की डोर एक ही स्रोत से बंधी है। सब उसी की प्रतिबिंब हैं। जान लोगे तो ज्ञाता ज्ञेय और ज्ञान का भेद खत्म हो जाएगा। सिर्फ शुद्ध चेतना रह जाएगी। बोध हो जाएगा कि बाकी सब भ्रम है, अध्यास है, माया है, विवर्त है।

क्वांटम भौतिकी की कृपा से अब तो पूरे ब्रह्मांड के बारे में ज्ञात हो चुका है कि इसमें मौजूद जड़, चेतन और रिक्त आकाश तीनों ऊर्जा के क्वांटा फील्ड (इलेक्ट्रॉन) और क्वार्क से बने परमाणुओं के संघटन हैं और सभी क्वांटा फील्ड एक एकीकृत क्वांटा फील्ड के अविभाज्य अंग हैं, जो परस्पर उलझे हुए हैं। करोड़ों प्रकाश वर्ष दूर होने पर भी एक इलेक्ट्रॉन पर पड़ने वाला प्रभाव दूसरे को संप्रेषित हो सकता है। तो समस्त ब्रह्मांड सूक्ष्मतम में एक जैसा नहीं, एक ही है। क्या इलेक्ट्रॉन में भी चेतना जैसी कोई चीज होती है? नहीं हो सकती। इलेक्ट्रॉन पदार्थ और ऊर्जा दोनों एक साथ है। ऊर्जा जो खंडों में काम करती है, लेकिन चेतना न पदार्थ है, न ऊर्जा। ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए पदार्थ को खर्च होना पड़ता है, चेतना की उत्पत्ति के लिए पदार्थ को खर्च नहीं होना पड़ता। वह मानव मस्तिष्क में अभिनिविष्ट होती है।

बच्चा जन्म के समय शरीर के साथ चेतना को भी लेकर आता है। समय बीतने के साथ एक क्षण आता है जब उसे स्वयं का यानी अपनी चेतना का और शेष विश्व का पृथक-पृथक एहसास हो जाता है। इसी को होश संभालना कहते हैं। उसका खुद का शरीर भी विश्व में शामिल होता है, "उसमें" नहीं। उसका शरीर और शरीर के अंग-प्रत्यंग सब "उसके" होते हैं, "वह" नहीं होते। वह माने उसकी चेतना, खुद के होने का एहसास। इतना तो समझ में आता है, किंतु इसके आगे? कि स्व-चेतना में ही वैश्विक चेतना समाई है। आत्मा ही परमात्मा है। सबकी चेतना वही है। एक ही है। अहं ब्रह्मास्मि, तत्वमसि, सर्वं खलु इदं ब्रह्म।

मुश्किल है, लेकिन कोशिश करके देखने में क्या हर्ज! जब तक समझ में नहीं आता, अनजान ही बने रहेंगे। अनजान होना स्वीकार भी कर लेंगे। सत्य और विवेक के सहारे तो इतना ही कह सकते हैं कि भैया, अभी तक स्वयं को, स्वयं की चेतना के आत्मरूप को, जो मेरा, आपका, सबका आत्मरूप हो, नहीं समझ पाया। जीते जी समझ में आ गया तो मान लूंगा। नहीं तो अंतिम क्षण तक अज्ञान में ही रहूंगा। स्वीकार भी करूंगा कि अज्ञान में हूं, लेकिन बिना खुद समझे मानूंगा नहीं।

सोशल फोरम

चंदा या धंधा

तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

इलेक्ट्रोल बांड पर मुझे कभी हैरानी नहीं हुई। दरअसल ये हमारी चंदाखोर संस्कृति का ही थोड़ा विस्तारित रूप था। चंदे को सामाजिक स्वीकृति तो हासिल है ही, ये चंदा रूपी बांड को भी वैधानिक स्वीकृति देने का प्रयास था। वो तो शुक्र है कि सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी, लेकिन क्या आम जीवन मे हम चंदाखोरी पर रोक लगा पाने में सफल हुए हैं। इस व्यवस्था से परेशान सारे हैं, खासकर व्यापारी वर्ग, लेकिन बिल्ली के गले में घंटी कौन बांधे?

आजकल सब्जी बाजार जाता हूं तो लोगों के समूह को चंदा मांगते हुए देखता हूं। छोटे-छोटे दुकानदार बेचारे भी परेशान है कि आखिर कितनो को चंदा दें। चंदे से कोई सामाजिक आयोजन करना गलत नहीं। लोगों के सहयोग के बिना बड़े आयोजन सम्भव ही नहीं, लेकिन चंदा श्रद्धा और औकात के हिसाब से ही दिया जाता है। जब धार्मिक आयोजनों में चंदा देने का एक अदृश्य सामाजिक दबाव आप महसूस करने लगे तो मान लीजिए कि समस्या गंभीर है। एक बार मैं हरिद्वार गया। वहां हर की पौड़ी पर कुछ लोग रसीद ले चंदा मांगने पहुंच गए। कहने लगे मां गंगा और स्थान को साफ सुथरा रखने के लिए कुछ दान कीजिए। मैंने कहा मां गंगा खुद को साफ करना जानती हैं। मां को आपकी जरूरत नहीं। आप केवल इसे गंदा करने वाले कृत्य करना बंद कर दीजिए। वही मां गंगा पर आपका बहुत बड़ा अहसान होगा। ये घटना बहुत साल पहले की है। आज अगर ऐसा कुछ होता तो मैंने भी चुप चाप रसीद कटा ली होती।

वैसे कहने को तो मैं बहुत कुछ कहना चाहता हूं कि हजारों लोगों का रोज लंगर कैसे चलता है? कैसे मात्र कुछ रुपये में एमआरआई, सिटी स्कैन और अन्य टेस्ट किए जाते हैं? कैसे किसी आपदा में सबसे पहले यही नजर आते हैं? आखिर इसके लिए पैसा कहां से आता है? ये कभी चंदा मांगने क्यों नहीं जाते? क्यों यहां अपनों के साथ दूसरे लोग भी खुद आगे बढ़कर चंदा देते हैं? क्यों दान का सर्वाधिक सदुपयोग यहीं होता है? मैं इसमें बड़ाई नही कर रहा, लेकिन ध्यान जरूर दिला रहा हूं कि एक दूसरे के धर्म की बेहतर बातों से हम क्यों नहीं सीख सकते? और अगर हम सीखने में रुचि नहीं रखते हैं तो चंदे और धंधे वाला इल्जाम तो लोग लगाएंगे ही। **-फेसबुक वॉल से**

बरेली में एक थे प्रोफेसर कृपानंदन



सुधीर विद्यार्थी
वरिष्ठ लेखक, बरेली

वे बरेली कालेज में अंग्रेजी के विभागाध्यक्ष थे। गांधीवादी थे और खादी पहनते थे। कुर्ता-पाजामा उनकी वेषभूषा थी। एक बार बरेली क्लब में उन्हें इसी पहनावे के कारण घुसने नहीं दिया गया। इससे वे बहुत आहत हुए और गांधी प्रतिमा के समक्ष मौन सत्याग्रह पर बैठ गए। उनकी लड़ाई रंग लाई और बरेली क्लब को माफी मांगनी पड़ी। यह उनकी बहुत बड़ी जीत थी, लेकिन बरेली क्लब आज भी उस अंग्रेजियत से मुक्त नहीं हो सका है। 2005 में 20 अप्रैल को कृपानंदन जी का निधन हुआ तो लगा कि बरेली की जमीन का एक खालिस धर्मनिरपेक्ष और सिद्धांतप्रिय व्यक्ति हमारे मध्य से चला गया।

वे रुहेलखंड विश्वविद्यालय स्थापना समिति के संस्थापक अध्यक्ष थे। धार्मिक विश्वासों में उनकी कतई आस्था नहीं थी, बल्कि वे उन चीजों के विरोध में खड़े थे, जो मनुष्य को धर्म और ईश्वर का गुलाम बनाती हैं। उन्होंने मार्क्सवाद का अध्ययन किया था, पर वे उससे बंध नहीं पाए। यद्यपि अनेक कम्युनिस्ट उनके पक्के मित्र थे। उन्हें दकियानूसी और कट्टरता से सख्त नफरत थी और जातिवाद उनके लिए किसी गैरजरूरी चीज का नाम था। उन्होंने एक मुस्लिम महिला जकिया से विवाह किया था। उन्होंने उनका न तो धर्मपरिवर्तन किया और न ही नाम बदला। दरअसल वे धर्म के प्रति एकदम उदासीन थे। निजी और सार्वजनिक जीवन में भी। सुबह जल्दी उठना। टहलना। बागवानी करना। किताबें बहुत पढ़ते थे। रात में बिना पढ़े नींद नहीं आती थी। उनके पास शेक्सपीयर की काफी किताबें थीं। कुछ भारतीय लेखकों की भी। अंग्रेजी अध्यापन के बाद भी किसी पर रोब झाड़ने के लिए अंग्रेजी बोलना उन्हें स्वीकार नहीं था। उन्होंने कभी नहीं समझा कि वे अंग्रेजी के प्रोफेसर हैं। पहनावे में, न व्यवहार में। 77-78 के बाद उन्होंने खादी का कुर्ता-पाजामा ही पहना। पूरी तरह शाकाहारी थे। खाने के बहुत शौकीन थे। वे अंधविश्वासों के घोर विरोधी थे। निधन के दिन 12-1 बजे तक मित्रों के बीच चर्चा करते रहे और एकाएक रुखसत हो गए। कृपानंदन जी की खेलों में भी बहुत रुचि थी। क्रिकेट, हॉकी, कैरम आदि उन्हें बहुत प्रिय थे। मेरे पास कृपानंदन जी का एक पुराना चित्र है 1976 में बरेली कालेज के अध्यापकों की हॉकी टीम में प्रोफेसर उस्मान और डॉ. मेहरा उनके साथ थे। 1944 में कृपानंदन जी को लोगों ने हाउजी खेलते-खिलाते भी देखा था। उन दिनों बरेली जंक्शन के रेलवे इंस्टिट्यूट में हाउजी होती थी। उन्हें ताश के पत्तों की रमी खेलने का भी शौक था। एलन क्लब में वह रमी के अच्छे खिलाड़ी रहे थे। एमएन रायवादी निरंकार देव सेवक से उनकी खूब पटती थी। वे 'सैटरडे क्लब' की मीटिंगों में भी जाते थे। सेवक जी के साथ रहकर भी वे एमएन रायवादी नहीं हो पाए। साम्यवाद की खूबियों को मानते हुए कृपानंदन जी गांधी की चीजों में भरोसा करते थे। वे राजनीतिक दर्शन में व्यक्ति चरित्र, सत्यनिष्ठा और नैतिक मूल्यों को सर्वोपरि मानते थे। धर्मनिरपेक्षता के मामले में वे पंडित नेहरू के अधिक नजदीक थे। उर्दू शायरी का दार्शनिक पक्ष उन्हें पंसद था। उर्दू और फारसी उनकी मातृभाषा जैसी थी। वे रूसी भाषा के भी अच्छे जानकार थे। फिराक, इकबाल, गालिब और चकबस्त उनके पसंदीदा शायर थे।



वर्ष 2000 में उन्होंने हमारी पत्रिका 'संदर्श' के निरंकार देव सेवक विशेषांक के लिए एक संस्मरण लिखा था जिसका शीर्षक था 'मुद्दत हुई कि ग़ालिब मर गया, पर याद आता है' जिसमें सेवक जी से उनकी मित्रता के अछूते प्रसंगों के साथ विभिन्न वैचारिक मुद्दों पर उनकी असहमतियां भी दर्ज हैं। 1937 में जवाहरलाल नेहरू और विजय लक्ष्मी पंडित ने कुतुबखाने के मोती पार्क में जब छात्रों में देशभक्ति का जज्बा फूंका, तब बरेली कालेज के हॉल पर लगा यूनियन जैक जलाकर कृपानंदन जी ने ही तिरंगा फहराया था। वे 1943 में बरेली कालेज छात्र यूनियन के अध्यक्ष भी रहे। अपने बाद के दिनों में कृपानंदन जी बरेली कालेज के शैक्षिक माहौल को लेकर बेहद चिंतित थे। उनके जेहन में संपूर्ण शिक्षा व्यवस्था थी। बाद के दिनों में पंडित दीनानाथ मिश्र स्कूल के पिछले हिस्से की एक बगिया में अपना छोटा-सा आशियाना बनाकर वे रहने लगे थे। वे निहायत ईमानदार और पारदर्शी व्यक्तित्व के मालिक थे। सही अर्थों में प्रगतिशील और धर्मनिरपेक्ष मूल्यों को जीवन में उतारने वाले। उनका बाहर और भीतर एक समान था। उनकी सुनाई प्रिय कविता मुझे याद आ रही है, 'नार लव दाइ लाइफ नार हेट/बट व्हाट दो लिवेस्ट लिव वेल/ हाउ लांग ऑर शार्ट/परमिट टु हेवेन।' कृपानंदन जी के भीतर कविता की गजब की समझ थी। अक्सर वे कहने लगे थे कि मशीनों के इस हंगामी दौर में जहां हर वक्त हर तरफ शोर ही शोर है, कविता की नर्म-ओ-नाजुक आवाज पनप सकती है कहीं? बालजती मुहल्ले में उनके बेटों की रिहायश और उनके द्वारा संस्थापित दो विद्यालय हमें उनकी याद दिलाने के लिए काफी हैं, पर उनमें उनके विचारों की महक नहीं। विगत दिनों उनकी पत्नी जकिया का भी निधन हो गया जो एक प्रेमकथा का भी अवसान था।

400 पार में कितनी धार



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

लोकसभा चुनाव प्रारंभ हैं। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने एक आकर्षक नारा दिया है, "अबकी बार चार सौ पार" यानी कुल 543 सीटों में यह पार्टी अपनी झोली में इतनी सीटें आ जाने की दम भर रही है। मीडिया का एक वर्ग तरह-तरह की खींचतान करके यह संख्या पौने चार सौ तक पहुंचा भी रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे मेल नहीं खाती। दक्षिण में इस दल का प्रभाव अत्यंत अल्प है। पश्चिम बंगाल में दूसरे नंबर पर और ओडीसा में सत्तारूढ़ पटनायक से तालमेल न बैठ पाने के कारण काफी कम। यूपी के पश्चिमी भाग, हरियाणा, पंजाब में अनेक जगह भाजपा विरोधी साइन बोर्ड लगे हैं कि भाजपाई यहां न आएं। विगत में केंद्रीय राज्य मंत्री संजीव बालियान के काफिले पर पथराव तक हुआ जिसमें कई भाजपाई कार्यकर्ता घायल हुए। सदा भाजपा का साथ देने वाला क्षत्रिय समुदाय इस बार विरोध में है। ठाकुर चौबीसी गाजियाबाद से पूर्व सेनापति वीके सिंह का टिकट कटने व अपने वर्ग की उपेक्षा से असंतुष्ट है और विरोध में पंचायतें कर रहा है। डैमेज कंट्रोल के लिए स्वयं मुख्यमंत्री योगी और राजनाथ सिंह के विधायक पुत्र पंकज सिंह को दौड़ना पड़ा, जो क्षत्रिय हैं।

हरियाणा में मनोहर लाल खट्टर भले ही हटा दिए गए हैं, किंतु उनकी और सहयोगी रही जजपा की किसान विरोधी छवि उभर चुकी थी जिसका प्रभाव विरोध प्रदर्शनों के रूप में वहां साफ दिख रहा है। राजस्थान में असंतुष्ट वसुंधरा राजे सिंधिया, स्टार प्रचारक होते हुए भी, अपने पुत्र दुष्यंत सिंह के निर्वाचन क्षेत्र झालावाड़ के अतिरिक्त कहीं पार्टी प्रचार में नहीं जा रहीं हैं। वे प्रधानमंत्री की सभा में भी नहीं गईं। उनका जनता पर प्रभाव है और विगत विधानसभाई चुनावों की सभाओं में राजनाथ और गडकरी उनकी तारीफ करते रहे हैं। यही हाल मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह का है, जिन्हें मोदी शाह ने किनारे लगा दिया है। शिवराज केवल विदिशा तक अपने को सीमित किए हैं, जबां से वे खड़े हैं। पीलीभीत से टिकट कटने के बाद सांसद वरुण गांधी यहां के चुनावी प्रचार से दूर हैं, उनका टिकट कटने से सिख खास तौर से नाराज हैं। नेहरू-गांधी परिवार से होने के कारण वरुण की राष्ट्रीय पहचान है। उत्तराखंड में अग्निवीर योजना को लेकर गहरा असंतोष है, यहां बहुसंख्यक फौजी हैं। बिहार में अब मोदी और नीतीश मंच साझा नहीं कर रहे हैं। एक सभा में नीतीश चार सौ को चार हजार कह गए, तो मोदी उनके मुंह की तरफ देखने लगे। साथ ही अब तक कथित सेकुलर पाले में रहे नीतीश अपने मुख्यमंत्रित्व काल मे सामाजिक सद्भाव की बात रेखांकित कर देते हैं जिसका मतलब हिंदू मुस्लिम एकता से होता है, किंतु भाजपा हिंदू वोटों का ध्रुवीकरण चाह रही है। अतः भाजपा कार्यकर्ताओं को यह एकता राग रास नहीं आता है। इस बार विपक्षी गठबंधन काफी कुछ मिलकर टक्कर दे रहा है, भले ही बाद में आपस में लड़ें। ऐसे में चार सौ पार का यह नारा अतिरंजित और अहंकार मूलक ही लग रहा है और सहयोगी दल तो कभी भी कही खिसक सकते हैं।

दिल्ली विधानसभा सचिव को निलंबित किया

नई दिल्ली, एजेंसी

सख्ती

▸▸ समिति की सिफारिश पर गृह मंत्रालय ने की कार्रवाई

दिल्ली विधानसभा सचिव एवं डीएएनआईसीएस कैडर के अधिकारी राज कुमार को गृह मंत्रालय ने रानी झांसी फ्लाईओवर से संबंधित कथित अनियमितताओं के एक मामले में निलंबित कर दिया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि पिछले साल सितंबर में राष्ट्रीय राजधानी सिविल सेवा प्राधिकरण (एनसीसीएसए) ने दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों की एक समिति की अनुशंसा के आधार पर कुमार को निलंबित करने की सिफारिश की थी। कुमार ने कहा कि मुझे अपने निलंबन के संबंध में गृह मंत्रालय का आदेश मिल गया है। यह एक पुराना मामला है और मुझे अपना पक्ष रखने का कोई मौका नहीं दिया गया, इसलिए मेरे पास अब कहने के लिए और कुछ नहीं है। गृह मंत्रालय द्वारा 16 अप्रैल को जारी आदेश के मुताबिक कुमार के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई अपेक्षित है।

पारंपरिक सीमाएं हो रही हैं धुंधली : चौधरी

नई दिल्ली : वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने कहा है कि जल, थल, नभ, साइबर और अंतरिक्ष क्षेत्रों की पारंपरिक सीमाएं तेजी से धुंधली होती जा रही हैं, जिससे युद्ध क्षेत्र में आमूल-चूल बदलाव आ रहा है। शुक्रवार को तीन दिवसीय भारतीय रक्षा अंतरिक्ष संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में प्रसारित एक रिकॉर्डेड वीडियो संबोधन में वायुसेना प्रमुख ने यह भी कहा कि अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखने के लिए ऐसी क्षमताएं विकसित की जानी चाहिए जो अंतरिक्ष में हमारे हितों की रक्षा के लिए आवश्यक होंगी। चौधरी ने कहा के हमें एक साथ काम करने और भारत में एक मजबूत, संपन्न और जीवंत अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की आवश्यकता होगी।

दोनों शहजादों को लोगों ने रिजेक्ट किया : मोदी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गजरौला में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अमरोहा की ढोलक की थाप दूर तक गूंजती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से अमरोहा की ढोलक को जीआई टैग मिला है। अब अमरोहा केवल ढोलक ही नहीं, देश का डंका भी बजा रहा है। क्रिकेट वर्ल्ड कप में मोहम्मद शमी ने जो कमाल किया, वो पूरी दुनिया ने देखा है। प्रधानमंत्री ने राहुल गांधी और अखिलेश यादव को दो शहजादों की जोड़ी करार देते हुए जमकर निशाना साधा।

प्रधानमंत्री शुक्रवार को गजरौला में होटल हवेली के सामने भाजपा प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ भी उनके साथ थे। इस दौरान प्रधानमंत्री ने प्रथम चरण में हो रहे मतदान को लेकर लोगों से खुलकर मतदान करने की अपील की। उन्होंने नवयुवकों को भी मतदान के लिए प्रेरित किया। प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर भी जमकर कटाक्ष किए। कहा कि इंडी गठबंधन वाले सनातन से घृणा करते हैं। अभी मैं द्वारका गया और समुद्र में भगवान श्रीकृष्ण की पूजा की, लेकिन कांग्रेस के शहजादे कहते हैं कि समुद्र के नीचे पूजा करने योग्य कुछ है ही नहीं। हमारी हजारों वर्ष की आस्था और भक्ति को ये लोग सिर्फ वोट बैंक के लिए खारिज कर रहे हैं। कहा कि बिहार और उत्तर प्रदेश में अपने आप को यदुवंशी कहने वाले नेताओं से मैं पूछना चाहता हूं कि आप भगवान श्रीकृष्ण और द्वारका का अपमान करने वालों के साथ कैसे रह सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यूपी में एक बार फिर दो शहजादों की फिल्म शूटिंग चल रही है। जिसे लोग पहले ही रिजेक्ट कर चुके हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी जनसभा को संबोधित किया। कहा कि प्रधानमंत्री ने देश का मान बढ़ाया है, पूरी दुनिया में नए भारत के रूप में पहचान हो रही है।

गजरौला (अमरोहा) की जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, साथ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, हरि सिंह ढिल्लो, पूर्व सांसद देवेन्द्र नागपाल व अन्य। ● अमृत विचार

- गजरौला की जनसभा में राहुल-अखिलेश पर साधा निशाना
- क्रिकेट वर्ल्ड कप में मोहम्मद शमी का कमाल पूरी दुनिया ने देखा

निधन की तिथि पर लागू नीति के आधार पर तय हो अनुकंपा नियुक्ति

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ हाई कोर्ट ने जिला कमांडेंट होमगार्ड के आदेश को किया रद

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने अनुकंपा नियुक्ति के मामले में अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि विशेष योजना के तहत अनुकंपा नियुक्ति का दावा केवल निधन की तारीख पर लागू नीति के आधार पर तय किया जाना चाहिए। जब तक कि बाद की नीति पूर्वव्यापी रूप से लागू न की गई हो।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया की एकलपीठ ने सौरभ सुचारी की याचिका को स्वीकार कर आक्षेपित आदेश को रद करते हुए पारित किया, साथ ही विपक्षी को याची के दावे पर नए सिरे से उस योजना के तहत विचार करने का निर्देश दिया है जो याची के पिता की मृत्यु के समय अस्तित्व में थी और याची के मामले को आदेश से 3 महीने की अवधि के भीतर निस्तारित करने का निर्देश भी दिया है। वर्तमान याचिका जिला कमांडेंट, होमगार्ड, कानपुर नगर द्वारा पारित आदेश दिनांक 9.11.2020 को रद्द करने की प्रार्थना के साथ दायर की गई थी। दरअसल याची के पिता की मृत्यु होमगार्ड विभाग में मानद कंपनी कमांडर के पद पर काम करते समय 18 अक्टूबर 2020 में हुई। याची की मां ने याची को कंपनी कमांडर के पद पर अनुकंपा नियुक्ति देने के लिए आवेदन किया। आवेदन पत्र के साथ उन्होंने अपना और याची की बहन का एक शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया, जिसमें बताया गया था कि उन्हें डाईंग इन हार्नेस नियमों के तहत याची की नियुक्ति के संबंध में कोई आपत्ति नहीं है। याची की मां द्वारा दाखिल आवेदन की तिथि पर याची के पास इंटरमीडिएट की योग्यता थी, जो शासनादेश के अनुसार एक अपेक्षित योग्यता है। उक्त आवेदन के सापेक्ष जिला कमांडेंट, होमगार्ड, कानपुर नगर ने याची से कुछ दस्तावेज मंगवाए। दस्तावेज जमा करने के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कानपुर नगर द्वारा याची का चिकित्सा परीक्षण किया गया। इसी बीच अपर मुख्य सचिव, लखनऊ द्वारा 3 नवंबर 2020 को एक शासनादेश जारी किया गया, जिसके तहत किसी भी व्यक्ति को अनुकंपा के आधार पर केवल होमगार्ड (स्वयंसेवक) के पद पर नियुक्त करने का निर्णय पारित किया गया।

हल्द्वानी में लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए कतार में खड़ीं महिला मतदाता। ● अमृत विचार

अवैध हिरासत पर हाई कोर्ट ने दिया 25 हजार का मुआवजा देने का निर्देश

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ जमानत याचिका दाखिल न करने पर पीड़ित को भेजा था जेल

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सब- डिविजनल मजिस्ट्रेट, जौनपुर द्वारा मनमाने ढंग से तीन दिनों तक अवैध रूप से एक व्यक्ति को हिरासत में रखने के कारण उसे 25 हजार रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह (प्रथम) की खंडपीठ ने रमेश चंद्र गुप्ता उर्फ चंदू द्वारा दाखिल आपराधिक याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया, जिसमें दावा किया गया था कि याची को सीआरपीसी की धारा 151,107,116 के तहत दर्ज मामले में गैर कानूनी रूप से हिरासत में रखा गया था। दरअसल 9 जनवरी 2022 को सीआरपीसी की उक्त धाराओं के तहत थाना प्रभारी, जौनपुर ने याची का चालान कर दिया और उसे पूरी रात हिरासत में रखा। अगले दिन, 10 जनवरी को याची ने एसडीएम के समक्ष जमानत याचिका दाखिल की, लेकिन उसे स्वीकार नहीं किया गया। 11 जनवरी को याची की ओर से संबंधित अधिकारी के समक्ष एक और जमानत याचिका दाखिल की गई, लेकिन इस पर 13 जनवरी को ही सुनवाई हो सकी। इसके बाद याची को रिहा कर दिया गया। याची का तर्क है कि अधिकारी के समक्ष 11 जनवरी को जमानत आवेदन दाखिल करने के बावजूद उन्होंने 13 जनवरी को सुनवाई की, जिसके कारण उसे अवैध रूप से पुलिस हिरासत में रखा गया। हालांकि अपर शासकीय अधिवक्ता का तर्क था कि याची की गिरफ्तारी शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के हित में उचित थी और वह किसी मुआवजे का हकदार नहीं है, लेकिन कोर्ट ने पाया कि याची को तीन दिनों की अवैध हिरासत में रखा गया था।

संविधान को खतरा विपक्ष से है न की भाजपा से

पटना, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस पर लोकसभा चुनाव के लिए अपने घोषणापत्र में व्यक्तिगत कानूनों की स्वतंत्रता का वादा करके बहुविवाह जैसी प्रतिगामी प्रथाओं का समर्थन करने का शुक्रवार को आरोप लगाया।

पटना साहिब सीट से फिर से चुनाव लड़ रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री ने पहले चरण का मतदान समाप्त होने के बाद यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि हम संविधान का पालन करते हैं, जो इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार द्वारा लाए गए आपातकाल के दौरान गंभीर खतरे में पड़ गया था और उन्हें वामपंथियों का समर्थन प्राप्त था। प्रसाद ने कहा कि अगर संविधान को कोई खतरा है, तो यह उनसे है। उन्हें संविधान की मूल प्रति देखनी चाहिए, जिसमें भगवान राम, भगवान कृष्ण और बुद्ध की तस्वीरें हैं। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद ने हाल में आरोप लगाया था कि भाजपा के नेता फिर से सत्ता में आने पर संविधान को बदलने की बात कर रहे हैं।

धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन करने वाले को राहत नहीं : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ सोशल मीडिया पर की थी भगवान शिव पर आपत्तिजनक टिप्पणी

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सोशल मीडिया पर भगवान शिव के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोपी को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा कि धार्मिक भावनाएं नागरिकों के लिए अत्यधिक महत्व रखती हैं और ऐसी भावनाओं को अपमानित करने या विघटित करने के उद्देश्य से किया गया कोई भी कार्य सहिष्णुता और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का गंभीर अपमान है। इसे 'जानबूझकर किया गया धार्मिक अपमान' माना जाएगा।

कोर्ट ने माना कि रिकॉर्ड पर मौजूद साक्ष्य की जांच और मामले की गहन समीक्षा करने पर यह सिद्ध होता है कि याची द्वारा अपराध किया गया है। यह सत्य है कि लोकतांत्रिक समाज में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को अत्यधिक महत्व दिया जाता है, लेकिन यह स्वतंत्रतापूर्ण अधिकार दूसरों की भावनाओं और विश्वासों का सम्मान करने की जिम्मेदारी के साथ आता है।

उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की एकलपीठ ने ओवैस खान के खिलाफ समन आदेश, आरोप पत्र एवं संपूर्ण आपराधिक कार्रवाही को रद करने से इनकार करते हुए की। याची के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं और सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम की धारा 6 के तहत पुलिस स्टेशन छर्रा, अलीगढ़ में दर्ज एफआईआर में आरोप लगाया गया था कि उसने शिवलिंग की अपमानजनक तस्वीर साझा कर दूसरे समुदाय की धार्मिक भावनाओं को अपमानित करने का दुर्भावनापूर्ण कार्य किया है। अतः इस आधार पर उसकी याचिका खारिज कर दी गई।

भाजपा कर्नाटक में राष्ट्रपति शासन लगाना चाहती है

बेंगलुरु : कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने शुक्रवार को दावा किया कि भाजपा गुप्त रूप से राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की योजना बना रही है। वह विपक्षी भाजपा के इस आरोप का जवाब दे रहे थे कि हुबली में हुबली-धारवाड़ नगर निगम के पार्षद की बेटी की उसके कॉलेज के परिसर में ही गत गुरुवार को हत्या के बाद राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब हो गई है। शिवकुमार ने कहा कि भाजपा हमें धमकाने की कोशिश कर रही है...कर्नाटक में सबसे अच्छी कानून-व्यवस्था है...वे मतदाताओं को बताना चाहते हैं कि वे राज्यपाल शासन लगाने जा रहे हैं।

स्त्री रोग के इलाज पर डॉक्टरों ने डाला प्रकाश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज में 35वीं प्रादेशिक वार्षिक गाइनी कॉन्फ्रेंस और हैंड्स ऑन कार्यशाला का आयोजन

अमृत विचार : बरेली ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गाइनोकॉलोजिकल सोसायटी की ओर से शुक्रवार को 35 वीं प्रादेशिक वार्षिक गाइनी कॉन्फ्रेंस और हैंड्स ऑन कार्यशाला की शुरुआत की गई।

तीन दिवसीय कॉन्फ्रेंस का पहला सत्र बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के सभागार में लाइव एंडोस्कोपी और क्रिटिकल केयर विधि के विषय पर हुआ। जिसका आरंभ बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल, कुलपति डॉ. लता अग्रवाल, प्रति कुलपति डॉ. किरण अग्रवाल, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. कंचन डालमिया, डॉ. कीर्ति दुबे, डॉ. भारती माहेश्वरी ने किया।

गाइनी कान्फ्रेंस और हैंड्स ऑन कार्यशाला में मौजूद बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, प्रति-कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल, कुलपति डॉ. लता अग्रवाल, प्रति-कुलपति डॉ. किरण अग्रवाल।

इस मौके पर कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने बताया कि कार्यशाला में वरिष्ठ डॉक्टरों ने मानव डमी पर गर्भावस्था के दौरान आने वाली जटिलताओं को किस प्रकार एंडोस्कोपी विधि से दूर किया जाता है। वहीं, एक रिसोर्ट में फिटल मेडिसिन, एआरटी कार्यशाला, कॉसमेटिक गाइनिकोलॉजी को लेकर पैनल डिस्कशन में वरिष्ठ डॉक्टरों ने अपने अनुभव साझा किए। कॉन्फ्रेंस की आयोजन सचिव डॉ. लतिका अग्रवाल ने बताया कि दिल्ली से आईं वरिष्ठ डॉ. आभा मजूमदार ने कृत्रिम गर्भाधान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिन महिलाओं की महावारी रुक गई हैं, जिनके अंडे विकसित नहीं हो रहे हैं, अब ऐसी दवाएं आ गई हैं, जिनसे अंडे विकसित किए जा सकते हैं। ऐसी महिलाएं भी अब मातृत्व सुख प्राप्त कर सकती हैं।

अश्विनी को वक्फ बोर्ड से हटाने के लिए याचिका

नई दिल्ली : उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर करके दिल्ली सरकार के प्रधान सचिव (गृह) अश्विनी कुमार को दिल्ली वक्फ बोर्ड के प्रशासक पद से हटाने का अनुरोध किया गया है। याचिका में कुमार पर वक्फ संपत्तियों के हितों के खिलाफ काम करने का आरोप लगाया गया है। दिल्ली उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी एस अरोड़ा की पीठ ने याचिका को 30 अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। याचिका में कहा गया है कि वक्फ बोर्ड के प्रशासक उस धार्मिक समिति के अध्यक्ष भी है जिसने कई वक्फ संपत्तियों को हटाने और ढहाने की सिफारिश की है।

एसटी हसन के नर्सिंग होम पहुंची पुलिस, वीडियो वायरल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ हसन ने पुलिस पर लगाया अभद्रता का आरोप

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण का मतदान के दौरान शुक्रवार दोपहर के बाद सपा सांसद डॉ. एसटी हसन के नर्सिंग होम पर अचानक पुलिस पहुंच गई।

पुलिस का कहना है कि सांसद डॉ. एसटी हसन के नर्सिंग होम पर चुनाव आयोग की वेबसाइट खोलकर मतदाता पर्ची निकाली जा रही थी। इसकी सूचना पर मजिस्ट्रेट विनय पांडेय को लगी तो वह भी मौके पर पहुंचे थे। इस दौरान मजिस्ट्रेट ने कहा कि वह केवल भारत निर्वाचन आयोग के अंडर में निर्वाचन कार्य संपन्न करा रहे हैं। उधर, सपा सांसद ने सब इंस्पेक्टर पर अपने स्टॉफ से अभद्रता (मिसबिहेव) करने का आरोप लगाया है। इस कार्रवाई का वीडियो भी सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। डॉ. हसन ने आरोप लगाया है कि पुलिस बेवजह उन्हें परेशान कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि मतदाता सूची में किसी पात्र वोटर का नाम खोजे नहीं मिल रहा है तो वह और उनका स्टॉफ निर्वाचन आयोग की वेबसाइट से नाम खोजकर उसे मतदान करने को पर्ची दे रहे हैं तो इसमें क्या गलत है।

बेटी की डोली उठी इधर मां की अर्थी

संवाददाता, पूरनपुर (पीलीभीत)

अमृत विचार : इकलौती बेटी की शादी करने के बाद विदाई कर मां इतना रोई कि बेसुध हो गई। परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पल भर में शादी की खुशियां मातम में तब्दील हो गईं।

जनपद बदायूं के थाना उझानी के गांव नरहू के रहने वाले उमेश की बेटी माही की शादी गुरुवार को पूरनपुर के मोहल्ला चौक निवासी राजेश के बेटे शिवम से हुई। शादी के लिए उमेश परिजनों के संग बेटी को लेकर गुरुवार को दिन में पूरनपुर पहुंच गए। आर्यसमाज धर्मशाला में माही व शिवम की धूमधाम से शादी हुई। बेटी की शादी को लेकर उमेश और उनकी पत्नी अच्छी देवी बहुत खुश थे। शुक्रवार सुबह परिजनों व रिश्तेदारों के साथ अच्छी देवी ने बेटी को भीगी पलकों से विदा किया। बेटी की विदाई के बाद अच्छी देवी इतना भावुक हो गईं कि रोते-रोते बेसुध हो गईं। परिजन उन्हें एक निजी अस्पताल ले गए। डॉक्टर ने उन्हें ऑक्सीजन की आवश्यकता बताकर सीएचसी ले जाने की सलाह दी। परिजन अच्छी देवी को सीएचसी ले गए जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

सियासत | मुस्लिम वोटों के ध्रुवीकरण के लिए मौलाना तौकीर ने चला नया तीर, फरहत खान को उतारा चुनाव मैदान में

भाजपा के एंटी मुसलमान एजेंडा को करना है नाकाम

▸▸ मुस्लिमों का वोट चाहिए पर साथ नहीं खड़े हो रहे धर्मनिरपेक्ष दल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ शुरू हुई मौलाना तौकीर की सक्रियता पर 2010 के दंगे के केस में गैरजमानती वारंट जारी होने के बाद विराम लग गया था लेकिन सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के बाद उन्हें दांव चलने का मौका मिल गया। आईएमसी जिलाध्यक्ष फरहत खान को चुनाव मैदान में उतारने के फैसले को फिलहाल मुस्लिम वोटों का ध्रुवीकरण की ही मंशा के तौर पर ही देखा जा रहा है। हालांकि यह देखना बाकी रहेगा कि मौलाना का यह तीर बरेली की चुनावी तस्वीर को बदल पाएगा या नहीं।

नामांकन कराने के लिए जाते आईएमसी बरेली लोकसभा प्रत्याशी फरहत खान।

फरहत के नामांकन के बाद मौलाना तौकीर ने कहा कि इस चुनाव में भाजपा की साजिशों को बेनकाब किया जाएगा। एक तरफ खुली तानाशाही कर मुसलमानों के खिलाफ एजेंडा चला रही भाजपा को नाकाम करना है। दूसरी तरफ तथाकथित धर्मनिरपेक्ष दल हैं जो मुसलमानों का वोट तो लेना चाहते हैं लेकिन उनके साथ खड़े नही रहना चाहते। मुस्लिम कयादत को खत्म करने की कोशिशें हो रही हैं। मौलाना ने कहा कि ऐसे लोगों से होशियार रहने की जरूरत है जो मुसलमानों के हमदर्द बनकर उनके वोट पर हक जता रहे हैं। शहर के अमन के लिए उनके किरदार भी दागदार हैं जो साजिश रचकर उन्हें नुकसान पहुंचा रहे हैं। आईएमसी के मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी ने बताया कि मौलाना तौकीर ने निर्देश दिए हैं कि सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता फरहत के चुनाव प्रचार के लिए घर-घर संपर्क करें। लोगों को उनके वोट की अहमियत को समझाएं और खुद की ताकत।

तौकीर के चुनाव लड़ने की अटकलों पर विराम

तीन दिन पहले मौलाना तौकीर ने नगर निगम से नो ड्यूज सर्टिफिकेट लिया था तो कयास लगाए जाने लगे थे कि वह खुद चुनाव के मैदान में उतर सकते हैं। शुक्रवार को फरहत के नामांकन से इन अटकलों पर विराम लग गया। मुनीर इदरीसी ने बताया कि पार्टी सिंबल से चुनाव नहीं लड़ेगी। मौलाना तौकीर ने दलित और मुस्लिम मुद्दों की बात करने वाली पार्टियों को इकट्ठा कर सामाजिक न्याय मंच का गठन किया था। वह उनके प्रत्याशियों के समर्थन में भी चुनाव प्रचार करेंगे।

ईडी ने की बिल्डर और सहयोगियों की कुर्की

नयी दिल्ली : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की मुंबई इकाई ने घर खरीदारों के साथ थोखाधड़ी जुड़े धन शोधन के मामले की जांच के सिलसिले में ललित टेकचंदानी बिल्डर और उसके सहयोगियों से संबंधित करीब 114 करोड़ रुपये की चल सम्पत्तियों की कुर्की के आदेश दिए हैं। ईडी ने शुक्रवार को बताया कि मुंबई में उसके अधिकारियोंने फ्लैट के संभावित खरीदारों को धोखा देने के मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत ललित टेकचंदानी और उसके सहयोगियों से संबंधित 113.5 करोड़ रुपये के कुल मूल्य वाले चल और अचल संपत्तियों के संबंध में अनंतिम कुर्की आदेश जारी किए हैं।

अपनी ढपली अपना राग

उत्तर प्रदेश में दो शहजादों की जोड़ी आई है। उनके फिल्म की शूटिंग चल रही है, दोनों की फिल्म पहले ही फ्लॉप हो चुकी है।

– नरेन्द्र मोदी

कांग्रेस हो, सपा हो या बसपा, यह देश की समस्या की जड़ हैं भारतीय जनता पार्टी समाधान का नाम है।

– योगी आदित्यनाथ

चुनावी बांड स्कीम भी भाजपा ही लेकर आई। वे इसे गोपनीय रखना चाहती थी, सुप्रीम कोर्ट ने सार्वजनिक कर दी।

– प्रियंका गांधी

वो करे तो रासलीला और हम करें तो कैरेक्टर ढीला, क्या सपा, बसपा, कांग्रेस पलटू राम नहीं।

– ओम प्रकाश राजभर

सत्ता पक्ष चाहे जो करे, नुक्कड सभाएं बिना परमिशन कर सकता है। लेकिन, विपक्ष नहीं।

–आदित्य यादव

अब हमारे समाज की नाराजगी दूर हो गई है और हम लोग भारतीय जनता पार्टी के साथ ही हैं।

– संगीत सोम

अगड़े-पिछड़े-मुस्लिम को साथ लेकर दिल्ली नापने निकला हाथी

ताजा राजनीतिक हालात में कांग्रेस के बाद बसपा की स्थिति जीत हार से कहीं ज्यादा भविष्य के लिए मैदान में टिके रहने की भी

मायावती ने क्षेत्रीय समीकरण और विपक्ष के उम्मीदवार को देखकर किया टिकटों का बंटवारा, चुनावी संघर्ष को बनाया त्रिकोणीय

अजय दयाल, लखनऊ

अमृत विचार। बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने जब इंडिया गठबंधन में शामिल होने की चर्चाओं को सिरे से नकारा था तो आरोप लगा कि बसपा प्रमुख या तो भाजपा के दबाव में हैं या फिर उनकी मंशा साथ देने की है। हालांकि मायावती ने क्षेत्रीय सामाजिक गणित और विपक्ष के उम्मीदवार को देखकर जिस तरह टिकटों का बंटवारा किया है, उससे तमाम सीटों पर उन्होंने एनडीए बनाम इंडिया के संघर्ष को त्रिकोणीय बना दिया।

बसपा के उप्र. में टिकटों के वितरण को देखें तो साफ नजर आता है कि पार्टी का प्रयास वोट काटने के बजाय अपनी विजय का है। इसलिए टिकट बंटवारे में जाति धर्म की कोई सीमा तय नहीं की गयी है। कोशिश इस बात की गई है कि बसपा से मैदान में आने वाला उम्मीदवार मजबूती से चुनाव लड़ सके।

रणनीति के मुताबिक बसपा ने पहले सपा-कांग्रेस और भाजपा के उम्मीदवारों का इंतजार किया। इसके बाद पार्टी ने ऐसे प्रत्याशियों को उतारा कि वह उप्र. की चुनावी लड़ाई में बराबर से टक्कर लेती दिखें।

दरअसल, ताजा राजनीतिक हालातों में कांग्रेस के बाद बसपा की स्थिति जीत हार से कहीं ज्यादा भविष्य के लिए मैदान में टिके रहने की भी है। उप्र. की जाटव जाति पूरी तरह से बसपा को समर्पित मानी जाती है। इनकी संख्या लगभग 12 प्रतिशत के आसपास हैं। हालांकि पश्चिमी उप्र. में चंद्रशेखर रावण की आजाद समाज पार्टी के चुनावी मैदान में आने से इस वोटबैंक को विकल्प तो मिला है। नगीना में सपा, भाजपा को टक्कर देने के लिए खुद चंद्रशेखर मैदान में भी हैं।

ऐसे में पश्चिमी उप्र. में जाटव जाति के वोटर कहीं विकल्प पाकर बसपा से छिटक न जाएं इसलिए मायावती के भतीजे और पार्टी के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद खुद नगीना पर पैनी नजर बनाएं हुए हैं। असल में, चंद्रशेखर और उनके समर्थक सवर्णों से सीधे संघर्ष की बात करते हैं, इसलिए इस जाति के युवाओं को आकर्षित करते हैं। अंबेडकर जयंती का मौका हो या फिर दूसरी जातियों से मुकाबला करने की नौबत, इस जाति के युवा चंद्रशेखर की भीम आर्मी के बैनर तले गोलबंद हो जाते हैं। लेकिन ऐसी गोलबंदी का संदेश यह नहीं कि, इनकी जाति का वोट भी चंद्रशेखर के पाले में ही जाएगा।

बहरहाल, बसपा ने जहां इस बार अपने वोटबैंक को बचाने की नीयत रखी है वहीं, पार्टी दूसरी जातियों और मुसलमानों को भी साधने की कोशिश में है। उदाहरण के तौर पर मेरठ की सीट पर जहां भाजपा ने वैश्य समाज से आने वाले अरुण गोविल को टिकट दिया तो बसपा ने भी त्यागी उम्मीदवार पर दांव लगाया। यहां से बसपा उम्मीदवार देवव्रत त्यागी हैं और इस सीट पर त्यागी मतदाताओं का खासा प्रभाव है। इसी तरह जौनपुर से बसपा ने श्रीकला सिंह को टिकट दे दिया है जो कि इस क्षेत्र में बाहुबली नेता समझे जानेवाले धनंजय सिंह की पत्नी हैं। धनंजय सिंह का जौनपुर क्षेत्र में प्रभाव है। वह यहां से चुनाव लड़ने को तैयार थे लेकिन ऐन मौके पर एक पुराने केस में उनको सजा हो गयी। ऐसे में बसपा ने धनंजय सिंह की पत्नी को टिकट देकर इस सीट पर अपनी दावेदारी मजबूत कर दी।

अकेले कदम बढ़ा रहा हाथी किस पर पड़ेगा भारी

बसपा की एक और चुनावी रणनीति पर गौर करें तो पार्टी ने जहां मुस्लिम मतदाता ज्यादा हैं और उम्मीदवार हिन्दू है वहां पार्टी की ओर से मुस्लिम कार्यकर्ता, नेता नियुक्त किये हैं। ताकि मुस्लिम मतदाताओं को आकर्षित किया जा सके। ऐसा भी नहीं है कि मायावती की नजर में सिर्फ दलित या मुस्लिम वोटर ही हैं। हालांकि बसपा नेत्री मायावती सोशल इंजीनियरिंग की महारथी हैं लेकिन संभवत: यह पहला मौका है जबकि, बसपा में टिकट देते समय केवल अपने कोर वोटर्स और उम्मीदवार के धन को ही ध्यान में नहीं रखा गया है बल्कि हर एक सीट पर मंथन हुआ लगता है। इस जमीनी तैयारी के मद्देनजर देखना यह होगा कि अकेले आगे कदम बढ़ा रहा बसपा का हाथी किस पर भारी पड़ने वाला है।

बसपा की पुरानी चाल बनी राजनीतिक गलियारों में चर्चा

लखनऊ। बसपा ने साल 2007 के विधानसभा चुनाव में सोशल इंजीनियरिंग कर अप्रत्याशित रूप से सत्ता हासिल की थी। 2009 में इसी के सहारे उप्र से 20 सांसद चुने गए थे और पूर्वांचल से पांच सांसद दिल्ली पहुंचे थे। अब एक बार फिर बसपा ने इसी फार्मूले पर लोस चुनाव में बराबर की टक्कर देने को लालायित है। अभी तक जिन सीटों पर प्रत्याशी दिए हैं, उसमें तीन अगड़े, पांच पिछड़े, एक मुस्लिम और एक एससी-एसटी का प्रत्याशी शामिल है। राजनीतिक गलियारों में बसपा के चाल की इसीलिए चर्चा है कि पार्टी का इससे अगड़े-पिछड़े-मुस्लिम मतदाताओं में एकजुटता का संदेश जा रहा है।

भाजपा बहुमत से एक बार फिर वापसी करेगी: पाठक

लखनऊ। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने शुक्रवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि पहले चरण का चुनाव समाप्त हुआ है, वोटिंग के रुझान बता रहे हैं कि भाजपा प्रचंड बहुमत से एक बार फिर वापसी करने जा रही है। जनता जनार्दन को मोदी के नेतृत्व के प्रति अपना अपार समर्थन देने के लिए हृदय से आभार। मतदान के समय जनता जनार्दन का उत्साह देखने के लायक़ था। भाजपा पहले चरण की सभी आठ सीटों को भारी अंतर से जीत रही है क्योंकि गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति का समर्थन भाजपा के पक्ष में है।

पिछले रिकार्ड को तोड़ने का समय आ गया: मौर्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को उन्नाव एवं लखीमपुर खीरी में बूथ अध्यक्ष सम्मेलनों को संबोधित करते हुए कहा कि अब पिछले रिकार्ड को तोड़ने का समय आ गया हैं। उन्होंने कहा 2024 का लोकसभा चुनाव भारत को 100 वर्ष आगे ले जाएगा। यह चुनाव विकसित भारत का चुनाव है। विपक्षी इंडी पार्टनर्स को फिर से घर बैठाने का समय आ गया है। जनता को मोदी पर भरोसा है, इसलिए प्रदेश की सभी 80 सीटों पर कमल खिलेगा।

इंडी गठबंधन के झूठे प्रचार को जनता ने नकार दिया: चौधरी

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने शुक्रवार को कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रथम चरण के मतदान के रुझानों से स्पष्ट है कि हाथ और साइकिल चारों खाने चित हो चुके हैं। उन्होंने कहा प्रथम चरण में हुए मतदान के बाद उत्तर प्रदेश की सभी 8 सीटों पर कमल खिल चुका है। सपा और इंडी गठबंधन के झूठे प्रचार को जनता ने नकार दिया है। आम चुनाव 2024 की शुरुआत में ही इनके गठबंधन की हवा निकल गई है। इनके वादे और घोषणाएं सब झूठे और बेबुनियाद हैं। वो चाहे जिस डॉक्टर को ले आएं, लेकिन सपा गठबंधन का अब किसी डॉक्टर के पास कोई इलाज नहीं है।

बस्ती में बसपा प्रत्याशी के उतारे जाने से बढ़ी चुनावी सरगर्मी

साल 2014 और साल 2019 के चुनावों में लगातार विजयी होने वाली भाजपा तीसरी बार भी यहां से जीत को प्रयासरत है

बस्ती में सपा-कांग्रेस से राम प्रसाद चौधरी, भाजपा से हरीश द्विवेदी और बसपा से दयाशंकर मिश्र हैं उम्मीदवार

चुनाव डेस्क, लखनऊ

अमृत विचार: बस्ती वो धरती है जहां पर महर्षि वशिष्ठ का आश्रम हुआ करता था। ऐसे में प्राचीन भारत में इस भूमि को ''वैशिष्ठी'' के नाम से भी जाना जाता है। राजा कल्हल के द्वारा इस जगह का नाम बस्ती रखा गया था। लोकसभा सीट की बात करें तो साल 2014 और साल 2019 के चुनावों में लगातार विजयी होने वाली भाजपा तीसरी बार भी यहां से विजयी होने को प्रयासरत है। हालांकि विपक्ष भी यहां पूरी तैयारी से है।

बस्ती लोकसभा सीट में 5 विधानसभा सीट (हरैया, कप्तानगंज, रुधौली, बस्ती सदर और महादेवा) हैं। पांच विधानसभा सीटों में से तीन पर सपा का कब्जा है और एक पर 2022 में उसी की गठबंधन पार्टी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के पास है। एक सीट ही भाजपा के है। कई विरोधाभासों अपने समाए हुए बस्ती सीट पर 2024 लोस चुनाव में कड़ी टक्कड़ होने वाली है।

दरअसल, यहां भाजपा और सपा-कांग्रेस के संयुक्त प्रत्याशी के मुकाबले बसपा ने पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दयाशंकर मिश्रा को अपनी पार्टी में शामिल कर यहां से लोस चुनाव का टिकट भी थाम दिया है। 35 साल से भाजपा में सक्रिय दयाशंकर के हाथी पर सवार होकर मैदान में आने से चुनावी मुकाबला दिलचस्प हो गया है।

किस करवट बैठेगा चुनावी ऊंट

फिलहाल मौजूदा लोस चुनाव के लिए बसपा द्वारा दयाशंकर मिश्र को प्रत्याशी बनाने ऐलान से ही चुनाव में सरगर्मी बढ़ गई है। बस्ती में अभी तक सपा-कांग्रेस गठबंधन द्वारा राम प्रसाद चौधरी, भाजपा से हरीश द्विवेदी के नाम का ऐलान हुआ था। तीसरे प्रत्याशी के तौर पर दयाशंकर की इंट्री ने चुनाव को रोचक बना दिया है। अब यह देखना दिलचस्प होगा इस बार चुनावी ऊंट किस करवट बैठेगा। राजनीतिक जानकार यह भी कह रहे हैं कि बसपा के इस चाल का सपा को फायदा हो सकता है। दावा किया जा रहा है कि जब दो ब्राह्मण मैदान में उतरेंगे तब फायदा तीसरे को हो सकता है। हालांकि यह समीक्षा अटकलबाजी तक ही सीमित हैं। बस्ती में 25 मई को मतदान है और 4 जून को मतगणना होगी। परिणाम ही बताएंगे कि किस दल का पलड़ा भारी रहा।

प्रदेश का सातवां सबसे बड़ा जिला

बस्ती क्षेत्रफल की नजर से उत्तर प्रदेश का सातवां सबसे बड़ा जिला है। दलित, ब्राह्मण, क्षत्रिय, कुर्मी और मुस्लिम बहुल इस क्षेत्र में अन्य पिछड़ा वर्ग के मतदाता निर्णायक माने जाते हैं। एक अनुमान के मुताबिक क्षेत्र में करीब 5 .98 लाख सवर्ण, 6 .20 लाख ओबीसी, 4 .30 लाख अनुसूचित जाति और 1 .83 लाख मुस्लिम हैं। 2019 में कुल मतदाता 18,31,666 रहे। इनमें 990184 पुरुष, 841345 महिला और 137 थर्ड जेंडर के मतदाता थे। 2011 की जनगणना के मुताबिक बस्ती की आबादी 24,64,464 है।

हरीश द्विवेदी

दयाशंकर मिश्र

लोकसभा सीट का इतिहास

देश की आजादी के बाद बस्ती में 1952 में पहली बार लोकसभा चुनाव हुए थे। उस चुनाव में हर तरफ कांग्रेस ही कांग्रेस थी। कोई अन्य दल मुकाबले में दिखता नहीं था। पहले चुनाव में यहां से उदय शंकर दुबे ने जीत हासिल की थी। 1957 में हुए दूसरे चुनाव में निर्दल उम्मीदवार के तौर पर रामगरीब विजयी रहे। 1957 में ही हुए उपचुनाव और 1962 में हुए चुनाव में कांग्रेस ने फिर इस सीट पर कब्जा किया। केशव देव मालवीय यहां से विजयी रहे। 1967 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के शिवनारायण और 1971 में अनंत प्रसाद धूसिया ने विजय पायी। 1977 में हुए चुनाव में भारतीय लोकदल के टिकट पर शिवनारायण जीते। 1980 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (इंदिरा) के प्रत्याशी कल्पनाथ सोनकर ने जीत हासिल की। 1984 में भी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के उम्मीदवार रामअवध प्रसाद जीते। इसके बाद 1989 में जनता दल के टिकट पर कल्पनाथ सोनकर ने विजयी रहे। रामजन्मभूमि आंदोलन के दौरान 1991 में पहली बार भाजपा ने यहां कमल खिलाया। इसके बाद लगातार 1996, 1998 और 1999 में भाजपा प्रत्याशी ही यहां से विजयी होते रहे। फिर आया 2004 का चुनाव। इस बार बसपा के लालमणि प्रसाद ने जीत हासिल कर ली। 2009 के चुनाव में भी बसपा ने सीट पर अपना कब्जा बनाए रखा। इस बार अरविंद कुमार चौधरी यहां से सांसद बने। 2014 में मोदी लहर में एक बार फिर इस सीट पर भगवा लहराया। हरीश द्विवेदी ने जीत हासिल की जिसे 2019 में भी बरकरार रखा। हरीश द्विवेदी वर्तमान में भाजपा के राष्ट्रीय सचिव हैं। उनके मुकाबले में पिछली बार बसपा से लड़कर दूसरे नंबर पर रहे वरिष्ठ नेता रामप्रसाद चौधरी अब सपा में हैं। सपा की तरफ से भी रामप्रसाद को राष्ट्रीय सचिव का जिम्मा है।

आईना : बस्ती लोकसभा सीट

2019 के चुनाव का लेखा जोखा

उम्मीदवार	वोट
हरीश द्विवेदी	471,163
राम प्रसाद चौधरी	4,40,808
राज किशोर सिंह	86,920



2014 में किसको कितने वोट



दल	उम्मीदवार	वोट
भाजपा	हरीश द्विवेदी	3,57,680
सपा	बृजकिशोर सिंह "डिम्पल"	324,118
बसपा	राम प्रसाद चौधरी	283,747
कांग्रेस	बसंत चौधरी	27,673

निर्वाचित सांसद

वर्ष	सदस्य	दल
1951	उदय शंकर दुबे	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1957	राम गरीब	स्वतंत्र राजनीतिज्ञ
1957,62	केशव देव मालवीय	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1967	शेओ नारायण	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1971	अनंत प्रसाद धूसिया	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1977	शेओ नारायण	जनता पार्टी
1980	कल्पनाथ सोनकर	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1984	राम अवध प्रसाद	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1989	कल्पनाथ सोनकर	जनता दल
1991	श्याम लाल कमल	भारतीय जनता पार्टी
1996,98 व99	श्रीराम चौहान	भारतीय जनता पार्टी
2004	लाल मणि प्रसाद	बहुजन समाज पार्टी
2009	अरविन्द कुमार चौधरी	बहुजन समाज पार्टी
2014 व 19	हरीश द्विवेदी	भारतीय जनता पार्टी

2014 नोटा 10,168 | 2019 नोटा 10,298

2009 चुनाव के आंकड़े

दल	उम्मीदवार	वोट
बसपा	अरविन्द कुमार चौधरी	2,68,666
सपा	राज किशोर सिंह	1,63,456
भाजपा	डॉ. वाईडी सिंह	1,17,259
कांग्रेस	बसंत चौधरी	95,235



2024

कुल मतदाता	-1831996
पुरुष मतदाता	- 991527
महिला मतदाता	- 840331

जनता के सवालों पर क्यों मौन हैं प्रधानमंत्री: अजय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनता के सवालों पर क्यों मौन रहते हैं। अमरोहा लोकसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री की चुनावी सभा पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और मोदी सरकार अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए धर्म का सहारा लेती है, आज एक बार फिर पीएम मोदी वही पुरानी स्क्रिप्ट पढ़ते नजर आए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री अपने हर भाषण में देश की भोली-भाली जनता को छलते हैं।

चुनाव प्रचार में रालोद ने शुरू की शक्ति रथ यात्रा

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचार। पश्चिम उप्र. में रालोद और एनडीए प्रत्याशियों को भारी बहुमत से जिताने के लिए रालोद ने शुक्रवार से शक्ति रथ यात्रा शुरू की है। पहले दिन रालोद प्रमुख जयंत चौधरी की पत्नी चारू चौधरी ने रथ पर बैठकर बागपत लोकसभा सीट में सिवालखास विधानसभा में जनसंपर्क किया है।

रालोद प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने बताया कि पश्चिम उप्र. में रालोद का जनाधार है, मतदाताओं के बीच रालोद के प्रमुख जयंत चौधरी समेत सभी पदाधिकारी जनसंपर्क लगातार जारी है। अधिक से अधिक मतदाताओं के बीच पहुंचने के लिए शक्तिरथ यात्रा शुरू की गई है, इसके लिए माध्यम से हर दिन एक विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क किया जायेगा। सुबह सिवालखास नगर पुल से चारू चौधरी ने यात्रा शुरू की जो कि शाम सात बजे दबुथवा में संपन्न हुई।

हाईटेक चुनाव प्रचार, ज्यादा लोगों तक पहुंचने की कोशिश

झंडा, बैनर, पोस्टर, बिल्ला आदि का मंदा हो गया कारोबार

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

अमृत विचार : वक्त गुजरने के साथ ही परंपरागत चुनाव प्रचार अभियान की तस्वीर भी बदल गई है। जनता के साथ नेताजी भी खुद को हाईटेक बनकर सोशल मीडिया पर चुनाव प्रचार कर रहे हैं।

डेढ़ दशक पहले तक उम्मीदवार वोटरों के बीच अपनी बात पहुंचाने के लिए पार्टी का झंडा और भोंपू (लाउडस्पीकर) लगे वाहन से गांव की गलियों में धूल फांकते थे। प्रचार-प्रसार के लिए हैंडबिल, पोस्टर, बैनर के साथ धुआंधार नारेबाजी होती थी। पर अब सब कुछ बदल गया है।

सीमित समय में मतदाताओं तक पहुंचना नामुमकिन होता है। लिहाजा हाईटेक तरीके से प्रचार किया जा रहा है। नेताओं ने भी सोशल मीडिया को प्रचार के लिए बेहतर प्लेटफार्म मान लिया है। हर नेता मोबाइल के जरिए सोशल मीडिया से जुड़कर दिन भर जनता के बीच रहना पसंद कर रहा है।

फेसबुक, ह्वाट्सएप, ट्यूटर, इंस्टाग्राम प्रचार सामग्री से पटे पड़े हैं। जिले में तकरीबन सभी उम्मीदवार और उनके समर्थक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल अपनी बात रखने और विपक्षियों के आरोपों का जवाब देने में कर रहे हैं।

उम्मीदवारों की मानें तो सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार करना काफी सस्ता है। इसमें नाम मात्र का ही खर्च आता है। उम्मीदवार अपने प्रचार के लिए भले ही हर घर और हर मतदाता तक स्वयं न पहुंच पाएं। लेकिन उनकी बात ऑडियो वीडियो या लिखित संदेश के जरिए वोटरों के मोबाइल फोन तक जरूर पहुंच रही है। यही नहीं राजनीतिक दल और उनकी नीतियां तथा सूचनाओं को आम जनता तक पहुंचाने के लिए अपन-अपने मोबाइल एप भी रखते हैं। उम्मीदवारों का मानना है कि युवा वर्ग सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहते हैं।

रिझाने का प्रयास

- **नेताजी भी खुद हाईटेक बनकर सोशल मीडिया पर कर रहे हैं चुनाव प्रचार**

पोस्टर नहीं रील्स की बढ़ी मांग

चुनाव में प्रत्याशी डिजिटल कैंपेनिंग पर काम कर रहे हैं। वैसे भी अब मीम्स और डिजिटल पोस्टर का जमाना है। इसी की मांग बाजार में है। प्रत्याशियों की ओर से रील्स की सबसे ज्यादा डिमांड है। ऐसे में चुनावी सभा और रैलियों की रील्स में नए प्रयोग कर तैयार किया जा रहा है। बात अगर पोस्टर, बैनर, बिल्ला व झंडे. आदि की करें तो इसका कारोबारा करीब 40 फीसदी तक घट गया है।

चौथे चरण के लिए छह प्रत्याशियों ने किया नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ। चौथे चरण की 13 लोकसभा सीटों के लिए शुक्रवार को छह प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इन सीटों पर अब तक 12 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। नामांकन पत्र भरने की अंतिम तारीख 25 अप्रैल निर्धारित है। 13 मई को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि शाहजहांपुर (अजा) में एक, धौरहरा में दो, उन्नाव में दो व इटावा (अजा) में एक प्रत्याशी ने नामांकन किया। शाहजहांपुर (अजा) लोकसभा सीट के लिए सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी से प्रेमचन्द्र ने नामांकन पत्र भरा। धौरहरा सीट के लिए दो नामांकन पत्र भरे गये, इसमें पॉलिटिकल जस्टिस पार्टी से राजेश कुमार व निर्दलीय प्रत्याशी में नर सिंह शामिल हैं। उन्नाव लोकसभा सीट के लिए दो नामांकन पत्र भरे गये, इसमें शिव प्रकाश सिंह व उमेश निर्दलीय प्रत्याशी शामिल हैं। इटावा (अजा) लोकसभा सीट के लिए समाजवादी पार्टी से जितेन्द्र कुमार ने नामांकन पत्र भरा।

चुनावी चक्कर

- **सोशल मीडिया फिर दिखीं पोलिंग ऑफिसर रीना :** अगर चुनाव चल रहा हो तो पोलिंग ऑफिसर रीना द्विवेदी का भी सुर्खियों में आना तय मानिए। बीते कई चुनाव से रीना द्विवेदी अपने पहनावे और पर्सनालिटी के कारण खासकर सोशल मीडिया पर छा जातीं हैं। जी हां, वही पीली साड़ी वाली पोलिंग ऑफिसर जो साल 2019 के लोकसभा चुनाव की ड्यूटी के दौरान चर्चा में आयीं थीं। दरअसल, पीली साड़ी वाली मैडम रीना द्विवेदी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो पोलिंग बैग हाथ में लिए अपने अंदाज में चलती हुई नजर आ रही है। साथ ही संदेश लिखा है कि, पहले मतदान, फिर जलपान। हालांकि इस बार वह गुलाबी रंग की साड़ी में हैं।
- **मुस्लिम महिला कर्मचारियों की तैनाती :** पश्चिमी उत्तर प्रदेश मतदान के दौरान कई रोचक दृश्य भी सामने आए। कई मतदान केंद्रों पर तो सुबह 7 बजे से पहले ही चहल-पहल नजर आने लगी। इसमें वोटर्स भी पहुंचे दिखे। खासकर पहली बार मताधिकार का प्रयोग कर रहे वोटर्स का उत्साह देखते बना। इस बीच कुछ क्षेत्रों में फर्जी मतदान को रोकने के लिए मुस्लिम महिला कर्मचारियों को बुर्का पहनाकर तैनात किया गया था। ये महिला कर्मचारी मतदान के लिए आने वाली बुर्कानशीं मतदाताओं का हिजाब उठाकर आईडी पर लगे फोटो से उनका मिलान कर रही हैं। दरअसल, बुर्के की आड़ में फर्जी मतदान की खबरें हर चुनाव में आती रही हैं, इसलिए ऐसी सतर्कता बरती गई।

राज्य में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को डाले जाएंगे वोट, पिछली बार कांग्रेस ने कुल 20 में 15 सीटें जीत ली थीं

डबल डिजिट के फेर में फंसा केरल

मनोज त्रिपाठी

केरल में लोकसभा चुनाव के लिए दूसरे चरण में 26 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। यहां लोकसभा और विधानसभा चुनाव प्रमुख रूप से दो गठबंधनों के बीच तय होता है। कांग्रेस की अगुवाई में यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) और वामपंथी दलों का माकपा की अगुवाई में बना लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट है। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस यहां सबसे बड़ी पार्टी के रूप में सामने आई थी। यह राहुल गांधी के राज्य की वायनाड सीट से चुनाव लड़ने का असर था कि कांग्रेस को केरल की कुल 20 में 15 सीटों पर जीत हासिल मिली थी। इसके मुकाबले सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) केवल एक सीट जीत सकी थी। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने दो सीटें जीती थी। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (भाकपा) को एक सीट मिली थी। भाजपा ने करीब 13 फीसदी वोट लेकर चौंकाया था, लेकिन इसके बावजूद पार्टी कोई भी सीट जीतने में सफल नहीं हो सकी थी। कांग्रेस इस बार अपना पिछला प्रदर्शन दोहराना चाहती है, तो भाजपा के साथ ही वामपंथी गठबंधन डबल डिजिट में सीटें जीतने की उम्मीद लगा रहा है।

इस बार के लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय स्तर पर बने इंडिया गठबंधन में वामपंथी दल कांग्रेस के साथ हैं, लेकिन पश्चिम बंगाल की तरह केरल में तस्वीर पुरानी ही है। केरल में वामपंथी दल और इंडिया गठबंधन अलग-अलग चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा इस बार मिशन-400 का लक्ष्य पाने के लिए केरल में वोट प्रतिशत बढ़ाने के साथ कम से कम तीन या चार सीटें जीतने की तरफ देख रही है। यही वजह है कि बीते कुछ समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आधा दर्जन बार राज्य का दौरा कर चुके हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी भाजपा में शामिल हो चुके हैं। 2019 के चुनाव को गठबंधन की सफलता के आधार पर देखें तो यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) ने राज्य में 20 में से 19 सीटें जीती थीं, जबकि लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट की तरफ से माकपा सिर्फ अलप्पुझा सीट पर जीत हासिल कर पाई थी।

कांग्रेस-भाजपा की परीक्षा

13% वोट लेकर भी भाजपा रह गई थी खाली हाथ

- लेफ्ट गठबंधन में माकपा को मिली थी सिर्फ एक सीट

अनिल एंटनी को उतार भाजपा का ईसाई समाज को साधने का प्रयास

- केरल में डबल डिजिट में सीटें जीतने का दावा कर रही भाजपा ने हर सीट पर मजबूत प्रत्याशी उतारे हैं। पथानामथिट्टा से कद्दावर कांग्रेस नेता एके एंटनी के पुत्र अनिल एंटनी को उतार कर पार्टी ने राज्य के ईसाई समुदाय को साधने का प्रयास किया है। अनिल को भाजपा ने राष्ट्रीय सचिव और प्रवक्ता बनाया है। 2019 में इस सीट से कांग्रेस के एंटो एंटनी जीते थे। इस बार भी वह कांग्रेस उम्मीदवार हैं, जबकि लेफ्ट गठबंधन ने पूर्व वित्त मंत्री थॉमस इसाक पर दांव लगाया है।

तिरुवनन्तपुरम में केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर और शशि थरूर के बीच जंग हुई दिलचस्प

- केरल की राजधानी तिरुवनन्तपुरम लोकसभा सीट पर केंद्रीय इलेक्ट्रनिक्स और आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर को भाजपा ने दिग्गज कांग्रेस नेता शशि थरूर के खिलाफ मैदान में उतारा है। शशि थरूर 2019 में इस सीट पर जीत की हैट्रिक लगा चुके हैं। तिरुवनन्तपुरम में भाजपा ने पिछले कुछ वर्षों में अपनी जड़ें तेजी से मजबूत की हैं। इसी का परिणाम है कि 2019 के चुनाव में यहां कांग्रेस और भाजपा में सीधा मुकाबला हुआ था। वामपंथी गठबंधन से उतरा भाकपा का प्रत्याशी तीसरे स्थान पर चला गया था। 2019 में कांग्रेस के शशि थरुर को 4,16,131 वोट मिले थे। भाजपा के कुम्मन राजशेखरन ने 3,16,142 वोट लेकर उन्हें सीधी चुनौती दी थी। इस बार माना जा रहा है कि शशि थरूर को यहां केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर कड़ी टक्कर दे रहे हैं, इन दोनों की लड़ाई में वरिष्ठ भाकपा नेता पूर्व सांसद पन्नयन रवींद्रन तीसरा कोण बना रहे हैं।

त्रिशूर में कांग्रेस नेता मुरलीधरन त्रिकोणीय मुकाबले में फंसते नजर आ रहे

- तीन हाई-प्रोफाइल उम्मीदवारों के कारण त्रिशूर लोकसभा सीट पर भी मुकाबला रोचक हो गया है। कांग्रेस ने यहां से अपने दिग्गज नेता रहे के करुणाकरन के पुत्र के .मुरलीधरन को मैदान में उतारा है। मुरलीधरन वर्तमान में कोझिकोड जिले की वडकारा लोकसभा सीट से सांसद हैं। वह चार बार सांसद और दो बार विधायक रह चुके हैं। त्रिशूर में मुरलीधरन का मुकाबला अभिनेता से नेता बने भाजपा उम्मीदवार सुरेश गोपी और भाकपा प्रत्याशी पूर्व कृषि मंत्री वीएस सुनील कुमार से है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनवरी में सुरेश गोपी के लिए ही त्रिशूर से एनडीए का चुनाव अभियान शुरू किया था। उधर, भाकपा के वीएस सुनील कुमार इस लोकसभा क्षेत्र में जाना-पहचाना चेहरा हैं। मुरलीधरन त्रिशूर को अपना गृह जनपद होने का हवाला दे रहे हैं। इस सीट पर 2019 में कांग्रेस के टीएन प्रतापन ने भाकपा के राजाजी मैथ्यू थॉमस को 93,633 वोटों से हराया था।

2019 में किसको कितनी सीटें और मत प्रतिशत

दल	सीट	प्राप्त वोट	मत प्रतिशत
कांग्रेस	15	7596610	37.3
आईयूएमएल	02	1111697	5.5
केरल कांग्रेस (एम)	01	421046	2.1
आरएसपी	01	499677	2.5
माकपा	01	5270241	25.9
भाकपा	00	1233886	6.1
भाजपा	00	2635810	12.9
अन्य	00	1616249	7.9

2014 के चुनाव में दलीय जनादेश

दल	सीट	प्राप्त वोट	मत प्रतिशत
कांग्रेस	08	5590285	31.1
आईयूएमएल	02	816226	4.5
केरल कांग्रेस (एम)	01	424194	2.4
आरएसपी	01	408528	2.3
माकपा	00	11070	0.1
भाकपा	01	1364010	7.6
भाजपा	00	1856796	10.3
अन्य	07	7504786	41.7

अलाप्पुझा से दो बार के सांसद रहे वेणुगोपाल के सामने माकपा से सीट वापस छीनने की चुनौती

इस बार अलाप्पुझा की सीट माकपा से छीनने के लिए कांग्रेस ने अपने दिग्गज और एआईसीसी महासचिव केसी वेणुगोपाल को मैदान में उतार दिया है। वेणुगोपाल वर्ष 2009 और 2014 के चुनाव में यहां से दो बार सांसद चुने जा चुके हैं। पिछली बार 2019 में यहां से माकपा के ए एम आरिफ चुनाव जीते थे। उन्होंने नजदीकी मुकाबले में कांग्रेस के शनिमॉल उस्मान को मात दी थी। माकपा प्रत्याशी को 4,45,970 तो कांग्रेस उम्मीदवार को 4,36,496 मत मिले थे। भाजपा के डॉ. एसके राधाकृष्णन 1,54,152 वोट पाकर तीसरे स्थान पर रहे थे। मजे की बात यह है कि इस सीट पर बसपा ने भी चुनाव लड़ा था, लेकिन उसके प्रत्याशी प्रसनाथिभम को सिर्फ 2431 वोट मिले थे। इस बार भाजपा ने अलाप्पुझा सीट से शोभा सुरेंद्रन को मैदान में उतारा है।

राहुल गांधी के लिए इस बार वायनाड में वॉक ओवर नहीं

भाकपा की एनी राजा के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्रन पेश कर रहे हैं कड़ी चुनौती

आज देश की चर्चित और हॉट लोकसभा सीटों में शुमार वायनाड लोकसभा सीट 2009 में अस्तित्व में आई थी। 2009 और 2014 के लोकसभा चुनावों में यहां से कांग्रेस के एमआई शानवास ने जीत दर्ज की थी। 2019 में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चुनाव लड़कर वायनाड को हाई प्रोफाइल सीट बना दिया। इस सीट पर मुख्य संघर्ष कांग्रेस और भाकपा में ही होता रहा है। लेकिन इस बार भाजपा ने अपने प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन को मैदान में उतारकर मुकाबला दिलचस्प बना दिया है। भाकपा के टिकट पर नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन वुमेन की महासचिव और भाकपा की राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य तथा दिग्गज भाकपा नेता डी राजा की पत्नी एनी राजा चुनाव मैदान में हैं। राहुल गांधी पिछले लोकसभा चुनाव में अमेठी में भाजपा की स्मृति इरानी से भले ही हार गए हों, लेकिन वायनाड में उन्होंने बड़ी जीत दर्ज की थी। वायनाड में राहुल गांधी ने कुल पड़े 10,87,783 वोटों में 7,06,367 मत हासिल किए थे। उनके प्रतिद्वंदी पीपी सुनीर को 2,74,597 वोट मिले थे। इस तरह राहुल गांधी ने 4.3 लाख से भी ज्यादा वोटों से जीत का रिकार्ड बनाया था। हालांकि इस बार राहुल गांधी के सामने त्रिकोणात्मक चुनौती नजरआ रही है। भाजपा ने प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन को मैदान में उतारकर मुकाबला रोचक बना दिया है। सुरेंद्रन 2020 में केरल भाजपा के अध्यक्ष बनने के बाद से लगातार पार्टी को मजबूत करने की कोशिश में लगे हैं। वह अब तक तीन लोकसभा चुनाव लड़े हैं और तीनों में हार का सामना करना पड़ा। इसी तरह सुरेंद्रन ने पांच विधानसभा चुनाव लड़े और सभी में हारे। लेकिन दो मुकाबले कांटे के रहे। इनमें उन्हें मात्र 89 और 745 वोटों से हार का सामना करना पड़ा। वायनाड में तीसरा कोण भाकपा के महासचिव और पूर्व राज्यसभा सांसद डी. राजा की पत्नी एनी राजा बना रही हैं। लेफ्ट गठबंधन ने उनकी जीत के लिए पूरी ताकत भी लगा रखी है।

दक्षिण का दुर्ग जीते बिना कैसे लहराएगा 400 पार का झंडा

महेश शर्मा

अमृत विचार: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नैरेटिव सेट किया, अबकी बार 400 पार और सारा विमर्श इसी के इर्द-गिर्द घूम गया। अब मतदान प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही राजग गठबंधन की सीटें क्या इस बार 400 पार होंगी, इसकी परीक्षा भी शुरू हो गई है। 2019 के चुनाव में दक्षिण भारत 130 सीटों में 29 सीटें भाजपा का बेस्ट प्रदर्शन था। लेकिन बड़ा लक्ष्य निर्धारण करने व उसे प्राप्त करने के लिए जीजान से जुटने में माहिर मोदी का आत्मविश्वास गजब का है। भाजपा थिंक टैंक ने दक्षिण में तमिलनाडु, केरल, आंध्र, तेलंगाना, कर्नाटक व पुडुचेरी में लोकसभा चुनाव जीतने की योजना पर काफी पहले से काम शुरू कर दिया था। तमिलनाडु और केरल में इस बार पार्टी 10 से ज्यादा सीटें जीटने की जुगत में जुटी है। लेकिन भाजपा दक्षिण में मजबूत भाषाई सांस्कृतिक

गौरव को पुशअप करने वाली पार्टियों को तोड़ने में नाकाम रही है, इसके साथ वही वह उत्तर-दक्षिण विभाजन की खाई भी नहीं कम कर पायी। विश्लेषक कहते हैं कि भाजपा की वोट में हिस्सेदारी बढ़ सकती है पर यह सीट बढ़ाने मे कारगर होगी? इसमें संदेह है। भाजपा की पार्टनर रही तमिलनाडु की एआईडीएमके को 2021 के विधानसभा चुनाव में हार के बाद एहसास हो गया कि भाजपा से गठजोड़ करके उसकी द्रविड़ पहचान पर ग्रहण लगा रहा है, तो उसने बीते साल सितंबर 2023 माह में भाजपा से गठबंधन तोड़ दिया। हालांकि दक्षिण के हर राज्य में सीटें हासिल करने में जुटी भाजपा ने मोदी के दूसरे कार्यकाल के शुरुआती दिनों से ही अभियान शुरू कर दिया था। ममल्लापुरम में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ शिखर सम्मेलन, लोकसभा में सेंगोल की स्थापना, धार्मिक लिहाज से काशी टू चेन्नई योजना इसके प्रमाण हैं। लेकिन चुनावी अभियान आगे बढ़ने के साथ जानकार मान रहे हैं कि दक्षिण में बढ़त हासिल करके 400 पार का लक्ष्य जिसमें भाजपा का अपने दम पर 370 सीटें जीतना शामिल है, इतना भी आसान नहीं है। दक्षिण के मैदान-ए-जंग में भाजपा ने 2014 के लोकसभा चुनाव में 21 सीटें जीती थी और 2019 में 29 सीटें जीती थीं।

तमिलनाडु में 39 लोकसभा सीटें हैं। 2014 में छह फीसद वोट के साथ भाजपा ने एक सीट जीती थी, लेकिन 2019 में चार फीसद वोट के साथ स्कोर शून्य रहा। एआईडीएमके ने 2014 में 45 फीसद वोट के साथ 37 सीटें जीती डीएमके शून्य पर रही, पर 2019 में डीएमके ने 34 फीसद वोट के साथ 23 सीटें जीतीं। उसके सहयोगी दलों ने सात, कांग्रेस ने आठ व एक एआईडीएमके ने जीती। अब आंध्र (25) को देखिए, 2014 में यहां भाजपा ने सात फीसद वोट के साथ दो सीटें जीती थीं जबकि 2019 में एक फीसद वोट के साथ खाता नहीं खुला। मतलब आधार और सीट दोनों ही जाती रहीं। तेलंगाना (17)में 2014 में भाजपा ने 11 फीसद वोट के साथ एक सीट जीती जबकि 2019 में 20 फीसद वोट के साथ चार सीटें जीतीं। केरल (20) राज्य में 2014 में दस फीसद वोट पर सीट शून्य तो 2019 में 13 फीसद वोट फिर भी सीट शून्य। कांग्रेस ने यहां पर 2014 में 31 फीसद वोट पाकर आठ सीटें जीतीं और 2019 में 37 फीसद वोटों के साथ 15 सीटें जीतीं। अब आइए कर्नाटक (28) में। भाजपा के लिए यह राज्य बमबम है। 2014 में 43 फीसद वोट हासिल कर 14 सीटें पायीं तो 2019 में 51 फीसद वोट हासिल कर 25 सीटें जीतीं। कांग्रेस ने क्रमशः 9 और एक सीटें पाईं। जेडीएस दो और एक पर सिमटी रही। पुडुचेरी (1) में 2014 में भाजपा ने एक 2019 में कांग्रेस ने एक सीट जीती।

चुन लिया सांसद

तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में वोट डालने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते मतदाता। यहां मतदाताओं में वोट डालने को लेकर खासा उत्साह नजर आया। देर शाम तक मतदाता बूथों पर डंटे रहे।

हिसार में चौटाला परिवार से ससुर व दो बहुओं में संग्राम

- भाजपा के रणजीत चौटाला के सामने जेजेपी से दुष्यंत की मां नैना, लोकदल से सुनैना

चंडीगढ़। हरियाणा की हिसार लोकसभा सीट पर भाजपा, आईएनएलडी और जेजपी के उम्मीदवार सामने आने के बाद मुकाबला काफी दिलचस्प हो गया है। भाजपा ने इस सीट पर रणजीत चौटाला को मैदान में उतारा है। उनके मुकाबले जेजेपी और आईएनएलडी ने भी चौटाला परिवार से ही प्रत्याशी उतारकर हिसार की जंग रोचक बना दी है। जेजेपी ने अजय चौटाला की पत्नी और दुष्यंत की मां नैना चौटाला को उम्मीदवार बनाया है, तो आईएनएलडी ने देवी लाल के पौत्र रविंद्र उर्फ रवि चौटाला की पत्नी सुनैना चौटाला पर चुनावी दांव लगाया है। रणजीत चौटाला रिश्ते में नैना और सुनैना के चाचिया ससुर लगते हैं। ऐसे में हिसार का मुकाबला अब चौटाला परिवार के बीच सिमट गया है। रणजीत चौटाला अब तक आठ चुनाव लड़ चुके हैं। लेकिन उनका जीत का रिकॉर्ड बढ़िया नहीं है। उन्हें केवल तीन बार ही जीत मिली है और पांच बार हार का सामना करना पड़ा है। जानकार हिसार के चुनावी मुकाबले में ससुर और बहुओं की लड़ाई में नैना चौटाला की संभावनाएं मजबूत मान रहे हैं। इसकी वजह यह है कि नैना ने अब तक दो विधान सभा चुनाव लड़े हैं और दोनों में ही उन्होंने जीत हासिल की है। उधर, सुनैना चौटाला की बात करें तो यह उनका पहला चुनाव है।

अतीत के झरोखे से | 7 करोड़ 32 लाख पड़े वोटों में कांग्रेस को मिले थे 4,76,65,951 वोट

पहले ही चुनाव में 55 फीसदी लोगों ने नहीं डाले थे कांग्रेस को वोट

1952 में जब पहली लोकसभा का चुनाव हुआ तो 80% से ज्यादा आबादी निरक्षर थी। इस चुनाव में लोकसभा की 489 सीटों के लिए 17 करोड़ 32 लाख (44.87 फीसदी) मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। कांग्रेस ने कुल 4,76,65,951 यानी 44.99 वोट हासिल किए। उस वक्त एक निर्वाचन क्षेत्र में एक से अधिक सीटें भी होती थीं, लिहाजा 489 स्थानों के लिए 401 निर्वाचन क्षेत्रों में ही चुनाव हुआ। 1960 से इस व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया। एक सीटों वाले 314 निर्वाचन क्षेत्र थे। 86 निर्वाचन क्षेत्रों में दो सीटें और एक क्षेत्र में तीन सीटें थीं। इस चुनाव में 14 पार्टियों को राष्ट्रीय पार्टी की मान्यता दी गई। कुल 53 पार्टियों ने चुनाव लड़ा।

1952 के चुनाव में कांग्रेस ने 364 सीटों पर जीत हासिल की थी लेकिन पार्टी को 55 प्रतिशत लोगों ने वोट नहीं दिया था। कांग्रेस के पक्ष में लगभग 45 प्रतिशत ही मतदान हुआ था। इसके बावजूद कांग्रेस ने संसद में 489 सीटों में से 364 और राज्य विधानसभाओं में 3,280 में से 2,247 सीटें हासिल करके आराम से जीत हासिल की। पहले आम चुनाव में सीपीआई उपविजेता बनकर उभरी। 16 सीटें जीतकर कांग्रेस के बाद दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी, हालांकि उसे केवल 3.29% वोट ही मिले। इसके बाद जयप्रकाश नारायण और राम मनोहर लोहिया की सोशलिस्ट पार्टी थी, जिसने 254 सीटों पर चुनाव लड़कर 12 सीटें हासिल कीं। कृपलानी की केएमपीपी उन 145 सीटों में से केवल नौ जीतने में सफल रही, जिन पर उसने चुनाव लड़ा था। । वहीं 37 निर्दलीय उम्मीदवार भी जीतने में सफल रहे थे। इनके अलावा गणतंत्र परिषद को 6, हिंदू महासभा को 4, शिरोमणि अकाली दल को 4, अखिल भारतीय राम राज्य परिषद को 3, जनसंघ 49 सीटों पर चुनाव लडी और तीन सीटें जीतने में सफल रही और इसके संस्थापक डॉ. मुखर्जी स्वयं कलकत्ता दक्षिण पूर्व निर्वाचन क्षेत्र से जीते । 1952 के चुनाव में डॉ. अम्बेडकर की एससीएफ को ज्यादा सफलता नहीं मिली और उसने जिन 35 सीटों पर चुनाव लड़ा उनमें से केवल दो सीटें ही हासिल कीं।

पहले आम चुनाव में कुल 53 राजनीतिक दलों ने हिस्सा लिया था। जिसमें 14 राष्ट्रीय और 39 क्षेत्रीय दल शामिल थे। इसमें 22 पार्टी कम से कम एक सीट जीतने में कामयाब रही। इसमें सोशलिस्ट पार्टी को कुल 10.6 प्रतिशत वोट मिले और 12 सीटों पर जीत मिली। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (सीपीआई) ने मात्र 3.3 प्रतिशत वोट पाया और 16 सीटें जीतने में कामयाबी हासिल की। किसान मजदूर प्रजा पार्टी को 5.79 प्रतिशत वोट मिले और 9 सीटों पर जीत हासिल हुई। पीपुल्स डेमोक्रेटिक फ्रंट (पीडीएफ) 1.3 प्रतिशत वोट प्राप्त कर 7 सीट जीतने में कामयाब रही थी।

गणतंत्र परिषद ने 1 प्रतिशत से भी कम 0.91 फीसदी वोट प्राप्त किए और 6 सीटों पर जीत हासिल की थी। हिंदू महासभा को भी 0.95 प्रतिशत वोट मिले और 4 सीटों पर जीत मिली। इसी तरह शिरोमणि अकाली दल को 0.99 प्रतिशत वोट के साथ 4 सीटों पर जीत मिली। तमिलनाडु टॉयलर्स पार्टी ने 0.84 प्रतिशत वोट के साथ 4 सीटें प्राप्त की। अखिल भारतीय राम राज्य परिषद को 1.97 प्रतिशत वोट मिले, लेकिन जीत सिर्फ 3 सीटों पर ही हुई। भारतीय जनसंघ को 3.06 प्रतिशत वोट के साथ 3 सीटों पर जीत मिली। कॉमनवेल पार्टी को 0.31 प्रतिशत वोट मिले लेकिन जीत 3 सीटों पर हुई। झारखंड पार्टी को 0.71 प्रतिशत वोट के साथ 3 सीटों पर जीत मिली।

- प्रो. विवेकानंद तिवारी

लोहे की 20 लाख मतपेटियां बनवाई गईं

- पूरे भारत में कुल 2 लाख 24 हज़ार मतदान केंद्र बनाए गए थे. इसके अलावा लोहे की 20 लाख मतपेटियां बनाई गई थीं जिसके लिए 8200 टन इस्पात का इस्तेमाल किया गया था। कुल 16500 लोगों को मतदाता सूची बनाने के लिए छह महीने के अनुबंध पर रखा गया था।

केरल में हुआ था 80 फीसदी से ज्यादा मतदान

- राजस्थान के कोट बूंदी सीट पर सबसे कम 22.59 फीसदी लोगों ने ही वोट डाले, जबकि केरल की कोट्टायम सीट पर सबसे ज्यादा 80.49 फीसदी लोगों ने मताधिकार का प्रयोग किया।

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	73,088.33	22,147
बढ़त	599.34	151.15
प्रतिशत में	0.83	0.69

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, शनिवार, 20 अप्रैल 2024

मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 995 फ्लैग- 1110 बोल्ड- 1155 डीएमओ- 885

सर्राफा

कानपुर

चांदी 999 (प्रति किलो)	85300
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	85000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	90000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	75700
सोना गिन्नी (प्रति नग)	56400-56600

लखनऊ

सोना स्टैंडर्ड	75,900
सोना रवा	75,750
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	84,100
चांदी (999)	84,000
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000

बरेली

गोल्ड (पक्के जेवर)	75800
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	74800
सिल्वर (पक्की)	830 (अनुमानित)

लखनऊ मंडी

गेहूं (आरआर 21) 2360-2800, गेहूं (के 65) 3500-3800, बाजरा 2200-2300, मक्का 2700-2800, जौ 2900-3000, चावल प्रति कुन्तल, चावल सेल्हा 2800-3100, चावल बासमती 7000, -8000, चावल मोटा 2800-3000, चावल मन्सूरी 3200-3500, चावल शक्कर चीनी 4800-5200, चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600, चावल राजरानी 7000-7500, दाल दलहन, चना देशी 6800-7000, चना फार्मी 7200-7500, चना काबली 14500-17000, मटर हरा 6000-6200, मटर सफेद 6100-6500, दाल चना 8000-8400, दाल मटर 6400-6500, उड़द हरा 12000-12500, उड़द काला 9000-9500, दाल उड़द हरी 15500-16000, दाल उड़द काली 10500-11000, दाल उड़द धोवा 12000-12500, मूँग खड़ा 10000-10500, मूँग दाल 10500-11000, मूँग धोवा 12000-13000, मसूर 8800-9000, मलका 9000-9500, दाल अरहर फूल 16000-17000, दाल स्पेशल 13000-14000

काशी की संपदा, गरिमा, तृप्ति से बढ़ेगा सब्जियों का रकबा

आईआईवीआर वाराणसी की विकसित 19 प्रजाति केंद्र से अधिसूचित, बीज तैयार कर करेंगे बिक्री, प्रसंस्करण पर भी होगा काम

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : काशी की संपदा, गरिमा, तृप्ति, अन्नपूर्णा, उत्कर्ष आदि से प्रदेश ही नहीं बल्कि देश में सब्जियों का रकबा बढ़ेगा। यह सभी सब्जियों की नई प्रजाति के नाम हैं। इस तरह की 19 प्रजाति भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान (आईआईवीआर) वाराणसी ने विकसित की है। जिसे कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने केंद्रीय बीज समिति के परामर्श पर अधिसूचित किया है। यानी इन नामों से सब्जियों के बीजों का उत्पादन, बिक्री और पैदावार किसान करेंगे।

खासियत यह है कि ज्यादातर सब्जियां हर मौसम में कम समय पर उगेंगी और ज्यादा दिन तक सुरक्षित रहेंगी। लंबी दूरी तक ले जाने में खराब नहीं होंगी। यह अधिक पौष्टिक हैं। पुरानी प्रजातियों के मुकाबले इनमें आयरन, विटामिन बी, सी व डी जैसे तत्व अधिक हैं। इन सब्जियों से प्रसंस्करण कर पाउडर भी बनाया जा सकेगा।

उप्र में 19 सब्जियों की नई प्रजाति विकसित और अधिसूचित होना बड़ी उपलब्धि है। अब बीज तैयार कर किसानों को पैदावार के लिए देंगे। इससे सब्जियों की पैदावार बढ़ेगी। अन्य राज्यों को भी इसका लाभ मिलेगा। किसानों की आय बढ़ेगी।

–डॉ. राजीव वर्मा, संयुक्त निदेशक (शाकभाजी), उद्यान एवं प्रसंस्करण विभाग

इन नामों से आएंगी ये नई प्रजाति

टमाटर : काशी तापस, टमाटर : काशी अद्भुत, बैगन : काशी उत्तम, सब्जी मटर : काशी पूर्वी, भिंडी : काशी उत्कर्ष, मूली : काशी ऋतुराज, टिंडा : काशी हरि, ककड़ी : काशी विधि, मिर्च : काशी गरिमा, परवल : काशी परवल 141, फलीदार मटर : काशी तृप्ति, फावा बीन (बकला) : काशी संपदा, विंगडबीन (सेम) : काशी अन्नपूर्णा, पालक चुकंदर : काशी बारामासी, पालक : काशी मनु, चौलाई : काशी चौलाई-1, तरबूज : काशी मोहिनी, करेला : काशी प्रतिष्ठा व करेला/लौकी : काशी शुभ्रा

शोध करने में लगे करीब 10 वर्ष

शासन ने उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की 17 सदस्यीय कमेटी की स्वीकृति पर प्रदेश से विकसित 20 सब्जियों की नई प्रजाति का प्रस्ताव पिछले वर्ष केंद्र को अनुमोदन के लिए भेजा था। इसमें भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान वाराणसी की 19 प्रजाति, जबकि चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर की एक खीरा की प्रजाति शामिल है। इसमें वाराणसी की सभी प्रजाति अधिसूचित हुई है। इन प्रजाति को शोध कर विकसित करने में विज्ञानियों को आठ से 10 वर्ष लगे हैं।

चार दिन बाद तेजी लौटी सेंसेक्स 599 अंक चढ़ा

मुंबई, एजेंसी

बैंक एवं वाहन शेयरों में कम मूल्य पर अधिक खरीदारी आने से घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को शुरुआती निचले स्तर से उबरकर बढ़त के साथ बंद हुए और चार दिन से जारी गिरावट का क्रम टूट गया।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 599.34 अंक यानी 0.83 प्रतिशत चढ़कर 73,088.33 पर बंद हुआ। हालांकि शुरुआती कारोबार में 672.53 अंक यानी 0.92 प्रतिशत लुढ़कते हुए 71,816.46 के निचले स्तर तक खिसक गया था। लेकिन बैंक शेयरों में खरीदारी से तेजी पकड़ने में सफल रहा। एनएसई का निफ्टी भी 151.15 अंक यानी 0.69 प्रतिशत उछलकर 22,147 अंक पर बंद हुआ। कारोबार सत्र में यह 21,777.65 के निचले स्तर तक पहुंचा लेकिन बाद में बढ़त के साथ बंद हुआ।

● बैंक और वाहन के शेयरों में अधिक खरीदारी से बाजार उबरा

बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, मारुति, विप्रो, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक और आईटीसी ने बढ़त हासिल की। वहीं नेस्ले इंडिया, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाटा मोटर्स और इन्फोसिस के शेयरों में गिरावट आई।

जीएसटी प्राधिकरण ने सिप्ला पर 1.83 करोड़ का लगाया जुर्माना

नई दिल्ली, एजेंसी

दवा कंपनी सिप्ला लिमिटेड ने शुक्रवार को कहा कि उत्पाद शुल्क से जीएसटी व्यवस्था में जाने के दौरान शिक्षा उपकर पर अमान्य क्रेडिट (ट्रांजिशनल) का दावा करने के लिए जीएसटी प्राधिकरण ने उस पर 1.83 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है।

सिप्ला ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कंपनी को सीजीएसटी एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क, मुंबई, महाराष्ट्र के प्रधान आयुक्त से 1,83,17,388 रुपये का जुर्माना लगाने का आदेश मिला है। यह आदेश केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 और महाराष्ट्र माल और सेवा कर अधिनियम,

2017 के प्रावधानों के तहत लगा है। जीएसटी प्राधिकरण ने कहा कि कंपनी ने वित्त वर्ष 2017-18 में उत्पाद शुल्क व्यवस्था से जीएसटी में जाने के दौरान शिक्षा उपकर पर संक्रमणकालीन यानी 'ट्रांजिशनल' क्रेडिट का दावा किया है, जो मान्य नहीं था। प्राधिकरण ने जुर्माने के साथ इसकी वसूली का आदेश दिया। सिप्ला ने कहा कि इस संबंध में अपीलीय प्राधिकार के पास अपील दायर करेगी।

भारत में इलेक्ट्रिक एयर टैक्सी सेवा शुरू करने की योजना

नई दिल्ली। देश की प्रमुख एयरलाइन इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एंटरप्राइजेज और अमेरिका की आर्चर एविएशन भारत में 2026 की शुरुआत में इलेक्ट्रिक हवाई टैक्सी सेवा शुरू करेंगी। ये हवाई टैक्सियां यात्रियों को दिल्ली के कनॉट प्लेस से हरियाणा के गुरुग्राम तक सात मिनट में पहुंचाएंगी। आर्चर एविएशन 200 'इलेक्ट्रिक वर्टिकल टेकऑफ एंड लैंडिंग' (ईवीटीओएल) विमान उपलब्ध कराएगी। विमान में चालक के अलावा चार यात्री सवार हो सकते हैं। ये विमान कम शोर और बेहतर सुरक्षा के साथ हेलीकॉप्टर की तरह चलते हैं। इनकी कीमत एक अरब डॉलर होगी। हर विमान में 12 'रोटर' होंगे। इंटरग्लोब और आर्चर के संयुक्त उपक्रम के तहत दिल्ली के अलावा मुंबई और बेंगलुरु में भी ऐसी ही सेवाएं शुरू की जाएंगी। आर्चर एविएशन के अधिकारियों के अनुसार, कंपनी के पांच सीटों वाले ईवीटीओएल विमान को कनॉट प्लेस से गुरुग्राम तक संचालित किया जाएगा। सात मिनट की उड़ान की लागत लगभग 2,000 से 3,000 रुपये हो सकती है।

नेस्ले के शिशु उत्पादों में चीनी संबंधी रिपोर्ट पर गौर करें एफएसएसएआई

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) को नेस्ले इंडिया द्वारा कम विकसित देशों में अधिक चीनी वाले शिशु उत्पाद बेचने की रिपोर्ट पर गौर करने को कहा है।

स्विट्जरलैंड के गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) पब्लिक आई और इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क (आईबीएफएएन) ने रिपोर्ट में दावा किया है कि नेस्ले ने यूरोप की तुलना में भारत सहित कम विकसित दक्षिण एशियाई देशों, अफ्रीकी तथा लैटिन अमेरिकी देशों में अधिक चीनी वाले शिशु उत्पाद बेचे। उपभोक्ता मामलों की सचिव एवं केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण

● आईबीएफएएन का दावा, नेस्ले ने विकसित देशों में अधिक चीनी वाले शिशु उत्पाद बेचे

(सीसीपीए) की प्रमुख निधि खरे ने कहा कि हमने एफएसएसएआई को नेस्ले के शिशु उत्पाद पर आई रिपोर्ट का संज्ञान लेने के लिए पत्र लिखा है। पत्र में खरे ने कहा कि उपभोक्ता मामलों के विभाग को लेखों के भारत में नेस्ले कंपनी के चलन के बारे जानकारी मिली, खासकर सेरेलैक के संबंध में। स्विट्जरलैंड के संगठन ने भारत में नेस्ले की विनिर्माण प्रथाओं पर रिपोर्ट पेश की है। भारत में बेचे जाने वाले नेस्ले सेरेलैक में एक बार के खाने में 2.7 ग्राम चीनी मिलाने का आरोप लगाया गया है, जबकि जर्मनी, स्विट्जरलैंड, फ्रांस और ब्रिटेन जैसे अन्य देशों में ऐसा नहीं किया जा रहा।

राष्ट्रीय

एक नजर

हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति में महसूस किए गए भूकंप के झटके

शिमला। हिमाचल प्रदेश के आदिवासी जिला लाहौल-स्पीति में गुरुवार रात आठ बजकर 53 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.0 मापी गई। भूकंप का केंद्र जम्मू और कश्मीर के किश्तवाड़ में था। लाहौल-स्पीति के उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि यदि आपके क्षेत्र के आसपास भूकंप के कारण कोई क्षति होती है तो इसकी सूचना 1077 पर दी जा सकती है। कांगड़ा भूकंप, जो चार अप्रैल, 1905 को आया था, हिमाचल प्रदेश के इतिहास में सबसे विनाशकारी भूकंपीय घटनाओं में से एक था, जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 8.0 थी और इसका केंद्र धर्मशाला के पास करेरी में था। भूकंप ने पूरे क्षेत्र में बड़े पैमाने पर विनाश किया, इमारतों, बुनियादी ढांचे को महत्वपूर्ण क्षति हुई और जीवन की हानि हुई। अनुमान बताते हैं कि 20,000 से अधिक लोगों की जान चली गई और कई लोग घायल या विस्थापित हो गए। राज्य सरकार लोगों को आपदाओं से बचाने के लिए कई कदम उठा रही है।

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने अनंतनाग और बारामूला से नौ ड्रग तस्करों को पकड़ा

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने अनंतनाग और बारामूला जिलों में मादक पदार्थ के नौ तस्करों को गिरफ्तार किया और उनके पास से भारी मात्रा में प्रतिबंधित पदार्थ बरामद किए। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के पांच थाना क्षेत्र में मादक पदार्थ सात तस्करों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने वाघामा बिजबेहारा के फिरोज अहमद राथर और ऐजाज अहमद मंटू को गिरफ्तार किया और उनके पास से नौ किग्रा डोडा पोस्त मिला, जबकि नागम कोकरनाग के सुहैल अहमद डार और वॉटनार्ड कोकेरनाग के रेयाज़ अहमद मीर के कब्जे से 16.450 किग्रा भांग पाउडर मिला। उत्तरासू में पुलिस ने ऐशमुकाम से शकील अहमद वानी को गिरफ्तार किया और उसके पास से 21 ग्राम चरस, 350 ग्राम डोडा पोस्त और 10,000 रुपये बरामद किए। पुलिस ने येन्नेर पहलगाम के गुलाम नबी भट से चार किग्रा डोडा पोस्त और 1.25 किग्रा भांग बूसा पकड़ा। वाघामा बिजबेहरा के इंद्राज अहमद थोकर के कब्जे से करीब पांच किलो भांग पाउडर बरामद किया।

साइबर पुलिस का अधिकारी बनकर 46 लाख रुपये ठगे

ठाणे। महाराष्ट्र के नवी मुंबई में खुद को मुंबई साइबर पुलिस का अधिकारी बताकर ठगों ने 47 वर्षीय व्यक्ति से 46 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि ठगों ने पीड़ित के खिलाफ धनशोधन और मादक पदार्थ का मामला दर्ज करने की धमकी देकर उसके साथ ठगी की। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने कथित तौर पर खुद को मुंबई साइबर पुलिस का अधिकारी बताया और नेरुल के रहने वाले पीड़ित से व्हाट्सएप पर संपर्क किया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने दावा किया कि उन्हें उसके (पीड़ित के) खिलाफ धनशोधन और मादक पदार्थ के संबंध में शिकायत मिली है।

निषेधाज्ञा रद करने के अनुरोध पर सुनवाई को तैयार अदालत

पीठ ने प्राधिकरण को सभाओं की अनुमति की अर्जी पर निर्णय लेने का दिया निदेश

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय उस याचिका पर सुनवाई करने के लिए शुक्रवार को सहमत हो गया, जिसमें सिर्फ चुनाव होने के आधार पर, दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत जारी किये गए निषेधाज्ञा आदेशों को रद करने का अनुरोध किया गया है। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने यह निर्देश भी दिया कि सक्षम प्राधिकार चुनावों के बारे में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से यात्रा या जन सभाएं आयोजित करने के लिए अनुमति मांगने वाली अर्जी पर तीन दिनों के अंदर निर्णय करे।

पीठ सामाजिक कार्यकर्ता अरूणा राय और निखिल डे की एक याचिका पर सुनवाई कर रही है। याचिका में, लोकसभा या विधानसभा चुनावों से पहले और परिणामों की घोषणा होने तक बैठकों,

● सिर्फ चुनाव के आधार पर धारा 144 के तहत जारी आदेशों को रद करने के लिए दायर की गई है याचिका

सभाओं, जुलूस या धरने को निषिद्ध करने के लिए मजिस्ट्रेट और राज्य सरकारों द्वारा सीआरपीसी की धारा 144 लागू करने के लिए आदेश जारी किये पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया है। धारा 144 उपद्रव की आशंका होने पर लागू की जाती है। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने पीठ से कहा, कुछ बहुत शानदार हो रहा है। छह महीनों में, निर्वाचन आयोग के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करने से लेकर चुनावों के समापन की पूरी अवधि तक (सीआरपीसी की) धारा 144 लागू करने का धड़ल्ले से आदेश जारी किया जा रहा है। यह धारा चुनावों के दौरान हर तरह की सभाओं, बैठकों और प्रदर्शनों को निषिद्ध करती है। पीठ ने कहा, इस तरह का आदेश कैसे जारी किया जा सकता है। भूषण ने कहा कि शीर्ष अदालत की संविधान पीठ के तीन निर्णय हैं जिनमें कहा गया है कि जब तक शांति भंग होने की प्रबल आशंका न हो यह आदेश जारी नहीं किया जा सकता। उन्होंने राजस्थान में 16 मार्च को सीआरपीसी की धारा 144 के तहत आदेश जारी किये जाने का उल्लेख किया, जिसमें कहा गया है कि यह आदेश 16 मार्च को प्रभावी होगा और छह जून तक पूरे बाड़मेर में प्रभावी रहेगा। भूषण ने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने पिछले साल के विस चुनाव में मतदाताओं के अधिकारों के बारे में जागरूक करने के लिए एक यात्रा की इजाजत लेने के वास्ते आवेदन दिया था।

कर्नाटक में नेहा की हत्या के बाद प्रदर्शन भाजपा ने जताया लव जिहाद का संदेह

हुब्बाली, एजेंसी

कर्नाटक के हुब्बाली में निगम पार्षद की बेटी की उसके कॉलेज में हत्या की घटना के बाद विरोध प्रदर्शन हुआ। इसको लेकर सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्ष भाजपा में आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया। कांग्रेस ने जहां इसको दो लोगों का निजी मामला बताया वहीं भाजपा ने लव जिहाद का संदेह जताया और कहा कि यह राज्य में कानून-व्यवस्था की बिगड़ती हुई स्थिति को दर्शाता है।

भाजपा की छात्र इकाई एबीवीपी और हिंदू संगठनों से जुड़े संगठनों ने न्याय और आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। घटना को लेकर कई अन्य स्थानों पर भी विरोध प्रदर्शन की जानकारी मिली है। चौंकाने वाली घटना में, हुब्बाली-धारवाड़ नगर निगम के कांग्रेस पार्षद निरंजन हिरेमथ की बेटी नेहा हिरेमथ (23) की गुरुवार को बीवीबी कॉलेज में चाकू मारकर हत्या कर दी गई। आरोपी फैयाज खोंडुनाईक मौके से

हुबली : नेहा के शव के पास विलाप करते परिवार के सदस्य।

● कांग्रेस पार्षद की बेटी की गुरुवार को बीवीबी कॉलेज में चाकू मारकर फैयाज ने कर दी थी हत्या

भाग गया था, जिसे बाद में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

नेहा मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एमसीए) के प्रथम वर्ष की छात्रा थी और फैयाज पहले उसका सहपाठी था। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार आरोपी फैयाज ने दावा किया कि दोनों में प्रेम संबंध था लेकिन वह कुछ समय से उसे नजरअंदाज कर रही थी। बेलागवी जिले में फैयाज के गृहनगर मुनवल्ली में इस हत्या की निंदा करते हुए लोगों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए प्रदर्शन किया। केंद्रीय मंत्री एवं धारवाड़ सीट से भाजपा उम्मीदवार प्रह्लाद जोशी ने कहा है कि ये मामला लव जिहाद से जुड़ा हो सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में कांग्रेस के शासन के तहत कानून व्यवस्था पूरी तरह से खराब हो गई है। जोशी ने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया से तुष्टीकरण की राजनीति और विशेष समुदाय के साथ विशेष व्यवहार बंद करने का आग्रह किया।

घर से आया 48 बार भोजन सिर्फ तीन बार खाये आम

नई दिल्ली, एजेंसी

मुख्यमंत्री केजरीवाल ने ईडी पर जेल में उनके आहार को लेकर संकीर्ण सोच रखने और राजनीति करने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को अदालत में कहा कि उन्होंने जो खाना खाया वह उनके डॉक्टर द्वारा तैयार किए गए चार्ट के अनुरूप था और उन्होंने जेल में उन्हें इंसुलिन दिए जाने का अनुरोध किया। केजरीवाल ने उनकी शर्करा के खतरनाक स्तर को नियंत्रण में रखने के लिए इंसुलिन देने की अनुमति का निर्देश जेल अधिकारियों को देने के लिए अदालत में नई याचिका दायर की। वहीं सीएम के सिंघवी ने ईडी के आरोप पर कहा कि घर से 48 बार भोजन भेजा गया, जिसमें से केवल तीन बार आम भेजे गए। आठ अप्रैल के बाद कोई आम नहीं भेजा गया।

सीएम के वकील अभिषेक सिंघवी ने कहा कि केजरीवाल को गिरफ्तारी के बाद से शर्करा को नियंत्रित करने के लिए इंसुलिन नहीं दिया गया। याचिकाकर्ता 22 वर्ष से मधुमेह से पीड़ित है। एक फरवरी, 2024 से चिकित्सा निगरानी के तहत, आवेदक इंसुलिन रिवर्सल प्रोग्राम (आईआरपी) शुरू करने में सक्षम हो पाए थे और उन्हें इंसुलिन दिया जाना

● कोर्ट में सीएम के वकील ने कहा- भोजन को लेकर ईडी का रुख संकीर्णता और राजनीति वाला

बंद कर दिया गया था। गिरफ्तारी के कारण, केजरीवाल उक्त आईआरपी का पालन करने में असमर्थ हैं और उन्हें इंसुलिन की जरूरत है। ईडी ने गुरुवार को कोर्ट में दावा किया था कि केजरीवाल चिकित्सा आधार पर जमानत के लिए जेल में उच्च शर्करा युक्त आहार ले रहे हैं, जबकि उन्हें टाइप-2 डायबिटीज है। केजरीवाल के अधिवक्ता सिंघवी ने कहा, ईडी ने दावा किया है कि मेरे मुवक्किल जमानत के लिए शर्करा स्तर बढ़ाना चाहते हैं। मैं क्या जमानत के लिए लकवा का जोखिम उठाऊंगा? मैं जो भी भोजन कर रहा हूं वह गिरफ्तारी से पहले मेरे डॉक्टर द्वारा तैयार चार्ट के अनुसार है। केजरीवाल के नियमित रूप से आम, मिठाई, आलू-पूरी खाने के ईडी के दावे पर उन्होंने कहा कि उन्हें एक-दो बार ऐसा भोजन दिया गया। केजरीवाल को जेल में घर के खाने की अनुमति है। मैं केवल शुगर फ्री चाय लेता हूं। जबकि आलू-पूड़ी केवल एक बार पूजा के समय दिया गया था।

प्रचार अभियान से संबंधित वाहन दुर्घटनाग्रस्त, नाबालिग की मौत

राजम। आंध्र प्रदेश के राजम में वाईएसआरसीपी के विधानसभा उम्मीदवार का प्रचार वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे नौ वर्षीय लड़के की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक यह दुर्घटना गुरुवार रात आठ बजे हुई जब बिस्कुट खरीदने आए लड़के को वाईएसआरसीपी उम्मीदवार टी राजेश के वाहन ने टक्कर मार दी। गाड़ी में प्रत्याशी मौजूद नहीं थे और प्रचार के बाद जब चालक गाड़ी के टायर में हवा भराने के लिए ले गया तभी यह हादसा हुआ। पुलिस ने वाहन के चालक एम सुधीर को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में मामला दर्ज किया गया और पोस्टमॉर्टम के बाद लड़के का शव उसके परिवार को सौंप दिया गया।

बोर्ड किसी भी राजनीतिक दल का समर्थन या विरोध नहीं करता है : मौलाना मुजद्दिदी

नई दिल्ली, एजेंसी

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि बोर्ड किसी राजनीतिक दल का विरोध या समर्थन नहीं करता है। बोर्ड महासचिव मौलाना मुहम्मद फजल-उर-रहीम मुजद्दिदी ने शुक्रवार को जारी बयान में ये बात कही।

उन्होंने कहा कि बोर्ड के उपाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ सैयद अली मुहम्मद नकवी द्वारा भाजपा को समर्थन देने की बात सामने आयी है, यह उनकी निजी राय है, लेकिन इसका ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने विधान परिषद सदस्य डॉ खालिद अनवर के बोर्ड के पदाधिकारियों के बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को समर्थन देने संबंधी बयान को निराधार बताया है और कहा है कि डॉ अनवर ने गलत बयानी की है। स्थापना के बाद से ही बोर्ड ने खुद को राजनीति से दूर रखा है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड कभी भी किसी पार्टी विशेष का समर्थन या विरोध नहीं करता।

तीसरे दिन भी प्रदर्शन जारी, अंबाला अमृतसर मार्ग पर 40 ट्रेनें रद

अंबाला, एजेंसी

पंजाब और हरियाणा सीमा के पास शंभू में किसानों के शुक्रवार को तीसरे दिन पटरियों पर बैठे रहने से अंबाला-अमृतसर मार्ग पर रेल यातायात बाधित रहा। अधिकारियों ने बताया कि किसान हरियाणा पुलिस द्वारा गिरफ्तार तीन साथियों को रिहा करने की मांग कर रहे हैं। आज 40 रेलगाड़ियां रद की गई हैं, जबकि 54 का मार्ग बदला गया है। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) के बैनर के तले पटियाला जिले के शंभू में किसान प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शन के तीसरे दिन भी जारी रहने की वजह से अंबाला-अमृतसर मार्ग पर रेल यातायात बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। उन्होंने बताया कि इस मार्ग पर कुछ मालगाड़ियों का भी परिचालन होता है। रेलगाड़ियों की आवाजाही बाधित होने की वजह से यात्रियों को असुविधा हो रही है।

शॉपिंग सेंटर में महिला वकील से छेड़छाड़, जान से मारने का प्रयास

मुंबई। दक्षिण मुंबई में शॉपिंग सेंटर के शौचालय में महिला वकील से छेड़छाड़ और मारने के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार हुआ है। घटना गुरुवार सुबह आठ बजे लोकमान्य तिलक मार्ग स्थित अशोक शॉपिंग सेंटर में हुई, जहां पीड़िता का कार्यालय है। सुबह साढ़े सात बजे महिला शॉपिंग सेंटर के शौचालय में गई। जब उसने व्यक्ति को देखा और वहां से जाने को कहा। जब वह बाहर आई तो आरोपी ने शौचालय का दरवाजा बंद कर दिया था। आरोपी ने उससे छेड़छाड़ की और मारने की कोशिश की। पीड़िता उसे धक्का देकर वहां से भागी और आजाद मैदान थाने में इसकी सूचना दी।

दीपक, सुजीत ओलंपिक क्वालीफायर से चूके

बिश्केक, एजेंसी

भारतीय कुश्ती के लिए एक बड़ा झटका, दुबई में खराब मौसम के कारण हुई उड़ान में देरी की वजह से टोक्यो ओलंपियन दीपक पुनिया और सुजीत कलाकल एशियाई कुश्ती ओलंपिक क्वालीफायर 2024 से चूक गए।

आगामी ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए कोटा सुरक्षित करने के लिए अंतिम क्वालीफाइंग प्रतियोगिता में पुनिया और कलाकल को एशियाई कुश्ती ओलंपिक क्वालीफायर में शुक्रवार को प्रतिस्पर्धा करनी थी।

दीपक पुनिया

सुजीत कलाकल

लगातार बारिश से दुबई में उड़ान में देरी की वजह से कल सुबह बिश्केक पहुंचने के बावजूद, भारतीय पहलवान समय पर वेट-इन के लिए रिपोर्ट नहीं कर सके। पुनिया और कलाकल, कोच कमल मलिकोव और फिजियो शुभम गुप्ता के साथ मंगलवार से दुबई हवाई अड्डे पर फंसे हुये थे क्योंकि कई उड़ानें देरी से चल रही थी या रद्द कर दी गई थी। ये दोनों पहलवान क्वालीफायर के लिए रूस के दागेस्तान में प्रशिक्षण ले रहे थे। मई में तुर्की में होने वाले विश्व क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट के जरिए अभी भी दोनों पहलवान ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए कोटा प्राप्त कर सकते हैं। दीपक पुनिया को पुरुषों की फ्रीस्टाइल 86 किग्रा वर्ग में और कलाकल को 65 किग्रा में प्रतिस्पर्धा करनी थी। उल्लेखनीय है कि दो बार की ओलंपियन विनेश फोगाट और पूर्व अंडर-23 विश्व और एशियाई चैंपियन अमन सहरावत सहित पंद्रह अन्य भारतीय पहलवान 19 से 21 अप्रैल तक चलने वाले बिश्केक में एशियाई कुश्ती क्वालीफायर में पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

आकांक्षा सालुखे स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में हारीं

नयी दिल्ली। भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी आकांक्षा सालुखे शुक्रवार को कुआलालंपुर में विश्व चैंपियनशिप एशियाई क्वालीफाइंग प्रतियोगिता के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में हारकर प्रतियोगिता बाहर हो गईं। राष्ट्रीय खेल 2023 की चैंपियन और यहां दूसरी वरीय आकांक्षा को कम रैंकिंग वाली मलेशिया की सेहवीत्रा कुमार के खिलाफ 6-11 5-11 8-11 से हार झेलनी पड़ी। वह टूर्नामेंट में एकमात्र भारतीय थीं।

12 निशानेबाज ओलंपिक कोटे के लिए दोहा में करेंगे स्पर्धा

दोहा, एजेंसी

भारत के 12 निशानेबाज शुक्रवार से शुरु हुई आईएसएसएफ फाइनल ओलंपिक क्वालिफिकेशन चैंपियनशिप में पेरिस ओलंपिक को कोटा हासिल करने के लिए स्पर्धा करेंगे। इस स्पर्धा में टोक्यो ओलंपियन मैराज अहमद खान और अंगदवीर सिंह बाजवा, जो पूर्व एशियाई चैंपियन भी हैं, शीराज शेख के साथ पुरुषों की स्कीट में भारत की चुनौती का सामना करेंगे।

महिलाओं की स्पर्धा में गनेमत सेखों पर सबकी निगाहें होंगी। अनुभवी विवान कपूर, ज़ोरावर सिंह संधू और पृथ्वीराज टोंडिमन पुरुषों के ट्रैप में तीनों ओर से एक मजबूत चुनौती पेश करेंगे। मनीषा कीर और श्रेयसी सिंह से महिलाओं स्पर्धा में भारत को उम्मीद है। इस स्पर्धा में भारत प्रत्येक वर्ग में तीन निशानेबाज उतारेगा। प्रत्येक व्यक्तिगत स्पर्धा में शीर्ष दो निशानेबाज (प्रति देश अधिकतम एक), बशर्ते वे पात्र हों और उनके संबंधित देशों ने स्पर्धा के लिए अपना पूरा आवंटन सुरक्षित नहीं किया हो, दोहा से कोटा सुरक्षित करेंगे। उल्लेखनीय है कि भारत के निशानेबाज भवनीश मेंदीरत्ता (पुरुष ट्रैप), राजेश्वरी कुमारी (महिला ट्रैप), रायजा ढिल्लों (महिला स्कीट) और अनंतजीत सिंह नरूका (पुरुष स्कीट) को ओलंपिक कोटा हासिल है। प्रत्येक देश हर श्रेणी में अधिकतम दो कोटा प्राप्त कर सकता है।

डिकॉक और राहुल ने चेन्नई को दिखाया आईना

लखनऊ सुपर जायंट्स की आठ विकेट से जीत, केएल राहुल ने 82 और क्विंटन डिकॉक ने 54 रनों की पारी खेली

केएल राहुल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: इकाना स्टेडियम में शुक्रवार को हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 34वें मुकाबले में क्विंटन डिकॉक (54) और कप्तान केएल राहुल (82) के बीच शतकीय साझेदारी की मदद से लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने गत विजेता चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को यह अहसास दिला दिया कि वह लखनऊ के सिकंदर हैं। पीले समंदर में तब्दील इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपरजायंट्स ने टॉस जीतकर चेन्नई को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। सीएसके ने निर्धारत 20 ओवर में छह विकेट खोकर 176 रन बनाये, जवाब में लखनऊ ने विजय लक्ष्य छह गेंद शेष रहते दो विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। यह इकाना स्टेडियम के इतिहास में सबसे बड़ा रन चेज रहा।

डिकॉक और राहुल की जोड़ी ने शुक्रवार को 2022 के आईपीएल सत्र की याद दिला दी, जब दोनों ने अपने दम पर 210 रन की पार्टनरशिप कर केकेआर के खिलाफ यादगार जीत दर्ज की थी। केएल राहुल की शुक्रवार की पारी अब तक के सत्र की सर्वश्रेष्ठ पारी थी, इससे पहले उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 58 रन बनाये थे। अपनी अर्धशतकीय पारी में उन्होने 53 गेंद खेलकर नौ चौके और तीन छक्के जड़े। राहुल सीएसके के सफल गेंदबाज पथिराना का शिकार बने जब प्वाइंट पर खडे जडेजा ने उनका कैच एक हाथ से लपका। इससे पहले दूसरे छोर पर डिकॉक पारी के 15वें ओवर की आखिरी गेंद पर मुस्तफिजुर रहमान का शिकार बने। उन्होंने अपनी सत्र की तीसरी अर्धशतकीय पारी में 43 गेंद खेलकर पांच चौके और एक छक्का लगाया। दोनों सलामी बल्लेबाजों के आउट होने के बाद जीत की औपचारिकता को निकोलस पूरन (23) और मार्कस स्टॉयनिस (8) ने बगैर और नुकसान के पूरा कर लिया। पूरन ने नो बाल में फ्री हिट पर चौका जड़कर अपनी टीम को जीत दिलायी। इकाना स्टेडियम में आज 50 हजार दर्शकों का दिल अपने चहेते सितारे सीएसके के महेन्द्र सिंह धोनी के साथ था मगर दिमाग में उनके लखनऊ की जीत की तमन्ना थी और दर्शकों की दोनों तमन्नायें पूरी हुईं। जब उन्होंने धोनी की पैसा वसूल पारी देखी। उधर एलएसजी के कप्तान केएल राहुल ने अपने घरेलू दर्शकों की जीत की चाहत को भी पूरा कर दिया। सातवें बल्लेबाज के रूप में पिच पर उतरे धोनी ने अपने खास अंदाज में नौ गेंदों की नाबाद पारी में तीन चौके और दो छक्के की मदद से 28 रन ठोक दिये जिसके चलते चेन्नई मेजबान टीम के खिलाफ चुनौतीपूर्ण लक्ष्य तैयार करने में सफल हो सका। हालांकि उनकी इस पारी पर राहुल और डिकॉक ने पानी फेर दिया। धोनी के साथ दूसरे छोर पर हरफनमौला रविंद्र जडेजा की साहसिक नाबाद पारी ने न सिर्फ चेन्नई को मुश्किलों के भंवर से निकाला बल्कि एलएसजी के समर्थकों की भी खूब वाहवाही लूटी।

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
राजस्थान	7	6	1	12	+0.677
कोलकाता	6	4	2	8	+1.399
चेन्नई	7	4	3	8	+0.529
हैदराबाद	6	4	2	8	+0.502
लखनऊ	7	4	3	8	+0.123
दिल्ली	7	3	4	6	-0.074
मुंबई	7	3	4	6	-0.133
गुजरात	7	3	4	6	-1.303
पंजाब	7	2	5	4	-0.251
बेंगलुरु	7	1	6	2	-1.185

- चेन्नई सुपरकिंग्स की ओर से जडेजा ने सर्वाधिक 57 रन बनाए

चेन्नई 176/6
20 ओवर, अतिरिक्त : 4

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
अजिंक्य रहाणे बोल्ड क्रुणाल	36	24	5/1
रचिन रविंद्र बोल्ड मोहसिन	00	01	0/0
ऋतुराज का राहुल बो ठाकुर	17	13	1/0
रविंद्र जडेजा नाबाद	57	40	5/1
शिवम का राहुल बो स्टॉयनिस	03	08	0/0
समीर स्टंप राहुल बो क्रुणाल	01	05	0/0
मोईन का बडोनी बो बिश्नोई	30	20	0/3
एमएस धोनी नाबाद	28	09	3/2

गेंदबाजी : मैट हेनरी 3-0-26-0, मोहसिन खान 4-0-37-1, यश4-0-45-1, क्रुणाल 3-0-16-2, बिश्नोई 4-0-44-1, स्टॉयनिस 2-0-7-1

लखनऊ 180/2
19 ओवर, अतिरिक्त : 13

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
डिकॉक का धोनी बोल्ड मुस्तफिजुर	54	43	5/1
के एल राहुल का जडेजा बो पथिराना	82	53	9/3
निकोलस पूरन नाबाद	23	12	3/1
मार्कस स्टॉयनिस नाबाद	08	07	1/0

गेंदबाजी : दीपक चाहर 3-0-26-0, तुषार देशपांडे 4-0-42-0, मुस्तफिजुर रहमान 4-0-43-1, रवींद्र जडेजा 3-0-32-0, मथीशा पथिराना 4-0-29-1, मोईन अली 1-0-5-0

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	07	361
रियान पराग (राजस्थान)	07	318
रोहित शर्मा (मुंबई)	07	297

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	07	13
युजवेंद्र चहल (राजस्थान)	07	12
गेराल्ड कोएत्जी (मुंबई)	07	12

खेल डायरी

अप्रैल तक नये कोच का ऐलान करेगा पीसीबी

लाहौर। पाकिस्तान के टेस्ट और सीमित ओवरों के कोचों का ऐलान इस महीने के आखिर में किया जायेगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पीसीबी ने यह भी पुष्टि की कि दक्षिण अफ्रीका के गैरी कर्स्टन और ऑस्ट्रेलिया के जैसन गिलेस्पी के अलावा बोर्ड को 15 अप्रैल की समय सीमा तक कुछ और नामी कोचों के आवेदन मिले हैं। सूत्र ने कहा, ''पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने साफ तौर पर कहा है कि पूरी प्रक्रिया का पालन करके दीर्घकालिन आधार पर कोचों की नियुक्ति की जायेगी।''

कैस्पर रूड बार्सिलोना ओपन के क्वार्टरफाइनल में

बार्सिलोना। नॉर्वे के स्टार टेनिस खिलाड़ी कैस्पर रूड ने ऑस्ट्रेलिया के जॉर्डन थॉम्पसन को 6-1, 6-4 से हराकर बार्सिलोना ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गये हैं। रूड की सीजन की यह 26वीं जीत है। इसके साथ ही रूड 2024 में सबसे अधिक टूर-स्तरीय जीत के मामले में जानिक सिनर से आगे निकल गए है। रूड ने शुरुआत में ही शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए 5-0 की बढ़त बनाई। उन्होंने दूसरे सेट के सातवें गेम में निर्णायक ब्रेक हासिल करने से पहले शुरुआती सेट का समापन किया और एक घंटे 13 मिनट तक चले मुकाबले में जीत हासिल की। रूड क्वार्टरफाइनल मुकाबले में अर्नाल्डी से भिड़ेंगे।

पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पहला टी20 धुला

रावलपिंडी। तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी टल गई क्योंकि पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पहला टी20 मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। न्यूजीलैंड का स्कोर उस समय एक विकेट पर दो रन था जब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। शाहीन शाह अफरीदी ने न्यूजीलैंड के लिये पदार्पण कर रहे टिम रॉबिनसन को बोल्ड कर दिया था। बारिश के कारण मैच प्रति टीम पांच ओवर का कर दिया गया था लेकिन दो ही गेंद डाली जा सकी। टॉस भी हल्की बूंदाबांदी के कारण आधा घंटे देर से हुआ। दूसरा टी20 मैच शनिवार को खेला जायेगा। आमिर और इमाद वसीम संन्यास का फैसला बदलकर लौटे हैं।

मेघा ने नौकायन चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक

टोक्यो। भारत की मेघा प्रदीप ने शुक्रवार को एशियाई कैनो स्प्रिंट चैंपियनशिप 2024 में महिलाओं की सी1 500 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। जापान के टोक्यों में आयोजित चैंपियनशिप में मेघा प्रदीप ने 2:28.027 का समय लेकर तीसरा स्थान पर रही। वियतनाम की डीप थू हुआंग (02:18.178) और कजाकिस्तान की उलियाना किसेलेवा (02:26.645) ने क्रमश: स्वर्ण और रजत पदक जीते। अन्य स्पर्धा में एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता अर्जुन सिंह और सुनील सिंह सलाम फाइनल में छठे स्थान पर रहे और पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए कोटा प्राप्त करने से चूक गए।

युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को फिर संयुक्त बढ़त

टोरंटो। भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए अजरबैजान के निजात अबासोव को हराकर कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में संयुक्त बढ़त बना ली लेकिन आर प्रज्ञानानंदा और विदित गुजराती 12वें दौर के बाद दौड़ से बाहर हो गए। अमेरिका के हिकारू नकामूरा ने फ्रांस के फिरोज अलीरजा को हराया। गुकेश और नकामूरा अब रूस के इयान नेपोम्नियाशिच के साथ शीर्ष पर हैं, जिन्होंने प्रज्ञानानंदा से ड्रॉ खेला। इन तीनों के 7.5 अंक हैं जबकि अमेरिका के फेबियानो कारूआना उनसे आधा अंक पीछे हैं। प्रज्ञानानंदा छह अंक लेकर पांचवें स्थान पर है जबकि गुजराती के पांच अंक हैं। आठ खिलाड़ियों के दोहरे राउंड रॉबिन टूर्नामेंट के दो दौर बाकी हैं।

मजबूत मानसिकता से जीत सकते हैं पदक

नयी दिल्ली, एजेंसी

अनुभवी बैडमिंटन खिलाड़ी अश्विनी पोनप्पा ने आत्म-संदेह से पार पाकर तीसरी बार ओलंपिक खेलों में देश के प्रतिनिधित्व का मौका हासिल किया है, जिसे वह मजबूत मानसिकता के दम पर पदक में बदलना चाहती है। लंदन और रियो ओलंपिक में भाग लेने वाली 34 साल की इस खिलाड़ी ने पिछले साल जनवरी में 20 वर्षीय तनीषा क्रास्टो के साथ जोड़ी बनाकर इस साल पेरिस में होने वाले खेलों के लिए क्वालिफिकेशन को पक्का कर लिया है।

पिछले कुछ सप्ताह भारतीय खिलाड़ियों के लिए निराशाजनक रहे हैं क्योंकि उन्होंने पेरिस का टिकट बुक करने के लिए छह सप्ताह में पांच टूर्नामेंटों में भाग लेना पड़ा। आखिरी क्वालीफाइंग सूची इस महीने के अंत में आने वाली है। अश्विनी ने कहा, ''हमने लगातार चार टूर्नामेंट खेले हैं और यह काफी थकाने वाला रहा है। लेकिन सभी के लिए स्थिति एक जैसी थी क्योंकि हम सभी ओलंपिक में जगह पाने के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे थे।'' उन्होंने कहा, ''मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से यह राहत और खुशी की बात है कि हम क्वालीफाई कर गए हैं।'' अश्विनी को खुद पर संदेह करने वालों को गलत साबित करने में खुशी हुई।

मैदान पर वापसी आपको परिभाषित करती है: शमी

नयी दिल्ली। अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने टखने की सर्जरी के बाद अपनी रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया का वीडियो साझा करते हुए जल्द ही मैदान पर वापसी की उम्मीद जतायी। शमी ने दर्द के बावजूद पिछले साल वनडे विश्व कप में भाग लिया था। उन्होंने 24 विकेट चटकाए थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप फाइनल मैच के बाद से हालांकि यह 33 साल का खिलाड़ी चोट के कारण खेल से दूर है। उन्हें इस साल फरवरी में सर्जरी करानी पड़ी। शमी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा करते हुए लिखा, चोट आपको परिभाषित नहीं करतीं, आपकी वापसी आपको परिभाषित करती है।

दिल्ली के सामने सनराइजर्स हैदराबाद की कठिन चुनौती

नयी दिल्ली, एजेंसी

मैदान के भीतर और बाहर विषमताओं के बीच अपने अपार जीवट का परिचय देने वाले ऋषभ पंत शानदार फॉर्म में चल रही सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग में शनिवार को जब दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी के लिये अरूण जेटली स्टेडियम पर उतरेंगे तो उनके लिये यह बेहद भावुक पल होगा।

पिछले साल पंत इस मैदान पर बैसाखियों के सहारे चलते नजर आये थे लेकिन उन्होंने 2022 के जानलेवा कार हादसे के बाद एक विकेटकीपर और बल्लेबाज के तौर पर आईपीएल के इस सत्र में शानदार वापसी की है। दिल्ली ने अब तक मिला जुला प्रदर्शन किया है हालांकि लखनऊ सुपर जाइंट्स और गुजरात टाइटंस को हराकर वे दौड़ में बने हुए हैं। अब तक सात मैचों में से दिल्ली ने तीन जीते और चार हारे हैं। आईपीएल अंक तालिका में चौथे स्थान पर काबिज सनराइजर्स की टीम दो बार टूर्नामेंट के इतिहास का सर्वोच्च स्कोर (तीन विकेट पर 277 रन और तीन विकेट पर 287 रन) बना चुकी है।

सनराइजर्स हैदराबाद : जयदेव उनादकट, जे सुब्रमण्यन, टी नटराजन, मयंक मारकंडे, भुवनेश्वर कुमार, फजलहक फारूकी, पैट कमिंस (कप्तान), वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, सनवीर सिंह, ग्लेन फिलिप्स, नितीश रेड्डी, मार्को यानसेन, अभिषेक शर्मा, उपेंद्र यादव, राहुल त्रिपाठी, ऐडन मार्कराम, हेनरिक क्लासेन, ट्रेविस हेड, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक अग्रवाल, अब्दुल समद, आकाश महाराज सिंह, वानिंदु हसरंगा और उमरान मलिक। **दिल्ली कैपिटल्स :** ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वॉर्नर, पृथ्वी साव, स्वस्तिक चिकारा, यश ढुल, एनरिच नॉर्किया, ईशांत शर्मा, झाय रिचर्डसन, खलील अहमद, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, प्रवीण दुबे, रसिक डार, विकी ओस्तवाल, अक्षर पटेल, जैक फ्रेजर गुर्क, ललित यादव, मिचेल मार्श, सुमित कुमार, अभिषेक पोरेल, कुमार कुशाग्र, रिकी भुई, शाइ होप, ट्रिस्टन स्टब्स। **मैच भारतीय समयानुसार शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा।**

जूनियर एनटीआर ने ट्रेनर मन्नव का जन्मदिन मनाया

मुंबई, एजेंसी। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर ने अपने ट्रेनर मन्नव कुमार का जन्मदिन मनाया। मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर अपने विनम्र व्यक्तित्व और शानदार ऑन-स्क्रीन अभिनय के कारण जाने जाते हैं। मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर का अपने फिटनेस ट्रेनर के प्रति प्रेम नेटिज़न्स का दिल जीत रहा है। एनटीआर जूनियर जो इस समय शूटिंग के लिए मुंबई में हैं, उन्होंने अपनी टीम के बाकी सदस्यों के साथ अपने फिटनेस ट्रेनर कुमार मन्नव का जन्मदिन मनाया। मन्नव कुमार ने एनटीआर जूनियर के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। अपने सोशल मीडिया पर एक फोटो शेयर करते हुए मन्नव ने लिखा, "<bha>@</bha>जूनियरएनटीआर, मैं अभिभूत हूँ। अपना जन्मदिन याद रखना और फिर एक हेल्दी केक पाना, यह जानते हुए कि मैं खाने में कितना नखरेबाज़ हूं। हमारे बीच का बंधन, आप मुझ पर और मेरे परिवार पर जो प्यार बरसाते हैं, इतने बड़े स्टार होने के बावजूद भी इतने विनम्र। यार, मैं क्या कह सकता हूँ! आप, <bha>@</bha>जूनियरएनटीआरविनम्रता और प्यार की एक किताब हैं। आपके आस-पास रहना बहुत अच्छा लगता है।

धर्मेन्द्र ने फिल्म मेरा गांव मेरा देश से जुड़ा वीडियो शेयर किया

मुंबई, एजेंसी। अभिनेता धर्मेन्द्र ने 53 साल पुरानी सुपरहिट फिल्म मेरा गांव मेरा देश से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। धर्मेन्द्र ने एक इंस्टाग्राम फैन पेज का वीडियो शेयर किया, जिसमें मेरा गांव मेरा देश के लोकेशन की अब की झलक देखने को मिली है। इसी वीडियो पर कमेंट करते हुए धर्मेन्द्र ने लिखा, प्यार उन पुरानी यादों के लिए। इसी वीडियो को ट्विटर पर शेयर करते हुए धर्मेंद्र ने एक्स अकाउंट पर लिखा, 50 साल पुरानी उन प्यारी यादों को प्यार। फिल्म मेरा गांव मेरा देश वर्ष 1971 में रिलीज हुयी थी। इस फिल्म में धर्मेंद्र के अलावा, विनोद खन्ना, आशा पारेख, जयंत, लक्ष्मी छाया और असित सेन अहम रोल में नजर आए थे। फिल्म का निर्देशन राज खोसला ने किया था।

धाविका शालू को क्लीन चिट नमूना दूषित होने का खुलासा

नयी दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय डोपिंग निरोधी एजेंसी की अपील पैनल ने मध्यम दूरी की धाविका शालू चौधरी को डोपिंग के आरोपों से बरी करके चार साल का प्रतिबंध हटा दिया है क्योंकि डीएनए टेस्ट में पता चला कि उनके मूत्र के नमूने से या तो छेड़छाड़ की गई या लेते समय वह दूषित हो गया था। तीस वर्ष की चौधरी पर पिछले साल प्रतिबंध लगाया गया था और वह नाडा की अनुशासन समिति के सामने अपील हार गई थीं। उन्हें दो प्रतिबंधित दवाओं के कथित इस्तेमाल के कारण प्रतिबंध झेलना पड़ा था।

आठ सौ मीटर में राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता चौधरी ने मूत्र के नमूने के डीएनए टेस्ट की मांग की जिसे अनुशासन समिति ने तो खारिज कर दिया लेकिन अपील पैनल ने मान लिया। डीएनए जांच लंदन के किंग्स कॉलेज स्थित फारेंसिंक विभाग द्वारा कराई गई। अपीली पैनल ने कहा, ''मूत्र के नमूने के पिछले विश्लेषण में डीएनए प्रोफाइल सही नहीं आया है। डीएनए नमूने की जांच रिपोर्ट को देखते हुए नाडा के वकील कोई और कारण नहीं बता पाये है जिससे अपीली पैनल खिलाड़ी की अपील खारिज करने का फैसला ले।''

इसने कहा,'' नाडा के वकील ने डीएनए रिपोर्ट मान ली और इसके नतीजे को चुनौती नहीं दी है। इसके मद्देनजर डोपिंग निरोधक पैनल द्वारा 11 अप्रैल 2023 को दिया गया फैसला दरकिनार किया जाता है। खिलाड़ी पर लगाया गया चार साल का प्रतिबंध खारिज कर दिया गया है। इसके साथ ही 13 जून 2022 से प्रतिस्पर्धाओं में उनके नतीजे रद्द करने के निर्देश भी खारिज किये जाते हैं।'' पैनल ने 18 अप्रैल को आदेश दिये जाने के दस दिन के भीतर डीएनए टेस्ट पर हुआ डेढ लाख रूपये का खर्च भी चौधरी को भुगतान करने का नाडा को निर्देश दिया।

जिम्नास्ट दीपा करमाकर विश्व कप में चौथे स्थान पर

नयी दिल्ली। स्टार भारतीय जिम्नास्ट दीपा करमाकर शुक्रवार को दोहा में एफआईजी एपेरेटस विश्व कप में महिला वॉल्ट फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए चौथे स्थान पर रहीं। यह टूर्नामेंट पेरिस ओलंपिक की क्वालीफाइंग प्रतियोगिता है।

पिछले महीने अजरबैजान में बाकू एपेरेटस विश्व कप में चौथे स्थान पर रहीं 30 साल की दीपा एक बार फिर पदक से चूक गईं। उन्होंने 13.333 अंक जुटाए। पनामा की नवास कर्ला ने (13.850) ने स्वर्ण पदक हासिल किया जबकि कोरिया की आन चैंग ओक (13.833) तथा जॉर्जिएवा वेलेंटिना (13.466) को क्रमशः रजत और कांस्य पदक मिला। दीपा क्वालीफाइंग दौर में छठे स्थान पर रही थीं। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही एक अन्य भारतीय प्रणति नायक क्वालीफाइंग दौर में 11वें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहीं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

अश्लीलता में बच्चों का इस्तेमाल गंभीर चिंता का विषय, सुरक्षित रखा फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि एक बच्चे का अश्लील सामग्री देखना एक बार अपराध नहीं भी हो सकता है लेकिन अश्लील फिल्मों में बच्चों का इस्तेमाल होना एक बहुत ही चिंताजनक विषय है।

सीजेआई और जस्टिस जेबी पारदीवाला की खंडपीठ ने शुक्रवार को मद्रास हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाले फरीदाबाद के एक एनजीओ (जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस ऑफ फरीदाबाद) और नई दिल्ली के 'बचपन बचाओ आंदोलन' की याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित कर लिया है। यह गैर सरकारी संगठन बेसहारा बच्चों के कल्याण के लिए काम करते हैं।

बता दें, कि मद्रास हाई कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि पोक्सो एक्ट और सूचना तकनीकी कानून के तहत महज चाइल्डपोर्नोग्राफी को देखना या डाउनलोड करना अपराध नहीं है। विगत 11 जनवरी को हाईकोर्ट ने 28 वर्षीय एक आरोपी को आपराधिक मामले से बरी भी कर दिया था। उस पर अपने मोबाइल फोन पर बच्चों पर अश्लील विषय सामग्री को अपने मोबाइल फोन पर डाउनलोड करने का आरोप था।

ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अश्लीलता को लेकर हुई सुनवाई

नई दिल्ली। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत में पेश वकील ने न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि याचिका में उठाया गया मुद्दा में ओटीटी प्लेटफार्म पर (अश्लीलता और आपत्तिजनक) जैसी अभद्र चीजे दिखाने की रजामंदी दी जा सकती है जो सभी उम्र के दर्शकों के लिए बिल्कुल भी सही नहीं है। वकील ने यह आरोप लगाया कि ओटीटी प्लेटफॉर्म पर नग्नता दर्शाने वाले आपत्तिजनक दृश्य दिखाए जा रहे हैं। इस बात पर न्यायमूर्ति पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा, सेंसर बोर्ड के पास जाएं। पीठ ने याचिकाकर्ता से पूछा, आप सरकार को एक प्रतिनिधित्व बनाकर दें। साथ ही यह भी पूछा कि क्या, आप दर्शक नियंत्रण पर कुछ दिशानिर्देश चाहते हैं? याचिकाकर्ता के वकील ने इस मुद्दे पर सरकार से संपर्क करने की छूट के साथ याचिका वापस लेने की मांग की है। अदालत ने याचिकाकर्ता को सरकार को प्रतिनिधित्व देने की स्वतंत्रता के साथ याचिका वापस लेने की अनुमति दी। कहा है कि यदि ऐसा कोई प्रतिनिधित्व दिया जाता है, तो उसके ऊपर संबंधित कानूनों के मुताबिक फैसला लिया जाना चाहिए।

नई अर्जी में सीएए के नियमों को चुनौती

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 को चुनौती देने वाली एक याचिका पर शुक्रवार को केंद्र और असम सरकार से जवाब तलब किया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने याचिकाकर्ता गुवाहाटी निवासी हिरेन गोहेन का प्रतिनिधित्व करने वाले एक वकील की दलीलों को गौर से सुना और फिर राज्य सरकार और केंद्रीय गृह और विदेश मंत्रालयों को नोटिस जारी किया।

कोर्ट ने साथ ही यह आदेश दिया कि नई याचिका को इस मुद्दे पर लंबित याचिकाओं के साथ टैग किया जाए। याचिका में कहा गया है कि बांग्लादेश से असम में अवैध प्रवासियों के अनियंत्रित संख्या में आने से राज्य में भारी जनसांख्यिकीय परिवर्तन हुआ। मूलनिवासी, जो कभी बहुसंख्यक हुआ करते थे, अब अपनी ही भूमि पर अल्पसंख्यक हो गए हैं।

भारत ने पहली बार ब्रह्मोस मिसाइल की खेप फिलीपींस को सौंपी

भारत ने चीन के पड़ोसी फिलीपींस को ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल की पहली खेप सौंप दी है। इस मिसाइल से फिलीपींस की रक्षा क्षमता में इजाफा होगा। ब्रह्मोस पाने वाला फिलीपींस पहला बाहरी देश है। भारत ने जनवरी 2022 में फिलीपींस को ब्रह्मोस मिसाइल की बिक्री के लिए 375 मिलियन डॉलर (3130 करोड़ रुपये) की डील की थी। भारत ने फिलीपींस को कितनी मिसाइलें दीं, अभी इसका पता नहीं चला है। इंडियन एयरफोर्स ने सी-17 ग्लोब मास्टर विमान के जरिए इन मिसाइलों को फिलीपींस मरीन कॉर्प्स को सौंपा। इन मिसाइलों की स्पीड 2.8 मैक और मारक क्षमता 290 किमी है। एक मैक ध्वनि की गति 332 मीटर प्रति सेकेंड होती है। फिलीपींस को सौंपी गई मिसाइल की स्पीड ध्वनि की गति से 2.8 गुना ज्यादा है।

डील से भारत को होने वाले फायदे

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिलीपींस के साथ यह डील देश को रक्षा क्षेत्र में एक्सपोर्टर बनाने और आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने में मदद देगी। इस डील से मिलिट्री इंडस्ट्री का भी मनोबल बढ़ेगा और साउथ-ईस्ट एशिया में भारत को भी एक बड़ा भरोसेमंद एक्सपोर्टर के रूप में देखा जाएगा। साथ ही इस डील से भारत-फिलीपींस के रिश्तों में मजबूती आएगी और चीन को दोनों देशों की एकजुटता का संदेश जाएगा।

ये है खासियत

- ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल की स्पीड काफी तेज है और इसकी मारक क्षमता 290 किमी है।
- इस मिसाइल की खास बात ये है कि इसे पनडुब्बी, जहाज, विमान या जमीन से लॉन्च किया जा सकता है।
- एक खास बात इस मिसाइल में यह भी है कि यह हवा में अपना रास्ता भी बदल सकता है, जिससे इसे ट्रैक करना मुश्किल हो जाता है।

फिलीपींस ने क्यों खरीदी मिसाइलें

फिलीपींस की चीन के साथ हाल ही में साउथ चाइना सी में कई बार झड़प हुई है। ब्रह्मोस मिसाइलों से समुद्र में फिलीपींस की ताकत बढ़ेगी और समुद्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को भी रोका जा सकेगा।

अर्जेंटीना-वियतनाम में भी ब्रह्मोस मिसाइल की मांग

ब्रह्मोस एयरोस्पेस के डायरेक्टर जनरल अतुल दिनाकर राणे ने जून 2023 में कहा था- अर्जेंटीना, वियतनाम सहित 12 देश ब्रह्मोस मिसाइल सिस्टम को खरीदने में इंटरेस्ट दिखा चुके हैं। बाहरी देशों की ब्रह्मोस की मांग बताती है कि यह मिसाइल सिस्टम बहुत भरोसेमंद है।

एक नजर

अमेरिका में भारतीय पर 1.7 करोड़ डॉलर की बैंक धोखाधड़ी का आरोप

वाशिंगटन। अमेरिका में 52 वर्षीय भारतीय नितिन वत्स को 1.7 करोड़ डॉलर की क्रेडिट लाइन के संबंध में अमेरिकी बैंक में धोखाधड़ी की योजना के लिए दोषी ठहराया गया है। अमेरिकी अटॉर्नी फिलिप सेलिंगर ने बताया, उसने जुर्म कुबूल कर लिया है। मार्च 2016 से मार्च 2018 तक, वत्स सहित लोटस एक्जिम (एलईआई) के एक मालिक और कर्मचारियों ने धोखाधड़ी वाले तरीकों से पीड़ित बैंक से 1.7 करोड़ डॉलर की क्रेडिट लाइन लेने की साजिश रची। पीड़ित बैंक ने क्रेडिट लाइन बढ़ा दी, जबकि साजिशकर्ताओं ने प्राप्य खातों में से कई को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया था।

कैग का अंतर्राष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने पर बुल्गारिया से समझौता

नई दिल्ली। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने बुल्गारिया के राष्ट्रीय लेखा परीक्षा कार्यालय 'एसएआई बुल्गारिया' के साथ अंतर्राष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। कैग द्वारा जारी बयान में कहा कि दोनों देशों के शीर्ष ऑडिट संस्थानों ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे दोनों देशों के बीच ऑडिटिंग के क्षेत्र में सहयोग और विशेषज्ञता का आदान-प्रदान बढ़ेगा। सहयोग और ऑडिट कार्यों में परस्पर सहयोग से ऑडिटिंग पेशेवरों और तकनीकी टीमों के बीच ज्ञान और अनुभव के आदान-प्रदान के लिए एक मंच स्थापित किया जाएगा।

श्रीलंका : पूर्व सैनिकों को रूसी सेना में भेजने पर पूर्व मेजर बंदी

कोलंबो। रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच श्रीलंका में एक बड़ा घोटाला सामने आया है। यहां सेना का एक पूर्व मेजर कई माह से मोटी रकम लेकर पूर्व सैन्यकर्मियों को रूसी सेना में भेज रहा था। पुलिस के आपराधिक जांच विभाग ने पूर्व मेजर और एक नागरिक को गिरफ्तार किया है। अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्टों में पिछले महीने यह बताया गया था कि श्रीलंका के 100 से अधिक पूर्व सैनिक रूस-यूक्रेन युद्ध में दोनों ओर से सेवाएं दे रहे हैं। इन्हें 3,000 डॉलर (करीब 2.50 लाख रुपये) के मासिक वेतन पर युद्ध में सेवा का लालच दिया गया।

न्यूयॉर्क में बड़ा साइबर हमला विधानमंडल के कंप्यूटर ठप

न्यूयॉर्क। अमेरिका के न्यूयॉर्क राज्य विधानमंडल का कंप्यूटर बुनियादी ढांचा बड़े साइबर हमले का शिकार हुआ है। इसके चलते राज्य में पहले से ही हफ्तों से लंबित राज्य बजट वार्ता में देरी हुई। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होकुल ने कहा, साइबर हमला गुरुवार तड़के (भारतीय समयानुसार) हुआ। सबसे बड़ा झटका विधायिका के बिल प्रारूपण कार्यालय को लगा, जो राज्य के बजट पर निर्णय लेने का प्रभारी है। द हिल की रिपोर्ट के अनुसार, बिल मसौदा तैयार करने वाला कार्यालय एक कंप्यूटर फाइल सिस्टम का इस्तेमाल करके हमले का जवाब दे रहा है।

पाकिस्तान में जापानी नागरिकों पर आतंकी हमला, सुरक्षा गार्ड की मौत

बाइक सवार हमलावरों ने वैन में मारी टक्कर बाल-बाल बचे जापानी कर्मी, दोनों आतंकी ढेर

कराची, एजेंसी

पाकिस्तान में चीनी नागरिकों के बाद अब जापानी नागरिकों पर आतंकी हमला हुआ है। सिंध प्रांत के बंदरगाह शहर कराची में शुक्रवार को सुजुकी मोटर में काम करने वाले पांच जापानी नागरिकों को एक आत्मघाती हमलावर और एक बंदूकधारी द्वारा निशाना बनाया गया, लेकिन वे बाल-बाल बच गए। वहीं, दोनों हमलावर मार गिराए गए हैं। इस दौरान एक सुरक्षा गार्ड की भी जान चली गई, जबकि दो राहगीर घायल हैं। अभी तक इस हमले की किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है।

पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) ईस्ट, अजफर महेसर ने बताया कि पांच जापानी नागरिक दो सुरक्षा गार्डों के साथ अपने आवास जमजमा क्लिफ्टन से एक्सपोर्ट प्रोसेसिंग जोन जाने के लिए वैन से निकले थे। आतंकी लांधी में मुर्तजा चोरांगी के पास सड़क पर पहले से जापानी नागरिकों के वैन का इंतजार कर रहे थे। हमलावरों ने उनके वैन को निशाना बनाने की कोशिश की। एक ने वैन के पास जाकर खुद को उड़ा लिया लेकिन सफलता न मिलने से दूसरा हमलावर घबरा गया और उसने फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षा गार्डों ने दूसरे आतंकी को मार गिराया। इस दौरान एक सुरक्षा गार्ड व दो राहगीर घायल हो गए। डीआईजी ने बताया कि हमला शुक्रवार सुबह किया गया। घटना में तीनों घायलों को गंभीर अवस्था में जिन्ना हास्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां एक 45 वर्षीय सुरक्षा गार्ड ने दम तोड़ दिया।

राष्ट्रपति आसिफ अली और पीएम शहबाज ने की घटना की निंदा

टोक्यो में जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव योशिमासा हयाशी ने कहा कि इस घटना में कई जापानी शामिल थे और उनमें से एक घायल हो गया। लेकिन पाकिस्तानी पक्ष ने इस जानकारी की पुष्टि नहीं की है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हमले की निंदा की है। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने उत्तर-पश्चिमी प्रांत में आतंकी हमले में चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) में काम करने वाले पांच चीनी नागरिकों व उनके पाकिस्तानी ड्राइवर को आत्मघाती हमले में मार गिराया था। इस पर चीनी कंपनियों ने जल विद्युत परियोजनाओं को सुरक्षा की दृष्टि से बंद कर दिया था।

पांच सीमा शुल्क खुफिया अधिकारियों की आतंकी हमले में मौत

पाकिस्तान के डेरा इस्माइल खान शहर में बंदूकधारियों के हमले में पांच सीमा शुल्क खुफिया अधिकारियों और एक पांच वर्षीय लड़की सहित दो नागरिकों की दुखद मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, घटना गुरुवार को हुई जब सीमा शुल्क खुफिया टीम डेरा इस्माइल खान जिले के सग्गू में नियमित जांच कर रही थी, जहां उन्हें पास की झाड़ियों में छिपे हमलावरों से भारी गोलीबारी का सामना करना पड़ा।

आतंकी हमले के बाद चीन का अफगानी रुख

इस्लामाबाद, एजेंसी

- पाकिस्तान का सीपैक दरकिनार अफगानिस्तान में वखान कॉरिडोर को खोलने की तैयारी में चाइना

चाइना-पाकिस्तान इकॉनोमिक कॉरिडोर (सीपैक) के पाकिस्तान में विरोध और अपने इंजीनियरों पर आतंकी हमलों से परेशान चीन का इस प्रोजेक्ट से भरोसा उठ गया है। अब चीन ने पाकिस्तान को दरकिनार करके दूसरे विकल्प तलाशना शुरू कर दिया है ताकि वह अरब सागर तक आसानी से पहुंच सके।

पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, चीन अब अफगानिस्तान को मनाने में जुटा है ताकि वह वखान कॉरिडोर के जरिए ईरान के चाबहार बंदगाह तक पहुंच सके।

वखान कॉरिडोर उत्तरी अफगानिस्तान में स्थित एक संकरी पट्टी है जहां अफगानिस्तान, पाकिस्तान और चीन मिलते हैं। वखान कॉरिडोर 350 किमी लंबा और 16 से 35 किमी चौड़ा गलियारा है, जिसमें 125 गांवों में 12 हजार लोग रहते हैं। इसी से पहले इसी चीनी व्यापारी अरब सागर तक पहुंचते थे। बता दें, अफगानिस्तान में खनिजों का भंडार है।

जो एक ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा के हैं। यहां लोहा, तांबा, लिथियम, मार्बल, क्रोमाइट, कोबाल्ट के अलावा सोने व पेट्रोलियम और गैस के विशाल भंडार हैं। जनवरी में अफगानिस्तान ने अमू नदी बेसिन में तेल और गैस खोजने के लिए चीन की झिंजियांग सेंट्रल एशिया पेट्रोलियम एंड गैस कंपनी से समझौता किया है।

गूगल ने इजराइल विरोधी कर्मियों को नौकरी से निकाला

वाशिंगटन। गूगल ने उन 28 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है जो इजराइली सरकार के साथ गूगल अनुबंध को लेकर अपने कार्यालयों में धरना-प्रदर्शन में शामिल थे। द वर्ज की रिपोर्ट के अनुसार, इस सप्ताह की शुरुआत में अमेरिका में नौ कर्मचारियों को निलंबित करने और फिर गिरफ्तार किए जाने के बाद यह छंटनी हुई। जिन 28 कर्मचारियों को हटाया गया है, उन्होंने इजराइली सरकार के लिए 1.2 अरब डॉलर के गूगल क्लाउड अनुबंध का विरोध किया था। कर्मचारियों को दिए एक आंतरिक ज्ञापन में कंपनी ने कहा कि इस तरह के बर्ताव का कार्यस्थल पर कोई स्थान नहीं है, और हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे।

अब जनरल स्टोर्स पर भी मिल सकेंगी सामान्य दवाएं

नई दिल्ली। देश में जल्द ही जनरल और प्रोविजन स्टोर्स पर सर्दी-खांसी, गैस, बुखार की दवाएं मिलने लगेंगी। केंद्र सरकार ने इसके लिए साल के शुरुआत में विशेषज्ञों की एक समिति बनाई थी, जो ओवर-द-काउंटर (ओटीसी) दवा नीति बनाने पर विचार कर रही है। एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि, इसी समिति की हाल ही में बैठक हुई, जिसमें उन दवाओं की प्रारंभिक सूची पर मंथन हुआ, जिन्हें जनरल स्टोर्स पर आसानी से बेचा जा सकता है।

ओटीसी दवाएं वे हैं जिन्हें डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के बिना खरीदा जा सकता है। अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में उनकी बिक्री के लिए सख्त गाइडलाइन बनाई गई है। सूत्रों के मुताबिक, इस सुविधा का ज्यादा फायदा गांव-देहातों में होगा, क्योंकि वहां मेडिकल स्टोर्स कम ही होते हैं। बता दें कि देश में अभी प्रिस्क्रिप्शन पर ही दवाएं बेची जाती हैं।

परिस्थितियों में सुधार करें या फिर दूसरे विभागों में भेज दें, रेलवे से महिला ट्रेन पायलटों की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी। देश में महिला ट्रेन पायलटों ने रेलवे बोर्ड से आग्रह किया है कि कामकाज की 'दयनीय' परिस्थितियों में सुधार किया जाए या उन्हें अन्य विभागों में स्थानांतरित करने की अनुमति दी जाए।

महिला लोको पायलट के एक समूह ने रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा को ज्ञापन दिया है। इसमें उन्होंने 'एक बार कैडर परिवर्तन' विकल्प की मांग की है। ऑल इंडिया रेलवेमेन फेडरेशन की सदस्य महिला लोको पायलटों ने इंजन में शौचालय न होने, मासिक धर्म के समय पैड नहीं बदल पाने, रात में तकनीकी खराबी को दूर करने के लिए इंजन से बाहर आने का अनिवार्य नियम और देर रात की ड्यूटी के लिए आवास से लाने-पहुंचाने की सुविधा नहीं होने जैसी समस्याओं का उल्लेख किया है। अभी देशभर में 1500 से अधिक महिला लोको पायलट और सहायक लोको पायलट हैं।

लद्दाख में खुबानी उत्सव

लेह: लद्दाख में इन दिनों वसंत ऋतु आने के साथ ही खुबानी (एप्रिकॉट) के पेड़ सुंदर फूलों से लदे हुए हैं। सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत से समृद्ध लद्दाख के कई गांवों में खुबानी के फूल खिलाने के अवसर पर उत्सव का आयोजन किया जाता है। इसमें शामिल होने के लिए लद्दाख के कई गांवों के लोगों के अलावा बड़ी संख्या में देश-विदेश से पर्यटक भी आते हैं। लद्दाख के निचले हिस्से में दुनिया की सबसे अच्छी खुबानी पैदा होती है। लद्दाख की खुबानी की किस्मों में से एक 'रकत्से कार्यो' को 2022 में भौगोलिक संकेत (जीआई) मिला था। ● एजेंसी

फिलिस्तीन को यूएन की स्थायी सदस्यता पर अमेरिका का वीटो

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- समर्थन में 12 देशों ने किया मतदान, वोटिंग से दूर रहा ब्रिटेन

फिलिस्तीन को संयुक्त राष्ट्र की पूर्ण सदस्यता के प्रस्ताव पर अमेरिका ने वीटो कर दिया है। गुरुवार को 15 देशों वाली परिषद ने फिलिस्तीन को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की पूर्ण सदस्यता के प्रस्ताव पर मतदान किया गया। प्रस्ताव को पारित करने के लिए कम से कम 9 परिषद सदस्यों के समर्थन की जरूरत थी।

फिलिस्तीन को संयुक्त राष्ट्र का स्थायी सदस्य बनाने के प्रस्ताव के पक्ष में 12 वोट पड़े, वहीं स्विट्जरलैंड और ब्रिटेन वोटिंग में शामिल नहीं हुए। हालांकि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में अमेरिका द्वारा इस प्रस्ताव पर वीटो कर दिया गया, जिससे यह प्रस्ताव पारित नहीं हो सका। अभी फिलिस्तीन संयुक्त राष्ट्र का गैर सदस्यीय देश है। साल 2012 में फिलिस्तीन को यह दर्जा दिया गया था। इसके तहत फिलिस्तीन संयुक्त राष्ट्र की कार्यवाही में भाग ले सकता है, लेकिन किसी प्रस्ताव पर वोट नहीं कर सकता है। फिलिस्तीन के अलावा वेटिकन सिटी भी संयुक्त राष्ट्र का गैर सदस्यीय देश है। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका के प्रतिनिधि रॉबर्ट वुड ने वीटो पावर के इस्तेमाल पर सफाई देते हुए कहा कि 'अमेरिका ये मानता है कि फिलिस्तीन को अलग देश का दर्जा देने का सबसे सही रास्ता इजराइल और फिलिस्तीन के बीच सीधी बातचीत ही है।

विज्ञान जेम्स वेब स्पेस टेलेस्कोप द्वारा पृथ्वी से 357 प्रकाश वर्ष दूर हुई अनोखी दुनिया की खोज

ब्रह्मांड में तीन ग्रहों के अनूठे सौर मंडल की खोज

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : दूर अंतरिक्ष में तीन ग्रहों वाले अनूठे सौर मंडल की खोज हुई है। इस ग्रह मंडल के तीनों ग्रह जन्म ले रहे हैं। इन्हें पूर्ण ग्रह का स्वरूप लेने में लंबा समय लगेगा। ग्रहों की उत्पत्ति व विकास में हमारी समझ के विस्तार को लेकर यह खोज बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

यह खोज जेम्स वेब स्पेस टेलेस्कोप द्वारा हो पाई है। तीन ग्रहों की यह दुनिया पृथ्वी से 357 प्रकाश वर्ष दूर है, जो एचएल टौरी तारा मंडल क्षेत्र में स्थित है। यह तीनों ग्रह निर्माणधीन हैं। जिनके बाहरी डिस्क की तस्वीरें प्राप्त हुई हैं। ये एक युवा तारों के चारों ओर गैस और धूल के साथ नए ग्रह बना रहे हैं। खगोलविदों का मानना है कि तीनों ग्रह अपने तारे के बहुत करीब से परिक्रमा कर सकते हैं। बहरहाल इनकी ऑर्बिट की सही जानकारी बाद में पता लग सकेगी। जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप की मदद से खोजे गए तीन युवा प्रोटोप्लेनेटरी सिस्टम की यह खोज एरिज़ोना विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने की है। यह खोज वास्तविक रूप से बनने वाले ग्रहों की जानकारी देने में मददगार साबित होगी। द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल में यह खोज प्रकाशित हो चुकी है।

इस खोज की शुरुआत वैज्ञानिकों ने चिली के अटाकामा रेगिस्तान में अटाकामा लार्ज मिलीमीटर/सबमिलिमीटर ऐरे (एएलएमए) रेडियो टेलीस्कोप से की। जिससे वैज्ञानिकों को अंदाजा हो गया था कि यह कोई नया सौर मंडल हो सकता है। जिसकी पुष्टि के लिए जेम्स वेब स्पेस टेक्सकोप का सहारा लेना पड़ा। प्रोटोप्लेनेटरी डिस्क सिस्टम यानी सौर मंडल का नाम एस ए ओ 206462 और एम डब्लू सी 758 है।



जन्म लेते नए सौर मंडल की तस्वीर।

निर्माणाधीन ग्रहों से खुलेगा जन्म का रहस्य

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ खगोल वैज्ञानिक डा वीरेंद्र यादव का कहना है कि ब्रह्मांड अनंत में फैला हुआ है और असंख्य तारों के साथ अनगिनत सौर मंडल हमारी तरह अपना जीवन यापन कर रहे हैं। मगर आज भी हम हमारी जानकारी बेहद कम है। जैसे तकनीक विकसित हो रही है, हमारी जानकारी में भी वृद्धि हो रही है। ग्रहों के जन्म की बारीकियों को निर्माणाधीन सौर मंडल के जरिए समझा जा सकता है।

भारतवंशी प्रोफेसर ऊर्जा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित

ह्यूस्टन। ह्यूस्टन विश्वविद्यालय के 'कुलेन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग' में सेवारत, 'ग्लोबल एनर्जी' पुरस्कार विजेता, भारतीय मूल के प्रोफेसर कौशिक राजशेखर को जापान की इंजीनियरिंग अकादमी के अंतर्राष्ट्रीय फेलो के रूप में चुना गया है।

विश्वविद्यालय ने एक बयान जारी कर गुरुवार को बताया है कि, मूल रूप से कर्नाटक के एक छोटे से गांव के रहने वाले प्रोफेसर कौशिक राजशेखर को बिजली रूपांतरण और परिवहन के विद्युतीकरण में योगदान के लिए चुना गया हैं अकादमी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय फेलो के रूप में राजशेखर का चयन विशेष रूप से ऊर्जा में उत्कृष्ट वैज्ञानिक अनुसंधान और वैज्ञानिक-तकनीकी क्षेत्र में योगदान से पृथ्वी पर ऊर्जा स्रोतों के लिए अधिक दक्षता और पर्यावरणीय सुरक्षा को बढ़ावा देती है।

मानव जाति के इतिहास में सबसे बड़ी चुनावी प्रक्रिया शुरू

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- अमेरिकी राजनयिक अतुल कश्यप बोले- लोकतंत्र के महाकुंभ पर भारत के लोगों को बधाई

यूएस-इंडिया बिजनेस काउंसिल के अध्यक्ष अतुल कश्यप ने भारत में हो रहे लोकसभा चुनाव को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने भारत के लोगों को बधाई देते हुए देश के राष्ट्रीय चुनाव को लोकतंत्र का महाकुंभ मेला बताया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने भारत के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के साथ एक पोस्ट भी लिखा।

अतुल कश्यप ने अपने पोस्ट में कहा, भारत के महान लोगों को हार्दिक बधाई। पहले चरण के मतदान के साथ मानव जाति के इतिहास में सबसे बड़ी चुनावी प्रक्रिया की शुरुआत हुई है। 940 मिलियन मतदाताओं और 1.2 मिलियन मतदान केंद्र के साथ भारत का राष्ट्रीय चुनाव लोकतंत्र का महाकुंभ है। बता दें कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण की शुरुआत आज से हो चुकी है। पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की 102 सीटों पर आज मतदान हुआ। 19 अप्रैल से लेकर एक जून तक होने वाला यह लोकसभा चुनाव देश के पहले आम चुनाव के बाद दूसरा सबसे लंबा मतदान अभ्यास है। देश का पहला मतदान सितंबर 1951 से लेकर फरवरी 1952 यानी की पांच महीनों के लिए आयोजित किया गया था।

फ्रांस के ईरानी दूतावास में विस्फोटक लेकर घुसा युवक, गिरफ्तार

पेरिस। ईरानी वाणिज्य दूतावास की शिकायत के आधार पर फ्रांसीसी पुलिस ने शुक्रवार को एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया है। दूतावास ने को अलर्ट दिया था कि शुक्रवार को एक व्यक्ति विस्पोटक लेकर अंदर घुसा गया है।

हालांकि, पुलिस ने अब युवक को हिरासत में लेकर दूतावास से बाहर निकाल लिया है। पुलिस उससे लगातार पूछताछ कर रही है। सुरक्षा की दृष्टि से राजधानी के 16वें जिले में वाणिज्य दूतावास के आसपास के पूरे इलाके को सील कर दिया गया है। क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात है। पेरिस परिवहन कंपनी आरएटीपी ने एक्स पर एक पोस्ट करते हुए कहा कि दो मेट्रो लाइनों पर यातायात निलंबित कर दिया गया है। दोनों लाइनें दूतावास के नजदीक चलती हैं।